3 राजधानी
पीजीआई अधिकारी के घर चोरी

6 अभिमत
अच्छे शहरों के लिए शहरी वनीकरण

9 राष्ट्रीय
दुनिया की नई उम्मीद के रूप में उभरा भारतः मोदी

10 विदेश
मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे बाइडन

RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 208
लखनऊ, शुक्रवार, 20 मई, 2022
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



कोहली सफलता या विफलता को अधिक महत्व नहीं दे रहे
स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# रोड रेज केस में सिद्धू को एक साल की जेल

● अनुचित सहानुभूति से न्याय प्रणाली को अधिक नुकसान होगाः सुप्रीम कोर्ट

● परिस्थितिवश भले ही आपा खोया हो, किंतु इसका परिणाम भुगतना होगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने क्रिकेटर से नेता बने नवजोत सिंह सिद्धू को 1988 के रोड रेज मामले में बृहस्पतिवार को एक साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने कहा कि अपर्याप्त सजा देने के लिए किसी भी अनुचित सहानुभूति से न्याय प्रणाली को अधिक नुकसान होगा और इससे कानून पर जनता के विश्वास में कमी आएगी। शीर्ष अदालत ने कहा कि परिस्थितिवश भले ही आपा खो गया हो, लेकिन आपा खोने का परिणाम भुगतना होगा।

शीर्ष अदालत ने मई 2018 में सिद्धू को मामले में 65 वर्षीय व्यक्ति को जानबूझकर चोट पहुंचाने के अपराध का दोषी ठहराया था, लेकिन केवल 1,000 रुपए का जुर्माना लगाकर छोड़ दिया था। न्यायमूर्ति एएम खानविलकर और न्यायमूर्ति एसके कौल की पीठ ने सिद्धू को दी गई सजा के मुद्दे पर पीड़ित परिवार द्वारा दायर पुनर्विचार याचिका को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने कहा कि मामले में ऐसा प्रतीत होता है कि कांग्रेस नेता पर केवल जुर्माना लगाते समय सजा से संबंधित कुछ मूल तथ्य छूट गए। यह उल्लेख करते हुए कि हाथ भी अपने आप में तब एक हथियार साबित हो सकता है जब कोई मुक्केबाज, पहलवान, क्रिकेटर या शारीरिक रूप से बेहद फिट व्यक्ति किसी व्यक्ति को धक्का दे, शीर्ष अदालत ने कहा कि उसका मानना है कि सजा के स्तर पर सहानुभूति दिखाने और सिद्धू को केवल जुर्माना लगाकर छोड़ देने की आवश्यकता नहीं थी। पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि हमें लगता है कि रिकॉर्ड में एक त्रुटि स्पष्ट है। इसलिए, हमने सजा के मुद्दे पर पुनर्विचार आवेदन को स्वीकार किया है। लगाए गए जुर्माने के अलावा, हम एक साल के कठोर कारावास की सजा देना उचित समझते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि कुछ भौतिक पहलू जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता थी, ऐसा प्रतीत होता है कि सजा के चरण में किसी तरह से छोड़ दिए गए थे, जैसे कि सिद्धू की शारीरिक फिटनेस, क्योंकि वह एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर थे तथा लंबे और तंदुरुस्त थे तथा उन्हें अपने हाथ के प्रहार की शक्ति के बारे में पता था।

पीठ ने कहा कि यह प्रहार शारीरिक रूप से समान व्यक्ति पर नहीं, बल्कि 65 वर्षीय एक व्यक्ति पर किया गया था, जो उनसे दोगुनी से अधिक उम्र का था। प्रतिवादी संख्या-1 (सिद्धू) यह नहीं कह सकते कि उन्हें प्रहार के प्रभाव के बारे में पता नहीं था या इस पहलू से अनभिज्ञ थे। अदालत ने कहा कि ऐसा नहीं है कि किसी को उन्हें यह याद दिलाना पड़ता कि उनके प्रहार से कितनी चोट लग सकती है। हो सकता है कि संबंधित परिस्थितियों में आपा खो गया हो, लेकिन आपा खोने के परिणाम भुगतने होंगे। पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने उन्हें भारतीय दंड संहिता की धारा 323 के तहत साधारण चोट के अपराध के लिए दोषी ठहराते समय कुछ हद तक छूट प्रदान की और सवाल यह है कि क्या केवल समय बीतने पर 1,000 रुपए का जुर्माना पर्याप्त सजा हो सकता है, जब 25 साल के सिद्धू के हाथों से किए गए प्रहार के कारण एक व्यक्ति की जान चली गई। भारतीय दंड संहिता की धारा 323 (जानबूझकर चोट पहुंचाने) के तहत अधिकतम एक वर्ष तक की कैद या 1,000 रुपए तक का जुर्माना या दोनों (शेष पेज 4)

## ईश्वर ने जो किया, सही किया: पीड़ित परिवार

**पटियाला।** क्रिकेटर से नेता बने नवजोत सिंह सिद्धू को 1988 के रोड रेज मामले में बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा एक साल के कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद पीड़ित गुरनाम सिंह के परिवार ने ईश्वर का शुक्रिया अदा किया। फैसले पर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर गुरनाम सिंह की बहु परवीन कौर ने कहा कि हम बाबा जी (भगवान) का शुक्रिया अदा करते हैं। हमने इसे बाबाजी पर छोड़ दिया था। बाबाजी ने जो किया सही किया। उन्होंने और कुछ कहने से इनकार कर दिया। परिवार पटियाला शहर से पांच किलोमीटर दूर घलोरी गांव में रहता है।

## कानून का सम्मान करूंगा: सिद्धू

**चंडीगढ़।** उच्चतम न्यायालय द्वारा 1988 के रोड रेज मामले में एक साल के कारावास की सजा सुनाए जाने के बाद कांग्रेस की पंजाब इकाई के पूर्व प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह कानून का सम्मान करेंगे। सिद्धू महंगाई के खिलाफ प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए पटियाला में थे और आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के खिलाफ प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराने के लिए हाथी की सवारी की। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि महंगाई बढ़ने से गरीबों, किसानों, मजदूरों और मध्यम वर्गीय परिवारों के बजट पर असर पड़ा है।

## आतंकी फंडिंग मामले में यासीन मलिक दोषी करार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** की एक अदालत ने आतंकवाद के वित्त पोषण मामले में गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत लगाए गए आरोप समेत सभी आरोपों को स्वीकार करने वाले कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक को बृहस्पतिवार को दोषी करार दिया। विशेष न्यायाधीश प्रवीण सिंह ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के (शेष पेज 4)

# वाराणसी की अदालत को सर्वे रिपोर्ट सौंपी गई

● उच्चतम न्यायालय ने कोर्ट को और एक दिन सुनवाई टालने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली, वाराणसी

ज्ञानवापी मामला



**ज्ञानवापी** मस्जिद का सर्वेक्षण करने वाले टीम ने बृहस्पतिवार को वाराणसी की दीवानी अदालत को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। हालांकि, उच्चतम न्यायालय ने उसे और एक दिन सुनवाई नहीं करने को कहा। शीर्ष न्यायालय ने निचली अदालत को ज्ञानवापी मामले में आगे की सुनवाई तब तक नहीं करने को कहा, जब तक कि वह शुक्रवार को इस मामले पर सुनवाई नहीं कर लेता। शीर्ष न्यायालय ने इसकी सुनवाई टाल दी क्योंकि एक वकील बीमार हैं।

हिंदू याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे एक वकील ने कहा कि वाराणसी की अदालत अब 23 मई को सुनवाई जारी रखेगी। मस्जिद प्रबंधन समिति के वकील ने कहा कि दोनों पक्षों ने बृहस्पतिवार को निचली अदालत में अपनी-अपनी आपत्तियां एवं जवाबी-आपत्तियां दाखिल की। अब 23 मई को दीवानी अदालत में जिन याचिकाओं की सुनवाई की जाने की उम्मीद है, उनमें एक यह याचिका भी है जिसमें काशी विश्वनाथ मंदिर और इससे लगी ज्ञापवापी मस्जिद के बीच एक दीवार को हटाने का अनुरोध किया गया है। जिला दीवानी न्यायाधीश रवि कुमार दिवाकर ने महिलाओं के एक समूह की याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वेक्षण का आदेश दिया था। याचिका के जरिए मस्जिद की बाहरी दीवार पर हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों की प्रतिदिन पूजा करने का अधिकार देने की अनुमति मांगी गई थी। वाराणसी में, विशेष अधिवक्ता आयुक्त विशाल सिंह ने रिपोर्ट पेश करने के बाद पत्रकारों से कहा, मैंने 14, 15 और 16 मई की रिपोर्ट अदालत में प्रस्तुत कर दी है।

रिपोर्ट में क्या है यह मुझे बताने का अधिकार नहीं है। अब रिपोर्ट पर आगे की कार्यवाही अदालत करेगी। विशाल सिंह ने कहा कि वीडियोग्राफी और स्टिल फोटोग्राफी (तस्वीर) के चिप वाले सीलबंद बक्से के साथ दस्तावेज भी जमा किए गए हैं। हालांकि, उन्होंने रिपोर्ट का कोई विवरण नहीं दिया। वहीं, उच्चतम न्यायालय में न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्ह की पीठ को वकील विष्णु शंकर जैन ने बताया कि दीवानी मामले में हिंदू श्रद्धालुओं की ओर से पेश होने वाले मुख्य अधिवक्ता हरिशंकर जैन अस्वस्थ हैं। उन्हें बुधवार को एक अस्पताल से छुट्टी मिली थी। पीठ ने अपने आदेश में कहा, हम तदनुसार निचली अदालत को उपरोक्त व्यवस्था के अनुरूप कार्य करने और पक्षकारों के बीच बनी सहमति के मद्देनजर मुकदमे में आगे की सुनवाई नहीं करने का निर्देश देते हैं।

न्यायालय ने मामले को 20 मई को अपराह्न तीन बजे उसके समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया और कहा कि रजिस्ट्री प्रधान न्यायाधीश से प्रशासनिक निर्देश ले सकती है ताकि पीठ गठित की जाए। पीठ ने विषय को अपने समक्ष शुक्रवार दोपहर तीन बजे के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। वाराणसी में, मुस्लिम पक्ष की ओर से पेश हुए वकील अभय यादव ने कहा कि हिंदू याचिकाकर्ता चाहते हैं कि अदालत द्वारा नियुक्त सर्वे टीम कुछ दीवारों के गिराने की अपनी कार्यवाही पर आगे बढ़े, जिस पर हमने आपत्ति की है। उन्होंने कहा, साथ ही, एक सरकारी वकील ने मस्जिद परिसर के मानव निर्मित तालाब से मछली हटाने की मांग की है। यह मछली हमारी है और हमने इस याचिका पर भी आपत्ति जताई है।



विधानसभा में 23 मई से आरंभ हो रहे बजट सत्र से पहले ई-विधान की तैयारियों का जायजा लेते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना और सीएम योगी आदित्यनाथ

# नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रहा देश: योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सीएम** योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि आजादी के बाद की पूर्ववर्ती सरकारों ने स्वतंत्रता आंदोलन में प्राण न्यौछावर करने वाले सेनानियों की भावनाओं के अनुरूप भारत को आगे बढ़ाने का काम नहीं किया। उन्होंने साथ ही दावा किया कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले आठ वर्षों के कार्यकाल में यह देश उन भावनाओं के मुताबिक नई ऊंचाइयों को प्राप्त करता दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री ने विद्या भारती द्वारा आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सवाल किया, कहने के लिए तो 1947 में देश स्वतंत्र जरूर हुआ था लेकिन आजादी के जिन संकल्पों को लेकर देश के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने बलिदान किया था, क्या स्वतंत्र भारत ने तत्कालीन रूप से उन बलिदानियों की भावनाओं के अनुरूप भारत को आगे बढ़ाने का काम किया था? उन्होंने कहा, क्या यह सच नहीं है कि आजादी के तत्काल बाद तुष्टिकरण की राजनीति ने इस देश को फिर से न सिर्फ सांप्रदायिक विभाजन की तरफ अग्रसर किया था। (विस्तृत समाचार पेज 4)

# कांग्रेसी दिग्गज सुनील जाखड़ भाजपा में शामिल

● कांग्रेस पर पंजाब को बांटने की कोशिश का लगाया आरोप

**भाषा।** नई दिल्ली

**पिछले** दिनों कांग्रेस से तीन पीढ़ियों के और करीब 50 साल पुराने रिश्ते को अलविदा कहते हुए उसे बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देने वाले पंजाब प्रदेश कांग्रेस समिति (पीपीसीसी) के पूर्व अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने बृहस्पतिवार को अपने भविष्य की राह चुनते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया।

भाजपा मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान पार्टी अध्यक्ष जे पी नड्डा और अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में जाखड़ ने केंद्र की सत्ताधारी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा मीडिया विभाग के प्रभारी अनिल बलूनी, सांसद प्रवेश वर्मा, दिल्ली भाजपा के नेता मनजिंदर सिंह सिरसा सहित कई अन्य नेता उपस्थित थे। नड्डा ने भाजपा का पट्टा पहना (शेष पेज 4)

## कुलदीप बिश्नोई भी जा सकते हैं भगवा दल में

**चंडीगढ़।** हरियाणा की नवगठित कांग्रेस इकाई में स्थान पाने में विफल रहने के बाद नाराज पार्टी नेता कुलदीप बिश्नोई ने हाल ही में मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर से गुरुग्राम में मुलाकात की, जिसके बाद उनके अगले कदम को लेकर अटकलों का बाज़ार गर्म हो गया है। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भजन लाल के पुत्र बिश्नोई (53) ने कहा कि उन्होंने राजनीतिक मुद्दों पर खट्टर के साथ विस्तृत चर्चा की। कांग्रेस नेता के एक सहयोगी ने बताया कि बैठक बुधवार शाम को गुरुग्राम में हुई। बिश्नोई ने ट्विटर पर लिखा कि उनके विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र आदमपुर में ग्राम पंचायत बहाली (शेष पेज 4)

# उच्चतम न्यायालय ने सपा नेता आजम खान को अंतरिम जमानत दी

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कथित धोखाधड़ी के एक मामले में जेल में कैद समाजवादी पार्टी के नेता आजम खान को बृहस्पतिवार को अंतरिम जमानत दे दी, जिससे उनकी रिहाई की राह आसान हो गई है। शीर्ष न्यायालय ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत उसे (न्याालय को) मिले विशेषाधिकार का उपयोग करने के लिए यह एक उपयुक्त मामला है। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना की पीठ ने कहा, याचिकाकर्ता को भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी) और 120बी (आपराधिक साजिश) के तहत दंडनीय अपराधों के लिए पुलिस थाना कोतवाली, रामपुर, उत्तर प्रदेश में 2020 के अपराध कांड संख्या 70 को लेकर दर्ज प्राथमिकी के संदर्भ में निचली अदालत द्वारा उपयुक्त पाए जाने वाले नियम व शर्तों पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का निर्देश दिया जाता है। पीठ ने इस बात का जिक्र किया, सामान्य परिस्थितियों में, हम (शेष पेज 4)

# मस्जिद हटाने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करेगा न्यायालय

**भाषा।** मथुरा

कृष्ण जन्मभूमि मामला



**उत्तर** प्रदेश के मथुरा जिले में श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर से सटकर बनी शाही ईदगाह को हटाकर उक्त भूमि उसके कथित वास्तविक मालिक श्रीकृष्ण जन्मभूमि न्यास को सौंपे जाने के लिए पेश अर्जी को जिला जज ने बृहस्पतिवार को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया। जिला शासकीय अधिवक्ता शिवराम सिंह तरकर ने बताया, उच्चतम न्यायालय की अधिवक्ता रंजना अग्निहोत्री सहित आधा दर्जन कृष्ण भक्तों द्वारा 25 सितम्बर 2020 में पहली बार पेश किए गए इस वाद पर सुनवाई करते हुए सिविल जज (सीनियर डिवीजन) ने मामले को खारिज कर दिया था।

उन्होंने बताया कि इसके बाद इस प्रकरण को पुनरीक्षण (रिवीजन) के लिए जिला जज की अदालत में पेश किया गया। उन्होंने बताया,एक दर्जन से अधिक और मामले भी इसी प्रकार की मांग को लेकर स्थानीय अदालतों में चल रहे हैं। सभी पर मामले की पोषणीयता पर सुनवाई चल रही है। तरकर ने बताया कि जिला जज राजीव भारती ने इस मसले पर बीती पांच मई को दोनों पक्षों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे आज मंजूर कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि अब जिला जज जिस सत्र अदालत को यह मामला सौंपेंगे, उसी में इसकी सुनवाई होगी। तरकर ने बताया, रंजना अग्निहोत्री आदि का दावा है कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि की 13.37 एकड़ भूमि में से जिस जमीन पर शाही ईदगाह खड़ी है, वहां भगवान श्रीकृष्ण का जन्मस्थान और मंदिर का गर्भगृह मौजूद है। इसलिए ईदगाह को वहां से हटाकर उक्त भूमि जन्मभूमि न्यास को सौंप दी जाए। उन्होंने बताया कि याचिकर्ताओं ने (शेष पेज 4)

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 52,792 | ↓ | 1416 | |
| निफ्टी | 15,809 | ↓ | 430 | |
| सोना | 50,027 | ↑ | 76 | /10g |
| चांदी | 60,224 | ↓ | 710 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पीजी प्रवेश के लिए 2022 सत्र से होगी सीयूईटी

**नई दिल्ली।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) ने इस वर्ष से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए भी साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा (सीयूईटी) आयोजित कराने का निर्णय किया है। यूजीसी अध्यक्ष जगदीश कुमार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यह निर्णय ऐसे समय मे आया है जब कई सप्ताह पहले यूजीसी प्रमुख ने घोषणा की थी कि 45 केंद्रीय विश्वविद्यालयों मे प्रवेश के लिए सीयूईटी के अंक अनिवार्य होंगे, न कि 12वीं कक्षा के अंक तथा केंद्रीय विश्वविद्यालय अपने न्यूनतम पात्रता मानदंड तय कर सकते हैं। कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया, अकादमिक सत्र 2022 से पीजी प्रवेश के लिए भी सीयूईटी आयोजित होगी। परीक्षा जुलाई के तीसरे सप्ताह में होगी और आवेदन प्रक्रिया आज शुरू होगी तथा 18 जून को खत्म होगी।

# भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन बनीं विश्व विजेता

**भाषा।** नई दिल्ली



**भारतीय** मुक्केबाज निकहत जरीन उम्मीदों पर खरी उतरती हुई गुरुवार को इस्तांबुल में महिला विश्व चैंपियनशिप के फ्लाइवेट (52 किग्रा) वर्ग के एकतरफा फाइनल में थाईलैंड की जिटपोंग जुटामस को 5-0 से हराकर विश्व चैंपियन बनीं। तेलंगाना की मुक्केबाज जरीन ने पूरे टूर्नामेंट के दौरान प्रतिद्वंद्वियों पर दबदबा बनाए रखा और फाइनल में थाईलैंड की खिलाड़ी को सर्वसम्मत फैसले में 30-27, 29-28, 29-28, 30-27, 29-28 से हराया।

इस जीत के साथ 2019 एशियाई चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता जरीन विश्व चैंपियन बनने वाली सिर्फ पांचवीं भारतीय महिला मुक्केबाज बनीं। छह बार की चैंपियन एमसी मैरीकोम (2002, 2005, 2006, 2008, 2010 और 2018), सरिता देवी (2006), जेनी आरएल (2006) और लेखा केसी इससे पहले विश्व खिताब जीत चुकी हैं। भारत का चार साल में इस प्रतियोगिता में यह पहला स्वर्ण पदक है। पिछला स्वर्ण पदक मैरीकोम ने 2018 में जीता था। पच्चीस साल की जरीन ने दमदार मुक्के बरसाते हुए जुटामस पर दबदबा बनाया। जुटामस ने बेहतर शुरुआत की लेकिन जरीन ने जल्द ही वापसी करते हुए अपना पलड़ा भारी कर दिया। पहले दौर में कड़ी टक्कर देखने को मिली लेकिन जरीन के मुक्के अधिक दमदार और दर्शनीय थे। भारतीय मुक्केबाज ने (शेष पेज 4)

# जीएसटी परिषद की सिफारिशें केंद्र, राज्यों के लिए बाध्यकारी नहीं: कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

● सर्वोच्च न्यायालय ने कहा, लेकिन इन पर विचार करना महत्वपूर्ण है क्योंकि देश में सहकारी संघीय ढांचा है



**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की सिफारिशें केंद्र और राज्यों के लिए बाध्यकारी नहीं हैं, हालांकि इनपर विचार करना महत्वपूर्ण है। शीर्ष अदालत ने कहा कि संसद और राज्य विधानसभाओं, दोनों के पास जीएसटी पर कानून बनाने की शक्ति है और परिषद की सिफारिशें केंद्र और राज्यों के बीच एक सहयोगी संवाद का फल हैं। न्यायालय ने कहा कि जीएसटी परिषद सिर्फ अप्रत्यक्ष कर प्रणाली तक सीमित एक संवैधानिक निकाय नहीं है, बल्कि संघवाद और लोकतंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र बिंदु भी है।

न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की पीठ ने केंद्र की इस दलील को खारिज कर दिया कि जीएसटी परिषद की सिफारिशें विधायिका और कार्यपालिका के लिए बाध्यकारी हैं। पीठ ने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों के पास जीएसटी पर कानून बनाने की शक्तियां हैं लेकिन परिषद को एक व्यावहारिक समाधान प्राप्त करने के लिए सामंजस्यपूर्ण तरीके से काम करना चाहिए। न्यायालय कहा कि अनुच्छेद 246ए के मुताबिक संसद और राज्य विधायिका के पास कराधान के मामलों पर कानून बनाने की एक समान शक्तियां हैं। अनुच्छेद 246ए के तहत केंद्र और राज्य के साथ एक समान व्यवहार किया गया है, वहीं अनुच्छेद 279 कहता है कि केंद्र और राज्य एक-दूसरे से स्वतंत्र रहते हुए काम नहीं कर सकते। पीठ ने कहा कि 2017 के जीएसटी अधिनियम में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है जो केंद्र और राज्य के कानूनों के बीच विरोधाभास से निपटता हो और जब भी ऐसी परिस्थितियां बनती हैं तो परिषद उन्हें उचित सलाह देती है।

न्यायालय ने गुजरात उच्च न्यायालय के एक फैसले को बरकरार रखते हुए यह निर्णय दिया। गुजरात की अदालत ने कहा था कि रिवर्स चार्ज के तहत समुद्री माल के लिए आयातकों पर एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) नहीं लगाया जा सकता है। पीठ ने कहा कि जीएसटी परिषद की सिफारिशें केंद्र और राज्यों पर इस कारण से बाध्यकारी नहीं हैं, क्योंकि अनुच्छेद 279बी को हटाना और संविधान संशोधन अधिनियम 2016 द्वारा (शेष पेज 4)

## निर्णय से जीएसटी व्यवस्था में बदलाव की संभावना नहीं: राजस्व सचिव

**नई दिल्ली।** जीएसटी परिषद के फैसलों को लागू करने पर उच्चतम न्यायालय के फैसले से एक राष्ट्र-एक कर व्यवस्था में बदलाव की संभावना नहीं है। राजस्व सचिव तरुण बजाज ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह फैसला केवल मौजूदा कानून का दोहराव है, जो राज्यों को कराधान पर परिषद की सिफारिश को स्वीकार करने या खारिज करने का अधिकार देता है। बजाज ने साथ ही कहा कि इस शक्ति का इस्तेमाल पिछले पांच साल में किसी ने भी नहीं किया। बजाज ने कहा कि संवैधानिक (शेष पेज 4)

## सेंसेक्स 1416 अंक टूटा

**मुंबई (भाषा)।** वैश्विक बाजारों में भारी बिकवाली के बीच स्थानीय बाजार भी बृहस्पतिवार को भारी नुकसान के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,400 अंक से अधिक टूट गया। बिकवाली के व्यापक रुख के बीच सेंसेक्स और निफ्टी दोनों 2.60 प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहे। विदेशी निवेशकों की घरेलू बाजारों में लगातार निकासी और रुपए के डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचने से भी बाजार की धारणा प्रभावित हुई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,416.30 अंक यानी 2.61 प्रतिशत का गोता लगाकर 52,792.23 अंक पर आ गया। (विस्तृत पेज 10)

# विधानसभा में ई-विधान लागू करने की तैयारी पूरी



## ओम बिड़ला आज करेंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम व ई-विधान का शुभारंभ



**लखनऊ।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला यूपी विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायकों के लिए संसदीय प्रशिक्षण कार्यक्रम व ई-विधान का शुक्रवार को शुभारंभ करेंगे। दो दिनी इस कार्यक्रम में संसदीय अनुभव रखने वाले वरिष्ठ नेता विधायकों को संसदीय परंपराओं, नियमों, शिष्टाचार व आचरण के बाबत नियमों की जानकारी देंगे। विधानसभा मंडप में शुक्रवार को यह आयोजन होगा। कार्यक्रम में पहले विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना का संबोधन होगा। इसके बाद नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव, नेता सदन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व अंत में लोकसभा अध्यक्ष का संबोधन होगा। दूसरे सत्र में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना संसदीय आचरण व शिष्टाचार विषय पर, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राम गोविंद चौधरी कार्यस्थगन, शून्य प्रहर के बारे में तथा पूर्व मंत्री लक्ष्मी कांत वाजपेयी औचित्य के प्रश्न पर विचार रखेंगे तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित सदस्यों को बताएंगे कि कैसे संसदीय प्रश्न पूछे जाएं। अगले दिन 21 मई को विधानभवन के तिलक हाल में राज्यपाल, मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष का संबोधन होगा।

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● विधायकों की सीट तय, लगाए गए टैबलेट

**विधानसभा** के 23 मई से शुरू होने जा रहे बजट सत्र से ई-विधान लागू करने की तैयारी पूरी कर ली गई है। विधानसभा सचिवालय ने सदन में पेपरलेस कार्यवाही संपादित कराने की व्यवस्था की है। सदन में सभी विधायकों की सीटें तय करने के साथ-साथ उस पर टैबलेट भी लगा दिए गए हैं जिसके जरिये वह सवाल-जवाब समेत अन्य कार्यवाही में हिस्सा लेंगे। नगालैंड के बाद यूपी दूसरा प्रदेश है जहां पर सदन की कार्यवाही पूरी तरह से पेपरलेस होगी। गुरुवार को सीएम योगी ने इसका निरीक्षण किया। 18 वीं विधान सभा के सदस्यों को 21 मई को सदन में एनआईसी के विशेषज्ञों द्वारा ई-विधान का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के जरिए सदस्यों को बताया जाएगा कि किस तरह विधान सभा मंडप में पेपरलेस कार्यवाही संपादित की जाएगी और उन्हें टैबलेट के जरिये कैसे सदन में अपनी भागीदारी करनी है। विधान के जरिए यूपी विधानसभा की कार्यवाही का ऑनलाइन संचालन किया जाएगा। हर विधायक की सीट के सामने मेज पर सिस्?टम लगाया गया है। पहले सत्र से ही सदन का बदला हुआ नजारा दिखेगा। ई-विधान के लोकार्पण के दौरान आज विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना भी मौजूद रहे।

# पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का छपरा, दिघवारा होकर पटना तक विस्तार का प्रस्ताव

● योगी से सांसद राजीव प्रताप रुडी ने की मुलाकात

● पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से सारणवासियों को होगा लाभ, योगी का जताया आभार



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सारण** सांसद ने अपने लखनऊ यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस शिष्टाचार मुलाकात के दौरान उन्होंने अपने निर्वाचन क्षेत्र सारण के तट पर सिताब दियारा क्षेत्र को बाढ़ से मुक्ति दिलाने में विशेष सहयोग करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया और वार्तालाप के दौरान मुख्यमंत्री से कहा कि उनके संसदीय क्षेत्र के इस भाग का कुछ हिस्सा उत्तर प्रदेश की सीमा में भी पड़ता है जो आपके संरक्षण में विकसित हो रहा है। इसके लिए सांसद ने योगी के प्रति आभार जताया। विदित हो कि जेपी की भूमि सिताबदियारा का एक भाग बिहार में तो दूसरा उत्तर प्रदेश में पड़ता है। उत्तर प्रदेश और बिहार सरकार के संयुक्त प्रयास से सिताब दियारा के यूपी और बिहार दोनों भाग को बाढ़ से बचाने के लिए 125 करोड़ की लागत से बांध का निर्माण हुआ जिसके कारण सारण के सिताब दियारा क्षेत्र में बाढ़ और कटाव रोकने में मदद मिली। इस संदर्भ मे रुडी ने बताया यह वह पवित्र भूमि है जिसने जेपी जैसा वीर सपूत देश को दियाए जिन्होंने इमरजेंसी का घोर प्रतिरोध किया और अंततः तत्कालीन सरकार को झुकना पड़ा और आपातकाल हटाना पड़ा। इसी भूमि ने उन्हें लोकनायक की भी अमूल्य संज्ञा दी। योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के दौरान सांसद रुडी ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के लिए भी मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया क्योंकि यह एक्सप्रेसवे सारण से होकर गुजरेगा जिस कारण सारण के लोगों को इसका विशेष लाभ होगा। उन्होंने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के निर्माण को गति मिलने से सारणवासियों को होने वाले लाभ पर योगी का आभार जताया और बताया कि किस प्रकार इस एक्सप्रेसवे के निर्माण से सारणवासियों को लाभ मिलेगा। बलिया से बैरिया-रिविलगंज-छपरा-दिघवारा होते हुए पटना तक कंट्रोल्ड एक्सेस एक्सप्रेसवे की कनेक्टिविटी सारण के लोगों को मिलेगी। उद्योग पर्यटन और अन्य क्षेत्र में इस एक्सप्रेसवे से स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। मालूम हो कि पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का विस्तार छपरा होते हुए पटना तक होगा जिसका प्रस्ताव है और इसके लिए भूमि अधिग्रहण की कारवाई की जायेगी। अब पटना, छपरा से होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से बलिया से जुड़ेगा।

## आजम को अंतरिम जमानत मिलने पर शिवपाल ने जतायी खुशी

**लखनऊ।** सपा के दिग्गज नेता मोहम्मद आजम खान को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने पर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने प्रसन्नता जाहिर की है। शिवपाल ने कहा कि वह घड़ी आ गई है जिसका इंतजार था। उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि 'सत्यमेव जयते नानृतं सत्येन पन्था विततो देवयान:।' लंबे अरसे से न्याय की जिस घड़ी की प्रतिक्षा थी वह आज पूर्ण हुई है। आजम खा को सर्वोच्च न्यायालय ने अंतरिम जमानत दे दी है। उन्हें व्यवस्था की घोर प्रताड़ना से न्याय मिला है। भारत की न्याय व्यवस्था उम्मीद की एक किरण है। उल्लेखनीय है कि अटकलें लगाई जा रही हैं कि जेल से बाहर आने के बाद आजम खान और शिवपाल सिंह यादव मिलकर कोई नया मोर्चा बना सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की मुसीबतें बढ़ना निश्चित है। एक ओर जहां शिवपाल सिंह यादव अपने भतीजे अखिलेश यादव से लगातार खिन्न चल रहे हैं वहीं मोहम्मद आजम खान और उनका परिवार भी अखिलेश यादव से आहत है। इन लोगों का यह मानना है कि अखिलेश यादव के स्तर से मोहम्मद आजम खान की रिहाई के लिए कोई प्रयास नहीं किया। आजम खान की शिवपाल से नजदीकी और अखिलेश से नाराजगी का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले दिनों जहां उन्होंने सीतापुर जेल में शिवपाल से लंबी मुलाकात की थी वहीं अखिलेश के दूत बनकर पहुंचे सपा विधायक रविदास मेहरोत्रा से मिलने से इंकार कर दिया था।

# प्रत्येक जिले में गठित होगी महिला व बाल संगठन की जिला इकाई

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● महिलाओं व बच्चों की मदद के लिए जिलों में अलग-अलग नामों से मौजूद पुलिस की विभिन्न शाखाओं को किया गया संयोजित

**शासन** ने महिलाओं व बच्चों का उत्पीड़न रोकने और उनके खिलाफ हो रहे अपराधों पर नकेल कसने की दिशा में एक अहम निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत अब प्रदेश के प्रत्येक जिले में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की जिला इकाई का गठन किया जाएगा। जिलों में महिलाओं और बच्चों से संबंधित अलग-अलग नाम से व्यवस्थापित पुलिस की विभिन्न शाखाओं मसलन महिला सहायता प्रकोष्ठ, महिला अपराध शाखा एवं बाल कल्याण (सीएडब्लू) को अब संयोजित और उच्चीकृत कर एक इकाई बनाया गया है। यह इकाई अपने जिले में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की प्रतिनिधि इकाई के रूप में कार्य करेगी।

एसीएस होम अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि जिला महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन के तहत संबंधित जिले का महिला थाना एवं एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) नवगठित इकाई के निकट पर्यवेक्षण में कार्य करेगा। इसका पर्यवेक्षण सम्बधी कार्य जिले के पुलिस प्रभारी द्वारा किया जाएगा। राज्य मुख्यालय पर इस इकाई का अनुश्रवण महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन द्वारा भी किया जायेगा। जिला महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन द्वारा जिले मे महिला एवं बाल अपराधों की कार्रवाई का अनुश्रवण किया जायेगा तथा उनका डाटा बेस भी तैयार करने में सहयोग किया जाएगा। इसके द्वारा राष्ट्रीय महिला आयोग, राज्य महिला आयोग, आईजीआरएस, महिला हेल्प डेस्क, लोक शिकायत, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन (1090), सीएम हेल्प लाइन, यूपी-112 इत्यादि से प्राप्त महिला उत्पीड़न संबंधी शिकायतों को अभिलेखित कर प्रभावी निस्तारण की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

### इकाई के जिला कार्यालय में होंगे चार अनुभाग

अपर मुख्य सचिव गृह ने बताया कि प्रत्येक जिले के महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन इकाई के जिला कार्यालय में कार्य के अनुसार 4 अनुभाग बनाए जाने का निर्णय लिया गया है। यह अनुभाग क्रमशः महिला संबंधी अपराध का अनुश्रवण (महिला हेल्प डेस्क), महिला सहायता प्रकोष्ठ (परामर्श केन्द्र), महिला सम्मान कोष (आर्थिक सहायता), महिला आयोग एवं महिला बाल सुरक्षा संगठन होंगे। इन सभी इकाइयों का प्रभार कमिश्नरेट-जिले में उपलब्ध पुलिस उपाधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध स्तर के अधिकारी को दिए जाने का निर्णय लिया गया है। कमिश्नरेट-जनपद स्तर पर पर्यवेक्षण अधिकारी डीसीपी-अपर पुलिस अधीक्षक-क्षेत्राधिकारी के पर्यवेक्षण में महिला थाना, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट व प्रस्तावित इन सभी चारों अनुभागों के प्रत्येक अनुभाग में एक एक निरीक्षक-उपनिरीक्षक एवं इनके सहयोगार्थ एक मुख्य आरक्षी व तीन तीन आरक्षी तैनात होंगे। इसमें कुल पुलिस बल के कम से कम 50 प्रतिशत महिला अधिकारी-कर्मचारी होंगे।

### ऐसा होगा इकाई का प्रस्तावित संरचनात्मक ढांचा

महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन तथा जिला पुलिस में महिला अपराध नियंत्रण के लिए एंव समन्वय व महिला केन्द्रित दृष्टिकोण के उद्देश्य से महिला अपराध इकाई का पुर्न संयोजन आवश्यक है। जिससे पीड़िता को त्वरित एवं एकीकृत सहायता व जानकारी प्राप्त हो सके तथा महिलाओं की सुविधा व सुरक्षा के लिए कार्य करने वाली दोनो इकाइयों के मध्य बेहतर संयोजन स्थापित हो। पाक्सो एक्ट, जेजे एक्ट, धारा 304 बी भादवि, 354 भादवि, 376 भादवि, 363/366 भादवि, 458 भादवि जैसे अपराधों का पर्यवेक्षण संबंधित जिले अथवा कमिश्नरेट स्तर से तथा अुनश्रवण महिला बाल एवं सुरक्षा संगठन से कराए जाने का निर्णय लिया गया है।

## आबादी के बीच स्थित जेलों को किया जाएगा शिफ्ट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार के निर्देश पर कारागार महकमे ने आठ जिलों में आबादी के बीच स्थित जेलों को शहर के बाहर शिफ्ट करने की योजना बनाई है। कारागार विभाग ने बदायूं, मुरादाबाद, शाहजहांपुर, जौनपुर, मुजफ्फरनगर, कानपुर नगर, रामपुर और वाराणसी में पुरानी जेल की जगह नई जेल के निर्माण के प्रस्ताव को अपनी दो वर्ष से लेकर पांच वर्ष तक की कार्ययोजना में शामिल किया है। घनी आबादी के बीच स्थित इन जेलों की वजह से अब कई तरह की दिक्कतें आ रही हैं। आबादी की वजह से जेलों की सुरक्षा को लेकर भी खतरा बना रहता है। इसके अलावा नागरिकों को भी तमाम तरक की दिक्कतें पेश आती हैं। इन जेलों में ओवरक्राउडिंग की भी समस्या है। बदायुं, शाहजहांपुर व वाराणसी जेल की बंदी क्षमता दो-दो हजार, मुरादाबाद व मुजफ्फरनगर की तीन-तीन हजार, कानपुर नगर की पांच हजार और रामपुर की एक हजार है। इन्हें शिफ्ट करके इनके स्थान पर जो नई जेल निर्मित कराई जाएंगी उनकी बंदी क्षमता भी बढ़ाई जाएगी। कारागार विभाग ने तीन जिलों अमरोहा, संभल और शामली में जेल निर्माण के लिए जमीन खरीदे जाने का प्रस्ताव भी तैयार किया है। इस प्रस्ताव को अगले दो से पांच वर्ष में लागू किया जाना है। शसन ने सेंट्रल जेल इटावा को शुरू करने के लिए 332 और बरेली की पुरानी सेंट्रल जेल को फिर से शुरू करने के लिए 402 पद सृजित करने का फैसला 100 दिनों के अंदर लिए जाने की तैयारी की है। अमेठी, महोबा, हाथरस, भदोही में भी नई जेलों का निर्माण कार्य शुरू कराया जाना है।


न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट, (न्यायिक)/अपर कलेक्टर, लखनऊ
वाद संख्या–डी20221046001623
संख्या: 620/रीडर–(न्यायिक) 2022 दिनांक: 23.04.2022

नोटिस

1– मे0 संजय प्लाई एण्ड हाईवेयर प्रो0 श्री संजय शर्मा पुत्र ओम प्रकाश शर्मा नियर गोसाईगंज बस स्टाप, गोसाईगंज, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में वाद पत्र प्रस्तुत करते हुये यह अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गए ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है।

अतः आप दिनांक 26.05.2022 को समय 10:30 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा–14 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाए। यदि आप उक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नही होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिए जायेंगे।

(अमर पाल सिंह)
अपर जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक)/अपर कलेक्टर
लखनऊ।


## पुलिस के कार्य में बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई

**लखनऊ।** प्रदेश के विभिन्न जिलों में ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार की घटनाओं को कार्यवाहक डीजीपी देवेंद्र सिंह चौहान ने गंभीरता से लिया है। डीजीपी के निर्देश के बाद उन्नाव और बिजनौर में हुई पुलिस कर्मियों के साथ हुई घटनाओं के संबंध में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। डीजीपी ने कहा है कि पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से अपने कर्तव्यों को अंजाम देने और जनता की सेवा करने वाले पुलिस कर्मियों के मान-सम्मान की प्रदेश दशा में रक्षा की जाएगी। विधि की संपूर्ण शक्तियां ऐसे अराजक तत्वों के विरुद्ध अपने कठोरतम रूप में प्रभावी होंगी जो पुलिसकर्मियों के विधि पूर्ण कार्यों में बाधा पहुंचाकर दुर्व्यवहार करते हैं। ऐसे तत्वों को तत्काल गिरफ्तार कर कठोरतम वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।


विद्युत सेवा आयोग
उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
एस0एल0डी0सी0 परिसर (निकट मंत्री आवास) विभूति खण्ड, फेज–2, गोमती नगर, लखनऊ–226010
CIN : U32201UP1999SGC024928

सार्वजनिक सूचना

सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 पावर कॉरपोरेशन लि0 में विभिन्न पदों पर चयन हेतु कार्यवाही विद्युत सेवा आयोग द्वारा की जाती है जिसके लिये संबंधित पदों हेतु चयन से संबंधित समस्त सूचनायें कारपोरेशन की अधिकृत वेबसाइट www.uppcl.org पर उपलब्ध करायी जाती है। उपरोक्त वेबसाइट पर दी गयी सूचना के अतिरिक्त किसी अन्यत्र वेबसाइट पर दी गयी सूचना के लिये उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 अथवा विद्युत सेवा आयोग किसी प्रकार से जिम्मेदार नहीं है।

संज्ञान में आया है कि कुछ अनैतिक व्यक्तियों/संस्थाओं द्वारा विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के नाम का प्रयोग करते हुये विज्ञापन सं0 07/VSA/2020/JE/E&M के विरुद्ध अतिरिक्त चयनित अभ्यर्थियों की सूची सोशल मीडिया पर वायरल/प्रसारित की जा रही है। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अतिरिक्त चयनित सूची विद्युत सेवा आयोग, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा निर्गत नहीं की गयी है। सर्वसाधारण/उम्मीदवारों को सचेत किया जाता है कि वे ऐसे व्यक्तियों/संस्थाओं के झूठे दावों में न आयें तथा वेबसाइट पर दी गयी अधिकृत सूचना के आधार पर ही अग्रिम कार्यवाही करें।

पत्रांक : 1229/विसेआ/नोटिस–2022 दि[illegible] सचिव, विद्युत सेवा आयोग
''राष्ट्रहित में बिजली बचायें'' बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगायें


रेप के आरोपी एसओ को फरार होने का मामला

# सहयोग करने वाले हेडकांस्टेबल सहित चार गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ललितपुर** जिले के पाली थाने में गैंगरेप पीड़िता से थानाध्यक्ष तिलकधारी सरोज द्वारा रेप किए जाने की गंभीर घटना की जांच कर रही एसआईटी ने इस मामले में लाइन हाजिर किए जाने के बाद से फरार चल रहे एक हेडकांस्टेबल सहित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इन सभी अभियुक्तों पर रेप के आरोपी थानाध्यक्ष को फरार होने में सहायता करने का आरोप है। उल्लेखनीय है कि थाने में रेप की इस घटना का खुलासा होने के बाद आरोपी थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर तिलकधारी सरोज फरार हो गया था। जिसे बाद में पुलिस की टीम ने प्रयागराज से गिरफ्तार किया था। कोर्ट में पेश करने के बाद तिलकधारी को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मामले की जांच कर रही एसआईटी ने बुधवार को थाना पाली में तैनात रहे और वर्तमान में लाइन हाजिर चल रहे हेडकांस्टेबल सुनील कुमार निवासी मौदहा जिला हमीरपुर, अशोक सोनी निवासी पाली व उसके भाई हरिराम और ड्राइवर रामनरेश को गिरफ्तार किया है। एसआईटी को जांच में यह पता चला था कि सुनील कुमार, अशोक सोनी व उसके भाई ने अपनी कार से ड्राइवर रामनरेश के साथ आरोपी थानाध्यक्ष तिलकधारी सरोज को फरार कराया था। इस संबंध में इन चारों के खिलाफ एसआईटी ने मुकदमा दर्ज किया था। इनकी गिरफ्तारी के बाद एसआईटी ने सभी अभियुक्तों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस अभी तक थानाध्यक्ष तिलकाधारी के अलावा पीड़िता की मौसी गुलाबरानी, गैंगरेप के आरोपी चंदन, हरीशंकर, महेन्द्र चौरसिया व राजभान, आरोपी चन्दन की माता ज्ञानबाई पत्नी पूरन व चन्दन के भाई धर्मेन्द्र पुत्र पूरन को गिरफ्तार को जेल भेज चुकी है। अब गैंगरेप के इस मामले में आरोपियों की संख्या 6 से बढ़कर 12 पहुंच गई है।

# भाजपा ने चंद पूंजी घरानों के पास बंधक बना दी है देश की अर्थव्यवस्था

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि देश की अर्थव्यवस्था को भाजपा ने चंद पूंजीघरानों के पास बंधक बना दिया है। जनता कंगाल होकर कराह रही है जबकि अमीर हर रोज समृद्धि और सम्पन्नता के नए शिखर छू रहे हैं।

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन बनाने की दंभपूर्ण घोषणा तो दुहराई जाती रही है लेकिन यथार्थ में यह प्रदेश अब हर क्षेत्र में पिछड़ता ही चला जा रहा है। दैनिक आवश्यकताओं की सभी चीजें डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस, बिजली एवं खाने का तेल, खाद्य वस्तुएं सहित अन्य घरेलू सामान महंगा हो गया है। परिवारों का औसत खर्च 4 माह में 43 प्रतिशत बढ़ गया है। बच्चों की पढ़ाई और बुजुर्गों की दवाई की खरीद करना लोगों की जेब से परे है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई के शिकार लोग बद से बदतर जिंदगी जीने को मजबूर हैं। आम आदमी के लिए आगे जिंदगी चलाना आसान नहीं रह गया है। अभी गेहूं खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की दर से नहीं हुई है। पांच बड़ी कम्पनियों ने किसानों से गेहूं खरीद लिया और अपने गोदामों में भण्डारण कर लिया। निश्चय ही अब अपनी मुनाफाखोरी की आदत के चलते वे महंगा आटा बेचेंगे। गरीब की रोटी-थाली सब जनता की पहुंच से बाहर हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में विकास अवरुद्ध है। गड्ढा मुक्त प्रदेश भाजपा सरकार का पहला और सबसे बड़ा अधूरा वादा है। आलम यह है कि सरकार अब गड्ढा मुक्ति की नई तारीख भी नहीं बता रही है। भाजपा सरकार में खस्ता हाल सड़कों की तस्वीर भी नहीं बदली। बारिश से पहले मरम्मत नहीं हुई तो सड़क तालाब की शक्ल में नज़र आएगी।


पायनियर वर्गीकृत

सूचना

मेरा हाईस्कूल वर्ष 2013 अनुक्रमांक 3235716 का अंकपत्र व मूल प्रमाण पत्र एवं इण्टरमीडिएट वर्ष 2016 अनुक्रमांक 2434769 का प्रमाण पत्र–स–अंकपत्र वास्तव में खो गया है। सृष्टि प्रिया पुत्री सुबाष चंद्र प्रसाद ग्राम पोस्ट परसिया थाना मधुबन जिला मऊ।

आवश्यकता है

आवश्यकता है

रामप्रसाद स्मारक शिक्षण प्रशिक्षण सेवा संस्थान महाविद्यालय लखनी मुबारकपुर –मऊ में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य 01 पद,स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, गृह विज्ञान विषयों में एक–एक प्रवक्ता एवं स्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय के अंतर्गत गणित, भौतिक विज्ञान, वनस्पति विज्ञान में दो–दो प्रवक्ताओं की। योग्यता व वेतनमान उ.प्र. शासन/ यूजीसी/ महाराजा सुहेलद. व राज्य विश्व विद्यालय, आजमगढ़ के मानकानुसार होगा। योग्य अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड व दो फोटो के साथ आवेदन 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर भेजें।
प्रबंधक मो. 9451708621

आवश्यकता है

आवश्यकता है

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रामनगर मोड़ (खालिसा) मऊ (सम्बद्ध– महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत एक प्राचार्य तथा स्नातक स्तर पर कलासंकाय पाठ्यक्रम में हिन्दी, संस्कृत, समाजशास्त्र, गृहविज्ञान, शिक्षाशास्त्र, भूगोल एवं संगीत (गायन) विषयों में एक–एक प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू०जी०सी० उ०प्र० शासन/विश्वविद्यालय परिनियमावलीनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना स्वप्रमाणित दो फोटो लगा आवेदन–पत्र, समस्त शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छायाप्रति के साथ 21 दिन के अन्दर महाविद्यालय के पते पर भेजें।
प्रबन्धक मो०– 7007140790


# 50 वर्ष से अधिक उम्र वाले दागी कर्मचारियों को दी जाए अनिवार्य सेवानिवृत्ति

● 30 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ, नोएडा



**दो दिवसीय** दौरे पर गुरुवार को नोएडा पहुंचे प्रदेश के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा पूर्ण की गई 30 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। वहीं समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी, कर्मठता और जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मंत्री नन्दी ने नोएडा अथॉरिटी की पहली बैठक में ही सख्त रवैया अपनाते हुए 50 वर्ष से अधिक उम्र वाले दागी अधिकारियों और कर्मचारियों को अनिवार्य सेवा निवृत्त किए जाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा की दागी अधिकारियों और कर्मचारियों का किसी भी कीमत पर सेवा विस्तार न किया जाए। मंत्री नंदी ने प्राइवेट बैंकों में कम ब्याज पर धनराशि रखने पर सवाल किया जिसका अधिकारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने कहा कि पिछले एक वर्ष के बोर्ड मीटिंग के निर्णय वे देखेंगे। जो प्रस्ताव आए अस्वीकृत कर दिए गए या पारित किए गए। इसकी पूरी जानकारी दी जाए। अधिकारियों ने नक्शा पास किए जाने के प्रक्रिया की जानकारी देते हुए बताया कि सर्वाधिक सर्विसेस प्रॉपर्टी सेक्टर में आती है इसमें निदान के लिए सेवाएं ऑनलाइन कर दी गई है। पहले 60-70 दिन में जो कार्य होते थे अब 10-12 दिन में हो रहे हैं। अधिकारियों से पूछा कि भ्रष्टाचार की शिकायतों के निवारण के लिए क्या-क्या कार्रवाई की गई। नक्शा पास करने के सिस्टम की जांच के लिए मंत्री नन्दी ने पिछले कुछ दिनों में पास हुए पांच नक्शों और निरस्त हुए नक्शों की पत्रावली अधिकारियों से मांगी। मंत्री नंदी ने सॉफ्टवेयर की वजह से एमसी होने में डिले करने वाले अधिकारी के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिसके कारण मैप स्वीकृत करने में विलंब हुआ। मंत्री नन्दी ने कहा कि जनमानस को सुविधा प्रदान करना हमारा दायित्व है। बुकलेट हर माह की 5 तारीख को अवश्य आ जाया करे। दागी अफसर जिनके विरुद्ध एक-दो बार कार्रवाई हो चुकी है उन्हें अनिवार्य सेवा निवृत्त करें। अधिकारियों ने मंत्री नन्दी को बताया कि 4500 शहरों की रैंकिंग में नोएडा 150 वें स्थान से इस वर्ष चौथा, प्रथम और 11 वां स्थान है। ओवरऑल 11 वां स्थान है। औद्योगिक विकास मंत्री ने नोएडा में 30 करोड़ के कार्यों का लोकार्पण किया। जिसमें आरसीसी नाला निर्माण व ब्रिक वर्क, वेटलैंड सेक्टर-91, दो एफओबी, दो पिंक टॉलेट शामिल हैं।


कार्यालय : कृषि उत्पादन मण्डी समिति मोहम्मदी, खीरी
पत्रांक : कृ0उ0म0स0/2022–23/सफाई निविदा/841 दिनांक : 19.05.2022

सफाई कार्य हेतु निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नवीन मण्डी स्थल मोहम्मदी खीरी वार्ड के साफ–सफाई कार्य हेतु निविदा वित्तीय वर्ष 2022–23 हेतु निम्नलिखित नियम व शर्तों के अधीन दिनांक 25.5.2022 तक निविदायें आमंत्रित की जाती हैं निविदायें के संबंध में निविदादाता कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। प्रकाशन की तिथि से दिनांक 19.05.2022 तक निविदा फार्म (तकनीकी एवं फाइनेन्शियल) अलग–2 निर्धारित शुल्क जमा कर फार्म प्राप्त कर सकते हैं जिसकी तकनीकी एवं फाइनेन्शियल बिड दिनांक 26.05.2022 व समय अपरान्ह 1:30 बजे तक समिति कार्यालय में अनुरक्षित बाक्स में आवश्यक डाल दें जो निर्धारित तिथि एवं समयावधि के उपरान्त स्वीकार नहीं की जावेगी उक्त निविदा टेण्डर दिनांक 26.05.2022 को अपरान्ह 2:00 बजे गठित निविदा कमेटी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष तकनीकी बिड खोली जायेंगी तथा तकनीकी बिड उपयुक्त पाये जाने के उपरान्त तद्दिनांक में ही फाइनेसियल बिड खोली जायेगी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृति/अस्वीकृति एवं निरस्त करने का अधिकार गठित निविदा कमेटी कृषि उत्पादन मण्डी समिति मोहम्मदी खरी में निहित है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत जी0एस0टी0 सहित (लाख रु0में) | निविदा शुल्क जी0एस0टी0 सहित | धरोहर धनराशि (लाख (रु0 में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नवीन मण्डी वार्ड मोहम्मदी, खीरी के सम्पूर्ण परिसर की साफ–सफाई का कार्य | 5.10 | 1120.00 | 0.51 |

नोट : सफाई टेण्डर कार्यों से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते नोटिस बोर्ड पर एवं कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में पढ़ी अथवा देखी जा सकती है।

(विवेक कुमार मिश्रा)
सचिव

(पंकज कुमार श्रीवास्तव)
उपजिलाधिकारी/सभापति

कृषि उत्पादन मण्डी समिति
मोहम्मदी, खीरी


सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

### काशी विश्वनाथ मंदिर पर विवादित बयान का मामला

# छात्रों ने शिक्षक के खिलाफ दिया धरना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**काशी विश्वनाथ मंदिर** पर विवादित बयान देने वाले लखनऊ विवि के हिन्दी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ रविकांत का मामला थम नहीं रहा है। गुरुवार को विवि के छात्रों ने डा रविकांत पर जातिवादी मानसिकता से ग्रसित होने के साथ ही कक्षाओं में हिन्दू देवी-देवताओं पर अर्मयादित टिप्पणी करने का आरोव लगाते हुए धरना दिया। छात्रों का आरोप है कि डॉ रविकांत कक्षा में भी बांटने वाली राजनीति का प्रसार करते है। धरने के बाद छात्रों ने विवि के कुलपति से मुलाकात कर उन पर कार्यवाही की मांग की है। हिन्दी विभाग के शिक्षक डॉ रविकांत का वीडियो वायरल होने के बाद से छात्रों का लगातार विरोध जारी है। एक दिन पूर्व इसी मामले को लेकर समाजवादी छात्र सभा के इकाई अध्यक्ष रहे एमए संस्कृत के छात्र कार्तिक पांडेय ने डॉ रविकांत पर हमला कर दिया था। वहीं आज सरस्वती प्रतिमा के पास धरने पर बैठे छात्रों का आरोप है कि हिन्दी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर आए दिन अपनी कक्षा में भी छात्रों को जातिगत तरीके से बांटने तथा धार्मिक भावनाओं को भड़काने का प्रयास करते रहते हैं। बीते दिनों उन्होंने एक डिबेट में काशी विश्वनाथ मंदिर पर अमर्यादित बयान जारी कर दिया था। अक्सर वह सोशल मीडिया पर भी ऐसा काम करते रहते हैं। विरोध कर रहे छात्रों ने प्रशासन से शिक्षक के निष्कासन की मांग की है। हालांकि धरना प्रदर्शन के दौरान मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा। धरना के बाद छात्रों ने विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंप कर कार्यवाही की मांग रखी। जिस पर कुलपति ने यथोचित कार्यवाही का आश्वासन भी दिया।

## शिक्षक पर हमले की निंदा

**लखनऊ।** लविवि हिन्दी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डा रविकांत पर हुए हमले के बाद मंगलवार को लविवि शिक्षक संघ की सम्पन्न हुई कार्यकारिणी की बैठक में घटना की निन्दा की गई। लूटा कार्यकारिणी के अध्यक्ष डा विनीत वर्मा ने कहा कि डा रविकांत पर हुआ हमला 10 मई को हुई घटना के दोषियों पर कार्यवाही नहीं करने का परिणाम है। डा रविकांत ने पहले ही इसकी आशंका व्यक्त की थी। कार्यकारिणी बैठक में कहा गया कि इन घटनाओं से विश्वविद्यालय शिक्षक अपनी सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। बैठक में 10 मई और 18 मई को हुई घटनाओं में लिप्त सभी छात्रों को तत्काल निष्कासित करने, एफआईआर दर्ज कराने की मांग की गई। मांगे नहीं माने जाने पर लूटा की ओर से आन्दोलन की चेतावनी दी गई।

# पशुधन मंत्री ने किया पशुपालन निदेशालय का औचक निरीक्षण

● अधिकारी-कर्मचारी समय से कार्यालय आकर अपना काम करें पूरा



**लखनऊ।** प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरूवार को डालीगंज स्थित पशुपालन निदेशालय का पूर्वान्हन 10:30 बजे औचक निरीक्षण किया। पशुधन मंत्री ने निदेशालय के प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण किया और अधिकारियों से प्रभागों के क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी ली। मंत्री ने अधिकारियों/कर्मचारियों को समय से कार्यालय उपस्थित होकर निर्धारित अवधि में कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। साथ ही कार्यालयों में साफ-सफाई और अभिलेखों का रख-रखाव ठीक ढंग से सुनिश्चित किये जाने के भी निर्देश दिये। परिसर में हरियाली के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण किये जाने और कार्यालय के कार्यों को कम्प्यूटरीकृत किये जाने की अपेक्षा की। पशुधन मंत्री ने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों की फाइल विधिवत और व्यवस्थित रूप से रखी जाये ताकि सेवानिवृत्ति के उपरांत किसी भी अधिकारी व कर्मचारी को अपने आवश्यक देय को व अभिलेखों को प्राप्त करने में असुविधा न हो। अधिकारी व कर्मचारी अपने कार्यों व दायित्वों का पूरी शुचिता से पालन करें, ताकि शासकीय सेवा के दौरान उनके कार्यों के प्रति किसी भी प्रकार का प्रश्नचिन्ह न उठे। सभी पटल सहायकों से उनके कार्य के बारे में जानकारी ली और कहा कि किसी भी पटल पर कोई भी पत्रावली अनावश्यक रूप से लम्बित नहीं रहनी चाहिए। पत्रावली निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। यदि कोई अधिकारी, कर्मचारी अवकाश पर जाता है तो उसका अंकन उपस्थिति पंजिका पर अनिवार्य रूप से किया जाये। समय की बर्बादी किसी भी कीमत पर नहीं होनी चाहिए। मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अपेक्षाओं के अनुरूप आगामी 100 दिनों के कार्यक्रमों के लक्ष्यों को धरातल पर उतारने की कार्यवाही तेजी से की जाय। उन्होंने कहा कि पशुधन विभाग का प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। और पशुधन विभाग को कृषकों एवं पशुपालकों के आर्थिक उत्थान के लिए युद्धस्तर पर कार्य करने हैं। आईजीआरसी और पशु समस्या, निवारण केन्द्र के कार्यों की भी गहन जानकारी प्राप्त की।

# रेल कर्मियों के आवास के लिए डीआरएम ने किया शिलान्यास



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ** मण्डल की मण्डल रेल प्रबन्धक डा मोनिका अग्निहोत्री ने आज अपर मण्डल रेल प्रबन्धक इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं मण्डल के अधिकारियों के साथ गोमतीनगर स्टेशन सेकेण्ड इंट्री की ओर बनने वाले आवास के लिए भूमिपूजन कर आधारशिला रखी। उन्होने कहा कि गोमतीनगर स्टेशन पर हो रहे आधारभूत निमार्ण कार्यो तथा विकास परक परियोजनाओं के साथ-साथ रेल कर्मियों के लिए आवास उपलब्ध कराने की भी आवश्यकता है। इस अवसर पर वरिष्ठ मण्डल इंजीनियर, समन्वय, वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर व अन्य अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित थे।

# पूर्वोत्तर रेलवे के सीपीआरओ ने किया निरीक्षण



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने स्टेशनों पर प्रदत्त यात्री सुविधाओं के परिप्रेक्ष्य में लखनऊ जंक्शन स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान द्वारा उन्होंने स्टेशन पर सरकूलेटिंग एरिया, स्टेशन प्लेटफार्म, साफसफाई, पेयजल आपूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, एटीवीएम, कानकोर्स एरिया, शौचालय, प्रतीक्षालय, वातानुकूलित लाउन्ज, बुकिंग कार्यालय, खानपान सेवाओं, पार्सल आफिस, लिफ्ट व एस्केलेटर, फुट ओवर ब्रिज एवं सुपरवाइजर्स रेस्ट हाउस का गहन निरीक्षण किया। इस दौरान लखनऊ जं. पर चल रहे मिशन कर्मयोगी प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत वार्ता सत्र के दौरान मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी ने उपस्थित फ्रंटलाइन कर्मचारियों को रेल उपभोक्ताओं के साथ समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा तथा सेवाभाव से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के अंत में उन्होंने विद्युत, सिगनल, वाणिज्य, इंजीनियरिंग एवं इएनएचएम विभाग से संबंधित उपस्थित सुपरवाइजरों को यात्री सुविधाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए निर्देश दिया।

# अतीक अहमद के खास गुर्गे गुलाम सरवर की जमानत याचिका खारिज

● राजधानी के प्रापर्टी डीलर का अपहरण कर देवरिया जेल में मारने-पीटने का मामला ● हाईकोर्ट ने कहा, बड़े अपराधियों के खिलाफ बोलने की हिम्मत जुटाई गई

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**राजधानी** के एक प्रापर्टी डीलर का अपहरण कर देवरिया जेल में मारने.पीटने व जबरिया रंगदारी वसूलने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम गुलाम सरवर की जमानत याचिका हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दी है। गुलाम सरवर इस मामले में निरुद्ध सपा के पूर्व सांसद अतीक अहमद का खास गुर्गा है। पीठ ने कहा है कि ऐसे खतरनाक अपराधियों के खिलाफ बोलने की कोई हिम्मत नहीं करता है लेकिन इस मामले की एफआईआर कराने वाला जो स्वयं पीड़ित हैए उसने इनके खिलाफ बोलने की हिम्मत जुटाई है।

जस्टिस कृष्ण पहल की एकल पीठ ने यह आदेश गुलाम सरवर की जमानत याचिका पर दिया है। इसकी ओर से तर्क था कि इस मामले की एफ्आइआर कराने वाले ने लगातार अपने बयानों में सुधार किया है। लिहाजा उसके बयानों में विरोधाभास है। दूसरी तरफ सीबीआई की ओर से इसकी याचिका का जोरदार विरोध किया गया। कहा गया कि अतीक अहमद समेत इस घटना में शामिल सभी मुल्जिम खतरनाक अपराधी हैं। जिनकी वजह से तमाम गवाहों को विटनेस प्रोटेक्शन प्रोग्राम के तहत रखा गया है। यह भी कहा गया कि इस मामले की गंभीरता के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने इसकी विवेचना सीबीआई को करने का आदेश दिया था। 29 दिसंबर 2018 को रियल स्टेट कारोबारी मोहित जायसवाल ने इस मामले की एफआईआर दर्ज कराई थी। जिसके मुताबिक देवरिया जेल में निरुद्ध अतीक ने अपने गुर्गो के जरिए गोमती नगर से उसका अपहरण करा लिया। तंमचे के बल पर उसे देवरिया जेल ले जाया गया। अतीक ने उसे एक सादे स्टाम्प पेपर पर दस्तखत करने को कहा। उसने इंकार कर दिया इस पर अतीक ने अपने बेटे उमर तथा गुर्गे गुफरान, फारुख, गुलाम व इरफान के साथ मिलकर उसे तंमचे व लोहे की राड से बेतहाशा पीटा। उसके बेसुध होते ही स्टाम्प पेपर पर दस्तखत बनवा लिया और करीब 45 करोड़ की सम्पति अपने नाम करा ली। अतीक के गुर्गो ने उसकी एसयूवी गाड़ी भी लूट ली।

# किशोरी के साथ दुराचार करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मड़ियाँव पुलिस** ने एक शातिर दुराचारी को गिरफ्तार करने का दावा किया है जो एक किशोरी को बहला फुसलाकर इलाके में स्थित एक होटल ले गया और फिर कोल्डरिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाने के बाद दुराचार किया और विरोध करने पर किशोरी के पिता को जान से मारने की धमकी दी थी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को जेल रवाना कर दिया है। जानकारी के अनुसार इलाके में रहने वाली एक महिला ने नौबस्ता मड़ियांव निवासी एजाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि आरोपी उसकी नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर होटल ले गया और फिर उसके साथ दुराचाकर किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश आज से

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य सरकार** के निर्देश पर बेसिक शिक्षा विभाग के परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियां शुक्रवार से होंगी। स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 15 जून तक घोषित किया गया है। ऐसे में प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय अब 16 जून से खुलेंगे। परिषदीय विद्यालयों में इस बार गर्मी की छुट्टियां 27 दिन की हैं। नए शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार इन सभी स्कूलों में 16 जून से नये शैक्षणिक सत्र के अनुसार पठन-पाठन शुरू हो जाएगा। क्योंकि विद्यालयों में नया शैक्षिक सत्र जुलाई के बजाए अब एक अप्रैल से शुरू होता है। इसी के साथ ही अब अवकाश की समय सारिणी बदल चुकी है। प्रदेश के इन स्कूलों में 21 मई से 30 जून तक मिलने वाला ग्रीष्मावकाश अब 20 मई से 15 जून तक रहेगा। अब तो सभी प्राथमिक स्कूलों में शीतकालीन अवकाश भी मिल रहा है, जो कि हर वर्ष 31 दिसंबर से 14 जनवरी तक दिया जाता है।

# मत्स्य विकास मंत्री ने की सौ दिनों के लक्ष्यों की समीक्षा

● काम पूरा न होने पर अधिकारियों पर होगी कड़ी कार्यवाही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश सरकार** के मत्स्य विकास मंत्री डा संजय कुमार निषाद ने विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रदेश के मण्डलीय मत्स्य अधिकारियों के साथ मत्स्य विकास कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी स्थानीय स्तर पर संचालित योजनाओं का नियमित अनुश्रवण करें और समयबद्ध रूप से 100 दिनों के लक्ष्यों को पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने और प्रदेश को वन ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने की दिशा में मत्स्य विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य पूरा न करने वाले अधिकारियों पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। डा संजय कुमार निषाद ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजनान्तर्गत लाभार्थीपरक कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री के देश को मत्स्य उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के संकल्प को पूर्ण करने की दिशा में मील का पत्थर है। इसलिए इस योजना के क्रियान्वयन में विशेष ध्यान दिया जाये और किसी भी स्तर पर किसी भी प्रकार की उदासीनता और लापरवाही न होने पाए। उन्होंने इस योजना में असंतोषजनक प्रगति वाले लखनऊ, आजमगढ़ एवं कानपुर मण्डलों के अधिकारियों को यथाशीघ्र लक्ष्यों की पूर्ति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिये। मत्स्य विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश के मत्स्य पालकों/मत्स्य व्यवसायियों / वेन्डरों को के सी सी की सुविधा उपलब्ध कराये जाने के लिए उनके आवेदनों को समयबद्ध रूप से निस्तारित करते हुए कार्यवाही सम्पादित करायी जाये जिससे कि गरीब मत्स्य पालक पट्टे धारक तथा व्यवसायी इसका लाभ प्राप्त करते हुए अपने तालाबों का मत्स्य उत्पादन स्तर बढ़ा सके एवं उन्हें अजीविका हेतु संसाधन प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड अभियान का प्रचार प्रसार करते हुए कैम्पों का आयोजन कर वार्षिक लक्ष्यों को प्राप्त किया जाए।

# पीजीआई अधिकारी के घर चोरी

**लखनऊ।** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान लखनऊ के निदेशक कैंप की अधिकारी के कैंपस में बने आवास का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपए का सामान चोरी कर लिया घटना की जानकारी तब हुई जब महिला अधिकारी अवकाश से वापस लौटीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद तहरीर के बाद मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। अनुपमा रजक सुपुत्री रामलाल रजक मूल रूप से बोकारो झारखंड की रहने वाली हैं। वह पीजीआई के निदेशक कार्यालय में रिसेप्शन ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। संस्थान के कैंपस में टाईप-2 मकान नं 21 रहने के लिए आवंटित किया गया है। अनुपमा ने बताया कि वह बीती 29 अप्रैल से अवकाश पर थीं बोकारो गई हुई थी। 16 मई को दोपहर बाद जब घर लौटी तो देखा मेरे घर का मुख्य गेट एवं अंदर के सभी तीनों दरवाजों के ताले टूटे हुए थे। जिसकी सूचना तुरन्त संस्थान के सुरक्षा अधिकारी एवं थाना प्रभारी पीजीआई को दी गई। चोर घर से लगभग 35-40 हजार रूपए नकद, नौ चांदी के सिक्क कीमत 7500 रुपए के अतिरिक्त अन्य कागजात सर्टिफिकेट गायब हैं।

## पुर्वांचल एक्सप्रेस वे पर फ्रिज लूटने के मामले में एक और मुल्जिम की जमानत खारिज

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** विशेष जज अजय विक्रम सिंह ने पुर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर केंटर से गोदरेज का फ्रिज लूटने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम अमन शर्मा की जमानत अर्जी खारिज कर दी है। उन्होंने प्रथम दृष्टया मुल्जिम के अपराध को गंभीर करार दिया है। पांच अप्रैल 2022 को इस मामले की एफआईआर शक्ति कुमार सिंह ने थाना गोसाईगंज में दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने अन्य मुल्जिमों के साथ ही मुल्जिम रिशू व सुरेश को भी गिरफ्तार कर लूट का माल बरामद किया था। इससे पहले मुल्जिम अश्वनी कुमार सिंह उर्फरिशू व सुरेश कुमार यादव की जमानत अर्जी खारिज हुई थी।

# वर्ष में दो बार स्कूलों के प्रधानाचार्य अभिभावकों से मिलें: गुलाब देवी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**माध्यमिक** शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने कहा कि प्रधानाचार्य वर्ष में कम से कम दो बार छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के साथ वार्ता अवश्य करें। मंडलीय अधिकारी जिलों में जाकर निरीक्षण करे और देखे कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत जो कार्य किया जा रहा है वो सही से हो रहा है की नही। बजट का उपयोग जिस कार्य के लिए दिया गया है उसी कार्य में व्यय किया जाए। गुरुवार को योजना भवन में अधिकारियों के साथ बैठक में माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि समस्त अधिकारी आफिस में समय से आए तथा अपने कार्यों का ईमानदारी से निर्वहन करें। जन प्रतिनिधियो से संपर्क बनाया जाए। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल में आ रही शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन एवं प्रशासन से मिलकर एक साथ कार्य करे जिससे कार्य में तेजी आये। उन्होंने कहा कि चिकित्सा और शिक्षा ऐसे दो विभाग है जो दया और कर्तव्य-निष्ठा से जुड़े है। चिकित्सा में आदमी को जीवन मिलता है और शिक्षा में गुरु का स्थान भगवान से ऊपर रखा जाता है।

# अब चार जून से होंगी एकेटीयू की सम सेमेस्टर परीक्षाएं

**लखनऊ।** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि के सत्र 2021-22 की सम सेमेस्टर स्नातक एवं परास्नातक के रेगुलर एवं कैरीओवर की 25 मई से 15 जून तक होने वाली परीक्षा के टाइम टेबल में बदलाव किया गया है। अब यह परीक्षाएं 4 जून से 27 जून के बीच होगी। विवि स्तर पर यह निर्णय संस्थानों और छात्र-छात्राओं की अपील पर लिया गया है, जिससे कि उनको प्रोजेक्ट वर्क और पाठ्यक्रम पूरा करने के लिए समय मिल जाए। परीक्षा को लेकर पूरे प्रदेश में 117 केंद्रों का निर्धारण किया गया है। दो पालियों में होने वाली इस परीक्षा में करीब 1 लाख 15 हजार परीक्षार्थी बैठेंगे। परीक्षा ऑफलाइन मोड में होगी। परीक्षा की सुचिता को बनाये रखने के लिए हर केंद्र पर दो-दो आब्जर्वर की तैनाती की गयी है। परीक्षा के दौरान आब्जर्वर केंद्र पर रहेंगे। एकेटीयू के सत्र 2021-22 के सम सेमेस्टर के प्रथम वर्ष द्वितीय सेमेस्टर व बीटेक एवं बीफार्मा के द्वितीय वर्ष चतुर्थ सेमेस्टर को छोड़कर अन्य सभी पाठ्यक्रमों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं प्रयोगात्मक, प्रोजेक्ट परीक्षाएं 25 मई से 2 जून के बीच ऑफलाइन मोड में आयोजित होंगी। इसके लिए परीक्षकों की ड्यूटी भी लगा दी गयी है।

# याकूब कुरैशी के बेटों व उनकी मीट कम्पनी के खिलाफ परिवाद दाखिल

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** सीबीआई, प्रदूषण की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट यशा शर्मा ने मेरठ के मीट व्यवसायी की पशु वधशाला अल फहीम स्लाटर हाउस के खिलाफ दाखिल परिवाद को दर्ज रजिस्टर करने का आदेश दिया है। उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा दाखिल इस परिवाद में स्लाटर हाउस के प्रबंध निदेशक मो इमरान कुरैशी व निदेशक मो फिरोज कुरैशी को भी मुल्जिम बनाया गया है। यह दोनों मीट व्यवसायी व बसपा सरकार में मंत्री रहे याकूब कुरैशी के बेटे हैं। गुरुवार को अदालत के समक्ष इस परिवाद पर बोर्ड के विधि अधिकारी एके चौबे ने बहस की। उनका कहना था कि वर्ष 2019 में मेरठ विकास प्राधिकरण ने अल फ्हीम स्लाटर हाउस को बंद करने का आदेश दिया था। लेकिन जब बोर्ड द्वारा गठित टीम ने निरीक्षण कियाए तो बिना सहमति के स्लाटर हाउस चलता हुआ पाया गया। निरीक्षण में स्लाटर हाउस से निकलने वाले पानी का नमूना भी मानकों के विपरीत पाया गया। मामले की अगली सुनवाई छह जुलाई को होगी।

### आरटीई का सच

# लखनऊ में ही 60 फीसद बच्चों को नहीं मिला फ्री सीट पर दाखिला

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**अनिवार्य** एवं नि:शुल्क शिक्षा के अधिकार अधिनियम का अनुपालन लखनऊ में ही कराना बेसिक शिक्षा के लिए टेढ़ी खीर बनता जा रहा है। स्थिति यह है कि बेसिक शिक्षा विभाग के आदेश को स्कूल संचालक ठेंगा दिखा रहे हैं। अभी तक लखनऊ में पहले चरण के 60 फीसद बच्चों का दाखिला नहीं हो सका है जबकि दूसरी सूची के बच्चों का अभी अता-पता नहीं है। यह हाल तब है कि शिक्षा विभाग कानून के अनुपालन कराने के दावे कर रहा है।समाजसेवी आलोक सिंह ने बताया कि स्कूलों से बच्चों को लौटाया जा रहा है। कई स्कूल बच्चों को यह कहकर लौटा रहे हैं कि विभाग की तरफ से कोई आदेश नहीं मिला है। आरटीई के तहत निजी स्कूलों में गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बच्चों के लिए 25 प्रतिशत सीट आरक्षित की गई हैं। इनमें बेसिक शिक्षा विभाग के स्तर पर दाखिले कराए जाते हैं। विभाग इन बच्चों को पढ़ाने के बदले स्कूल को एक निर्धारित शुल्क प्रतिपूर्ति प्रदान करता है। लखनऊ में पहले चरण में कुल 14,679 आवेदन किए गए थे। इनमें 9704 को नि:शुल्क सीट पर दाखिले के लिए पात्र पाया गया।

विभाग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत अप्रैल माह में इन बच्चों के दाखिले स्कूल में कराए जाने चाहिए थे लेकिन अभी तक पहले चरण के दाखिले पूरे नहीं हो पाए हैं। अभी तक 4100-4200 दाखिले हो पाए हैं। दूसरे चरण में दाखिले के लिए अप्रैल में प्रक्रिया शुरू हुई थी। निर्धारित कार्यक्रम के तहत 5 मई तक सभी दाखिले हो जाने चाहिए थे। लखनऊ में दाखिले के लिए दूसरे चरण में 7,141 आवेदन आए थे। जिसमें 4,537 को दाखिले के लिए पात्र पाया गया है। वहीं दाखिले का तीसरा चरण भी शुरू हो चुका है।

15 जून को चयनित छात्र-छात्राओं की सूची जारी की जाएगी। 30 जून तक दाखिले का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। विजय प्रताप सिंह जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि पूरे मामले में विभाग के स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कुछ स्कूलों में गर्मी की छुट्टी घोषित हो चुकी है। ऐसे में कुछ परेशानी आ रही है लेकिन लगातार प्रयास जारी हैं। दाखिला न लेने वाले स्कूलों पर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। कुछ दिन पहले भी नोटिस जारी किए गए हैं।

# ग्रिल हटाकर लाखों रुपए की चोरी, घर में सो रहे थे दम्पत्ति

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पीजीआई कोतवाली** क्षेत्र के साउथ सिटी पुलिस चौकी इलाके में बुधवार रात किसी समय बेखौफ बदमाशों ने खिड़की की ग्रिल हटाकर लाखों रुपए के जेवरात और नकदी चुरा ले गए, कमरे में सो रहे बुजुर्ग दंपत्ति को घटना की जानकारी नहीं हो सकी, सुबह करीब साढ़े चार बजे जानकारी होने पर 112 नम्बर पर पुलिस को सूचना दी। बुजुर्ग की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। साउथ सिटी के मकान नंबर 136 में कपिल शंकर त्रिवेदी अपनी पत्नी के साथ रहते हैं। बेटा नौकरी के कारण बाहर रहता है बेटी का विवाह हो चुका है।

बुधवार शाम करीब साढ़े नौ बजे दोनों ने खाना खाया और सोने चले गए। सुबह करीब साढ़े चार बजे जब महिला जागी तो देखा पूरे घर का सामान बिखरा पड़ा है और लाकर का ताला तोड़कर उसमें रखे करीब 4 लाख के जेवरात और नकदी चोर चुरा ले गए है। पीजीआई कोतवाली पुलिस को सूचना दी वहां से आए पुलिस कर्मियों ने बुजुर्ग दंपत्ति से कहा चोरी गए सामान की लिस्ट लेकर 11 बजे चौकी बुलाया। स्थानीय लोगों ने विधायक को दी सूचना जिसके बाद हुई कार्रवाई।

# पीजीआई में उठी नियमित भर्तियों में वेटेज देने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पीजीआई** कर्मचारी महासंघ ने संस्थान में कार्यरत आउट सोर्सिंग कर्मियों को नियमित भर्तियों में वेटेज देने की मांग उठायी है। महासंघ ने इस बावत गुरुवार को संस्थान निदेशक डा आरके धीमन को पत्र भी लिखा है। पत्र में संस्थान प्रशासन ने कई पदों के लिए भर्ती का विज्ञापन निकाला है। पीजीआई कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष जितेंद्र यादव और महामंत्री धर्मेश कुमार का कहना है कि नर्स, टेक्नीशियन, डाटा इंट्री ऑपरेटर और लेखा संवर्ग समेत दूसरे पद पर यह आउट सोर्सिंग कर्मचारी बीते 15 साल से अधिक समय से काम कर रहे हैं। आठ से 18 हजार रुपये के प्रति माह मानदेय पर काम कर रहे हैं। यह सभी कर्मी योग्यता के साथ अनुभव रखते हैं। ऐसे में इन्हें भर्ती में वेटेज मिलना चाहिए।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 20 मई, 2022



## पूर्व सांसद रिजवान जहीर की करोड़ों की सम्पत्ति कुर्क

**लखनऊ।** बलरामपुर के पूर्व सांसद रिजवान जहीर की विकासनगर और कुर्सी रोड स्थित बटहा में तीन करोड़ 62 लाख रुपये की सम्पत्ति गुरुवार को कुर्क कर दी गई। यह कार्रवाई बलरामपुर जिले से आयी पुलिस टीम ने एसीपी महानगर व विकास नगर इंस्पेक्टर की मौजूदगी में की। इसके तहत विकासनगर सेक्टर चार में स्थित एक करोड़ 73 लाख रुपये के घर की कुर्की डुगडुगी पिटवा कर की गई। ऐसे ही बटहा कुर्सी रोड पर स्थित टयूलिप टावर को जब्त किया गया। इसकी कीमत एक करोड़ 89 लाख रुपये आंकी गई है। इससे पहले बलरामपुर में करीब तीन करोड़ रुपये की सम्पत्ति जब्त की जा चुकी है। इसी साल मई में गैंगस्टर एक्ट के तहत अपराधी रिजवान जहरीर पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करने का आदेश दिया गया था।

## ज्वैलर्स की दुकान से उड़ाए जेवरात

**लखनऊ।** दुबग्गा के यादव बाजार स्थित ज्वैलर्स दुकान में नकाबपोश दो महिलाओं और एक युवक ने जेवर देखने के बहाने गहनों पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुट गयी। सहादतगंज निवासी अमरेंद्र रस्तोगी की दुबग्गा यादव बाजार में मां गायत्री ज्वैलर्स दुकान है। पीड़ित के मुताबिक दोपहर करीब ढाई बजे दो महिलाएं और एक युवक जेवर खरीदने के बहाने दुकान में आए थे। ज्वैलरी दिखाते समय आरोपियों ने चोरी से एक जोड़ी सोने के झुमके बैग में रख लिए और मौका पाकर वहां से फरार हो गए।


## कार्यालय नगर पंचायत बहुआ–फतेहपुर

### अल्पकालिक निविदा (मैनुवल) सूचना

पत्रांक – 29/न0पं0बहुआ/वर्ष 2022–23 दिनांक : 17.05.2022

एतद्द्वारा नगर पंचायत बहुआ में पंजीकृत/अन्य ठेकेदारों/समस्त फर्मों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय नगर पंचायत बहुआ द्वारा 15वां वित्त आयोग (Tied Grant/United Grant) की धनराशि से निर्माण/आपूर्ति कार्य कराये जाने हैं। जिसके लिए नीचे लिखित विवरण अनुसार अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जा रही है। निविदा प्रपत्र दिनांक– 19.05.2022 दिन बृहस्पतिवार को प्रातः 10 बजे से दिनांक– 30.05.2022 दिन सोमवार को अपरान्ह 12:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत बहुआ से नगद शुल्क जमा कर क्रय/प्राप्त करके कार्यालय में रखे निविदा बाक्स में डाले जा सकते हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 30.05.2022 दिन सोमवार को अपरान्ह 02:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्यालय नगर पंचायत बहुआ में खोली जायेंगी। विवरण व नियम, शर्ते निम्नवत् हैं–

विवरण

| क्र0 सं0 | कार्य/स्थल विवरण | आगणन की धनराशि | जमानत की धनराशि | समयावधि | निविदा मूल्य + 18% जी.एस.टी. |
|---|---|---|---|---|---|
| 15वां वित्त आयोग (UnTied Grant) वर्ष 2020–21 की द्वितीय किस्त एवं 2021–22 की प्रथम किस्त | | | | | |
| 1 | नगर पंचायत बहुआ वार्ड नं0 09 जवाहर नगर में शिव प्रसाद के मकान से चटरू के मकान तक नाली व रोड का निर्माण कार्य। | 276805.00 | आगणन का 2 प्रतिशत | 2 माह | रु0 277.00+50.00 |
| 2 | नगर पंचायत बहुआ वार्ड नं0 01 सर्वोदय नगर में पवन मिश्रा के मकान से जुगुल किशोर मिश्रा के मकान तक नाली व रोड का निर्माण कार्य। | 187044.00 | आगणन का 2 प्रतिशत | 2 माह | रु0 187.00+34.00 |
| 3 | नगर पंचायत बहुआ वार्ड नं0 07 कृष्णा नगर पूर्वी में इसरार के मकान से सुरेन्द्र सिंह के मकान तक नाली व रोड का निर्माण कार्य। | 186233.00 | आगणन का 2 प्रतिशत | 2 माह | रु0 186.00+33.00 |
| 4 | नगर पंचायत बहुआ वार्ड नं0 02 गांधी नगर में डा0 गुलाब के मकान से भय्या लाल के मकान तक नाली व रोड का निर्माण कार्य। | 230960.00 | आगणन का 2 प्रतिशत | 2 माह | रु0 231.00+42.00 |
| 5 | नगर पंचायत बहुआ के अन्तर्गत वार्ड नं0 09 जवाहर नगर में रामबरन सिंह मास्टर के मकान से दादू सिंह के मकान तक नाली व रोड का निर्माण कार्य। | 293172.00 | आगणन का 2 प्रतिशत | 2 माह | रु0 293.00+53.00 |
| 6 | नगर पंचायत बहुआ के अन्तर्गत वार्ड नं0 09 जवाहर नगर में राजू के मकान से सुरेन्द्र के मकान तक नाली व रोड का निर्माण कार्य। | 318406.00 | आगणन का 2 प्रतिशत | 2 माह | रु0 318.00+57.00 |
| 7 | नगर पंचायत बहुआ अन्तर्गत वार्ड नं0 10 शान्ती नगर में बाबू यादव के मकान से सुखमिनिया के मकान तक नाली व रोड का निर्माण कार्य। | 889480.00 | आगणन का 2 प्रतिशत | 2 माह | रु0 889.00+160.00 |
| 8 | नगर पंचायत बहुआ अन्तर्गत वार्ड नं0 05 राजनगर में लम्बरी के मकान से मटरू के मकान तक नाली व रोड का निर्माण कार्य। | 888646.00 | आगणन का 2 प्रतिशत | 2 माह | रु0 889.00+160.00 |
| 9 | नगर पंचायत बहुआ वार्ड नं0 09 जवाहर नगर में यूसुफ के मकान से इनायत के मकान तक नाली व रोड का निर्माण कार्य। | 219873.00 | आगणन का 2 प्रतिशत | 2 माह | रु0 220.00+40.00 |
| 10 | नगर पंचायत बहुआ अन्तर्गत ओपेन जिम की स्थापना हेतु उपकरण आपूर्ति एवं फाउण्डेशन निर्माण का कार्य। | 745605.00 | आगणन का 2 प्रतिशत | 2 माह | रु0 746.00+134.00 |
| 11 | वार्ड नं0 09 जवाहर नगर में 05 कि0ली0 आर0सी0सी0 टंकी के साथ 2 एच0पी0 सबमर्सिबल पम्प का अधिष्ठापन कार्य। | 739472.00 | आगणन का 2 प्रतिशत | 2 माह | रु0 739.00+133.00 |
| 12 | नगर पंचायत बहुआ के विभिन्न वार्डो में 10 नग इण्डिया मार्क II हैण्डपम्प रिबोर का कार्य। | 756715.00 | आगणन का 2 प्रतिशत | 2 माह | रु0 757.00+136.00 |

**निविदा हेतु नियम व शर्तें–**

1. निविदा मूल्य जमा करने हेतु अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बहुआ के पक्ष में नकद/डी0डी0 स्वीकार की जायेगी।
2. सभी निविदा प्रपत्रों के साथ 2 प्रतिशत जमानत धनराशि के रूप में एफ०डी0आर० अथवा एन०एस०सी० जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत बहुआ, फतेहपुर के नाम बन्धक होनी चाहिये।
3. ठेकेदार द्वारा देय निविदा में हैसियत प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, जी.एस.टी. प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, फर्म का लेटर पैड, किसी भी सरकारी/अर्द्धधसरकारी विभाग में ठेकेदारी का नवीनतम पंजीयन प्रमाण पत्र, देना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा निरस्त समझी जायेगी।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त 8 प्रतिशत जमानत धनराशि जमा किया जाना अनिवार्य होगा।
5. 10 प्रतिशत निम्न (Below) में 0.5 प्रतिशत प्रति प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत अधिक निम्न (Below) पर 1 प्रतिशत प्रति प्रतिशत की कम दर पर सेक्योरिटी परफार्मेश गारन्टी शासनादेश संख्या 622/23/12–2012/0/ऑडिट/5 टी.सी. लो.नि. अनुभाग–12 लखनऊ दिनांक 08.06.2012 के क्रम में गारन्टी प्रस्तुत करनी होगी।
6. निविदा दाता द्वारा दिये गये दस्तावेजों, प्रमाणपत्रों की जाँच विभागीय स्तर पर की जायेगी यदि दस्तावेज गलत पाये जाते हैं तो निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा एवं निविदा दाता के विरूद्ध दण्ड के रूप में जमा धरोहर राशि को जब्त करते हुये काली सूची में डाला जायेगा।
7. किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा ऐसी दशा में ठेकेदार को निविदा मूल्य वापस मांगने का कोई अधिकार नहीं होगा।
8. निविदा खोलते समय ठेकेदार या उसका प्रतिनिधि उपस्थित रह सकता है।
9. एफडीआर/रसीद की जमा जमानत की धनराशि का कार्यो का फाइनल भुगतान शासनादेश संख्या 1319/नौ–9–21–45ज /21 नगर विकास विभाग अनुभाग– 9 लखनऊ दिनांक 30 जून 2021 के अनुसार एक वर्ष के पश्चात् नियमानुसार किया जायेगा।
10. कार्य पूर्ण होने के पश्चात धन की उपलब्धता अनुसार भुगतान किया जायेगा।
11. निविदा के दिनांक को किसी कारणवश अवकाश घोषित हो जाने पर निविदा जमा करने/खोले जाने की कार्यवाही अगले कार्यदिवस में की जायेगी।
12. समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र फतेहपुर होगा।
13. कार्य स्थल पर मानक बोर्ड अवश्य लगाया जाये।
14. निविदा स्वीकृति उपरान्त 07 दिन के अन्दर स्वयं के खर्चे पर अनुबन्ध कराना होगा, यदि कार्य का अनुबन्ध नहीं कराया जाता है, तो धनराशि जब्त कर कार्य निरस्त कर दिया जायेगा जिस पर कोई दावा मान्य नही होगा।
15. कार्य समाप्त करने की दी गयी समयावधि का आधा समय बीत जाने के उपरान्त भी, यदि ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारम्भ नहीं किया जाता है, तो उसको प्राप्त टेण्डर निरस्त कर दिया जायेगा।
16. निविदाओं में अंकित कार्यो की मात्रा में परिवर्तन हो सकता है, जिसके लिये ठेकेदार/फर्म का कोई दावा मान्य नहीं होगा।
17. अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

(लाल चन्द्र मौर्य)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत बहुआ फतेहपुर

(राजेश सिंह गौतम)
अध्यक्ष
नगर पंचायत बहुआ फतेहपुर


**आजादी के बाद 70 सालों तक देश विकास के मामले में रेंगता रहा था**

# आठ सालों में बुलंदी पर पहुंचा देशः योगी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पिछले आठ सालों में भारत हर क्षेत्र में जोरदार प्रर्दशन के साथ नई ऊँचाइयों पर पहुंचा है जबकि आजादी के बाद 70 सालों तक देश विकास के मामले में रेंगता रहा था। उन्होने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्पना को साकार करता है।

आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विद्या भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इस साल 15 अगस्त को जब आजादी के 75 वर्ष पूरे होंगे और हम सभी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे होंगे, तब हमें नए कार्यक्रमों और संकल्पों के साथ आगामी 25 वर्षों की कार्ययोजना को मूर्तरूप देते हुए आजादी के शताब्दी महोत्सव की ओर अग्रसर होना होगा। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में यदि प्रत्येक क्षेत्र का व्यक्ति ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य निर्वहन को जीवन का ध्येय बना ले, तो ऐसे सशक्त व समर्थ भारत का निर्माण होगा जो दुनिया का नेतृत्व करेगा। मुख्यमंत्री ने विद्या भारती द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चलाए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों और आयोजनों की सराहना की और कहा कि इनके माध्यम से देश की आजादी के लिए अपना योगदान देने वाले भारत के सैनिकों के शौर्य और पराक्रम से विद्यार्थियों को अवगत कराने का सफल कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव को अमृत काल के रूप में परिभाषित करने का कार्य किया, इससे देश में उनके नेतृत्व के प्रति एक नया विश्वास देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रमों की श्रृंखला में उत्तर प्रदेश के परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र, अशोक चक्र, शौर्य चक्र एवं कीर्ति चक्र से सम्मानित वीरों पर डॉक्युमेण्ट्री बनाकर विद्या भारती के विद्यार्थियों एवं एनसीसी कैडेट्स से प्रत्यक्ष संवाद का कार्य प्रारम्भ किया गया है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री ने विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त मेजर जनरल प्रभाकर की डॉक्युमेण्ट्री का विमोचन किया। उन्होंने विभिन्न पुस्तकों का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्या भारती ने शिक्षा को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने का प्रशंसनीय कार्य किया है। उन्होंने कहा कि तकनीक के स्तर पर हम सभी को निरन्तर अग्रसर होते हुए स्वस्थ भारत, समर्थ भारत, सशक्त भारत, की संकल्पना को साकार करना है और इसके मार्ग में आने वाली हर बाधा को दूर करना है। उन्होंने कहा कि विद्या भारती और उससे जुड़े संस्थान देश ही नहीं बल्कि दुनिया के तमाम देशों में वर्तमान पीढ़ी को राष्ट्रवादी शिक्षा और भारत के सांस्कृतिक मूल्यों से अवगत कराने का कार्य कर रहे हैं।

## अमर्यादित टिप्पणी से आहत सूबे के वकील आज मनाएगें विरोध दिवस

**लखनऊ ( विधि संवाददाता )।** सूबे के वकील उप्र बार काउंसिल के आह्वान पर शुक्रवार को विरोध दिवस मनाएगें। उप्र बार काउंसिल ने यह निर्णय वकीलों के विरुद्ध की गई अमर्यादित टिप्पणी पर लिया है। हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ स्थित अवध बार एसोसिएशन सहित राजधानी के अन्य बार एसोसिएशनों ने भी विरोध दिवस के समर्थन की घोषणा की है। बीते 14 मई को प्रदेश सरकार के विशेष सचिव प्रभुल्ल कमल द्वारा एक शासनादेश जारी किया गया था। जिसमें वकीलों को अराजक तत्व बताने व उनके खिलाफ एकतरफा क्षेत्राधिकार विहीन अनुशासनात्मक कार्यवाही करने की अनुशंसा की गई है। जिसकी वजह से सूबे के वकीलों में भारी आक्रोश व्याप्त है। गुरुवार को इस मसले पर उप्र बार काउंसिल के अध्यक्ष श्रीष कुमार मेहरोत्रा की अध्यक्षता में एक आपात बैठक बुलाई गई थी। इस बैठक में शुक्रवार को पूरे प्रदेश में विरोध दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक जिले में वकील विरोध जताते हुए जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपेंगे।

## दशकों से पटी नालियों की हो रही सफाई मलबे से पटी सड़क

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**तहसील** के आसपास जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने बारिश से पहले ही नाला सफाई की मुहिम छेड़ दी है। कस्बे में मिनी जेसीबी की मदद से दशकों से पटी पड़ी नालियों की खुदाई कराई जा रही है। एसडीएम खुद इस कार्य पर बारीकी से नजर रख रही हैं।

मोहनलालगंज नगर पंचायत में तहसील और कोतवाली से लेकर नई जेल रोड मोड़ तक जलभराव की समस्या सालों पुरानी है। जरा सी बारिश के बाद ही यहां तालाब जैसी स्थिति बन जाती है। जिसे लेकर इस बार एसडीएम शुभी सिंह के निर्देश पर नगर पंचायत की टीमें अभी से ही चोंक पड़े नालों की सफाई में जुट गई हैं। सुपरवाइजर आरके शुक्ल की देखरेख में मिनी जेसीबी मशीन और कचरा गाड़ियां लगाकर दशकों से पटी पड़ी नालियों से मलबा साफ कराया जा रहा है। गुरुवार को नई जेल रोड पर तहसीलदार आवास तक एक तरफकी नाली सफाई से ही मलबे के ढ़ेर लग गए। अधिशाषी अधिकारी विनय कुमार द्विवेदी ने बताया नाला सफाई का अभियान तेजी से चल रहा है। अगले कुछ दिनों में कस्बे के ज्यादातर नाले और नालियां साफकरा ली जाएंगी। जलभराव की समस्या से निपटने के लिए हरसंभव कोशिश की जा रही है।

## श्रमिकों के पंजीकरण के लिए किया जाए जागरूक

**लखनऊ।** प्रदेश के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रदेश के ऐसे श्रमिक, जिनका पंजीयन अवशेष है, को भी पंजीयन के लिए जागरूक किया जाए। बोर्ड के स्तर से योजनाओं के प्रभावी संचालन के लिए कार्मिकों की कमी को पूरा करने के लिए तत्काल कार्मिकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाए तथा आउटसोर्सिंग के माध्यम से 92 कार्मिकों को नियुक्त किये जाने की प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण करायी जाए। राजभर द्वारा श्रम आयुक्त, उत्तर प्रदेश से यह अपेक्षा की गयी कि बोर्ड कार्यालय में भी स्थाई कर्मचारियों व अधिकारियों की नियुक्ति का प्रस्ताव शासन को शीघ्र उपलब्ध कराया जाए। मंत्री ने यह निर्देश विधान सभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में उ प्र असंगठित कर्मकार सामाजिक सुरक्षा बोर्ड के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिए।

## कोर्ट के आदेशों का पालन न होने पर नाराजगी

**लखनऊ।** सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों के बावजूद सचिवालय में अनुभाग अधिकारी के रिक्त पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही न किये जाने पर सचिवालय संघ ने पुरजोर विरोध किया है। सचिवालय संघ के अध्यक्ष यादवेन्द्र मिश्र व सचिव ओंकार नाथ तिवारी ने बताया कि वर्ष 2017 से अनुभाग अधिकारी के पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही नहीं की गयी है जिससे अनुभाग अधिकारी जैसे महत्वपूर्ण संवर्ग के लगभग 250 पद रिक्त चल रहे हैं। इससे जहां एक ओर एक-एक अनुभाग अधिकारी के ऊपर दो-दो तीन-तीन अनुभागों के कार्य का बोझ होने वे मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं वहीं दूसरी ओर अनेकों समीक्षा अधिकारी बिना पदोन्नति पाये प्रतिमाह सेवानिवृत्त होते जा रहे हैं। पदोन्नति के लिए सहायक समीक्षा अधिकारी संवर्ग में ज्येष्ठता के विवाद को लेकर उच्च न्यायालय लखनऊ बेन्च लखनऊ के निर्णय 2 जून 2021 तथा इस सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 14 दिसम्बर 2021 को दिये गये निर्देश के बावजूद भी सचिवालय प्रशासन विभाग द्वारा पदोन्नति के सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही न किये जाने से कर्मचारियों में अत्यन्त आक्रोश व्याप्त हो रहा है।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर गिरफ्तार



**लखनऊ।** ज्ञानवापी मस्जिद मामले को लेकर सोशल मीडिया पर टिप्पणी करना भारी पड़ा है। मामला बिजनौर का हैं। एसपी बिजनौर डा धर्मवीर सिंह के अनुसार यहां के रहने वाले हकीम अब्दुल सलाम ने ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी की, उन्होंने टिप्पणी में कहा कि समाजवादी के 36 मुस्लिम विधायक हैं, किसी ने भी ज्ञानवापी मस्जिद मामले में विरोध दर्ज कराया? नहीं न? क्यो? क्योंकि गुलामों को विरोध दर्ज कराने का कोई अधिकार नहीं होता। यह टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल हुई जिस पर अभियुक्त अब्दुल सलाम थाना किरतपुर बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## कालेजों में पाठ्यक्रम को मंजूरी

**लखनऊ।** लखनऊ विवि में गुरुवार को सम्पन्न हुई आपात कार्य परिषद की बैठक में लखनऊ के तीन नये कालेजों सहित सीतापुर के एक कालेज को पाठ्यक्रम के संचालन की मंजूरी दे दी है जबकि पूर्व से संचालित महाविद्यालयों में 16 नये पाठ्यक्रम संचालन को मंजूरी दी गयी है। विवि के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय की अध्यक्षता में आयोजित कार्य परिषद की बैठक में लखनऊ के सेंट एंथोनी पब्लिक कालेज को बीएससी, बीकॉम, सत्यभामा कालेज आफ एजूकेशन को बीए, बीकॉम, टीडीएल लॉ कालेज को एलएलबी त्रिवर्षीय और पंचवर्षीय पाठ्यक्रम के संचालन की अनुमति दी गयी है।

## सीएमएस छात्र ने साइन्टिस्ट-बी परीक्षा में ऑल इण्डिया 44वीं रैंक अर्जित की

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल कानपुर रोड कैम्पस के छात्र प्रभात ओझा ने भारत सरकार के इलेक्ट्रानिक्स एवं इन्फार्मेशन टेक्नोलॉजी मंत्रालय के तत्वावधान में नेशनल इन्फार्मेटिक्स सेन्टर (एनआईसी) की साइन्टिस्ट–बी एक्जामिनेशन में ऑल इण्डिया 44वीं रैंक अर्जित की है जो कि सीएमएस लखनऊ व प्रदेश के लिए गर्व की बात है। सीएमएस संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने प्रभात की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। प्रभात ने इस अभूतपूर्व सफलता का श्रेय अपने माता–पिता के अलावा सीएमएस के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण व प्रतिस्पर्धात्मक शैक्षिक वातावरण को दिया है। उक्त जानकारी सीएमएस के मुख्य जन–सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है।

## पश्चिमांचल डिस्कॉम के निदेशक पद से हटाये गए राकेश कुमार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** सरकार ने भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) पद पर तैनात राकेश कुमार को पद से हटा दिया है। राकेश कुमार पर अधीक्षण अभियंता, नोएडा के पद पर रहते हुए वित्तीय अनियमितता का दोषी पाया गया है। उनके खिलाफ विभागीय जांच चल रही थी। राकेश कुमार के खिलाफ यह कार्रवाई मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री की संस्तुति के आधार पर की गई है। ऊर्जा मंत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शासन से प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश कुमार के द्वारा अधीक्षण अभियंता, नोएडा के पद पर रहते की गई वित्तीय अनियमितताओं के दृष्टिगत इनको देय पेंशन में से 100 प्रतिशत कटौती के दंड के साथ, 10 जनवरी 2022 को, उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के चेयरमैन ने आदेश निर्गत किया है। राकेश कुमार 31 मार्च 2021 को पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मुख्य अभियंता के पद से 60 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त हुए थे। इसके पश्चात इनको शासन द्वारा निदेशक (तकनीकी ) के पद पर तैनात किया गया था। निदेशक पद पर नियुक्ति 3 वर्षों अथवा 62 वर्ष से पहले, जो भी हो, के लिए की जाती है।

# पेज एक का शेष

## रोड रेज...

सजाएं हो सकती हैं पीठ ने कहा कि हाथ अपने आप में एक हथियार भी हो सकता है जब कोई मुक्केबाज, पहलवान या क्रिकेटर या शारीरिक रूप से बेहद फिट कोई व्यक्ति प्रहार करे। न्यायालय ने अपने 24 पन्नों के फैसले में अपराध की गंभीरता और सजा के बीच उचित अनुपात बनाए रखने की आवश्यकता पर विचार किया। इसने कहा कि किसी आपराधिक अपराध के संबंध में उचित सजा का सिद्धांत सजा का आधार है। शीर्ष अदालत ने 15 मई 2018 को सिद्धू को गैर इरादतन हत्या का दोषी ठहराने तथा मामले में तीन साल कैद की सजा सुनाने के पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के आदेश को खारिज कर दिया था, लेकिन इसने उन्हें एक वरिष्ठ नागरिक को चोट पहुंचाने का दोषी ठहराया था।

## आतंकी फंडिंग...

अधिकारियों को मलिक पर जुर्माना लगाए जाने के लिए उसकी वित्तीय स्थिति का आकलन करने के निर्देश दिए और सजा की अवधि पर दलीलों के लिए मामले की सुनवाई के वास्ते 25 मई की तारीख तय की। मलिक ने अदालत में कहा था कि वह खुद के खिलाफ लगाए आरोपों का विरोध नहीं करते हैं। इन आरोपों में यूएपीए की धारा 16 (आतंकवादी कृत्य), 17 (आतंकवादी कृत्यों के लिए धन जुटाना), 18 (आतंकवादी कृत्य की साजिश) और धारा 20 (आतंकवादी गिरोह या संगठन का सदस्य होना) तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 120–बी (आपराधिक षडयंत्र) और 124–ए (राजद्रोह) शामिल हैं।

## कांग्रेसी दिग्गज...

कर जाखड़ का पार्टी में स्वागत किया। भाजपा अध्यक्ष ने जाखड़ को एक अनुभवी नेता बताया और कहा कि पार्टी से अलग हटकर उन्होंने अपनी एक विशेष छवि स्थापित की है। उन्होंने कहा, वह किसानों के भी नेता हैं तो युवाओं के दिलों में भी उन्होंने जगह बनाई है। उनकी छवि ईमानदार नेता की रही है। नड्डा ने कहा कि पंजाब में राष्ट्रवादी ताकतों का प्रथम स्थान भाजपा ले रही है, इसलिए आवश्यक है कि राष्ट्रवादी विचार रखने वाले सभी लोग भाजपा से जुड़ें और पार्टी को मजबूती प्रदान करें।

## कुलदीप बिश्नोई...

को लेकर चल रहे धरने एवं अन्य समस्याओं के निदान सहित अन्य राजनीतिक मुद्दों पर मुख्यमंत्री से विस्तृत और सकारात्मक चर्चा हुई। उन्होंने हिंदी में ट्वीट किया, मैं उनका आभारी हूं कि उन्होंने आदमपुर ग्राम पंचायत बहाली को लेकर मेरी बात मानते हुए मेरे सामने निर्देश दिए। विशेष रूप से, राज्य इकाई में नई नियुक्तियों के बाद बिश्नोई ने अप्रैल में अपने समर्थकों से कहा था कि वह भी उनकी तरह नाराज हैं, लेकिन उनसे धैर्य रखने का आग्रह किया गया। कांग्रेस ने पिछले महीने पूर्व विधायक और भूपिंदर सिंह हुड्डा के वफादार उदय भान को कुमारी शैलजा की जगह राज्य इकाई का प्रमुख नियुक्त किया और इसके साथ ही चार कार्यकारी अध्यक्षों को भी नामित किया। खट्टर के साथ बिश्नोई की मुलाकात ने उनके अगले कदम के बारे में अटकलों को हवा दे दी। गौरतलब है कि कांग्रेस को हाल ही में नेताओं के पलायन का सामना करना पड़ रहा है।

## उच्चतम न्यायालय...

मौजूदा रिट याचिका पर सुनवाई नहीं करते। याचिकाकर्ता को कानून में उपलब्ध उपायों का सहारा लेने का निर्देश दिया जाता। हालांकि, मौजूदा मामले में तथ्य बहुत असमान्य हैं। शीर्ष न्यायालय ने कहा कहा कि हालांकि इस मामले में प्राथमिकी 18 मार्च 2020 को दर्ज की गई और आरोपपत्र 10 सितंबर 2020 को दाखिल किया गया, जबकि खान को एक साल सात महीने बाद, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट–रामपुर द्वारा छह मई 2022 को जारी आदेश के बाद अब जाकर आरोपी बनाया गया।

## मस्जिद हटाने...

दावा किया है कि श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान एवं शाही ईदगाह इंतजामिया कमेटी के बीच हुआ समझौता अवैध है। याचिका में उक्त करार को भी अमान्य घोषित करने का अनुरोध किया गया है। गौरतलब है कि रंजना अग्निहोत्री ने राम जन्मभूमि अयोध्या प्रकरण में भी अदालत में वाद दायर किया था। दूसरी ओर, बुधवार को सिविल जज की अदालत में अखिल भारत हिन्दू महासभा के कोषाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने एक नया प्रार्थना पत्र पेश किया। इसमें उन्होंने शाही ईदगाह को भगवान श्रीकृष्ण मंदिर का कथित गर्भगृह बताते हुए वहां जलाभिषेक करने की अनुमति देने का अनुरोध किया है। हालांकि, अधिवक्ताओं की हड़ताल के कारण इस अर्जी पर सुनवाई नहीं हो सकी।

## भारतीय मुक्केबाज...

पहला दौर आसानी से जीता लेकिन जुटामस ने दूसरे दौर में मजबूत वापसी की। थाईलैंड की मुक्केबाज ने जरीन को अपने से दूर रखने में सफलता हासिल की और दूसरा दौर खंडित फैसले में जीता। दोनों मुक्केबाजों के बीच अधिक अंतर नहीं था और ऐसे में स्ट्रैंथ और स्टेमिना अहम साबित हुआ। जरीन ने दाएं हाथ से दमदार मुक्के बरसाते हुए अंतिम दौर में मुकाबला अपने पक्ष में मोड़ दिया। विजेता की घोषणा होने के बाद जरीन अपनी भावनाओं पर काबू नहीं रख सकीं। वह खुशी में कूदने लगी और अपने आंसू नहीं रोक पाई। जुटामस के खिलाफ यह जरीन की दूसरी जीत है। भारतीय मुक्केबाज ने इससे पहले थाईलैंड की मुक्केबाज को 2019 में थाईलैंड ओपन में भी हराया था। हैदराबाद की मुक्केबाज जरीन इस साल बेहतरीन फॉर्म में रही हैं।

## जीएसटी परिषद...

अनुच्छेद 279 (1) को शामिल करना यह इंगित करता है कि संसद का इरादा सिफारिशों के लिए था। जीएसटी परिषद सिर्फ एक प्रेरक की तरह है, क्योंकि जीएसटी व्यवस्था का उद्देश्य सहकारी संघवाद को बढ़ावा देना था। पीठ ने कहा कि भारतीय संघवाद की महत्वपूर्ण विशेषताओं में से राजकोषीय संघवाद शामिल है और 2014 के संशोधन विधेयक के उद्देश्यों और कारणों के विवरण, संसदीय रिपोर्टों और भाषणों से संकेत मिलता है कि संविधान के अनुच्छेद 246ए और 279ए राज्यों और केंद्र के बीच सहकारी संघवाद और सद्भाव को बढ़ाने के मकसद से पेश किए गए थे।

## निर्णय से...

संशोधन के अनुसार जीएसटी परिषद की सिफारिशें हमेशा एक मार्गदर्शन थीं और इनका पालन अनिवार्य नहीं था। बजाज ने कहा, जीएसटी कानून कहता है कि परिषद सिफारिश करेगी और इसमें आदेश देने की बात कहीं नहीं है। यह एक संवैधानिक निकाय है। संविधान द्वारा बनाया गया कार्यकारी निकाय, जिसमें केंद्र और राज्य शामिल हैं, जो सिफारिश करेगा और उसकी सिफारिश के आधार पर हमने जीएसटी पर अपने कानून बनाए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों में यहां तक कि जहां राज्य सहमत नहीं थे, और लिखित रूप में एक असहमति जताई थी, उन मामलों में भी उन्होंने परिषद द्वारा उल्लिखित तरीके से सिफारिशों को लागू किया, न कि जैसा उन्होंने कहा था, उस तरीके से। बजाज ने आगे कहा कि अगर कोई राज्य जीएसटी परिषद की सिफारिश को स्वीकार नहीं करने का फैसला करता है तो समस्याएं और बढ़ सकती हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या उच्चतम न्यायालय के फैसले के मद्देनजर जीएसटी कानून में बदलाव की जरूरत है॥

# शिक्षा व शास्त्र से ही वनवासी समाज का भला: आनंदीबेन

## ● सेवाकुंज आश्रम में आदिवासी समाज को राज्यपाल ने किया संबोधित

संवाददाता। सोनभद्र

**गुरुवार** को राज्यपाल आनंदीबेन पटेल बभनी स्थित सेवा समर्पण संस्थान सेवाकुंज आश्रम कारीडांड चपकी में छह घंटे से भी अधिक समय तक रहीं। राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल सेवाकुंज आश्रम परिसर में स्थापित बिरसा मुंडा सभागार में पहुंचकर दीप प्रज्जवलन कर भारत माता व बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण कर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान के साथ की गयी। आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए महामहिम राज्यपाल आनन्दीबेन पटेल ने कहा कि आज जनपद सोनभद्र में वनवासी समाज के वनाधिकार प्रमाण-पत्र का वितरण किया जा रहा है।

जनपद में आदिवासी समाज के ऐसे लोग, कई वर्षों से जोत कोड़ करते चले आ रहे है, को आज उनके मौलिक अधिकार मिल सके, जिसके लिए आज उन लोगों को वनाधिकार प्रमाण-पत्र का वितरण गया। जनपद के अन्य लोगों को भी वनाधिकार प्रमाण-पत्र का वितरण किया जायेगा, जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा कार्य किये जा रहे है। उन्होंने कहा कि सर्वाइकल कैंसर एक गंभीर बीमारी है, जिससे महिलाएं अधिक संख्या में ग्रसित होती हैं, जिसमें लगभग 60 प्रतिशत मौत के शिकार हो जाती है। इस गंभीर बीमारी से बचने के लिए 30 साल के ऊपर की महिलाओं को समय-समय पर अपनी जॉच अवश्य करायें, जैसे बीमारी की शुरूआती दौर में ही इसकी जानकारी हो सके, जिसका समय रहते उचित ईलाज हो सके, जिससे उनका जीवन सुरक्षित रहें। उन्होंने कहा कि कोरोना के समय में काफी लोग हमारे बीच से चले गये, जिसकी संख्या टी0वी0 चौनलों व अखबार के माध्यम से मिलती रहती है, लेकिन कैंसर जैसे गंभीर बीमारी से मौत होने वालों की भी संख्या काफी अधिक है। इसलिए सभी लोग समय-समय अपनी जॉच अवश्य कराते रहें। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर जैसे गंभीर बीमारियों से बचने हेतु एक नया टीका भारत मे बनाया जा रहा है, जिसकी शुरूआत आगामी अगस्त माह से प्रारंभ होगी, जिमसें 9 से 15 साल तक की बच्चियों का टीकाकरण कराया जायेगा, जिससे वह इस गंभीर बीमारी से अपने को बचा सकेंगी। उन्होंने कहाकि सभी लोग टीकाकरण अवश्य करवायें। कोविड टीकाकरण के कारण आम जनमानस का जीवन सुरक्षित हो सका है। उन्होंने कहा कि आज जनपद में 123 आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेने का कार्य किया गया है, जिसमें बच्चों को खेलने के लिए खिलौने आदि सुविधाएं दी गयी हैं। खिलौनों के माध्यम से साइंस, मैथ, योगा, अक्षर ज्ञान प्राप्त कर सकेंगें। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी व उनकी टीम आंगनबाड़ी केन्द्र को गोद लिये केन्द्रों में बेहतर शिक्षा का माहौल बनाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि क्षय रोग एक गंभीर बीमारी है, इससे लोगों को बचाने के लिए समाज के सभी वर्ग के लोगों को मिल जुलकर सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास के तहत कार्य करना होगा, तभी देश, प्रदेश व जनपद क्षय रोग जैसी गंभीर बीमारी से मुक्त होगा। उन्होंने कहा कि महिला ग्राम प्रधान अपने कार्य क्षेत्र के विद्यालयों में जाकर शिक्षण कार्य को बेहतर ढंग से संचालित कराने का कार्य करें, इसके साथ ही टी0वी0 मरीजों को गुण, चना आदि चीजें उपलब्ध करायें, जिससे वह जल्द से जल्द स्वस्थ्य हो सके। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेने, क्षय रोगियों के लिए अच्छा कार्य करने वाली इण्डियन रेडक्रास सोसायटी व सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण करने वाली टीम बधाई की पात्र हैं। उन्होंने कहा वनवासियों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता रहेगा, अगर उन्हे कुछ इमानदारी के साथ देना है तो शिक्षा दें। शिक्षा व शास्त्र से ही वनवासी समाज का भला होगा। कार्यक्रम के दौरान महामहिम ने प्राथमिक विद्यालय असनहर प्रथम, व आंगनबाड़ी केन्द्र पर पहुंचकर प्राथमिक विद्यालय के छात्र छात्राओं से संवाद किया और बच्चों के स्वस्थ्य से जुड़े खेल कूद किट प्रदान किया। उन्होंने इस दौरान स्कूल में उपस्थित पांच महिलाओं के गोद भराई की रश्म की अदायगी भी की। महामहिम ने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वह गांवों में बच्चों के घर घर जाकर विद्यालय में सरकार द्वारा उपलब्ध करायी गयी सुविधाओं के सम्बन्ध में जानकारी दें, जिससे अधिक से अधिक बच्चे आंगनबाड़ी केन्द्र पर आकर शिक्षा ग्रहण करें, जिससे इन बच्चों के बौद्धिक स्तर का विकास हो सके। यदि कोई बच्चा कुपोषित हो, तो उसका विशेष ध्यान रखा जाये। इस दौरान उन्होंने महिला ग्राम प्रधान से कहा कि वह अपने अधिकारों को जाना और ग्राम सभा के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान अदा करें। गांव में जाकर पात्र लोगों को गोल्डेन कार्ड बनवाने हेतु प्रेरित करें और गोल्डेन कार्ड के माध्यम से ईलाज हेतु जो सुविधा मिलती हो, उसके सम्बन्ध में उन्हें अवगत करायें। राज्यपाल ने कस्तुरबा गॉधी आवासीय बालिका विद्यालय में पहुंचकर बच्चों से सीधा संवाद किया। संवाद के दौरान उन्होंने बच्चों से, सोने, पढ़ने, खेलने आदि दिनचर्या के सम्बन्ध में जानकारी ली और उन्होंने बच्चों को बेहतर ढंग से शिक्षा ग्रहण करने हेतु प्रेरित करें। कार्यक्रम में जिला प्रशासन द्वारा वनवासी समुदाय के हितों के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओं तथा बाल विकास विभाग द्वारा की गयी प्रगति के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इसके पश्चात सेवा समर्पण संस्थान के आनन्द ने भी वनवासी समाज के हित के लिए किये जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी दी। इस दौरान महात्मा गॉधी काशी विद्यापीठ के कुलपति, कृषि विश्व विद्यालय अयोध्याय के कुलपति, राज्यमंत्री समाज कल्याण विभाग संजीव कुमार गौंड़ द्वारा प्रदेश सरकार द्वारा वनवासी समाज के हित के लिए किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। इससे पूर्व राज्य सभा सांसद रामसकल विधायक दुद्धी रामदुलार गौंड़ जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह पुलिस अधीक्षक, अमरेन्द्र प्रसाद सिह सेवाकुंज आश्रम के व्यवस्थापक आनन्द सेवाकुंज आश्रम प्रतिनिधि देव नारायण खरवार कमलेश चौबे आलोक चतुर्वेदी सहित सेवाकुंज आश्रम के प्रतिनिधिगणों ने पुष्प देकर स्वागत किया।



### राज्यपाल ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**राज्यपाल** आनन्दीबेन पटेल द्वारा सेवाकुंज आश्रम परिसर में अनुसूचित जनजाति एवं परम्परागत वन निवासी वनाधिकारों की मान्यता अधिनियम-2006, 2008 एवं 2012 के क्रियान्वयन की समीक्षा एवं प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के तीन पात्र लाभार्थियों को चाभी का वितरण एवं कोविड-19 से दो लोगों के मृत्यु होने पर उनके बच्चों को आर्थिक सहायता की धनराशि का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण करने वाली दो संस्थाओं के प्रतिनिधि अमित सिंह चीफ अनपरा प्रोजेक्ट हास्पिटल आशीष रंजन ए0जी0एम0 हिण्डाल्को हास्पिटल एवं क्षय रोगियों के लिए अच्छा कार्य करने हेतु इण्डियन रेडक्रास सोसायटी तथा लायंस क्लब के चेयरमैन डॉ0 आर0एन0 सिंह व किशोरी सिंह को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। तीन सफाई कर्मियों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान किट वितरण हेतु संस्थाओं द्वारा गोद ली गयी तीन आंगनबाड़ी केन्द्रों की संचालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेने में सराहनीय कार्य करने वाले जो संस्थाओं महात्मा गॉधी काशी विद्यापीठ वाराणसी कृषि विश्व विद्यालय अयोध्या के कुलपति को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# रेहड़ी व पटरी दुकानदारों को किया गया जागरूक



पीएम स्वनिधि योजना के बारे में पटरी दुकानदारों को जानकारी देते डूडा व नगर पालिका के कर्मचारी।

## ● भ्रमण करके योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

संवाददाता। मऊ

**पीएम** स्वनिधि का लाभ उठाने के लिए गुरुवार को नगर पालिका एवं डूडा विभाग के कर्मचारियों ने नगर क्षेत्र के दर्जनों स्थानों में भ्रमण करके जन जागरुकता अभियान चलाए। इस क्रम में शहर मिशन प्रबंधक डूडा मोण् रिजवान व नगर पालिका परिषद के टीआई अनित सिंह ने रेहड़ी व पटरी दुकानदारों को योजना का लाभ लेने के लिए जागरुक किया। बताते चलें कि केंद्र सरकार द्वारा चयनित फेज टू के 126 शहरों में जनपद मऊ की नगर पालिका परिषद मऊनाथ भंजन के वेंडर्स को सोसिओ. इकनोमिक प्रोफाइलिंग के माध्यम से केंद्र सरकार की अन्य 8 योजनाओं से लाभान्वित किया जाना है। डूडा व नगर पालिका परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों ने लाभार्थियों को पीएम सुरक्षा बीमा योजनाए पीएम जीवन ज्योति बीमा योजनाए पीएम श्रम योगी मानधन योजनाए वन नेशन वन राशन कार्ड योजनाएपीएम जन धन योजनाए जननी सुरक्षा योजनाए पीएम मातृ वंदना योजना के बारे में विस्तार से जानकारी करते हुए जागरुक किया।

इस अवसर पर मुख्य रुप से शहर मिशन प्रबंधक डूडा मोण् रिजवानए नगर पालिका परिषद के टीआई अनित सिंहए मुम्ताज आदि उपस्थित रहे।

## संदिग्ध हालात में किशोरी ने खाया जहर, मौत

**फ्तेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला ठठराही में संदिग्ध परिस्थितियों में 16 वर्षीय किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे उपचार के लिये सीएचसी ला रहे थे। इसी दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। किशोरी द्वारा आत्महत्या किये जाने का कारण ज्ञात नही हो सका। जानकारी के अनुसार बिन्दकी कोवताल के ठठराही मोहल्ला निवासी वंशलाल की पुत्री सुनीता देवी ने संदिग्ध अवस्था जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे तत्काल उपचार के लिये सीएचसी ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया।

# भू-जल स्तर बढ़ाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग जरूरी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**सरकार** ने भूदृजल के उपयोग के लिए संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेने के लिए सूचना जारी की है। यदि आपके यहां भू जल उपयोग के लिए बोरिंग' हो चुकी है तो भी आपका संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र लेना आवश्यक है। सभी होटल चाहे उनका क्षेत्रफल और इमारत छोटा या बड़ा कुछ भी हो, इसके दायरे में आएंगे। इसको ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश शासन और वाराणसी होटलियर्स एसोसिएशन की ओर से बुधवार को कैंटोमेन्ट स्थित एक होटल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वाराणसी होटल एसोसिएशन, वाराणसी टूरिज्म गिल्ड व टूरिस्ट वेलफर एसोसिएशन की भी भागीदारी रही।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीएम ज्ञान प्रकाश ने कहा कि हम लोग पानी का उपयोग तो कर रहे हैं लेकिन उसका संग्रह नहीं कर रहे हैं। हमें भू जल को बढ़ाना होगा। इसके लिए वर्षा के पानी को हारवेस्टिंग के द्वारा भू जल बढ़ाना होगा। उन्होंने बताया कि भू जल के नए नियम से सम्बंधित शंका समाधान के लिए एक समिति बनी है जहां समस्या का निराकरण किया जा सकता है। लखनऊ के केंद्रीय भूजल विभाग के भूगर्भ जल शास्त्री विपिन कुमार मिश्र ने प्रोजेक्टर के माध्यम से जलस्रोतों और उसकी स्थिति के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने जल की गुणवत्ता पर भी प्रकाश डाला। उत्तर प्रदेश प्रदूषण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी कालिका सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में भू-जल से सम्बंधित विशेष जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घर को होटल बनाने के लिए भी मानक तैयार करना होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में होटल संचालकों ने अपनी शंकाओं का समाधान भी किया और सुझाव भी दिया। कार्यक्रम में आगन्तुकों का स्वागत एहसान रऊफ खान, संचालन सीए विजय प्रकाश तथा धन्यवाद प्रकाश तुषार मौर्या ने किया।इस अवसर पर संदीप पटियाल, तुषार मौर्या, राहुल मेहता, गोकुल शर्मा, सुभाष कपूर, पंकज आदि उपस्थित थे।

# जैपुरिया समर ट्रेनिंग कैम्प की शुरुआत 23 मई से

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**सेठ** एम. आर. जैपुरिया स्कूल्स बनारस के बाबतपुर कैम्पस में समर ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस कैम्प में स्वीमिंग के गुर व गिटार, ड्रम एवं पियानो की ट्रेनिंग बच्चों को दी जाएंगी। चेयरमैन दीपक कुमार बजाज ने बताया कि यह समर ट्रेनिंग कैम्प आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य स्वीमिंग व म्युजिक के विषय की बारीकियों को बच्चों व उनके अभिभावकों को समझाना व सिखाना है। इस कैम्प में क्षेत्रीय जनपदों के विभिन्न विद्यालयों के 8 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों व उनके अभिभावक गण सम्मिलित हो सकते है। यह कैम्प बच्चों के लिए 23 मई से 11 जुन तक व अभिभावकों के लिए 12 जुन से 19 जुन तक चलेगा। जिसकी समयावधि सुबह 7.30 से 10.30 तक होगी। इस समर ट्रेनिंग कैम्प में ड्रम, पियानो, गिटार की विशेष कक्षाएं आयोजित होंगी व स्वीमिंग सीखने के लिए सीनियर बच्चों व किड्स बच्चों के लिए अलग दृ अलग पूल की व्यवस्था है। साथ ही जिन बच्चों व अभिभावकों को स्वीमिंग सीखनी होगी वो अपने साथ स्वीमिंग कॉस्ट्युम भी अवश्य लायें ।समर ट्रेनिंग कैम्प में पंजीकरण कराने वाले छात्रों को एसी बस की सुविधा प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर प्रबंध निदेशक मनोज कुमार बजाज, अधिशासी निदेशक श्याम सुंदक बजाज, निदेशक अनिक के. जाजोदिया, आयुष्मान बजाज, प्रधानाचार्या सुधा सिंह व शैक्षणिक प्रबंधक नरेन्द्र पाण्डेय व अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# बीएचयू के कृषि छात्रों ने डेयरी विभाग में सीखे कमाई व उद्यमिता के गुण

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**काशी** हिन्दू विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान संस्थान के बी.एससी. (कृषि के अन्तिम वर्ष के छात्रों ने डेयरी विज्ञान और खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग से अपनी प्रायोगिक प्रशिक्षण के अन्तर्गत दुग्ध प्रसंस्करण और उत्पाद निर्माण का कार्य पूरा किया। इस माड्यूल में 35 छात्रों ने नामांकन लेकर प्रायोगिक इकाई में लगभग 3 माह) प्रति सप्ताह 3 दिवस सक्रिय रूप से कार्य किया। इस माड्यूल के अन्तर्गत छात्रों ने डेयरी एवं खाद्य उद्यमिता कौशल एवं स्वरोजगार के अनुभव को प्राप्त किया। छात्रों ने विभिन्न डेयरी उत्पाद जैसे पेड़ा महामना प्रसाद,आइसक्रीम, श्रीखंड, रसगुल्ला, गुलाब जामुन, कलाकंद एवं गुजिया इत्यादि का उत्पादन एवं विपणन का कार्य किया। छात्रों ने स्वंय कच्चे माल के खरीद, प्रसंस्करण एवं उत्पादन से लेकर और अन्य सभी गतिविधियों का प्रबंधन किया। प्रायोगिक इकाई में तैयार किये गये सभी उत्पाद बी.एच.यू. परिसर के विभिन्न स्थानों जैसे- विश्वनाथ मंदिर ;नया वीटी, शिक्षक फ्लैट विभिन्न छात्रावासों एवं संकायों में खुदरा विक्रय किया गया। उत्पाद की गुणवता और सेवाओं में सुधार के लिए उपभोक्ताओं के साथ-साथ हिस्सेदारों की भी प्रतिक्रिया ली गयी। सत्र के समापन दिवस पर दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दिनेश चन्द्र राय द्वारा अर्जित लाभ को छात्रों में वितरित किया। प्रो0 राय ने छात्रों द्वारा किये गये कार्य की सराहना की गयी और उन्हें इस क्षेत्र में छात्रों को पेशेवर उद्यमिता के लिए प्रेरित किया गया। प्रो0 राय ने पाठ्यक्रम प्रशिक्षक एवं सलाहकार ;डा0 तरून वर्मा एवं सुनील मीना के साथ ग्राहकों द्वारा उच्च मांग एवं उत्कृष्ट समीक्षा को ध्यान में रखते हुये अगले सत्र से और अधिक व्यवसायीकरण बनाने की इच्छा व्यक्त की। प्रयोगात्मक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम के इस कार्य को आई.सी.ए.आर भारत सरकार द्वारा छात्रों को उद्यमिता कौशल की दृष्टि से सार्थक बनाने के उदेश्य से किया गया। ताकि उत्पादन प्रक्रिया के शुरूआत से अन्त तक जैसे- परियोजना विकास और निष्पादन, लेखा, राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय विपणन आदि के लिए कौशल सहित उद्यम प्रबंधन क्षमताओं को प्राप्त करने के लिए छात्रों में आत्मविश्वास पैदा किया जा सके।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज के छात्रों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन, हर्ष

**धानापुर,चन्दौली।** प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा संपन्न कराई गयी विषम सेमेस्टर परीक्षा (डिप्लोमा) का परिणाम घोषित हुआ प् जिसमें धानापुर ब्लॉक स्थित महामाया पॉलिटेक्निक ऑफ़ आईटी चन्दौली के छात्र-छात्राओं द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन किया गया। उक्त संस्था के परिसर में सन्त रविदास राजकीय पॉलिटेक्निक चकिया चन्दौली भी संचालित है। वरिष्ठ प्रवक्ता विनोद कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि यह संस्था के लिए गौरव का क्षण है कि इलेक्ट्रॉनिक्स अंतिम वर्ष के छात्र सुमित सिंह (87.70 प्रतिशत) ऋषभ मिश्रा (86.70 प्रतिशत) एवं अंशू श्रॉफ (86.50 प्रतिशत) क्रमश: प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। इसके अतिरिक्त अजय कुमार मौर्या (83.00प्रतिशत) कु0 सोनम मौर्या (82.50 प्रतिशत) एवं अमित शर्मा (81.00 प्रतिशत) क्रमश: चतुर्थ, पंचम एवं छठें स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य दिनेश कुमार, डॉ. अजय कुमार दुबे, वरिष्ठ प्रवक्ता कम्प्युटर साइन्स एवं सभी अध्यापकों ने सभी छात्रों को शुभकामनायें दीं। संस्था के शैक्षिक अधिकारी मनीष राय ने छात्रों की सफलता का श्रेय संस्था के अध्यापकों को दिया जिन्होंने पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा से वर्ष पर्यन्त कक्षाओं एवं कक्षाओं से इतर भी छात्रों का नि:स्वार्थ मार्गदर्शन किया।

# एसडीएम ने सरोवर का सुंदरीकरण कार्य शुरू कराने का दिया निर्देश

संवाददाता। सकलडीहा,चन्दौली

**मुख्यमंत्री** की महत्वपूर्ण योजनाओं को अमली जामा पहनाने के लिये अधिकारी कितना गंभीर है। यह देखने से लग रहा है।

मुख्यमंत्री पर्यटन संवर्धन योजना अर्न्तगत सकलडीहा कस्बा के दुर्गा मंदिर के सुंदरीकरण एवं दुर्गा मंदिर के सामने तालाब के घाट किनारे पर्यटन विकास के लिये केन्द्रीय मंत्री व सांसद डाण् महेन्द्रनाथ पांडेय व क्षेत्रीय विधायक प्रभुनारायण सिंह यादव की पहल पर इस कार्य को हरी झंडी शासन से मिली थी। तकरीबन पचास लाख की लागत से इस योजना का 20 मार्च 2021 को मुख्यमंत्री ने शिलान्यास किया था। लेकिन पिछले एक साल से एक व्यक्ति द्वारा अपना जमीन होने व मामला न्यायालय में होने का हवाला देने के कारण घाट का सुंदरीकरण कार्य प्रभावित है। जबकि इस संदर्भ में परियोजना प्रबंधक की ओर से निर्माण कार्य शुरू कराने के लिये एसडीएम से लिखित रूप से आग्रह किया गया है। एसडीएम ने निर्माण कार्य को शुरू कराने का निर्देश दिया है।

स्थानीय कस्बा स्थित शिव सरोवर का काम एक साल से ठप पड़ा हुआ है। सरोवर किनारे एक व्यक्ति ने अपनी जमीन बताते हुए काम रोकवा दिया है। इसके चलते अब तक काम पूरा नहीं हो पाया है। कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन लिमिटेड विभाग के परियोजना प्रबंधक विनय कुमार जैन ने एसडीएम को लिखित रूप से शिकायत किया है। जिससे घाट के दूसरे किनारे इंटर लॉकिंगए बाउंड्रीवॉलए स्टील रेलिंग व सीढ़ी निर्माण का कार्य को पूरा कराया जा सके। इस बाबत एसडीएम अजय मिश्रा ने बताया कि पर्यटन विभाग की ओर से निर्माण कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया गया है। कोई समस्या होने पर मौके पर पहुंचकर समस्या का निस्तारण कराया जायेगा।

# सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ अभियान छेड़ेगी कांग्रेस



**रायबरेली।** सांसद प्रतिनिधि केएल शर्मा की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित रहे। पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सांसद प्रतिनिधि केएल शर्मा ने कहा कि हमें सरकार के जनविरोधी कार्यों के खिलाफ जनता के बीच लगातार जागरूकता अभियान चलाना है। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि अभी भी कुछ न्याय पंचायतों में बूथ सदस्यता अभियान का कार्य पूरा नहीं हुआ है, अत: जितनी जल्दी हो सके जिला कमेटी प्रदेश संगठन को शत प्रतिशत सदस्यता अभियान पूर्ण करके सौंप दें। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि जो पदाधिकारी संगठन की जिम्मेदारी को ठीक से नहीं निभा रहे है, जिला कमेटी उन्हें चिन्हित कर उनकी जगह किसी अन्य निष्ठावान कार्यकर्ता को जिम्मेदारी सौंपे। बैठक में प्रदेश महामंत्री सुशील पासी, सुरेंद्र विक्रम सिंह, अतुल सिंह, डॉ. मनीष चौहान, जिला अध्यक्ष पंकज तिवारी, शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने अपने विचार रखे। बैठक में सभी जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी ब्लॉक अध्यक्ष पीसीसी मेंबर फ्रंटल अध्यक्ष और सभी न्याय पंचायत अध्यक्ष उपस्थित रहे।

# कछवां और लालगंज में भी शुरू हुई सर्जरी

**मिर्जापुर।** जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रकछवां और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रलालगंज में अब सर्जरी की व्यवस्था शुरू हो गयी है। यह जानकारी मुख्यचिकित्साधिकारी डॉक्टर राजीव सिंघल ने दी। उन्होंने बताया कि शेष केन्द्रों पर भी यह व्यवस्था इसी माह शुरू हो जायेगी।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया किजिले में मण्डलीय चिकित्सालय के अलावा केवल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर पिछले 15 वर्षों से सर्जरी की व्यवस्था थी। इसी क्रम अब सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कछवां और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज में भी सर्जरी सेवा शुरू हो गई है। दोनों केंद्रों पर हार्निया और हाइड्रोसील के ऑपरेशन किए गए हैं। यह ग्रामीणों के लिए किसी संजीवनी बूंटी से कम नहीं है। सीएमओ ने बताया कि शेष 15 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और 52 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जल्द सर्जरी की व्यवस्था शुरू हो जाएगी।

अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर वीके भारती ने बताया कि कछवां और लालगंज में सीजर, हाइड्रोसील और हार्निया ऑपरेशन की सुविधा हो गई है। इसके लिए दो डॉक्टर नियुक्त किए गए हैं। दोनों चिकित्सक केन्द्रों पर जाकर सर्जरी करेंगे। मण्डलीय चिकित्सालय में 21455 सीजर सर्जरी, हाइड्रोसील 14568, हार्निया 7452, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र चुनार में सीजर 5488, हार्निया 5689, हाइड्रोसील 2345, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कछवां में मात्र दो हार्निया की सर्जरी हुई। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज मेंमात्र एक बुधवार को हाइड्रॉसील कीसर्जरी की गई है।

सुरेश पुत्र रमापति निवासी ग्रामकछवां निवासी का कहना है कि मैं कई दिनों से हार्निया से पीड़ित थापरन्तु मेरी समझ में यह नहीं आ रहाथा कि मैं अपना कहां आपरेशनकराऊं घ् स्वास्थ्य मेला में पता चलाकि इसी माह केन्द्र पर सर्जरी कीव्यवस्था चालू कर दी जायेगी। उसकेबाद मैंने केन्द्र पर तैनात डॉक्टर सेसम्पर्क किया और रविवार को मैंनेअपना सर्जरी करवाई। उसके बादडॉक्टरों के परामर्श लेने के बाद दवाले रहा हूं। मैं अब बिल्कुल स्वस्थ्य हूं।इस तरह की केन्द्रों पर व्यवस्था होनेसे ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले रोगियोंको काफी सुविधा हो जायेगी।

# कोचिंग का धंधा
## मुनाफे का साधन

**अनेक** कालेज मुनाफा कमाने के लिए अपने परिसरों में कोचिंग संस्थानों को प्रोत्साहित करते हैं। शिक्षा का व्यापारीकरण शोषण के अभूतपूर्व स्तर तक पहुंच गया है। दिल्ली विश्वविद्यालय के कुछ कालेजों पर आरोप है कि वे निजी कोचिंग संस्थानों से संबंध बना कर विभिन्न परीक्षाओं के लिए कक्षाएं चलाने हेतु उनकी पहुंच कालेज परिसरों तक करा देते हैं। एक कालेज यूपीएससी परीक्षाओं के लिए निजी कोचिंग क्लासों को प्रोत्साहित करता है, जबकि दूसरा इस वर्ष शुरू होने वाली कामन यूनिवर्सिटी इंट्रेंस टेस्ट-सीयूईटी के लिए परिसर में कक्षाओं की पैरवी करता है। स्नातक कक्षाओं में प्रवेश की इच्छा रखने वाले छात्र इनके लक्षित 'ग्राहक' हैं। तीन वर्ष की कोचिंग की फीस प्रति छात्र 1.5 लाख तक हो सकती है। बिना खर्च किए यह अच्छा मुनाफा है। सम्मानित कालेजों से गठजोड़ के कारण इन निजी केन्द्रों को वैधता भी मिल जाती है। छात्रों और शिक्षकों का एक समूह इस गठजोड़ का विरोध कर रहा है। आश्चर्यजनक रूप से सार्वजनिक धन से चलने वाले शिक्षा संस्थानों से सस्ती शिक्षा देने की उम्मीद की जाती है, पर वे इस व्यापारिक गतिविधि में शामिल हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग तथा केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय को इस बुराई को फैलने से पहले समय रहते कुचल देना चाहिए। आईएएस बनने के इच्छुक छात्रों के लिए निजी कोचिंग कक्षायें दशकों से चल रही थीं और यह भ्रम बना हुआ था कि बिना कोचिंग किए इस परीक्षा में चयन असंभव है। लेकिन यह केवल भ्रम तथा बहुत खर्चीला भ्रम है क्योंकि पिछले कुछ सालों में अनेक उम्मीदवार बिना निजी कोचिंग के आईएएस व अन्य सेवाओं में चयनित हुए हैं। ग्रामीण बिहार के एक छात्र ने बिना किसी कोचिंग के पिछले साल आईएएस में दसवां स्थान प्राप्त किया।



एक कपड़ा बेचने वाले दूकानदार का पुत्र भी स्वयं अध्ययन कर आईएएस में चयनित हुआ। पिछले साल बिना कोचिंग कक्षायें पढ़े हरियाणा की एक लड़की अपने अंतिम प्रयास में यूपीएससी में चुनी गई। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले बहुसंख्य उम्मीदवार अपनी मेहनत और अच्छी किस्मत से यह परीक्षा पास कर रहे हैं।

कहने का यह अर्थ नहीं कि कोचिंग कक्षाओं से बचना चाहिए। जो लोग फीस अदा कर सकते हैं, वे इनमें दाखिला ले सकते हैं। लेकिन कालेजों को निजी कोचिंग संस्थानों से गठजोड़ कर बिजनेस नहीं करना चाहिए। यह उनके लिए उचित नहीं है। भारतीय शिक्षा व्यवस्था की विडंबना है कि यह द्वि-आयामी है। पहला, शिक्षा की औपचारिक व्यवस्था पाठ्यक्रम, शिक्षण व मूल्यांकन विधियों के चयन में अवैज्ञानिक व यहां तक कि विवादास्पद दृष्टिकोण अपनाती है। दूसरा, इसके परिणामस्वरूप निजी ट्यूशन एक आवश्यक बीमारी बन गए हैं और यह समानान्तर व्यवस्था धीरे-धीरे औपचारिक व्यवस्था का मूलाधार नष्ट कर रही है। कालेजों व कोचिंग संस्थानों के बीच गठजोड़ जानबूझ कर संस्थागत शिक्षा को नुकसान पहुंचाता है। चीन ने हाल ही में पता लगाया है कि निजी कोचिंग की बीमारी कितनी फैल गई है। इसके बाद उसने महंगे निजी ट्यूशन उद्योग पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन बच्चों के माता-पिता ट्यूशन देने वाले शिक्षकों के काला बाजार का समर्थन करने लगे। भारत में शिक्षा के व्यापारीकरण की भयंकर बीमारी का यह केवल एक आयाम है। शिक्षा विभाग ने हाल ही में निजी स्कूलों के पैसा कमाने वाले तरीकों पर हमला बोला। उनको चेतावनी दी गई कि वे बच्चों के माता-पिता पर स्कूल परिसर में बनी दूकानों या खास निजी विक्रेताओं से महंगी दरों पर किताबें, यूनीफार्म और यहां तक कि जूते खरीदने का दबाव नहीं डालेंगे। सरकार ने यह भी कहा कि स्कूल कम से कम तीन साल तक स्कूल यूनीफार्म का रंग या डिजाइन नहीं बदलेंगे क्योंकि यह भी मुनाफा कमाने का एक अतिरिक्त स्रोत बन गया था। अधिकांश निजी इंजीनियरिंग व मेडिकल कालेज इसलिए अस्तित्व में हैं क्योंकि वे भारी कैपिटेशन फीस के रूप में मुनाफा कमाते हैं। इसके बाद क्या होने वाला है? क्या शिक्षा की 'होम डिलीवरी' जैसी कोई व्यवस्था भी सामने आ सकती है?

# अच्छे शहरों के लिए शहरी वनीकरण

**आज अनेक शहरों में पेड़ों, वनों व जानवरों के लिए आवश्यक स्पेस तेजी से घटता जा रहा है, हरित, टिकाऊ व अच्छे शहरों के लिए शहरी वनीकरण एकमात्र प्रभावी प्राकृतिक समाधान है।**



**बीकेपी सिन्हा**
(लेखक पूर्व मुख्य वन संरक्षक हैं)



आज दुनिया की आधी जनसंख्या शहरों में रहती है और अनुमान है कि वर्ष 2050 तक यह प्रतिशत बढ़ कर 66 हो जाएगा। यह भी अनुमान है कि भारत, चीन व नाइजीरिया में आने वाले वर्षों में शहरी जनसंख्या में तेजी से वृद्धि होगी। भारत में 2050 तक लगभग 404 मिलियन लोग शहरों में रहने लगेंगे। इस बढ़ोत्तरी का प्रमुख कारण लाखों कामगारों, छात्रों तथा रोजगार व शिक्षा की तलाश एवं बेहतर जीवन गुणवत्ता की तलाश में शहरों में आने वाले लोग होंगे। इसके परिणामस्वरूप आज शहरों में भीड़ बहुत बढ़ गई है, शहरी स्पेस कंक्रीट के जंगल में बदल रहा है तथा शहरी ढांचागत संरचना पर भारी दबाव पड़ रहा है। शहरों के विस्तार तथा भारी मानव जनित हस्तक्षेप के कारण शहरी परिस्थितिकी तंत्र खराब हुआ है तथा शहरों में रहने वालों पर जलवायु परिवर्तन का भारी प्रभाव पड़ रहा है। इस कारण शहर प्रबंधन में लगे शहर नियोजकों व प्रशासकों के लिए उपयुक्त भोजन सप्लाई, पेयजल, स्वच्छ हवा, ऊर्जा, आवास, शिक्षा व हरित स्पेस प्रदान करना इस देश की बड़ी विकास चुनौती बनता जा रहा है। अनेक शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक चिन्ताजनक स्थिति में पहुंच गया है तथा हवा की विषाक्तता के कारण श्वसन रोगों जैसी स्वास्थ्य समस्यायें गंभीर होती जा रही हैं। इसी प्रकार तापमान में अत्यधिक वृद्धि तथा बार-बार चलने वाली लू के कारण गर्मी-संबंधी मौतें बढ़ रही हैं और शहरी 'हीट आइलैंड' प्रभाव गंभीर होता जा रहा है। आज अनेक शहरों में पेड़ों, वनों व जानवरों के लिए आवश्यक स्पेस तेजी से घटता जा रहा है, जबकि किसी शहर में रहने योग्य व स्वस्थ परिवेश के लिए ये आवश्यक हैं।

वर्तमान स्थिति को देखते हुए शहरी वनीकरण एकमात्र व प्रभावी प्राकृतिक समाधान है जिससे शहरों को हरित, टिकाऊ व बेहतर शहर बनाया जा सकता है। शहरी वनीकरण 'टिकाऊ योजना, पौधरोपण, संरक्षण, रखरखाव तथा पेड़ों, वनों, हरित स्थलों व संबंधित संसाधनों की देखभाल है। यह शहरों तथा उनके चारों ओर समुदायों के आर्थिक, सामाजिक, परिस्थितिकीय, सौदर्यमूलक व सार्वजनिक स्वास्थ्य लाभ के लिए आवश्यक हैं।' शहरों के हरितकरण से शहरवासियों के जीवन पर काफी प्रभाव पड़ सकता है। इससे ठंडक के कारण वायु गुणवत्ता में सुधार हो सकता है और वह शुद्ध हो सकती है। इससे जमीनी स्तर पर ओजोन व ग्रीनहाउस प्रभाव कम तथा हीट आइलैंड प्रभाव कम हो सकता है। इससे एयरकंडीशनिंग की जरूरत घट सकती है जिसके परिणामस्वरूप बिजली पैदा करने में फासिल ईंधनों की मात्रा भी घट सकती है। शहरी वन वातावरण में कार्बनडाईआक्साइड का शोषण कर दीर्घकालीन कार्बन सिंक का काम कर सकते हैं जो ग्लोबल वार्मिंग से निपटने में महत्वपूर्ण हैं। लेकिन पेड़ों द्वारा कार्बन अवशोषण उनकी लकड़ी के घनत्व, आकार, स्वास्थ्य व पेड़ों की प्रजातियों पर निर्भर है। पेड़ों का आच्छादन बरसात की गति धीमी कर फालतू पानी की प्रवाह दर घटा सकता है तथा उनकी जड़ें मृदा क्षरण रोकने में सहायक हैं।

इसके परिणामस्वरूप बाढ़ की तीव्रता घटती है तथा नदियों, आदि में गाद कम जमती है। इसी प्रकार शहरी वन जानवरों को पर्यावास प्रदान करते हैं, जंगलों में आग लगने का जोखिम घटाते हैं, बिजनेस व पर्यटकों को आकर्षित कर समुदाय के आर्थिक स्थायित्व में योगदान करते हैं तथा सामान्य रूप से कृत्रिम परिवेश में प्रकृति के बारे में शिक्षण की प्राकृतिक प्रक्रिया को बढ़ावा देते हैं। वे जैव-विविधता संरक्षण तथा उसकी संवृद्धि में योगदान करते हैं, मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं, मनोरंजन का स्थान प्रदान करते हैं, सामुदायिक एकजुटता मजबूत करते हैं तथा पौधरोपण, उनकी देखभाल व रखरखाव से रोजगार सृजन करते हैं। इसके साथ ही वे संकटग्रस्त व गरीब नागरिकों के लिए स्वच्छ पेयजल, पोषण, जलाने की लकड़ी व अन्य संसाधन प्रदान करते हैं। इस प्रकार शहरी स्पेस का हरितकरण समुचित नियोजन व क्रियान्वयन से अनेक लाभ प्रदान कर सकता है। इसके बावजूद अक्सर उनकी अनदेखी होती है। इसका कारण यह है कि उनकी परिस्थितिकी संबंधी सेवाओं को अक्सर नीति-निर्माता समझते नहीं हैं या उनका समुचित आंकलन नहीं हुआ है। मुंबई के उपनगर में स्थित आरे कालोनी का उदाहरण परिस्थितिकी पर ढांचागत परियोजनाओं को वरीयता देने का उदाहरण है।

जून, 2020 में सरकार ने 'नगर वन' योजना घोषित की जिसका उद्देश्य अगले पांच साल में देश भर में 200 शहरी वन लगाना था। 2016 में शुरू ऐसी ही एक पहल का नाम 'शहरी वनीकरण योजना' था। दुर्भाग्य से इन योजनाओं के बारे में कोई आधिकारिक विस्तृत विवरण या आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। यह भी पता नहीं कि 2016 व 2020 के बीच '200 शहरी वन' लगाने के उद्देश्य की कहां तक पूर्ति हुई। सभी हरित ढांचागत संरचनाओं के लिए समग्र योजना जरूरी है जिनमें उनको सावधानी से शुरू करना तथा दीर्घकालीन रखरखाव शामिल हैं। अक्सर अच्छे इरादों से की जाने वाली पहलें कामयाब नहीं होती हैं क्योंकि वे इच्छित लाभार्थियों को लाभ नहीं दे पाती हैं। स्थानीय शहरी सरकारों में शहरी वनीकरण प्रबंधन के बारे में आवश्यक कौशल, विशेषज्ञता एवं आवश्यक धन की कमी होती है। प्रजातियों के गलत चयन, पेड़ों को ठीक से न लगाने तथा उनकी अनुपयुक्त देखभाल व स्वामित्व के कारण भी ये विफल होती हैं। इसलिए पौधरोपण परियोजनाओं में देशी वनस्पतियों, शहरी वनों की गत्यात्मकता, जैव-विविधता, प्रजातियों का मिश्रण, मृदा-जल संबंध, पौधरोपण व संबंधित स्थलों के प्रबंधन पर आने वाला खर्च तथा डिजाइन किए स्थलों का प्रबंधन महत्वपूर्ण है क्योंकि ये परिणाम दिखाने के लिए बहुत जरूरी हैं। ०शहरी वनीकरण के लिए प्रजातियों का चयन भी बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरी क्षेत्रों में पेड़ों पर ज्यादा दबाव पड़ता है, उनकी मृदा तथा शिखर का स्पेस घट जाता है तथा उनको मृदा प्रदूषण व वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। प्रजातियों की कम विविधता, स्थल का खराब चयन तथा 'प्लांटिंग पैलेट' जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए उचित नहीं हैं और इनसे शहरों में पेड़ों को खतरा पैदा होता है। पौधरोपण रणनीतियों व प्रबंधन लक्ष्यों की योजना बनाते समय विभिन्न अन्य आयामों पर भी ध्यान देना जरूरी है क्योंकि वे पर्यावरण को अत्यधिक प्रभावित करते हैं। स्थितियों के आधार पर पेड़ों की आवश्यकताओं के अनेक आयाम होते हैं जिसमें उनका रखरखाव तथा समय-समय पर उपचार भी शामिल हैं। नए कौशलों का विकास भी जरूरी है ताकि चुनौतीपूर्ण मुद्दों का सामना किया जा सके। इसके लिए समुचित संस्थागत स्मृति व कार्ययोजना जरूरी है। इसके लिए व्यापक व गहन शोध तथा विकास की खासकर वास्तुविद व इंजीनियरिंग क्षेत्रों में जरूरत है। इसलिए ज्यादा टिकाऊ शहरी वनों के लिए स्थानीय नीति-निर्माताओं को ऐसी स्थानीय रणनीतियों की पहचान व उनकी डिजाइन करनी चाहिए जो उस क्षेत्र की विशेष परिस्थितियों के अनुकूल हों। विभिन्न पक्षों के बीच संगठन व समन्वय भी चुनौतीपूर्ण है क्योंकि शहरी वनों का विस्तार कई अधिकार क्षेत्रों में हो सकता है। शहरी पेड़ों के रखरखाव के लिए राजनीतिक समर्थन उन क्षेत्रों में भी जरूरी है जहां जनता इसमें मजबूती से शामिल हो। पेड़ों की देखभाल व प्रबंधन के लिए टिकाऊ फंडिंग भी एक चुनौती है। भूमि स्वामित्व का उपयुक्त विवरण न होने से भी समस्या पैदा हो सकती है। पेशेवरों का प्रशिक्षण तथा शहरी वनों के स्वास्थ्य की निगरानी व आंकलन स्थानीय स्वशासी सरकार के बजट पर निर्भर है।

शहरी वनों के रखरखाव के लिए विभिन्न पक्षों के बीच समय, संसाधनों व समन्वय की आवश्यकता है। शहरी वनों की वर्तमान स्थिति के बारे में डेटा जरूरी हैं क्योंकि इने पौधरोपण रणनीतियां बनाने तथा समन्वय के बारे में समझदारी विकसित होती है। इस बारे में अनेक शहर संगठित नागरिक समूहों, अलाभकारी संगठनों तथा निजी भूस्वामियों से साझेदारी करते हैं ताकि बजटिंग व संसाधन समस्याओं का समाधान हो सके। अनेक मामलों में नागरिक वन नीति व नियमनों के बारे में स्थानीय अधिकारियों को सलाह देने के लिए सलाहकार समूहों का गठन भी करते हैं। इससे वर्तमान कार्यक्रमों को बेहतर बनाना तथा पर्यावरण के संबंध में जागरूकता पैदा करना भी संभव होता है। प्राकृतिक संसाधनों, पेड़ों, वनस्पतियों में परिवर्तन तथा वनों की संरचना, आदि के बारे में जानकारियां एकत्र करने व उनके विश्लेषण में रिमोट सेंसिंग व कृत्रिम बुद्धि-एआई जैसी उत्कृष्ट तकनीकों का प्रयोग भी हो सकता है। शहरी वनीकरण की समस्या को समग्र रूप से संबोधित करने के लिए 'ट्री कमीशन' का गठन किया जाना चाहिए जो शहरी हरित स्थानों के बहु-विषयी नियोजन, प्रबंधन व क्रियान्वयन को पूरी तरह बदल सकता है।

# तंबाकू : महिलाओं व बच्चों का सबसे बड़ा शत्रु

> "हमें समाज के व्यापक हित में तंबाकू उत्पादों को लोगों की पहुंच से बाहर करने के लिए रणनीतियों पर काम करना चाहिए।"

**रंभा पांडेय**
(लेखिका दिल्ली एम्स के रेडियन आंकोलॉजी विभाग में प्रोफेसर हैं)



हमें समाज के व्यापक हित में तंबाकू उत्पादों को लोगों की पहुंच से बाहर करने के लिए रणनीतियों पर काम करना चाहिए और उन्हें साथ ही साथ महिलाओं और बच्चों को घर, काम और सार्वजनिक स्थानों पर सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में आने से बचाना चाहिए। तंबाकू का एक्सपोजर, चाहे वह सक्रिय हो या निष्क्रिय, न केवल स्वास्थ्य से जुड़ा है, बल्कि उपभोक्ता, परिवार, अर्थव्यवस्था और अंतत: राष्ट्र पर वित्तीय बोझ भी है।

महिलाओं के मामले में, तंबाकू के उपयोग में लिंग संबंधी सभी गंभीर स्वास्थ्य जटिलताएं हैं जैसे स्तन कैंसर, प्रजनन संबंधी स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां इसके अलावा अजन्मे बच्चों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। आम धारणा के विपरीत, दुर्भाग्य से भारत में निष्पक्ष सेक्स के बीच तंबाकू का सेवन व्यापक रूप से प्रचलित है। मुझे याद है, बचपन में जब मैं अपने गांव जाता था, तो मैंने देखा था कि बहुत सी महिलाएं आर्थिक स्तर से ऊपर उठकर कई तरह के तंबाकू उत्पादों का सेवन करती हैं। बीड़ी विशेष रूप से अधिक आम है। यह सिर्फ हिमशैल का सिरा है। अधिक से अधिक महिलाएं, विशेष रूप से युवा पीढ़ी, धूम्रपान की आदतों में शामिल हो रही हैं, इसे एक फैशन प्रतीक के रूप में देख रही हैं। इस संदर्भ में, मैं 'ब्रेस्ट कैंसर रिसर्च' पत्रिका में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन द्वारा किए गए एक अवलोकन को साझा करना चाहूंगा, जिसके अनुसार, धूम्रपान स्तन कैंसर के खतरे में काफी वृद्धि के साथ जुड़ा हुआ है, खासकर उन महिलाओं में जिन्होंने इस दौरान धूम्रपान करना शुरू कर दिया था। किशोरावस्था या जिनके पास बीमारी का पारिवारिक इतिहास है।



लड़कियों और महिलाओं द्वारा तंबाकू की खपत में तेजी से वृद्धि सीधे तौर पर तंबाकू कंपनियों द्वारा अपनाई गई आक्रामक विपणन रणनीतियों से जुड़ी हुई है, जो इस समूह को तेजी से लक्षित करती हैं, खासकर भारत जैसे कम आय वाले और मध्यम आय वाले देशों में। जल्दी पैसा कमाने के लिए, इस क्षेत्र के खिलाड़ी छोटे बच्चों को भी नहीं बख्श रहे हैं क्योंकि वे तंबाकू उत्पादों के साथ कैंडी बेचकर उन्हें निशाना बनाते हैं। सरकार को इन उत्पादों को समाज के व्यापक हित में लोगों की पहुंच से बाहर करने के लिए रणनीतियों पर काम करना चाहिए; और उन्हें और साथ ही महिलाओं को घर, काम और सार्वजनिक स्थानों पर सेकेंड हैंड धुएं के संपर्क में आने से बचाएं। सबसे पहले, यह भारत सरकार के सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए) में बड़े संशोधनों के माध्यम से किया जा सकता है, जिसमें निर्दिष्ट धूम्रपान क्षेत्रों पर प्रतिबंध जैसे प्रावधान हैं जो जनता के बीच तंबाकू की खपत को कम करने में मदद करेंगे और इस प्रकार कई बीमारियों से पीड़ित होंगे। तंबाकू के प्रभाव। इस संबंध में, नियमित परामर्श की आवश्यकता है।

एक बार जब बच्चे गुटखा, खैनी या सिगरेट जैसे तंबाकू उत्पादों के आदी हो जाते हैं, तो उनके लिए इस आदत को छोड़ना अत्यंत कठिन हो जाता है। जबकि इस कमजोर वर्ग की जागरूकता और शिक्षा का प्रसार-प्रचार अनिवार्य है, यह सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए कि ऐसी पाप सामग्री बच्चों को न बेची जाए। सरकार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सिगरेट और अन्य तंबाकू सामग्री दुकानों में कैंडी खरीदते समय बच्चों के तत्काल आंखों के संपर्क से बाहर होनी चाहिए।

सीओटीपीए में यह अंतर, जो 'प्वाइंट ऑफ सेल' विज्ञापन और उत्पाद प्रदर्शित करने की अनुमति देता है, का तंबाकू खिलाड़ियों द्वारा बच्चों और युवाओं को लक्षित करने के लिए खुले तौर पर दुरुपयोग किया जा रहा है; इसलिए इस गैप को तुरंत दूर किया जाना चाहिए। कम से कम हम अपनी युवा पीढ़ी के लिए इतना तो कर ही सकते हैं। सरकार को फिल्मों में जो दिखाया जा रहा है, उस पर भी नजर रखने की जरूरत है; और अगर सेलिब्रिटी फिल्मी सितारों और क्रिकेटरों द्वारा तंबाकू को बढ़ावा दिया जाता है। मीडिया, अपनी ओर से, तंबाकू के उपयोग को रोकने के अभियान में एक प्रमुख भूमिका निभा सकता है।

महामारी के बेकाबू होने से पहले नीति निर्माता और अधिकारी अपने कमजोर और उत्पादक नागरिकों पर तंबाकू के कारण होने वाले स्वास्थ्य खतरों से अपनी नज़र नहीं हटा सकते। आखिरकार, समय पर एक सिलाई नौ बचाता है।

## आप की बात

### कांग्रेस का संकट

**कांग्रेस** के 'नव संकल्प शिविर' में सब कुछ पुराना ही था। पुराने संकल्पों को फिरसे शुरू से दोहराया गया। कांग्रेस पार्टी के पूर्व व भावी अध्यक्ष श्री राहुल गांधी के सम्बोधन मे से विपक्ष विरोध की बू आरही थी। बीजेपी का विरोध करते हुए उन्होंने क्षेत्रीय पार्टियों की तुलना मे कॉन्ग्रेस को बेहतर बताया।अपनी गठबंधन की सरकारों के बारे मे बिना सोचे वे क्षेत्रीय पार्टियों पर तंज कस रहे थे। हाल ही में क्षेत्रीय पार्टी ने अपने बलबुते पर चुनाव जीत कर दिखाए हैं मगर कॉन्ग्रेस बुरी तरह त्रस्त हो चुकी हैं। कॉन्ग्रेस सिर्फ और सिर्फ विरोध की राजनीती तक सिमट कर रह गई हैं। उन्हें देश के भविष्य से कोई लेना देना नहीं हैं उन्हें बस बीजेपी को नीचे दिखाना हैं यही उनकी चुनावी विचारधारा हैं जिसके चलते वे चुनाव लड़ते हैं और हार जाते हैं। चिन्तन शिविर में भी घिसी पिटी बातें दोहराई गई जिससे पार्टी मे सुधार की सम्भावनाए कम हैं। कॉग्रेस जो कभी भारत मे एकतरफा राज करती थी उसकी हालत आज यह होगयी। उसके मुख्य नेता भी अब उसे छोड़ जा रहे हैं, सिर्फ वही बचे हैं जो गांधी परिवार की चाटुकारी करने मे विश्वास रखते हैं। सच यह भी हैं कि कॉन्ग्रेस जनता को यह विश्वास नहीं दिला पा रही कि वो बीजेपी और मोदी का विकल्प हैं।

– **विभुक्ति बुपक्या**, आष्टा, मप्र

### मुख्यमंत्री जी ध्यान दें

**उप्र** सरकार द्वारा अपात्र लोगों से राशनकार्ड 20 मई तक जमा करने का निर्देश जारी किया गया है। जो शर्ते अपात्रों के लिये लगाई है। उनमें रंगीन टीवी और बाइक अंत्योदय एवम पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों के लिये उचित नही है। कुछ गरीब लोगों को दहेज में रंगीन टीवी और बाइक मिली है। जिनसे कोई आय नही होती। टीवी से मनोरंजन और बाइक का उपयोग इमरजेंसी में काम आता है। तमाम लोग बाइक से मजदूरी करने बाइक से सस्ते में चले जाते हैं। फैक्टरी में भी मजदूरी 5 से 6 हजार मासिक में लोग काम करते हैं। शहरों में भी प्रतिदिन काम नही मिलता। बाइक और रंगीन टीवी की शर्त से गरीब आदमी असमंजस की स्थिति में है। सरकार के इस निर्णय से आमजन परेशान। इसलिये मेरा मुख्यमंत्री योगी से निवेदन है कि ग्रामीण गरीबों के लिये इस शर्त को हटाइये। मैं उन्नाव जिले के एक गांव मे खड़ा हूं, जिसमें 125 घर व 85 कार्ड हैं। सरकार की शर्तों के अनुसार 5 राशन कार्ड धारक ही पात्र हैं। सरकार द्वारा अपात्रों के राशन कार्ड काटने की मांग मैं स्वयं कर रहा था। उन लोगों को राशन नही मिलना चाहिये। जो सक्षम हैं। उन गरीबों को राशन मिलना चाहिये। जिनके पास थोड़ी जमीन है और खाने वाले ज्यादा।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव, उन्नाव

### गेहूं निर्यात पर रोक

**भारत** सरकार के गेहूं निर्यात रोकने के निर्णय से अंतरराष्ट्रीय जगत में हलचल मची हुई है। मगर हमारे देश की विशाल जनसंख्या को देखते हुए और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाद्यान्न की भारी कमी को देखते हुए सरकार के गेहूं निर्यात पर रोक लगाने के निर्णय को गलत नहीं कहा जा सकता है। और सरकार द्वारा खरीदी केंद्र पर पर्याप्त मात्रा में गेहूं नहीं खरीद पाने के कारण समझ में आ गया कि आने वाले समय में खाद्यान्न संकट गहराने वाला है! अंतरराष्ट्रीय जगत को तो भारत द्वारा गरीबों को मुफ्त में वितरित किए जाने वाले अनाज को लेकर भी आपत्ति है और वह कह रहे हैं कि टीके की तरह मुफ्त अनाज वितरण नहीं किया जाना चाहिए। यह भारत का अंदरूनी मामला है। और सरकार का पहला कर्तव्य देश की विशाल आबादी का पेट भरना है! इसके लिए निर्यात पर रोक लगाने के निर्णय को उचित कहां जाएगा! हम मैक्सिकन लाल गेहूं के अकाल के समय को नहीं भूले हैं! जबकि उसके बाद देश की आबादी कई गुना बढ़ चुकी है! और सरकार को देश में सभी प्रकार के खाद्यान्न का भरपूर स्टॉक बनाकर रखना ही होगा!

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**भाजपा** और प्रधानमंत्री मोदी दो हिंदुस्तान बनाना चाहते हैं, एक अमीरों के लिए और दूसरा गरीबों के लिए।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**नाटो** में शामिल होने वाले देशों को प्रतिक्रिया की उम्मीद करनी चाहिए।

– **व्लादीमिर पुतिन**
रूसी राष्ट्रपति



**भारत** और नेपाल की मित्रता से पूरी मानवजाति को लाभ होगा।

**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

# दो एकड़ में बनेगा सरोवर

## ● सरोवर प्रकृति की अमूल्य धरोहर ● वेद गुप्ता ने समैसा देवसरा में अमृत सरोवर का भूमि पूजन किया



**पूरा बाजार अयोध्या।** जल ही जीवन है इसलिए जीवन को बनाए रखने के लिए जल का संचय जरूरी है सरोवर बनाकर हम आसानी से जल को बचाये रख सकते हैं जिससे मानव सहित पशु पक्षी को भी आसानी से जल मिल सके तथा प्रकृति की धरोहर को भी बनाए रखा जा सके उक्त उद्गार ग्राम समैसा देवसरा में अमृत सरोवर के भूमि पूजन के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने व्यक्त किया। सरोवर के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि इसके रखरखाव का उत्तरदायित्व स्थानीय लोगों का है जिससे सरोवर की स्वच्छता सदैव कायम रख सके विधायक ने प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीणों एवं किसानों के हित में चलाए जा रहे दो दर्जन से अधिक जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि ये योजनाएं फ्लीभूत भी हो रही हैं तथा प्रदेश सरकार का उद्देश्य भी पूरा हो रहा है।

खंड विकास अधिकारी पूरा बाजार कृष्ण कांत शुक्ला ने बताया कि सरोवर दो एकड़ भूमि में 38 लाख 50 हजार की लागत से बनेगा सरोवर प्रोजेक्ट में खुदाई चारों तरफ शीढी व पथ तथा वृक्षारोपण का कार्य शामिल है इस अवसर पर गन्ना समिति के चेयरमैन दीपेंद्र सिंह भाजपा ब्लॉक अध्यक्ष नंदकुमार सिंह भाजपा अनुसूचित मोर्चा के महासचिव हरिभजन गौड कालिका सिंह रामप्रीत वर्मा दीपक सिंह कपिल वर्मा सहित क्षेत्रीय गणमान्य लोग उपस्थित थे ग्राम प्रधान संगीता बर्मा ने गांव में सरोवर का निर्माण कराए जाने के लिए विधायक वेद प्रकाश गुप्ता का आभार प्रकट करते हुए अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अमर्यादित धार्मिक टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** फेसबुक आईडी पर अमर्यादित धार्मिक टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार व मुकदमा दर्ज। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टांडा ने बताया कि मोहम्मद अरर्सलान अंसारी पुत्र स्वर्गीय इकबाल अहमद निवासी मोहल्ला सकरावल द्वारा अपने फेस बुक आई डी से हिन्दू देवताओं से सम्बंधित अशोभनीय, अमर्यादित धार्मिक भावनाको भडकाने वाला अशलील कमेन्ट पोस्ट किया है। उक्त पोस्ट आम जनमानस को अपनी मोबाइल की फेस बुक पर दिखाई पड रहा है जिससे हिन्दू समाज से जुडे लोगो की धार्मिक भावना को काफी ठेस लगा है जिससे वे काफी आहत है। कभी भी धार्मिक उन्माद के कारण संप्रदायिक दंगा फैल सकता है जिससे आम जन मानस को काफी क्षतिहो सकती है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मोहम्मद अरसलान अन्सारी पुत्र स्व. इकबाल निवासी सकरावल के विरूद्ध धारा 295, आईपीसी व 67 आईटी एक्ट अन्तर्गत मुकदमा दर्ज किया गया हैऔर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# डीएम ने गुप्तारघाट व आसपास के क्षेत्र को विकसित करने के दिए निर्देश

## ● जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण



**अयोध्या।** डीएम नितीश कुमार ने गुप्तारघाट के सौन्दर्यीकरण हेतु गुप्तारघाट पर पार्क एवं दुकानेध्क्कास्क के निर्माण कार्यए मरी माता मंदिर से गुमनामी बाबा की समाधि तक 24 मीटर चैड़े मार्ग का स्थलीय निरीक्षण किया तथा मार्ग एवं दुकानों के निर्माण कार्य में तेजी लाने व बरसात से पूर्व मार्ग के जीएसबी कार्य को अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश कार्यदायी संस्थाओं को दिये। डीएम ने बताया कि गुप्तारघाट व उसके आसपास के क्षेत्र में लैंड स्केपिंग कराकर अच्छे पार्क के रूप में सुव्यवस्थित कर आकर्षक पेड़ पौधेए चिल्ड्रेन पार्क की समस्त व्यवस्थायें/ उपकरण, पार्क में आने वाले लोगों हेतु बैठने की व्यवस्था/ आकर्षक बेंचस के साथ.साथ 250 से अधिक गाड़ियों के पार्किंग की व्यवस्था तथा आकर्षक दुकानें शीघ्र उपलब्ध होंगी। जिसके लिए कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड को गुप्तारघाट 1500 मीटर के नये घाट के निर्माण में जल निकासी हेतु ड्रेनेज की बेहतर व्यवस्था भी देने के निर्देश दिये जिससे भविष्य में गुप्तारघाट पर जल निकासी की समस्या न हो। इसी के साथ डीएम ने अयोध्या विकास प्राधिकरण को भविष्य में गुप्तारघाट पर आगन्तुकों की संख्या में वृद्वि को दृष्टिगत रखते हुये और पार्किंग की सुविधा विकसित करने के निर्देश दिये।

इसके उपरांत डीएम ने सिविल लाइन स्थित लाल डिग्गी तालाब के सौन्दर्यीकरण (यथा पौड/तालाब की सफाई, लैंड स्कैपिंग, नेचुअल मैथेड से वाटर ट्रीटमेंट, रेस्टोरेंट/कैफे व पाथ.वे आदि कार्यो) के कार्यो का निरीक्षण किया तथा तालाब की सफाई के कार्य व मिट्टी के लैंड स्केपिंग के कार्य को वर्षो से पूर्व 5 जून तक पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रत्येक कार्य के लिए अलग.अलग टीमें लगाकर पर्याप्त मेनपावर लगाकर समय से कार्य पूर्ण करने हेतु कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया। डीएम ने सहायक निदेशक मत्स्य के कार्यालय को भी अच्छे एक्वेरियम के रूप में बनाने हेतु नगर निगम को निर्देशित किया। उन्होंने लाल डिग्गी तालाब के आसपास अतिक्रमण को भी शीघ्र हटवाने हेतु भी नगर आयुक्त को निर्देशित किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त व सम्बंधित कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित रहे। डीएम नितीश कुमार ने नगर आयुक्त विशाल सिंह के साथ तहसील सोहावल क्षेत्र में स्थित समदा झील का सुंदरीकरण कर उसे एक पक्षी बिहार व पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने हेतु नगर विकास प्राधिकरण द्वारा कराये जा रहे कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को और अतिरिक्त मशीनरी यथा.लोडर व डम्फर/ट्राली लगाकर युद्व स्तर पर कार्य करने के निर्देश दिये, जिससे बारिश से पूर्व ही मिट्टी का कार्य पूर्ण हा सके।

# घूसखोर लेखपाल चढ़ा एंटी करप्शन टीम के हत्थे

**संवाददाता।** मालीपुर, अम्बेडकरनगर

**एंटी करप्शन टीम** ने लेखपाल को तीन हजार रुपये घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। लेखपाल को एंटी करप्शन टीम द्वारा गिरफ्तारी की खबर फैलते ही राजस्व विभाग व गिरफ्तारी स्थान पर हड़कंप मच गया। एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को अपने वाहन से तत्काल लेकर चली गई।घटना मालीपुर थाना के खजूरी बाजार की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार टिकरी गांव के हल्का लेखपाल श्री राम टिकरी गांव के काश्तकार ननकऊ उर्फ करिया पुत्र कान्ता से पैमाइश करने के लिए तीन हजार रुपये की मांग कर रहे थे।

पीड़ित लेखपाल से पैमाइश करने के लिए बिनती करता रहा किंतु लेखपाल बगैर रुपए के पैमाइश करने के लिए तैयार नहीं थे। पीड़ित ने दो सप्ताह पूर्व एंटी करप्शन अयोध्या में शिकायत दर्ज कराई थी।

गुरुवार को जब हल्का लेखपाल श्री राम अन्य गांव में पैमाइश के लिए जा रहे थे पीड़ित करिया ने उन्हें फोन कर खजूरी बाजार स्थित एक चाय पान की दुकान पर बुलाया। पैमाइश आज ही करने के लिए तीन हजार रुपये पांच पांच सौ के 6 नोट दिया। लेखपाल श्रीराम ने जैसे रुपया हाथ में पकड़ा तत्काल आसपास मौजूद एन्टी करप्शन टीम ने उन्हें रुपये समेत दबोच लिया। और उन्हें तुरंत अपने वाहन में लाद अकबरपुर की तरफ चले गए। घूस लेते लेखपाल के पकड़े जाने की सूचना आम होते ही खजूरी बाजार व तहसील में हड़कंप मच गया। एन्टी करप्शन टीम लेखपाल को अकबरपुर कोतवाली ले गई जहाँ पूछताछ की जा रही है।

# रिकवरी के डर से राशन कार्ड किया सरेण्डर

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर



**जहां एक** समय था कि जिला पूर्ति कार्यालय में जनता अपना राशन कार्ड बनवाने के लिए विभागीय अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर सिफारिश करते थे। कि साहब हमारा राशन कार्ड बना दीजिए पात्र श्रेणी में आते हैं। लेकिन जब शासन का निर्देश हुआ कि अंतोदय और पात्र गृहस्ती कार्ड जो बनाए गए हैं। और वह पात्र श्रेणी में नहीं आते ऐसे कार्ड धारक समय से जिला पूर्ति कार्यालय अपना कार्ड सेलेंडर कर दे नहीं तो विभागीय कार्यवाही वाह रिकवरी की जाएगी उसी भय से अब अपात्र कार्ड धारक जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार के समक्ष स्वयं प्रार्थना पत्र और कार्ड सरेंडर करके काटने का दिया प्रार्थना पत्र।

सस्ते गल्ले की राशन की दुकान से अंतोदय और पात्र गिरस्ती कार्ड धारक को राशन मिलता है। जिससे गरीब परिवार अपनी जीविका चला ले जाते है। और वहीं दूसरी तरफऐसे व्यक्तियों का कार्ड पहले से बना हुआ था जिनके पास चार पहिया वाहन ट्रैक्टर 5 एकड़ से ज्यादा जमीन शस्त्र लाइसेंस आदि रहे जो पात्र श्रेणी में नहीं आते हैं । और वह अपात्र हैं ऐसे अपात्र कार्ड धारक अपना अंतोदय और पात्र गृहस्थी कार्ड पूर्ति कार्यालय तहसील और जिला पूर्ति कार्यालय मैं अपना कार्ड सरेंडर कर दें नहीं तो टीम द्वारा जांच करने पर अपात्र पाए जाने पर विभागीय कार्रवाई और रिकवरी की जाएगी। जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि जनपद के सभी तहसीलों से लगभग जो अपात्र कार्ड धारक हैं कार्यालय में स्वयं प्रार्थना पत्र और कार्ड सिलेंडर कर रहे हैं अभी तक लगभग 3000 से ज्यादा कार्ड सरेंडर कर दिए हैं उन्होंने यह भी बताया समय से जो अपात्र कार्ड धारक तहसील कार्यालय वह जिला पूर्ति कार्यालय अपना कार्ड सरेंडर नहीं करेंगे तो जांच के दौरान अपात्र पाए जाने पर विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## पेंशनर्स की सुविधा के जीवित प्रमाण देने की आनलाइन व्यवस्था शुरू

**संवाददाता।** अयोध्या

**जिलाधिकारी** नितीश कुमार ने बताया कि पेंशन के निर्बाध भुगतान हेतु सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वर्ष में एक बार अपना जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ता हैए जिस हेतु उन्हें कोषागार अथवा बैंक की शाखा पर उपस्थित होना पड़ता है। पेंशनर्स की सुविधा के दृष्टिगत शासन द्वारा काफी पूर्व से ही जीवित प्रमाण देने की आनलाइन व्यवस्था का प्रारम्भ किया गया है। जिस हेतु पेंशनर्स को कोषागार/बैंक में आये बिना अपने निकट के जनसुविधा केन्द्र पर जाकर के माध्यम से अपना जीवित प्रमाण पत्र आनलाइन सबमिट करने की व्यवस्था है। आनलाइन जीवित प्रमाण पत्र देने हेतु पेंशनर को अपना पीपीओ संख्या, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं मोबाइल साथ में रखना आवश्यक है। और अधिक जानकारी हेतु मुख्य कोषाधिकारी अयोध्या से प्राप्त की जा सकती है।

## क्विक न्यूज

### टोकन वसूली के विरोध मे 21 मई को टाण्डा बन्द

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** नगर पालिका परिषद टाण्डा द्वारा टैक्सी स्टैंड टोकन वसूली का ठेका दिया गया है और ठेकेदार को सभी तरह के लोडिंग वाहनो से टोकन वसूली करने हेतु निर्देशित किया गया है इस वसूली मे ट्रांसपोर्ट तथा निजी वाहनं भी शामिल है। वसूली कडाई से हो रही है जिससे व्यापारियो मे आक्रोश है। इस सन्दर्भ मे विगत 17 मई को नगर के व्यापारियों व सामाजिक सगंठनो ने उक्त टोकन वसूली के विरूद्ध उप जिलाधिकारी टाण्डा को ज्ञापन दियाथा। अब आगामी 21 मई को नगर के सभी व्यापारी व सामाजिक संगठनो ने टोकन वसूली के विरोध मे टाण्डा बन्द का अवाहन किया है। 21 मई को सभी व्यापारी अपने अपने प्रतिष्ठान बन्द रख कर सुबह 9 बजे चौक घन्टाघर पहुच कर शान्तिपूर्ण ढग से अपना आक्रोश प्रगट करते हुये तहसील पहुच कर उप जिलाधिकारी टाण्डा के माध्यम से मुख्य मन्त्री को ज्ञापन देगे।

### डिजिटलीकरण को लेकर हुई नई पहल

**प्रयागराज।** अपने प्रमुख वार्षिक शिखर सम्मेलन एमेज़ॉन संभव में एमेज़ॉन इंडिया ने स्मार्ट कॉमर्स के शुभारंभ की घोषणा की। जो कि स्थानीय स्टोर को डिजिटल दुकान में बदलने के लिए एक नई पहल है 2025 तक एक करोड़ छोटे व्यवसायों को डिजिटाइज़ करने की अपनी प्रतिज्ञा को तेजी से लागू करने की प्रतिबद्धता जताई एमेज़ॉन डॉटइन का उपयोग कर डेढ़ लाख से अधिक स्थानीय स्टोर पहले से ही ऑनलाइन बिक्री कर रहे हैं स्मार्ट कॉमर्स के साथ स्टोर अब और आगे बढ़ सकते हैं। अपने ऑफ़लाइन संचालन को डिजिटाइज़ कर सकते हैं अपने स्टोर पर आने वाले लोगों को इन स्टोर खरीदारी अनुभव प्रदान कर सकते हैं। किसी भी आकार के स्टोर सीधे अपने स्टोर में या सीधे अपने ऑनलाइन स्टोरफ्रंट के माध्यम से या एमेज़ॉन डॉटइन पर अब अपने लोगों को लाभ दिला सकते हैं। मनीष कंट्री मैनेजर इंडिया कंज्यूमर बिजनेस एमेज़ॉन इंडिया ने कहा पिछले दो वर्षों में हमने 2020 में संभव शिखर सम्मेलन के उद्घाटन समारोह में घोषित किए गए वादों के लिए महत्वपूर्ण निवेश किया है।

### भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा आज

**प्रयागराज।** सहमति जरूरी है लेकिन अक्सर लोग यह समझने में असफल रहते हैं कि लाइन कब और कहाँ खींची जानी चाहिए। अमे़जन मिनी टीवी की लेटेस्ट शॉर्ट फिल्म ग्रे जिसका बीस मई को प्री प्रीमियर होने जा रहा है। स्टार एक्टर्स दीया मिर्जा और श्रेया धनवंतरी के लीड रोल वाला और दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर देने वाला यह ड्रामा एक युवा महिला नैना की जिंदगी पर आधारित है। जो उसकी जिंदगी को बदल देने वाले एक असहज अनुभव के बाद मुश्किल दौर से गुजरती है। युवा ओरिजिनल्स द्वारा निर्मित ग्रे का लेखन निर्देशन साक्षी गुरनानी ने किया है। अमे़जन एडवर्टाइजिंग के हेड गिरीश प्रभु ने कहा अमे़जन मिनी टीवी पर हम हमेशा दर्शकों का मनोरंजन और ज्ञानवर्धन करने वाली असरदार कहानियों को पेश करने की कोशिश करते हैं। हम सब सहमति के बारे में जानते हैं। युवा ओरिजिनल्स के को फीउंडर और सीईओ निखिल तनेजा ने कहा युवा ओरिजिनल्स में हम ऐसी कहानियों को कहने में विश्वास करते हैं जो युवा भारतीयों की भावनात्मक सच्चाइयों को रिफ्लेक्ट करती हैं। ऐसी कहानियां जो उन्हें एक तरह से देखे और सुने जाने का एहसास कराती हैं।

### आधुनिकता के बीच पच्चीस मई से होगा शुभारंभ

**प्रयागराज।** इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने आज भारत में एक्स अस्सी सीरीज के लॉन्च के साथ अपनी फ्लैगशिप एक्स सीरीज का विस्तार किया। एक्सक्लूसिव सीरीज़ में एक्स अस्सी प्रो और एक्स अस्सी शामिल हैं। जो साथ मिलकर नए सिनेमैटोग्राफी फीचर्स के साथ यूज़र्स के प्रीमियम मोबाइल के अनुभव को और बेहतर बनाते हैं। इनोवेटिव सीरीज़ इंडस्ट्री में पहली बार जिम्बल पोर्ट्रेट कैमरा पचास एमपी अल्ट्रा सेंसिंग सेंसर क्वालकॉम स्नैपड्रैगन आठ जेन वन और वीवो के प्रो इमेजिंग चिप वी वन प्लस के साथ बेहतरीन परफॉरमेंस और कई पाथ ब्रेकिंग फीचर्स को लेकर आई है। वीवो एक्स सीरीज के प्रोफेशनल मोबाइल फोटोग्राफी के अनुभव को और बेहतर बनाते हुए एक्स अस्सी सीरीज स्मार्टफोन के आर्टिस्टिक सिनेमेटिक मोड तीन सौ साठ डिग्री होराइजन लेवल स्टेबलाइजेशन फ्लैगशिप परफॉरमेंस और अन्य कई टेक्नोलॉजिकल इनोवेशन के साथ फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी में परफेक्ट यूजर एक्सपीरियंस देने की अपनी कोशिश को लगातार जारी रखती है। पच्चीस मई से इसका लेनदेन शुरू होगा।

### जीएम रेलवे प्रमोद कुमार ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

**प्रयागराज।** इलाहाबाद संग्रहालय में आज अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय महोत्सव के चौथे दिन आज का आकर्षण शीर्षक से एकल वस्तु ढोलकची पर आधारित प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रमोद कुमार महाप्रबंधक उत्तर मध्य रेलवे ने दीप प्रज्जवलित कर किया। निदेशक संग्रहालय डा अखिलेश कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। एकल वस्तु प्रदर्शनी व मृण्मूर्ति वीथिका प्रभारी डा अजय कुमार मिश्र व डा वामन वानखेड़े ने प्रदर्शनी के साथ ही सम्पूर्ण वीथिका का भ्रमण अतिथियों को कराया।

## 18 बेरोजगार युवाओं को मिला रोजगार

**अयोध्या।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर अयोध्या में 19 मई 2022 को प्रात: 10 बजे से एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया किया गया, जिसमें 45 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। उनमें से 18 युवाओं को कम्पनियों के एचआर के माध्यम से रोजगार प्राप्त हुआ। रोजगार मेले को सफल बनाने हेतु सहायक निदेशक, सेवायोजन पद्म वीर कृष्ण ने रोजगार मेले में आये बेरोजगार युवाओं का उत्साह वर्द्धन किया। इसी क्रम में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय परिसर अयोध्या में एक कैरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया, जिसमें 19 युवाओं ने प्रतिभाग किया। जिला रोजगार सहायता अधिकारी राम कुमार द्विवेदी ने काउन्सिलिंग में आये युवाओं को सेवायोजन पोर्टल एवं प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार के अवसर पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उक्त जानकारी पद्म कृष्ण सहायक निदेशक, सेवायोजन अयोध्या ने दी है।

# सांसद ने किया बम्हरौली रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित पैदल उपरिगामी पुल का लोकार्पण

**प्रयागराज।** भारतीय रेल के सबसे व्यस्ततम मंडलों में से एक प्रयागराज मंडल में परिचालन की दृष्टि से बम्हरौली रेलवे स्टेशन एक महत्वपूर्ण स्टेशन है। बम्हरौली रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं को और बेहतर करने के प्रयास निरंतर जारी है। इसी क्रम में आज गुरुवार को बम्हरौली रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित पैदल उपरिगामी पुल का लोकार्पण समारोह का आयोजन किया गया। अपर मण्डल रेल प्रबंधक सामान्य प्रयागराज मण्डल संजय सिंह द्वारा सांसद लोकसभा फूलपुर केसरी देवी पटेल को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। इसी क्रम में सांसद लोकसभा फूलपुर केसरी देवी पटेल द्वारा फीता काट कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर बम्हरौली रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित पैदल उपरिगामी पुल का लोकार्पण किया गया। केसरी देवी पटेल ने भारतीय रेल में हो रहे विकास कार्यों से अवगत करते हुए बताया की वर्तमान सरकार के



पुल का लोकार्पण करतीं सांसद।

कार्यकाल में बहुत काम हुआ है और निरंतर होता रहेगा। कहा कि आज चाहे रेलवे की बात हो या सड़क मार्ग की सभी क्षेत्रो में निरंतर विकास हो रहा है। आज आधारभूत संरचना के कार्यों के साथ साथ स्टेशनों पर यात्रियों के लिये विभिन्न यात्री सुविधाओं जैसे लिफ्ट एस्केलेटर पैदल उपरिगामी पुल वाई फाई की सुविधा में भी निरंतर विकास हो रहा है।

भारतीय रेल द्वारा विभन्न स्टेशनों को विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। जहां हमें एयरपोर्ट के तर्ज की सुविधाए मिलेंगी। बम्हरौली रेलवे स्टेशन पर नवनिर्मित पैदल यात्री उपरिगामी पुल के निर्माण के लिए रेल प्रशासन का आभार व्यक्त किया। अपर मण्डल रेल प्रबंधक सामान्य प्रयागराज मण्डल संजय सिंह ने बताया की पैदल उपरिगामी पुल की लागत रुपये 2.5 करोड़ हैद्य इस पुल कि लम्बाई लगभग 35 मीटर चौड़ाई 3 मीटर है। यह पैदल उपरिगामी पुल में रैम्प की सुविधा उपलब्ध है।

# गोआश्रय स्थलों में चारे, भूसे और पेयजल आदि की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने मण्डल के समस्त जनपद के जिलाधिकारियों एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक गो.आश्रय स्थल में चारे, भूसे और पेयजल आदि की उपलब्धता सहित आश्रय स्थलों में साफसफाई की व्यवस्था की जाए। तेज धूप के चलते जहां पर पर्याप्त छाया न हो वहां पर टीन शेड की व्यवस्था करायी जाय। गोवंश की उचित देखभाल के साथ चिकित्सा में भी लापरवाही न बरती जाए। ब्लाकों में तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी प्रतिदिन एक या दो गौशालाओं का निरीक्षण करें यदि कोई पशुध्गौवंश बीमार है तो उनका नियमित इलाज करें। निराश्रित गोवंश के पालन.पोषण के सम्बन्ध में दी जा रही धनराशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की शिथिलता या विलम्ब न होने पाये। सभी जनपदों के नगर निगमए नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में घूमंतों आवारा पशुओं को पकड़कर उनको आश्रय स्थलों पर पहुंचाने के भी निर्देश दिये। यदि किसी गौआश्रय स्थल पर लगे समरसेबुल पम्प खराब होते है तो उन्हें उसी दिन तत्काल ठीक कराया जाय।

## आज होगा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

**अम्बेडकरनगर।** मेयो हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर जलालपुर नग पुर में 20 मई को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा, शिविर में सभी प्रकार के ऑपरेशन एवं जांच पर 20 फीसदी की छूट रहेगी। जलालपुर के नग पुर में स्थित मेयो हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में हॉस्पिटल के संस्थापक स्वर्गीय कैलाश नारायण सिंह की प्रथन पुण्यतिथि पर 20 मई को निशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमे कॉर्डियोलॉजिस्ट, न्यूरोलॉजी, संतान हीनता बाझपन रोग विशेषज्ञ स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ नाक कान गला रोग पेट एवं हड्डी रोग विशेषज्ञ तथा खून से सम्बंधित जांच होगी, उन्होंने बताया को शिविर में सभी प्रकार के जाँच एवं ऑपरेशन पर 20 फीसदी की छूट मिलेगा।

# बैठक में अनुपस्थित एई का वेतन रोकने के निर्देश

## ● डाटा सही न मिलने पर अधिशासी अभियन्ता सहित संबंधित अभियंताओं को कड़ी चेतावनी ● डीएम की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन योजनाओं के निर्माण कार्यों की समीक्षा



बैठक करते डीएम।

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में गुरुवार को जल जीवन मिशन के अन्तर्गत नयी योजनाओं के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक संगम सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति न होने पर नराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित संस्था मेसर्स एलएण्डटीलि को और संसाधन बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने प्रत्येक सप्ताह कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिये हैं तथा बिना अनुमति के बैठक में सहायक अभियन्ता अनुपस्थित पाये जाने पर वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कार्यों के सत्यापन की जानकारी ली तथा अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये हैं कि 15 प्रतिशत कार्यों का सत्यापन अधिशाषी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण स्वयं करेंगे तथा अन्य कार्यों का सत्यापन सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता करेंगे।

उन्होंने डेटा सही न मिलने पर अधिशाषी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण सहित सभी सम्बन्धित अभियन्ताओं को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी से स्कूलों में पेयजल की जानकारी ली तथा निर्देशित किया कि जहॉ पर भी हैण्डपम्प खराब है। वहॉ पर पंचायतों द्वारा रिवोर कराया जाये। उन्होंने रैक्टो फीटिंग डेटा के अर्न्तगत निर्देशित किया कि कार्यों में समयाअवधि तथा कार्यों के फोटोग्राफ्स सहित रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होंने मेसर्स एलएण्ड टी लि. को कार्यो में और तेजी लाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने पेयजल के कार्यो में लापरवाही या उदासीनता कत्तई क्षम्य नही होगा। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी सीएमओ अधिशाषी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित थे।

# एडीएम ने एआरटीओ कार्यालय में अचानक मारा छापा, हड़कंप

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**अपर जिलाधिकारी** अशोक कुमार कनौजिया ने एआरटीओ कार्यालय में अचानक मारा छापा कार्यालय के कैंपस तक मचा हड़कंप छापेमारी के दौरान अपर जिला अधिकारी कार्यालय के अंदर सभी पटलो का किया निरीक्षण निरीक्षण के दौरान सभी अभिलेख सही पाए गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला अधिकारी के निर्देश पर बृहस्पतिवार को अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार कनौजिया ने एआरटीओ कार्यालय में अचानक मारा छापा छापा मारने की खबर सुनते ही कैंपस से लेकर कार्यालय तक मचा हड़कंप कार्यालय की काउंटर पर पब्लिक अपना काम कराने के लिए खड़ी थी जिससे कुछ लोग भय से भागने लगे जो दो लोग संदिग्ध रूप में पकड़े गए लेकिन पूछताछ पर उस सही पाए



गए और उनको छोड़ दिया गया। उसके बाद कार्यालय के अंदर सभी पटलो का गहन निरीक्षण किया निरीक्षण में सभी अभिलेख सही पाए गए। मौके पर उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जयसवाल, सीओ सिटी अशोक कुमार सिंह और अकबरपुर कोतवाल मौजूद रहे।

# पीएचडी प्रवेश परीक्षा में अभ्यर्थियों का मोबाइल वर्जित रहेगा: कुलपति

## ● कुलपति ने केन्द्राध्यक्षों के साथ पीएचडी प्रवेश परीक्षा को लेकर की बैठक

**अयोध्या।** डॉ॰ राममनोहर लोहिया अवध विवि के कुलपति प्रो. रविशंकर सिंह ने 22 मई को विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा.2021 को लेकर केन्द्राध्यक्षों के साथ गुरूवार को सुबह 11 बजे कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में कुलपति प्रो. सिंह ने बताया कि विवि की पीएचडी प्रवेश परीक्षा सात केन्द्रों पर होगी। विवि प्रशासन ने तैयारियां पूरी ली है। 41 विषयों में अभ्यर्थियों ने आवेदन किया हैं जिसमें 39 विषयों की प्रवेश परीक्षा होगी। 4 हजार 299 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। प्रवेश परीक्षा को पारदर्शी एवं शुचिता के साथ सम्पन्न कराने के लिए कुलपति प्रो. सिंह ने केन्द्राध्यक्षों से कहा कि परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थियों के मोबाइल एवं इलेक्ट्रानिक गैजेट प्रतिबन्धित रहेगा। कक्ष निरीक्षक को भी अपना मोबाइल स्वीच ऑफ करके केन्द्राध्यक्ष के पास जमा करना होगा। केन्द्र के प्रवेश द्वार पर ही अभ्यर्थियों को प्रवेश.पत्र एवं पहचान.पत्र से मिलान के उपरांत ही प्रवेश दिया जायेगा। कक्ष निरीक्षक ड्यूटी के दौरान परीक्षा कक्ष में निरन्तर गतिमान रहेंगे। अभ्यर्थियों को परीक्षा समाप्ति के उपरांत परीक्षा ही कक्ष छोड़ने की अनुमति होगी। परीक्षा की शुचिता एवं परीक्षा व्यवस्था को लेकर कुलपति ने केन्द्राध्यक्षों से कहा कि वर्तमान कोविड गाइडलाइन का पालन कराते परीक्षा सम्पन्न कराये और केन्द्र से अभ्यर्थियों के अभिभावक 100 मीटर दूर रहेंगे।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा.2021 के समन्वयक प्रो0 फारूख जमाल ने बताया कि विश्वविद्यालय की तरफ से पीएचडी प्रवेश परीक्षा की तैयारियां पूरी कर ली गई है। इसके अलावा जनपद के सात केन्द्रों पर केन्द्राध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है। परीक्षा की शुचिता के लिए सात केन्द्रों पर 19 पर्यवेक्षकों की तैनाती की गई है। प्रवेश परीक्षा विभिन्न केन्द्रों पर सुबह 10 बजे से 12 तक होगी। अभ्यर्थियों को अपने निर्धारित समय से एक घण्टा पूर्व पहुॅचना होगा। विवि के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि परीक्षा की शुचिता बनाये रखना हम सभी का दायित्व है। इसे सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है। डॉ. मोहन चन्द्र तिवारी ने बताया कि पर्यवेक्षकों, कक्ष निरीक्षकों की उपस्थित में निर्धारित समय पर परीक्षा सामग्री खोली जायेगी साथ ही पैकिंग होगी। इस दौरान इसका वीडियो भी बनाया जायेगा जिससे परीक्षा की शुचिता बनी रहे। प्रो. रमापति मिश्र, डॉ. रोहित राना सिंह, डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी, डॉ. विनय मिश्र, डॉ. करूणेश तिवारी, सुधीर श्रीवास्तव, रंजन कुटे, डॉ. अनुराग तिवारी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कारागार राज्यमंत्री की सपा विधायक से नोकझोंक

● ब्लॉक परसेंडी में बैठक के दौरान हंगामा, गरमाई सियासत जमकर वार-पलटवार

● कारागार राज्यमंत्री बोले ब्लॉक में नजर न आएं जेई पुष्पेन्द्र वर्मा व आलोक सिंह



अरूण सिंह 'आचार्य'। लहरपुर सीतापुर

**विकास खंड** परसेंडी में क्षेत्र पंचायत की खुली बैठक में सियासत खूब गरमाई। ब्लॉक प्रमुखी का संचालन बाहरी लोगों द्वारा किए जाने को लेकर कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही का गुस्सा फूटा और उन्होंने मंच से बाकायदा जेई व उसके साथी के हवाले बीडीओ को चेतावनी दी। बयानबाजी का दौर चला तो लहरपुर से सपा विधायक अनिल वर्मा और कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही के बीच तकरार भी हुई। वार पलटवार शुरू हुआ तो दोनों ओर से से जमकर शब्दबाण चलाए गए। एक तो पारा 41 डिग्री ऊपर से सियासी तीर चले तो परसेंडी का माहौल बेहद गर्म रहा। बहरहाल, बैठक में तमाम बिंदुओं पर चर्चा हुई और विकास का खाका भी खींचा गया। परसेंडी की बैठक में आज यह नौबत क्यों आई पहले इस पर थोड़ी रोशनी डाल लेते हैं। दरअसल, परसेंडी में ब्लॉक प्रमुख राजेन्द्र पासी हैं। लेकिन ब्लॉक का संचालन परसेंडी में तैनात अवर अभियंता ललित वर्मा के साथी जेई पुष्पेंद्र वर्मा जो कि निलंबित हैं और गोंडा से सम्बद्ध हैं द्वारा किया जाता है। जेई पुष्पेन्द्र वर्मा का इसमें उसका एक अन्य साथी आलोक सिंह सहयोग करता है। परसेंडी के कुछ बीडीसी व प्रधानों ने इन लोगों पर भ्रष्टाचार व अनियमितताओं का आरोप लगाया। बताया जाता है कि ऊंची पहुंच के कारण इन पर कोई कार्रवाई नहीं होती उल्टे शिकायत करने वालों को यह लोग धमकाते भी हैं। कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने बीडीसी राकेश कुमार यादव की शिकायत पर टीएस रजिस्टर तलब किया तो मौके पर नहीं मिला। इसके बाद कारागार राज्यमंत्री ने जब मंच से बोलना शुरू किया तो इसी मुद्दे को लेकर वह एकाएक तेवर में आ गए और बीडीओ को खूब खरी खेटी सुनाई। जेई पुष्पेन्द्र वर्मा तथा आलोक सिंह पर गुंडा एक्ट लगवाने की चेतावनी दी। बीडीओ को हिदायत देते हुए कहा कि यह दोनों अगर ब्लॉक में दिखे तो उनकी खैर नहीं। बैठक में लहरपुर के सपा विधायक अनिल वर्मा ने संबोधन के दौरान भाजपा सरकार पर निशाना साधा तो कारागार राज्यमंत्री को नागवार गुजरा। पास में ही बैठे कारागार राज्यमंत्री ने विधायक की बात काटते हुए कहा कि हम यहां विकास पर चर्चा करने आए हैं, गलत बयानबाजी करने नहीं। बात इतने पर ही खत्म नहीं हुई। सपा विधायक अनिल वर्मा के संबोधन से नाराज कारागार राज्यमंत्री ने माइक संभाला और जमकर पलटवार किया। कारागार राज्यमंत्री बोले वह भूल गए कि उनकी सरकार में हालात क्या थे। हंगामा, वार पलटवार और गर्म सियासत के बीच बैठक में विकास के तमाम बिंदुओं नाली, खडंजा, इंटरलॉकिंग, शौचालय, आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन आदि पर भी चर्चा हुई। कारागार राज्यमंत्री ने विकास कार्यो की समीक्षा करते हुए बीडीओ परसेंडी आत्म प्रकाश रस्तोगी, एपीओ मनरेगा सुधांशु कुमार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय प्रताप सिंह उर्फ पप्पू, प्रधान उदयराज सिंह, एपीओ सुधांशु कुमार, जिला पंचायत सदस्य इंद्रपाल चौधरी, प्रधान मनजीत सिंह, प्रधान परसेंडी अनूप सिंह आदि मौजूद थे।

## परशुराम सेना ने की ताजुश्शरिया का उर्स रोकने की मांग

**बरेली।** परशुराम सेना के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया और ताजुश्शरिया का उर्स जो 6 व 7 जून को होने बाला है । उसका विरोध किया और कहा कि हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना की जा रही है और एक नई परंपरा डाली जा रही है परशुराम सेना का विरोध करती है परशुराम सेना के जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता और वीर महाकाल सेवा समिति के अजय साहू ने जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया कहा कि 6 व 7 जून होने वाले ताजुश्शरिया के उस पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए एक नई परंपरा है इस परंपरा को रोकने और हाईकोर्ट के आदेश का पालन करवाने की मांग की है । वर्ष 2019 में एक बार भी अनुमति नही देने पर जून में दोबारा 2022 में बड़े पैमाने पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो कि हाईकोर्ट के आदेश की सीधी अवहेलना है उनका की परशुराम सेना विरोध करती है और नई परंपरा ना डाली जाए इसके लिए परशुरासेना विरोध करती है।

## क्विक न्यूज

### दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन की मौत, एक घायल

**संडीला(हरदोई)।** दो सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। पहली सड़क दुर्घटना लखनऊ हरदोई रोड पर ग्राम बेगमगंज के पास हुई। बताया जाता है कि बुद्धवार की रात लगभग पौने आठ बजे दो बाइक सवार युवक लखनऊ रोड पर जा रहे थे। बेगमगंज के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों बाइक सवारों की मौके पर ही मौत हो गयी। बाद में उनकी शिनाख्त 21 वर्षीय सूर्यप्रकाश पुत्र सर्वेशकुमार गौतम निवासी बड़ेलखेड़ा थाना कासिमपुर तथा 24 वर्षीय जयसिंह वर्मा पुत्र रामकुमार निवासी मोहल्ला रामनगर थाना माधौगंज के रूप में हुई। दूसरी सड़क दुर्घटना बांगरमऊ रोड पर हुई। बताया जाता है कि थाना कासिमपुर के अंतर्गत ग्राम हसनापुर निवासी 25 वर्षीय संजय अपनी पत्नी सुनैना की दवा लेने के लिए संडीला आया था। वापस लौटते समय ग्राम कहली के पास एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे सजय और उसकी पत्नी सुनैना दोनो घायल हो गए। ट्रामा सेंटर ले जाते समय संजय की मौत हो गयी जबकि सुनैना को गंभीर हालत में ट्रामासेंटर में भर्ती कराया गया है।

### युवती को जिला अस्पताल में छोड़कर प्रेमी हुआ फरार

**बरेली ।** विवाह का झांसा देकर शादी शुदा युवक ने युवती के साथ रेप किया और इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया लेकिन डॉक्टर को उस पर शक हो गया तब वह युवती को छोड़कर फरार हो गया। बारादरी थाना क्षेत्र के मोहल्ला संजय नगर का रहने वाला लालू पटेल पुत्र प्रेम पान आज दोपहर प्रेम नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली युवती को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया जहां युवती ने बताया कि उसके पेट में दर्द हो राय डॉक्टर ने उसकी जांच की तो पता चला कि युवती गर्भवती है शक होने पर डॉक्टरों ने लालू पटेल से पूछताछ की तब वह युवती को अस्पताल में ही छोड़कर बहाने बना कर फरार हो गया युवती के साथ आयी उसकी छोटी बहन ने बताया कि उसकी उसकी बड़ी बहन की जान पहचान लगभग 5 माह पूर्व लालू पटेल से हुई थी उसने खुद को अविवाहित बताते हुए उसकी बहन से विवाह करने का वादा किया था इसी दौरान उसने उसकी बहन का शारीरिक शोषण किया और जब उसकी बहन को पता चला कि लालू पटेल पहले से ही शादीशुदा है तव उसनें लालू पटेल के घर से अपने घर भागने की कोशिश की लेकिन लालू ने उसे अपने घर के कमरे में बंधक बना लिया उसके साथ दुराचार किया जिससे युवती के पेट में दर्द होने लगा तब आज दोपहर लालू उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचा जहां डॉक्टरों को उस पर शक हो गया तब वह को बचाने के लिए मौके से फरार हो गया।

### यातायात जागरूकता रैली निकाली



**संडीला(हरदोई)।** लोगों की यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें कॉलेज के शिक्षकों तथा छात्र छात्राओं ने भाग लिया। स्थानीय आईआर इंटर कॉलेज से निकाली गई इस जागरूकता रैली को प्रधानाचार्य डॉ0 ओमप्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली का नेतृत्व माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय महामंत्री आशीष कुमार सिंह ने किया। रैली में शामिल छात्रों ने रास्ते में बिना हेल्मेट के वाहन चला रहे लोगों को रोक कर उन्हें हेल्मेट लगाने का अनुरोध किया। छात्रों ने उनसे कहा कि उनका जीवन उनके परिवार के लिए महत्वपूर्ण है। अपने परिवार की सुख शांति और अपने प्राणों की रक्षा के लिए वे हेल्मेट लगाकर चलें। इस रैली में वरिष्ठ प्रवक्ता अजय शुक्ला, पीटीआई रामदयाल, स्काउट शिक्षक यशवंत सिंह, कुमारी रेनु के अलावा पूर्व प्रधानाचार्य राजाराम आदि मौजूद रहे।

# सिधौली तहसील कार्यालय में व्यापारी के आत्मदाह के प्रयास से मचा हड़कंप

● व्यापारी ने लगाया जेई विद्युत पर रिश्वत मांगने का आरोप

● एसडीएम दफ्तर के परिसर में ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों की सक्रियता से टल गया बड़ा हादसा

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर के** सिधौली तहसील कार्यालय परिसर में गुरुवार को उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक शख्स वहां पहुंचा और खुद पर डीजल उड़ेलकर आत्मदाह का प्रयास किया। गनीमत यह रही कि ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने समय रहते उसे दबोच लिया। सुरक्षा कर्मियों की सक्रियता से एक बड़ा हादसा तो टल गया लेकिन इस पूरे घटनाक्रम ने सिस्टम पर कई सवाल खड़े कर दिए। आत्महत्या का प्रयास करने वाले व्यापारी ने विद्युत विभाग के जेई पर कनेक्सन काटने और फिर 18 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप लगाया है। एसडीएम सिधौली पंकज प्रकाश राठौर ने पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। दरअसल, सिधौली के मोहल्ला विवेक नगर में रहने वाला पवन रस्तोगी की बाजार मे शैलून का सामान बेचने की दुकान है। पवन के मुताबिक उसकी दुकान पर एक किलो वाट का कॉमर्शियल बिजली का कनेक्शन है। व्यापारी पवन के मुताबिक गुरुवार को वह एक निजी अस्पताल में भर्ती था, उधर दुकान पर जेई विद्युत टीम समेत चेकिंग करने पहुंचे और कनेक्सन काट दिया। पवन के मुताबिक सूचना पर जब वह दुकान पहुंचा तो जेई ने 18 हजार रुपये मांगे। इसी से आहत होकर उसने आत्मदाह जैसा कदम उठा लिया। हांलाकि एसडीएम दफ्तर के सामने खुद पर डीजल उड़ेलकर पवन माचिस से आग लगा पाता इससे पहले सुरक्षा कर्मियों ने उसे पकड़ लिया। उधर, सिधौली विद्युत उपकेंद्र के जेई धीरेद्र सिंह का कहना है कि इस व्यापारी की दुकान पर एक किलो वाट का बिजली का कनेक्शन है, चेकिंग के दौरान तीन किलो वाट का लोड पाया गया। छत के ऊपर केबल कटा पाया गया। कार्यवाही ना की जाए इसका दबाव बनाने के लिए ऐसा कदम उठाया है। बहरहाल, एसडीएम पंकज प्रकाश राठौर ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।

# शहर में गरजा बुलडोजर, भड़के व्यापारी, हंगामा व तीखी झड़प

संवाददाता। सीतापुर



**सीतापुर में** अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन ने बुलडोजर चलवाना शुरू किया तो व्यापारी भड़क उठे। अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई में भेदभाव का आरोप लगाते हुए व्यापारियों ने प्रशासन और पुलिस अफसरों पर जमकर भड़ास निकाली। व्यापारियों में आक्रोश देख अफसर बचाव करते और समझाते दिखाई दिए। बहरहाल, हंगामे और नोंक झोंक के बीच शहर की बाजार में बुलडोजर लगातार गरजता रहा। हांलाकि इस पूरी कार्रवाई के दौरान कई बार माहौल तनाव पूर्ण नजर आया। मगर सिटी मजिस्ट्रेट पूजा मिश्रा, सीओ सिटी पियूष कुमार सिंह के नेतृत्व में भारी पुलिस बल के बीच मेगा मार्ट, हीरो एजेंसी समेत कई प्रतिष्ठानों के अवैध अतिक्रमण ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को अंजाम तक पहुंचाया गया। शहर के आंख अस्पताल चौराहे से गुरुवार की दोपहर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया। अग्रवाल हीरो एजेंसी, पंजाब फोटो स्टेट, गन हाउस, मेगा मार्ट समेत लालबाग चौराहे तक कचहरी वाली साइड में अवैध अतिक्रमण हटावाया गया। इस दौरान नाले पर पक्के निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त किया गया। दुकानों के बोर्ड व अस्थाई निर्माण भी हटवाकर नाला के ऊपर का हिस्सा साफ कराया गया। इस दौरान कई बार व्यापारियों का आक्रोश भी फूटा, व्यापारियों ने अतिक्रमण हटाओ कार्रवाई को कटघरे में खड़ा किया। व्यापारियों का आरोप है कि कार्रवाई निष्पक्ष नहीं की जा रही बल्कि भेदभाव किया जा रहा है। सिटी मजिस्ट्रेट और सीओ सिटी से व्यापारियों की नोंक झोंक भी हुई। बहरहाल आपाधापी और छिटपुट विरोध के बीच अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए अफसरों ने दोबारा अतिक्रमण न करने की व्यापारियों को हिदायत भी दी।

# विद्यालय में बाउंड्री वाल, क्लास में टाइल्स व बेंच की व्यवस्था के निर्देश



● बीडीओ ने जांच में दी नसीहत

संवाददाता । मोहम्मदी-खीरी

तहसीलदार सुशील प्रताप सिंह द्वारा गोद लिए गए प्राथमिक विद्यालय भड़िया का निरीक्षण किया गया। ग्राम प्रधान व खंड विकास अधिकारी से विद्यालय की बाउंड्रीवाल बनवाने, क्लास रूम में टाइल्स लगवाने व बच्चों के बैठने हेतु बेंच आदि की व्यवस्था कराने के संबंध में वार्ता की गई। खंड विकास अधिकारी द्वारा स्वयं विद्यालय का निरीक्षण कर उपरोक्त कार्य कराने को कहा गया है। ग्राम प्रधान द्वारा विद्यालय में इंटरलॉकिंग रोड का निर्माण करवाया गया है। ग्राम प्रधान द्वारा विद्यालय के सौंदर्यीकरण व अन्य संसाधनों की उपलब्धता शीघ्र करने को कहा गया है। आज से प्राथमिक विद्यालय में ग्रीष्मकालीन अवकाश हो रहा है। बच्चों को मिष्ठान वितरण किया गया एवं पेन दिया गया। अवकाश में भी बच्चों को घर पर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्राम प्रधान राजेश कुमार व अध्यापक सरबजीत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानाध्यापक की मेहनत से बदल गई विद्यालय की सूरत

● छात्र संख्या में भी हुआ इजाफा

● परिषदीय विद्यालय गदनिया बना बेस्ट स्कूल आफ द वीक





संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**पलिया ब्लॉक** के परिषदीय विद्यालय गदनिया ने शिक्षा के मामले में नई मिशाल पेश की है। ऐसा मानना जिला प्रशासन का है। जिला प्रशासन के मुताबिक स्कूल के शिक्षक आए दिन नवाचार करते रहते हैं। शिक्षकों के प्रयासों से विद्यालय में एक गार्डन बनाया गया। देखते ही देखते गार्डन के पेड़-पौधे विकसित होने लगे। हरी सब्जियों से लेकर औषधि, फल भी स्कूल में ही उगने लगे हैं जिससे स्कूल में चलने वाला मेस के लिए मीनू के आधार पर बच्चों को स्कूल में उगने वाली सब्जियों ही खाने में दी जा रही हैं। नतीजा यह है कि गांव के लोग अब प्राइवेट स्कूल छोड़ सरकारी की ओर रूख कर रहे हैं। इस विद्यालय को बेस्ट स्कूल आफ द वीक के लिए चयनित किया गया।

जिला सूचना अधिकारी कार्यालय से जारी प्रेसनोट के मुताबिक ब्लॉक पलिया की ग्राम पंचायत गदनिया में स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय को देखकर कोई नहीं कह सकता कि यह भी एक शासकीय स्कूल होगा। स्कूल में प्रवेश करते ही स्वच्छता अपने आप में विद्यालय की व्यवस्थाओं को दर्शाती हुई नजर आएगी। विद्यार्थियों के लिए विद्यालय में जो संसाधन और सुविधाएं मौजूद हैए वे निजी स्कूलों को भी पीछे छोड़ रही हैं। विद्यालय की शिक्षा व्यवस्था एवं हरे भरे बगीचे ने निजी स्कूलों को पछाड़ने का काम किया है। निजी स्कूलों के बच्चे भी इस विद्यालय में दाखिला लेने के लिए आतुर रहते हैं। विद्यालय में बच्चों के पीने के पानी के लिए आरओ एवं फ्रीजर लगा हुआ है। यहां पर दूर.दराज से बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए आ रहे हैं।

### प्रधानाचार्य ने वेतन से रखा चौकीदार

**खीरी** के सुदूरवर्ती ब्लॉक पलिया के संपूर्णानगर रोड पर स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के गदनिया के प्रधानाचार्य गौतम कुमार मिश्र बताते हैं कि विद्यालय आबादी से दूर होने के कारण रोपित पौधों व विद्यालय में उपलब्ध संसाधनों एवं सामान को सुरक्षित रख पाना किसी चुनौती से कम न था। इसलिए उन्होंने अपने वेतन से तीन हजार के मासिक भुगतान पर एक चौकीदार रखा। जो न केवल विद्यालय की रखवाली करता है बल्कि उनके विद्यालय में रोपित पौधों को देखभालए मिड डे मील के सामान सहित पूरे विद्यालय की सुरक्षा करता है।

# बिना एनओसी चल रहे ईट भट्टे पर प्रशासन ने की कड़ी कार्रवाई

● अवैध ासंचालकों में मचा हड़कंप

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**जनपद खीरी** में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन के नेतृत्व व निर्देशन में जन समस्याओं का तत्परता पूर्वक निस्तारण किया जा रहा है। उप जिलाधिकारी सदर राजेश कुमार ने उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी के बिना संचालित एक ईंट भट्ठे की शिकायत का संज्ञान लेकर भट्टे का संचालन बंद कराया। इससे अन्य भट्ठा मालिकों में हड़कंप मच गया।

उपजिलाधिकारी सदर राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें विभिन्न संचार माध्यमों के जरिए शिकायत मिली कि उप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की एनओसी बगैर अपोलो ईट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है। एसडीएम ने शिकायत का संज्ञान लेकर शिकायत की जांच के लिए एक टीम गठित की। गठित टीम में खनन अधिकारी सुरेंद्र सिंह नायब तहसीलदार अतुल सेन सिंह क्षेत्रीय लेखपाल एवं उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण विभाग के अफसर शामिल है। टीम ने स्थलीय जांच की। शिकायत सही पाए जाने पर गठित टीम ने जेसीबी के जरिए कच्ची ईंटों को न केवल नष्ट किया बल्कि अवैध भट्ठे के संचालन को बंद कराया। वही पूरे मामले की रिपोर्ट एसडीएम सदर को सौंपी।

# एसडीएम ने हटवाया अवैध टैक्सी स्टैंड



अवैध टैक्सी स्टैंड को हटवाते एसडीएम

संवाददाता। संडीला(हरदोई)

**एसडीएम** ने पुलिस बल के साथ पहुंचकर बस अड्डे पर संचालित हो रहे अवैध टैक्सी स्टैंड को हटवाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लखनऊ हरदोई बस स्टॉप पर सत्ता कं संरक्षण में चल रहे अवैध टैक्सी स्टैंड को एसडीएम देवेन्द्र पाल सिंह ने कोतवाल वीके मिश्रा तथा अधिशासी अधिकारी वीरेन्द्र प्रताप सिंह के साथ पहुंचकर उसे हटवाया। एसडीएम को फोर्स के साथ आता देख इस टैक्सी स्टैंड के कर्ता धर्ता पहले की रफूचक्कर हो गए थे। बताते चलें कि यह अवैध टैक्सी स्टैंड लगभग 15 साल से पुरानी तहसील के ठीक सामने संचालित हो रहा था। सत्ता बदलने के साथ इस अड्डे के संचालक भी बदल जाते थे लेकिन यह अड्डा उसी तरह अबाद गद से चलता रहता था। इस अवैध टैक्सी स्टैंड से प्रति माह लाखों रुपए की अवैध कमाई होती थी। अवैध जीपों में भूसे की तरह ठूस ठूसकर यात्रियों को भरा जाता था और कई बार जीपों के दुर्घटनाग्रस्त होने से कई लोगों की जानें भी गईं लेकिन सत्ता के संरक्षण से इस अड्डे पर कोई आंच नहीं आई। बाद में एसडीएम डीपी सिंह ने बताया कि लोगों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए तथा जाम की समस्या से राहत दिलाने के लिए यह अभियान शुरू किया गया है। उन्होंनें बताया कि जहां कहीं भी अवैध रूप से वाहनों का संचालन किया जा रहा है उसे हटवाया जाएगा और इसके संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# वाशिंदों की सेहत संवारेगा सरदार भगत सिंह खेल मैदान

संवाददाता । लखीमपुर खीरी



**खीरी में** मनरेगा में रोजगार के साथ ही अब ग्रामीणों की सेहत संवारने का खाका खींचा गया। सीएम के ड्रीम प्रोजेक्ट गांव में खेल मैदान को प्रशासन साकार करने के लिए जी.जान से जुटा है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की प्रेरणा व सीडीओ अनिल कुमार सिंह के निर्देश पर बांकेगंज ब्लाक की ग्राम तेंदुआ में करीब एक एकड़ भूमि पर मनरेगा योजना से शहीदे आजम सरदार भगत सिंह खेल मैदान की सौगात मिलने जा रही। बांकेगंज बीडीओ अरुण सिंह के पर्यवेक्षण में ग्रापं के तेंदुआ में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम ;मनरेगाद्ध से खेल का मैदान निर्माण हो जाने से क्षेत्रवासियों व ग्रामवासियों को एक उचित रमणीय स्थान प्राप्त हो सकाए जिससे वह प्रतिदिन व्यायामए खेलकूदए योगा आदि की एक उत्तम स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते हैं। हर्ष उल्लास, मनोरंजन एवं टहलने व बैठने के लिए एक उचित स्थान का निर्माण हो सका। उक्त कार्य हो जाने से ग्राम वासियों क्षेत्र वासियों में खुशी की लहर है। मनरेगा में श्रमिकों को काम मिलाए वही युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने के लिए मैदान। खेल मैदान में युवाओं के लिए ओपन जिम, बैडमिंटन कोर्ट, बाउंड्री निर्माण, वाकिंग पाथवे, योग स्थल, वालीबॉल कोर्ट, शोभादार, आयुर्वेदिक, छायादार व फलदार पौधरोपण, महिला-पुरुष शौचालय, स्नानघर व चेंजिंग रूम का निर्माण कराया जा रहा। इस खेल मैदान में विद्युतीकरण, स्ट्रीट लाइट, सौंदर्यकरण निर्माण कार्य, बेंच निर्माण एवं स्टेज निर्माण कार्य प्रगति पर है।

# अतिक्रमण को लेकर व्यापार मंडल व नागरिकों के बीच हुई अहम बैठक



**मोहम्मदी-खीरी।** तहसील सभागार में चेयरमैन संदीप मल्होत्रा की अध्यक्षता में की। बैठक को संबोधित करते हुए उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने कहा कि व्यापार मंडल सहित सभी वरिष्ठ जनों के विचारों को नोट किया गया है। जहां-जहां जो समस्या आई है या आएगी उसको नगर पालिका परिषद के माध्यम से दूर किए जाने का काम किया जाएगा। अतिक्रमण नगर पालिका परिषद के माध्यम से चलाया जा रहा है। पुलिस और प्रशासन के लोग नगरपालिका के सहयोगात्मक रूप में रहते हैं। किसी को कोई आपत्ति या शिकायत है तो हमें या पुलिस उपाधीक्षक को बता सकता है। अतिक्रमण हटाए जाने में आपका सहयोग जरूरी है वही तालाबों के संदर्भ में उप जिलाधिकारी ने कहा कि नगर के तालाबों का चिन्ही करण करा कर अतिक्रमण हटाया जाएगा। पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार वर्मा ने कहा कि सभी व्यापारी सीसीटीवी कैमरा लगवाएं तथा पालिथीन का प्रयोग न करें। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है पुलिस प्रशासन किसी द्वेष भावना के तहत काम नहीं करता है। सभी का सहयोग अपेक्षित हैं। बैठक में अधिशासी अधिकारी डीके मिश्रा, व्यापार मंडल के दोनों अध्यक्ष, हनुमान मंदिर और गुरुद्वारा कमेटी के अध्यक्ष सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में चेयरमैन संदीप ने आए हुए सभी लोगों का धन्यवाद दिया।

# दुनिया की नई उम्मीद के रूप में उभरा है भारतः मोदी

**भाषा।** वड़ोदरा



**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने कोविड महामारी और वैश्विक अशांति व संघर्षों के बीच एक सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में भारत की भूमिका का उल्लेख करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि देश आज दुनिया की नई उम्मीद के रूप में उभरा है और वह समस्याओं का समाधान पेश कर रहा है। गुजरात के वड़ोदरा शहर में कुंडलधाम स्थित स्वामीनारायण मंदिर और करेलीबाग के स्वामीनारायण मंदिर द्वारा आयोजित युवा शिविर को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वह एक ऐसे नए भारत के निर्माण में जुटे हैं जिसकी पहचान नई हो, जो भविष्य की ओर देखता हो लेकिन उसकी परम्पराएं प्राचीन हों। उन्होंने कहा, ऐसा नया भारत, जो नई सोच और सदियों पुरानी संस्कृति, दोनों को एक साथ लेकर आगे बढ़े, पूरी मानवजाति को दिशा दे। जहां चुनौतियां बड़ी हैं, भारत वहां उम्मीद बन रहा है, जहां समस्या है, भारत वहां समाधान पेश कर रहा है। मोदी ने कहा, कोविड महामारी के संकट के बीच दुनिया को टीके और दवाइयां पहुंचाने से लेकर बिखरी हुई आपूर्ति श्रृंखला के बीच आत्मनिर्भर भारत की उम्मीद तक, वैश्विक अशांति और संघर्षों के बीच शांति के लिए एक सामर्थ्यवान राष्ट्र की भूमिका तक, भारत आज दुनिया की नई उम्मीद है।

प्रधानमंत्री ने जलवायु परिवर्तन के खतरों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत ही है जो इसके समाधान को नेतृत्व दे रहा है। उन्होंने कहा कि भारत आज पूरी मानवता को योग का रास्ता दिखा रहा हैं और उसे आयुर्वेद की ताकत से परिचित करवा रहा है। उन्होंने कहा, हम सॉफ्टवेयर से लेकर स्पेस तक, एक नए भविष्य के लिए तत्पर देश के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने भारत की इन सफलताओं का श्रेय देश के युवाओं की सामर्थ्य को दिया और बढ़ती जनभागीदारी का जिक्र करते हुए कहा कि पहले जो लक्ष्य असंभव माने जाते थे, भारत उन क्षेत्रों में आज बढ़िया प्रदर्शन कर रहा है। इस कड़ी में उन्होंने स्टार्टअप का उल्लेख किया और कहा कि इस क्षेत्र में भारत आज दुनिया दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा इकोसिस्टम है और इसका नेतृत्व भी देश के युवा ही कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, शास्त्रों ने हमें सिखाया है कि किसी भी समाज का निर्माण, समाज की हर पीढ़ी में निरंतर चरित्र निर्माण से होता है और उसकी सभ्यता, उसकी परंपरा, उसके आचार-विचार, व्यवहार एक प्रकार से सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि से होता है। उन्होंने कहा, हमारी संस्कृति का सृजन, उसकी अगर कोई पाठशाला है, उसका अगर कोई मूल बीज है तो वो हमारे संस्कार होते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कार अभ्युदय शिविर देश के युवाओं के अभ्युदय के प्रयास के साथ ही समाज के अभ्युदय का भी एक स्वाभाविक पवित्र अभियान है। मोदी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा, हमारे नसीब में देश के लिए मरने का सौभाग्य नहीं मिला है, लेकिन देश के लिए जीने का सौभाग्य तो मिला ही है। तो देश के लिए जीना चाहिए, कुछ ना कुछ देश के लिए करना चाहिए। देश के लिए कुछ करना मतलब छोटी-छोटी चीजों से यह कार्य कर सकते हैं।

उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अगर 15 अगस्त, 2023 तक डिजिटल लेनदेन करें और नकदी का व्यवहार ना करें तो वह देश में एक बड़ी क्रांति ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि एक छोटे से प्रयास से ना जानें कितने लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने युवाओं से आग्रह किया कि वे स्वच्छता, कुपोषण से बच्चों को मुक्त कराने और प्लास्टिक के कचरे से मुक्ति सहित अन्य विषयों पर जागरूकता अभियान चलाएं। उन्होंने नागालैंड की एक युवती तिमसुतुला ईमसोंग का उल्लेख किया, जो उनके संसदीय क्षेत्र वाराणसी में पढ़ाई कर रही थी और कहा कि जब वह स्वच्छता अभियान चला रहे थे तो तब वह अकेले ही काशी के घाट साफ करने लगी थी। उन्होंने कहा कि बाद में कई लोग उसके साथ जुड़ गए। उन्होंने कहा, इससे संकल्प-शक्ति का परिचय मिलता है। प्रधानमंत्री ने आग्रह किया कि देश की सहायता करने के लिए बिजली बचाने या प्राकृतिक खेती को अपनाने जैसे छोटे उपाय किए जाने चाहिए।

### क्वाड शिखर बैठक में हिस्सा लेने के लिए तोक्यो जाएंगे प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 मई को तोक्यो में क्वाड नेताओं के तीसरे शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में क्वाड नेताओं को हिंद-प्रशांत के घटनाक्रम, समसामयिक वैश्विक मुद्दों पर विचारों के आदान-प्रदान का अवसर मिलेगा। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्त अरिंदम बागची ने साप्ताहित प्रेस वार्ता में संवाददाताओं को बताया कि इस बैठक में प्रधानमंत्री मोदी के अलावा जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे। उन्होंने बताया कि वे आस्ट्रेलिया के अपने समकक्ष के साथ भी द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं।

# भाई-बहन की पार्टी बन कर रह गयी है कांग्रेसः नड्डा

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बृहस्पतिवार को कहा कि क्षेत्रीय राजनीतिक दलों में विचारधारा किनारे हो गई और परिवार सामने आ गए हैं जबकि प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस अब ना तो राष्ट्रीय, ना भारतीय और ना ही प्रजातांत्रिक रही बल्कि भाई-बहन की पार्टी बनकर रह गई है। लोकतांत्रिक शासन के लिए वंशवादी राजनीतिक दलों के खतरे विषय पर यहां आयोजित एक राष्ट्रीय संगोष्ठी को संबोधित कर रहे नड्डा ने आरोप लगाया कि पारिवारवादी पार्टियों में एक व्यक्ति का हित सर्वोपरि रहता है और ऐसे दल लोकतंत्र के लिए खतरा हैं। मुंबई स्थित थिंक टैंक रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी (आरएमपी) के तत्वाधान में आयोजित एक संगोष्ठी का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में नड्डा ने कांग्रेस पर करारा प्रकार करते हुए और देश के तमाम क्षेत्रीय दलों की फेहरिस्त गिनाते हुए कहा कि संविधान जन्म के आधार पर किसी प्रकार के भेदभाव की इजाजत नहीं देता लेकिन ऐसे दलों में नेतृत्व के बारे में फैसला जन्म के आधार पर लिया जाता है और दूसरों को नजरअंदाज किया जाता है।

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), नेशनल कॉन्फ्रेंस, शिरोमणि अकाली दल, इंडियन नेशनल लोक दल, सपा, राजद, बीजद, वाईएसआर कांग्रेस, तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) और शिव सेना सहित विभिन्न राजनीतिक दलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि ए क्षेत्रीय पार्टियां अब परिवारवादी पार्टियों में तब्दील गई हैं। उन्होंने पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस को दीदी- भतीजे की पार्टी बताया और कहा कि झारखंड में बाबू जी (शिबू सोरेन) के बुजुर्ग होने के बाद बेटे (झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन) ने पार्टी संभाल ली है। नड्डा ने कहा, जो परिवारिक पार्टियां हैं, उनका उद्देश्य सिर्फ सत्ता पाना होता है। इनकी कोई विचारधारा नहीं है। इनके कार्यक्रम भी लक्ष्यविहीन होते हैं। इसी क्रम में कांग्रेस पर निशाना साधते हुए नड्डा ने कहा, कांग्रेस भी अब ना तो राष्ट्रीय रही, ना भारतीय और न ही प्रजातांत्रिक रही, यह भी भाई-बहन की पार्टी बनकर रह गई है। उनका इशारा स्पष्ट तौर पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा की ओर था। नड्डा ने कहा कि भाजपा एकमात्र राजनीतिक दल है जो विचारधारा और कैडर आधारित है,



जिसमें फैसले लोकतांत्रिक आधार पर लिए जाते हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि क्षेत्रीय पार्टियों का लक्ष्य किसी भी तरह से सत्ता में आना होता है और इसके लिए वे ध्रुवीकरण से भी गुरेज नहीं करते, वह चाहे जाति के आधार पर हो या धर्म के आधार पर हो। उन्होंने दावा किया, राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों को ताक पर रख दिया जाता है और सत्ता पाने के लिए ध्रुवीकरण किया जाता है।

नड्डा ने क्षेत्रीय दलों के उभार के लिए कांग्रेस को दोषी ठहराया और आरोप लगाया कि प्रमुख विपक्षी पार्टी ने राष्ट्रीय राजनीति में अपने प्रभुत्व के दौरान क्षेत्रीय आकांक्षाओं को तवज्जो नहीं दी। उन्होंने कहा कि भाजपा एकता और विविधता में विश्वास रखती है और राष्ट्रीय एकजुटता को मजबूत बनाए रखते हुए क्षेत्रीय आकांक्षाओं को भी तवज्जो देती है। नड्डा ने आरोप लगाया कि क्षेत्रीय पार्टियों में धीरे-धीरे कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है और अब उन क्षेत्रीय पार्टियों में विचारधारा किनारे हो गई है तथा परिवार आगे आ गए हैं। उन्होंने कहा, इस तरह से क्षेत्रीय पार्टियां, परिवारवादी पार्टियों में बदल गई हैं। जो परिवारिक पार्टियां हैं, उनका उद्देश्य सिर्फ सत्ता पाना होता है। इनकी कोई विचारधारा नहीं है। इनके कार्यक्रम भी लक्ष्यविहीन होते हैं। प्रजातांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक दल की महत्ता का उल्लेख करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि राजनीतिक दल अगर स्वस्थ हों तो प्रजातंत्र स्वस्थ रहता है और अगर वह अस्वस्थ हैं तो प्रजातंत्र अस्वस्थ हो जाता है और इससे धीरे-धीरे प्रजातांत्रिक व्यवस्था पर आघात होने लगता है। संगोष्ठी में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, केंद्रीय मंत्री व जनता दल यूनाईटेड के आरसीपी सिंह, ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के एम थंबी दुरई और भाजपा के राज्यसभा सदस्य विनय सहस्रबुद्धे सहित कई नेता उपस्थित थे।

# ईडी ने अश्लील फिल्म से जुड़े मामले में राज कुंद्रा के खिलाफ धन शोधन की जांच शुरू की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित अश्लील फिल्मों से जुड़े मामले में धनशोधन को लेकर जांच शुरू कर दी है। इस मामले में कारोबारी और बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को 2021 में मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। संघीय जांच एजेंसी ने कम से कम दो प्राथमिकियों और अदालत में दायर आरोप पत्र का अध्ययन करने के बाद धन शोधन रोकथाम अधिनियम कानून (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत एक शिकायत दर्ज की है।

कुंद्रा और उनके सहयोगी रयान थोर्पा को इस मामले में गिरफ्तार किया गया था और बाद में उन्हें जमानत दे दी गई थी। कुछ अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ईडी विशेष रूप से कोष के लेनदेन और कथित अपराध से अर्जित पैसे की जांच करेगा जो आरोपियों और अन्य ने इन फिल्मों के निर्माण और बिक्री के जरिए कमाए हो सकती हैं। 46 वर्षीय कुंद्रा को पिछले साल मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने भारतीय दंड संहिता, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और महिलाओं के अश्लील प्रतिनिधित्व (निषेध) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में गिरफ्तार किया था। कारोबारी ने पिछले साल मुंबई की एक स्थानीय अदालत को बताया था कि अभियोजन पक्ष के पास उन्हें कथित अश्लील फिल्मों के प्रसारण के लिए इस्तेमाल किए गए ऐप हॉटशॉट्स से जोड़ने लायक सबूत तक नहीं हैं। जांच एजेंसी के मुताबिक, हॉटशॉट्स ऐप का इस्तेमाल आरोपियों ने अश्लील सामग्री को अपलोड करने और प्रसारित करने के लिए किया था। पुलिस ने कहा था कुंद्रा के फोन में आर्थिक लेनदेन के बारे में व्हाट्सएप चैट थे। इस बातचीत से यह भी पता चला है कि उन्होंने 119 वयस्क फिल्मों को एक व्यक्ति को 12 लाख डॉलर में बेचने के लिए कथित तौर पर चर्चा की थी।

# जब नक्सली संविधान में विश्वास व्यक्त करेंगे, तब होगी उनसे बातचीतः बघेल

**भाषा।** रायपुर

**छत्तीसगढ़** के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि जब नक्सली संविधान में विश्वास व्यक्त करेंगे तभी उनसे शांति वार्ता होगी। बघेल अपनी जनसंपर्क यात्रा भेंट मुलाकात के दूसरे चरण के दौरान बस्तर क्षेत्र के सुकमा जिले में संवाददाताओं से बात कर रहे थे। जब संवाददाताओं ने बघेल से कहा कि माओवादियों ने सरकार के साथ बातचीत के लिए शर्तें तय की हैं। तब बघेल ने कहा कि बस्तर में इससे अच्छा वातावरण नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा, सुकमा वह इलाका है जहां से (राज्य में) नक्सलवाद की शुरुआत हुई थी। अब उन्हें यहां पीछे धकेल दिया गया है और उनका प्रभाव कम हो गया है। अगर वे (नक्सल) बातचीत चाहते हैं, तो हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं, लेकिन केवल एक शर्त पर कि उन्हें संविधान में विश्वास व्यक्त करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं उनसे किस आधार पर बात करूंगा? भारत एक संघीय गणराज्य है, और एक राज्य का मुख्यमंत्री होने के नाते, अगर मैं किसी से आमने-सामने बात करता हूं, तो सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि दूसरे व्यक्ति को संविधान में विश्वास व्यक्त करना चाहिए। यदि आप भारतीय संविधान में विश्वास नहीं करते हैं तो मैं आपसे बात नहीं कर सकता।

बघेल ने कहा कि वह बातचीत के लिए सुकमा या कहीं भी आएंगे, लेकिन केवल एक शर्त पर कि नक्सली संविधान में विश्वास व्यक्त करें। इस महीने की शुरुआत में माओवादियों ने एक बयान में कहा था कि वे सरकार से बातचीत के लिए तैयार हैं। माओवादियों ने इस दौरान जेल में बंद उनके नेताओं की रिहाई और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से सुरक्षा बलों की वापसी की शर्त भी रखी थी।

वहीं राज्य के गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने माओवादियों की शर्तों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा था कि बातचीत बिना शर्त होगी। अपने जनसंपर्क अभियान के दूसरे चरण के तहत बघेल बुधवार को अपनी सरकार के कामकाज और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन से संबंध में लोगों की प्रतिक्रिया लेने के लिए सुकमा पहुंचे थे। बृहस्पतिवार को वह सुकमा से पड़ोसी जिले बीजापुर के लिए रवाना हुए। गौरतलब है कि राज्य के नक्सल प्रभावित बस्तर क्षेत्र के सुकमा जिले में नक्सलियों ने कई घटनाओं को अंजाम दिया है। बस्तर पिछले लगभग तीन दशकों से अधिक समय से नक्सल समस्या से जूझ रहा है।

# ब्रिक्स को सम्प्रभु समानता एवं क्षेत्रीय अखंडता की प्रतिबद्धता पर खरा उतरना चाहिए : जयशंकर

**भाषा।** नई दिल्ली

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने ब्रिक्स समूह की डिजिटल बैठक में बृहस्पतिवार को कहा कि यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव के कारण ऊर्जा, खाद्य एवं अन्य उत्पादों की लागत में तीव्र वृद्धि हुई तथा विकासशील देशों को ध्यान में रखते हुए इसे कम किया जाना चाहिए। चीन, रूस एवं दो अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की मौजूदगी में जयशंकर ने यह भी कहा कि ब्रिक्स ने बार-बार संप्रभु समानता, क्षेत्रीय अखंडता, अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति सम्मान की पुष्टि की है तथा समूह को इन प्रतिबद्धताओं पर खरा उतरना चाहिए। ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद, विशेषकर सीमापार आतंकवाद को लेकर निश्चित रूप से कतई बर्दाश्त न करने का रुख दर्शाना चाहिए। गौरतलब है कि ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) पांच बड़े विकासशील देशों का समूह है जो 41 प्रतिशत वैश्विक आबादी, 24 प्रतिशत वैश्विक जीडीपी तथा 16 प्रतिशत वैश्विक कारोबार का प्रतिनिधित्व करता है। इस बैठक की मेजबानी चीन ने की है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, यूक्रेन संघर्ष के प्रभाव के कारण ऊर्जा, खाद्य एवं अन्य उत्पादों की लागत में तेज वृद्धि हुई। विकासशील दुनिया के लिए इसे कम किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, ब्रिक्स ने बार-बार संप्रभु समानता, क्षेत्रीय अखंडता, अंतरराष्ट्रीय कानून के प्रति सम्मान की पुष्टि की। हमें इन प्रतिबद्धताओं पर खरा उतरना चाहिए। विदेश मंत्री जयशंकर की यह टिप्पणी ऐसे समय में काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है जब एक तरफ पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद लम्बा खींच रहा है तो दूसरी ओर यूक्रेन के खिलाफ रूस का सैन्य अभियान भी जारी है।



अगरतला में भारी बारिश से सड़कों पर पानी भर जाने से डूबी हुई गाड़ियां।

### तिब्बती मुद्दों के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक ने दलाई लामा से मुलाकात की

**धर्मशाला (हिप्र)।** तिब्बती मामलों के लिए अमेरिका की विशेष समन्वयक उजरा जेया ने दलाई लामा से मुलाकात की तथा भारत और अमेरिका में स्वतंत्रता एवं लोकतंत्र की समृद्ध परंपराओं के बारे में चर्चा की। तिब्बत की निर्वासित सरकार ने एक प्रेस बयान में कहा कि संक्षिप्त वार्ता के दौरान जेया ने दलाई लामा को अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन और अमेरिका के लोगों की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने दलाई लामा के शांति के संदेशों के लिए विश्व की ओर से आभार जताया। तिब्बती नेता पेनपा शेरिंग, नोरजिन डोल्मा और नामगयाल चोयडुप तथा अमेरिका की विशेष समन्वयक के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य भी शामिल हुए। दलाई लामा ने कहा कि उनकी ओर से सर्वेश्रेष्ठ प्रयास किए जाने के बावजूद तिब्बती लोगों को दिल जीतने और उनका मन बदलने में चीन नाकाम रहा है। उन्होंने कहा कि इसके बजाय उन्हें ऐसा लगता है कि चीन के लोग ही तेजी से बदल रहे हैं।

## क्विक न्यूज

### श्रद्धालुओं को दो साल के बाद भगवान जगन्नाथ का स्नान अनुष्ठान देखने की अनुमति

**पुरी।** ओड़ीशा के पुरी में दो साल के बाद श्रद्धालुओं को भगवान जगन्नाथ एवं उनके भाई -बहन को स्नान कराने के धार्मिक उत्सव को देखने की अनुमति दी गई है। 12 वी शताब्दि में निर्मित इस मंदिर के बाहर 14 जून को इस धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जाएगा। स्नान यात्रा में जनभागीदारी की अनुमति देने का निर्णय श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) ने सेवादारों के साथ एक बैठक के बाद लिया। पिछले दो वर्षों से, कोविड-19 के मामलों में वृद्धि के बीच, श्रद्धालुओं को स्नाना यात्रा मे शामिल होने की अनुमति नही दी जा रही थी। एसजेटीए के अधिकारी दुर्गा दास महापात्र ने बताया कि इस बार श्रद्धालु 14 जून को ग्रैंड रोड से भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र, भगवान सुदर्शन और देवी सुभद्रा के साथ-साथ स्नान वेदी के दर्शन कर पाएंगे। उसी दिन इन देवताओं को हाती भेस (हाथी पोशाक) से सजाया जाएगा। हालांकि, एसजेटीए ने अभी तक एक जुलाई को रथ यात्रा मे श्रद्धालुओं की भागीदारी पर कोई फैसला नही किया है।

### चेक बाउंस मामलों के निस्तारण के लिए विशेष अदालत गठित करें: उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने चेक बाउंस के मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए एक सितंबर से पांच राज्यो मे सेवानिवृत्त न्यायाधीश के साथ विशेष अदालतो के गठन का निर्देश बृहस्पतिवार को दिया। न्यायमूर्ति एल. नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति एस. रवींद्र भट ने कहा कि महाराष्ट्र, दिल्ली, गुजरात, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में बड़ी संख्या में लंबित मुकदमों को देखते हुए परक्राम्य लिखत अधिनियम (नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट) के तहत इन राज्यो मे विशेष अदालते गठित की जाएगी। पीठ ने कहा, हमने पायलट अदालतो के गठन के संबंध में न्याय मित्र के सुझावों को शामिल किया है और हमने समय सीमा भी दी है। यह एक सितंबर 2022 के बाद से शुरू होनी है। पठी ने कहा कि इस अदालत के महासचिव यह सुनिश्चित करेंगे कि मौजूदा आदेश की प्रति सीधा इन पांच उच्च न्यायालयो के महापंजीयक को मिले, जो उसे तत्काल कार्रवाई के लिए मुख्य न्यायाधीशों के समक्ष पेश कर सकते है। उच्चतम न्यायालय ने अपने महासचिव को इस आदेश के बारे मे इन राज्यो के उच्च न्यायालयो के महापंजीयक को सूचित करने का निर्देश दिया और उन्हे इसके अनुपालन पर 21 जुलाई 2022 तक एक हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया है।

### सीएम के खिलाफ टिप्पणी पर केपीसीसी प्रमुख के खिलाफ मामला दर्ज

**कोच्चि।** केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर आगामी त्रिक्काकरा विधानसभा उपचुनाव के संबध मे कथित तौर पर घृणित टिप्पणी करने के आरोप मे केपीसीसी अध्यक्ष के.सुधाकरण के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह कार्वाई सुधाकरण द्वारा की गई कथित टिप्पणी के दो दिन बाद की है। कांग्रेस ने इस कार्वाई की निंदा करते हुए कहा कि यह मामला कानूनन नही टिकेगा। पुलिस ने सुधाकरण के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धारा 153 (दंगा भड़काने के लिए उकसाना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पलारिवत्तम पुलिस ने यह कार्वाई एक माकपा कार्यकर्ता की शिकायत के आधार पर की है। पुलिस ने बताया कि इस मामले मे आगे की कार्वाई के बारे पर बाद मे फैसला किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विजयन के धुर विरोधी सुधाकरण ने हाल मे एक ऑनलाइन चैनल को दिए गए साक्षात्कार मे कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी की थी। साक्षात्कार का वीडियो वायरल होने के बाद माकपा नेताओं ने सुधाकरण से मामले मे माफी की मांग की। वही, केपीसीसी ने बृहस्पतिवार को उसके अध्यक्ष के खिलाफ की गई पुलिस कार्वाई की निंदा की। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल ने यह कार्वाई त्रिक्काकरा मे हार के डर से की है। केपीसीसी महासचिव यू राधाकृष्णन ने यहां जारी एक बयान मे कहा कि कांग्रेस की मंडलम समितियों द्वारा पूरे राज्य में पुलिस कार्वाई के खिलाफ मार्च निकाला जाएगा।

### सर्वोच्च न्यायालय हेमंत सोरेन के खिलाफ जांच से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करेगा

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों तथा साथियों द्वारा चलाई जा रही कुछ छद्म कंपनियों को खनन पट्टों की कथित मंजूरी को लेकर सीबीआई तथा प्रवर्तन निदेशालय की जांच से जुड़ी याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई के लिए राजी हो गया। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमण और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और मुकुल रोहतगी की दलीलों पर गौर किया कि यह एक गंभीर मामला है, जिसमें जांच एजेंसी नोटिस जारी करने से पहले झारखंड उच्च न्यायालय में सीलबंद लिफाफे मे दस्तावेज दाखिल कर रही है। उन्होने दलील दी कि जांच एजेंसी दूसरे पक्ष को भी यह दस्तावेज नही दे रही है। इस पर पीठ ने कहा, हम इसे कल सूचीबद्ध करेंगे। वरिष्ठ अधिवक्ताओं मे से एक ने कहा, यह गंभीर मामला है। झारखंड उच्च न्यायालय मे एक जनहित याचिका दाखिल की गई है जिसे अभी स्वीकार नही किया गया है।

# भाजपा या आप में शामिल होने पर फिलहाल कोई निर्णय नहीं लिया: हार्दिक पटेल



**अहमदाबाद।** कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा देने के एक दिन बाद पाटीदार नेता हार्दिक पटेल ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने पार्टी में अपने तीन साल बर्बाद कर दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि फिलहाल उन्होंने आप या भाजपा में शामिल होने पर कोई निर्णय नहीं लिया है। पटेल (28) ने अयोध्या मामले में भाजपा की भूमिका की सराहना की और अनुच्छेद 370 के प्रावधान निरस्त करने के लिए भी पार्टी की प्रशंसा की। कांग्रेस का कोई दृष्टिकोण नहीं है और पार्टी के नेता गुजराती लोगों से पक्षपात करते हैं। गुजरात में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और पटेल ने बुधवार को यह कहते हुए कांग्रेस की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया कि पार्टी के शीर्ष नेताओं का ध्यान अपने मोबाइल फोन में लगा रहता है और गुजरात कांग्रेस के नेता उनके लिए चिकन सैंडविच का प्रबंध करने में लगे रहते हैं।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह भारतीय जनता पार्टी या आप में शामिल हो सकते हैं, पटेल ने कहा, मैंने अभी तक किसी राजनीतिक दल में शामिल होने के बारे में कोई निर्णय नहीं लिया है चाहे वह भाजपा हो या आप। मैं जो भी फैसला लूंगा, जनता के हितों को देखते हुए लूंगा। पटेल के अनुसार, कांग्रेस से उनकी सबसे बड़ी शिकायत यह थी कि जुलाई 2020 में पार्टी की प्रदेश इकाई का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए जाने के बावजूद उन्हें कोई सार्थक भूमिका नहीं दी गई। यह तथ्य है कि कांग्रेस को 2017 विधानसभा चुनाव में पाटीदार आरक्षण आंदोलन (जिसका नेतृत्व पटेल ने किया था) के कारण बहुत फायदा हुआ था। कार्यवाहक अध्यक्ष बनाए जाने के बावजूद मुझे कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई। मुझे पार्टी की अहम बैठकों में भी नहीं बुलाया जाता था। पार्टी ने तीन साल में मेरी एक प्रेस वार्ता तक आयोजित नहीं की। कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि पार्टी कभी हिंदुओं के मुद्दों, जैसे कि सीएए या वाराणसी की मस्जिद में मिले (कथित) शिवलिंग आदि पर कुछ नहीं बोलती। पटेल ने कहा, अयोध्या मामले में सत्तारूढ़ भाजपा के प्रयासों की सराहना की जानी चाहिए। मैंने उच्चतम न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया था और मेरे परिवार ने राम मंदिर निर्माण के लिए 21 हजार रुपए दान भी दिए थे। भाजपा ने अनुच्छेद 370 को हटाकर भी अच्छा काम किया। जो अच्छा है उसे अच्छा कहने में मुझे कोई संकोच नहीं। गुजरात कांग्रेस में जातीय राजनीति बहुत ज्यादा होती है और इसी आधार पर चुनाव में टिकट वितरण तथा पार्टी के पदाधिकारियों की नियुक्ति होती है।

# भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही, तुगलकी राज चला रही : ममता

**झाड़ग्राम (पश्चिम बंगाल)।** स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) भर्ती घोटाले को लेकर जारी विवाद के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वह देश में तुगलकी राज चला रही है। ममता ने केंद्र पर यह भी आरोप लगाया कि पह राजनीतिक हिसाब-किताब चुकता करने के लिए संघीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। उन्होंने दावा किया कि राज्य की पूर्ववर्ती वाम मोर्चा सरकार के कार्यकाल के दौरान सरकारी नौकरियों की भर्ती में कई विसंगतियां थीं और वह उससे जुड़ी जानकारी जल्द साझा करेंगी। एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, भाजपा देश में तुगलकी शासन चला रही है और देश को बांटने की कोशिश कर रही है। वे केंद्रीय एजेंसियों को नियंत्रित कर रहे हैं और उनका इस्तेमाल राजनीतिक प्रतिशोध के लिए कर रहे हैं। ममता ने 14वीं सदी के दिल्ली सल्तनत के शासक मुहम्मद-बिन-तुगलक का जिक्र करते हुए यह कहा।



मुख्यमंत्री ने कहा, नियुक्तियों में विसंगतियों को लेकर काफी कुछ कहा जा रहा है। अगर किसी ने कुछ गलत किया है, तो कानून अपना काम करेगा। किन्तु, यह दुष्प्रचार अभियान बंद होना चाहिए। वाम मोर्चे की सरकार के दौरान एक कागज के टुकड़े पर नाम लिखकर देने से ही नौकरी मिल जाती थी। मैं इन अनियमितताओं का जल्द खुलासा करूंगी। पश्चिम बंगाल के सरकारी स्कूलों में नियुक्तियों में पाई गई कथित अनियमितता के सिलसिले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने राज्य के मंत्री पार्थ चटर्जी से बुधवार शाम तीन घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की थी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के निर्देश पर चटर्जी सीबीआई के अधिकारियों के समक्ष पेश हुए थे। अदालत ने भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं को सार्वजनिक घोटाला करार दिया था। ममता ने कहा कि अगर कुछ गलत है, तो इसे उचित कानून के माध्यम से ठीक किया जाना चाहिए। लेकिन अगर भाजपा को लगता है कि वह हमें क्रूरता के साथ बलपूर्वक चुप करा सकती है, तो यह गलत है। ममता ने कहा कि भाजपा विधानसभा चुनाव हार गई, लेकिन उसे (भाजपा को) अब ऐसा लगता है कि वह वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले कुछ जनाधार बना सकती है। ममता ने कहा कि भाजपा ने देश के सभी संस्थानों को नष्ट कर दिया है। उन्होंने कहा कि भगवा पार्टी ने राज्य को बदनाम करने के लिए दुष्प्रचार अभियान चलाया है।

# अनाज का वितरण कोविड-19 रोधी टीकों की तरह नहीं होना चाहिए: भारत

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने अनाज** की कीमतों में अनुचित वृद्धि के बीच उसकी जमाखोरी और वितरण में भेदभाव पर चिंता व्यक्त करते हुए बुधवार को पश्चिमी देशों से आह्वान किया कि अनाज का बंटवारा कोविड-19 रोधी टीकों की तरह नहीं होना चाहिए। उसने कहा कि गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने के उसके फैसले से यह सुनिश्चित होगा कि वह जरूरतमंद लोगों की जरूरतों को पूरा कर सकता है।

विदेश राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन ने बुधवार को यहां कहा, कम आय वाले विभिन्न वर्ग आज अनाज की बढ़ती कीमतों और उनकी पहुंच तक मुश्किल की दोहरी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। यहां तक कि


विदेश राज्यमंत्री वी. मुरलीधरन

पर्याप्त भंडार वाले भारत जैसे देशों ने खाद्यान्न में अनुचित वृद्धि देखी है। यह साफ है कि जमाखोरी की जा रही है। हम इसे ऐसे ही चलने नहीं दे सकते। मुरलीधरन ग्लोबल फूड सिक्योरिटी कॉल टू एक्शन पर मंत्री स्तरीय बैठक में बोल रहे थे, जिसकी अध्यक्षता अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने की। यह बैठक ऐसे

### ● गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध का मामला

समय में हुई है जब भारत ने गत शुक्रवार को झुलसाने वाली गर्मी के कारण गेहूं की कमी के बीच बढ़ती कीमतों पर लगाम लगाने की कवायद में गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। इस फैसले का मकसद गेहूं और गेहूं के आटे की खुदरा कीमतों को काबू में करना है, जो पिछले एक साल में औसतन 14 से 20 फीसदी तक बढ़ गई है। साथ ही इसका उद्देश्य पड़ोसी और कमजोर देशों की खाद्यान्न आवश्यकताओं को पूरा करना है। विदेशी व्यापार महानिदेशालय ने पिछले सप्ताह एक अधिसूचना में कहा कि केंद्र सरकार की अनुमति के आधार पर गेहूं के निर्यात को मंजूरी दी जाएगी। भारत ने उच्च स्तरीय बैठक में संयुक्त राष्ट्र में पहली बार गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध के मुद्दे पर अपनी बात रखी। मुरलीधरन ने कहा कि भारत सरकार गेहूं की वैश्विक कीमतों में अचानक आई वृद्धि को स्वीकार करती है, जिससे हमारी और हमारे पड़ोसियों तथा अन्य कमजोर देशों की खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। हमारी अपनी खाद्य सुरक्षा से निपटने तथा पड़ोसी और अन्य कमजोर विकासशील देशों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, हमने 13 मई 2022 को गेहूं के निर्यात के संबंध में कुछ उपायों की घोषणा की। भारत ने पश्चिमी देशों से आह्वान किया और उन्हें आगाह किया कि अनाज का मुद्दा कोविड-19 रोधी टीकों की तरह नहीं होना चाहिए।

## कान फिल्म महोत्सव में दिखाई जाएंगी रहमान की दो फिल्में

भाषा। कान (फ्रांस)

**कान फिल्म** महोत्सव में अगले एक सप्ताह के दौरान कई भारतीय फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस बार भारत कंट्री ऑफ ऑनर के रूप में इस महोत्सव का सह मेजबान है। कान फिल्म मार्केट में दिखाई जाने वाली फिल्मों में, दो बार ऑस्कर जीत चुके संगीतकार ए. आर. रहमान की निर्देशक के तौर पर पहली फिल्म ला मस्क शामिल है। इस फिल्म को एक्स आर कार्यक्रम के तहत प्रदर्शित किया जाएगा। रहमान की पत्नी सायरा के विचारों पर आधारित इस फिल्म में हैप्टिक्स जैसी तकनीक का प्रयोग किया गया है। महोत्सव के इंटरनेशनल विलेज के इंडिया पैविलियन के बाहर रहमान ने मजाक में कहा, मैं बाजार में हूं। अंग्रेजी भाषा की 36 मिनट की फिल्म ला मस्क की कहानी एक संगीतकार महिला के जीवन पर आधारित है।


कान फिल्म फेस्टिवल के दौरान भारतीय फिल्म अभिनेत्री एश्वर्या राय व एल फैनिंग पोज देते हुए

## माउंट एवरेस्ट पर दुनिया का सबसे ऊंचा मौसम केंद्र स्थापित किया गया

भाषा। काठमांडू

**नेशनल ज्योग्राफिक** सोसाइटी के विशेषज्ञ दल ने माउंट एवरेस्ट पर 8,830 मीटर की ऊंचाई पर दुनिया का सबसे ऊंचा मौसम केंद्र स्थापित किया है जिससे मौसम संबंधी अनेक घटनाक्रमों को स्वत: मापा जा सकेगा। नेपाल की मीडिया में बृहस्पतिवार को यह खबर सामने आई। नेपाल के जलविज्ञान और मौसमविज्ञान के विभाग (डीएचएम) ने कहा कि स्वचालित मौसम केंद्र को पिछले सप्ताह पर्वत के शिखर बिंदु (8,848.86 मीटर) से कुछ नीचे स्थापित किया गया है क्योंकि पर्वत की चोटी पर पड़ने वाली बर्फ उपकरण लगाने के लिहाज से कारगर नहीं है। सौर ऊर्जा से संचालित मौसम निगरानी प्रणाली से वायु तापमान, हवा की गति और दिशा, हवा का दबाव, बर्फ की सतह की ऊंचाई में बदलाव आदि मौसम विज्ञान संबंधी घटनाक्रम को मापा जा सकता है।

### यमन के होदेदा बंदरगाह में जहाज पर हमला : ब्रिटिश सेना

**दुबई।** युद्धग्रस्त यमन के तट पर बृहस्पतिवार को लाल सागर में एक जहाज पर हमला हुआ। ब्रिटिश सेना द्वारा संचालित एक निगरानी समूह ने यह जानकारी दी। यूनाइटेड किंगडम समुद्री व्यापार संचालन समूह के मुताबिक, हमला बंदरगाह शहर होदेदा में हुआ। समूह ने घटना के बारे में विस्तार से बताए बिना कहा कि जांच जारी है। अमेरिकी नौसेना के मध्यपूर्व स्थित पांचवें बेड़े ने कहा कि उसे हमले की जानकारी थी, लेकिन उसने आगे किसी प्रकार की टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। सऊदी के नेतृत्व वाला गठबंधन मार्च 2015 से ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों के खिलाफ युद्ध पर है, जिन्होंने लंबे समय से यमनी राजधानी सना और होदेदा पर कब्जा कर रखा है।

## आतंकवाद पर लगाम कसने के लिए अफगानिस्तान के तालिबान शासन पर है नजर : बिलावल

भाषा। न्यूयॉर्क/इस्लामाबाद

**पाकिस्तान के** विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि क्षेत्र में आतंकवादी गतिविधियों में वृद्धि के बीच पाकिस्तान को उम्मीद है कि अफगानिस्तान में तालिबान शासन अपनी ज़मीन को आतंकवाद के लिए इस्तेमाल नहीं होने देने की अपनी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धता पर खरा उतरेगा। बिलावल ने कहा कि अफगानिस्तान में हो रही घटनाओं का पाकिस्तान में लोगों के जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ता है। पहली विदेश यात्रा पर कहा कि इस्लामाबाद पड़ोसी देश काबुल में पैदा हो रहे मानवीय संकट के आलोक में कट्टर इस्लामवादियों के साथ साझेदारी की वकालत करता रहेगा। पूर्व आईएसआई प्रमुख और वर्तमान पेशावर कोर कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद के नेतृत्व में एक पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को अफगानिस्तान में एक बैठक में, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान आतंकवादी समूह ने कबायली नेताओं की मांगों पर संघर्ष विराम को 30 मई तक बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने एक साक्षात्कार में पाकिस्तानी सेना और प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के बीच घोषित संघर्ष विराम के बारे में पूछे जाने पर कहा, हम न केवल स्थिति पर निगरानी रखते हैं, बल्कि यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी तरफ से काम करते हैं कि आतंकवाद के खतरे से निपटने की कोशिश कर सकें।

### पाकिस्तान ने यासीन मलिक के खिलाफ आरोप तय करने पर भारतीय दूतावास प्रभारी को किया तलब

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने भारतीय दूतावास प्रभारी को यहां विदेश मंत्रालय में तलब कर उन्हें आपत्ति संबंधी एक दस्तावेज (डिमार्श) सौंपा है, जिसमें कश्मीरी अलगाववादी नेता यासीन मलिक के खिलाफ 'मनगढ़ंत आरोप' लगाए जाने की कड़ी निंदा की गई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बुधवार देर रात एक बयान में कहा कि कश्मीरी हुर्रियत नेता मलिक फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में कैद है। बयान में कहा गया भारतीय दूतावास को पाकिस्तान की गंभीर चिंता से अवगत कराया गया कि भारत सरकार ने कश्मीरी नेतृत्व की आवाज़ को दबाने के लिए उन्हें (मलिक को) फर्जी मामलों में फंसाया है।

## बाइडन जापान जाएंगे, प्रधानमंत्री मोदी के साथ करेंगे द्विपक्षीय बैठक

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति जो बाइडन क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए जापान जाएंगे और इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलीवन ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्वाड में भारत,आस्ट्रेलिया,जापान और अमेरिका शामिल हैं। सुलीवन ने व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा, हमारा मानना है कि यह सम्मेलन यह प्रदर्शित करेगा कि लोकतंत्र काम करता है तथा साथ मिलकर काम कर रहे ए चार देश खुले एवं स्वतंत्र हिंद-प्रशांत के सिद्धांत की रक्षा करेंगे और उसे बरकरार रखेंगे। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार ने कहा कि बाइडन तोक्यो में एक नई एवं महत्वाकांक्षी आर्थिक पहल की नींव भी रखेंगे।

## ससंद ने सर्वसम्मति से ब्रिजेट ब्रिंक को यूक्रेन की नई अमेरिकी राजदूत नियुक्त किया

**वाशिंगटन।** संसद ने बुधवार देर रात ब्रिजेट ब्रिंक को यूक्रेन में अमेरिकी राजदूत नियुक्त किए जाने की पुष्टि कर दी। अमेरिका ने अपने राजनयिकों को फिर से कीव भेजने की योजना बनाई है जिन्हे यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्वाई के बीच वापस बुला लिया गया था। पूर्व सोवियत संघ के साए में अपने करियर का बड़ा समय व्यतीत करने वाली, विदेश सेवा की वयोवृद्ध अधिकारी को पिछले महीने राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इस पद के लिए नामित किया था। औपचारिक मतदान के बिना ससंद मे सर्वसम्मति से उनके नाम की पुष्टि की गई। तीन महीने पहले यूक्रेन के खिलाफ रूस की सैन्य कार्वाई युद्ध शुरू होने पर अमेरिकी राजदूत कीव से वापस लौट आए थे।

### जॉर्डन के नरेश ने सौतेले भाई को नजरबंद करने की औपचारिक तौर पर मंजूरी दी

**यरूशलम।** जॉर्डन के नरेश ने अपने सौतेले भाई के साथ चल रहे विवाद को सार्वजनिक करते हुए उन्हे घर में नजरबंद करने की औपचारिक रूप से मंजूरी दे दी है। किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने बृहस्पतिवार को जारी एक सार्वजनिक पत्र मे अभूतपूर्व रूप से कठोर शब्दों का इस्तेमाल करते हुए अपने सौतेले भाई प्रिंस हमजा को सनकी भी कहा। इस पत्र मे किंग अब्दुल्ला द्वितीय ने कहा कि उन्होंने प्रिंस हमजा को उनके महल मे नजरबंद करने के कदमों को मंजूरी दी है और उनके संवाद-संचार एवं आवाजाही पर रोक लगा दी है।

### पूर्वी तिमोर के राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे जोस रामोस होरता

**डिली(पूर्वी तिमोर)।** पूर्वी तिमोर के पूर्व स्वतंत्रता सेनानी और नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित जोस रामोस-होरता एशिया के सबसे नए देश के राष्ट्रपति के तौर पर बृहस्पतिवार को शपथ लेने वाले है। पूर्वी तिमोर, इंडोनेशिया से अपनी आजादी की 20वी वर्षगांठ मना रहा है, जिसने उस पर 1975 मे आक्रमण किया था। देश की राजधानी डिली मे बैनर-पोस्टर से छाए हुए हैं। इंडोनेशिया के कब्जे के दौरान प्रतिरोध का नेतृत्व करने वाले रामोस होरता (72) मध्य रात्रि से कुछ ही समय पहले राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे।

## निवेशकों के 6.71 लाख करोड़ रुपए डूबे

### ● भारी बिकवाली से सेंसेक्स 1416 अंक टूटा

भाषा। मुंबई







**वैश्विक** बाजारों में भारी बिकवाली के बीच स्थानीय बाजार भी बृहस्पतिवार को भारी नुकसान के साथ बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,400 अंक से अधिक टूट गया।

बिकवाली के व्यापक रुख के बीच सेंसेक्स और निफ्टी दोनों 2.60 प्रतिशत से अधिक के नुकसान में रहे। विदेशी निवेशकों की घरेलू बाजारों में लगातार निकासी और रुपए के डॉलर के मुकाबले सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंचने से भी बाजार की धारणा प्रभावित हुई है। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,416.30 अंक यानी 2.61 प्रतिशत का गोता लगाकर 52,792.23 अंक पर आ गया। यह पिछले दो महीने में इसकी सबसे बड़ी गिरावट है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 430.90 अंक यानी 2.65 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 15,809.40 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजारों में गिरावट के साथ बीएसई में सूचीबद्ध सभी कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 6.71 लाख करोड़ रुपए घटकर 2,49,06,394.08 करोड़ रुपए रह गया। सेंसेक्स की कंपनियों में सबसे अधिक सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों में गिरावट हुई। इस दौरान विप्रो का शेयर 6.21 प्रतिशत लुढ़क गया तथा एचसीएल टेक, इंफोसिस, टीसीएस, टेक महिंद्रा, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं दूसरी तरफ, आईटीसी का शेयर 3.43 प्रतिशत तक चढ़ गया। साथ ही डॉ रेड्डीज और पावर ग्रिड के शेयर इस दौरान लाभ के साथ बंद हुए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज में अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी खुदरा विक्रेताओं के ताजा वित्तीय नतीजों में उच्च खुदरा मुद्रास्फीति का असर देखा गया, जिसके चलते वॉल स्ट्रीट में गिरावट आई। उन्होंने कहा, आर्थिक मंदी की बढ़ती आशंकाओं के साथ-साथ विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार बिकवाली ने स्थानीय शेयर बाजारों में कहर बरपाया। इसके अलावा व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 2.66 प्रतिशत और स्मॉलकैप सूचकांक 2.29 प्रतिशत लुढ़क गया। एशिया के अन्य बाजारों में चीन के शंघाई को छोड़कर हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की गिरावट में रहा। यूरोपीय बाजार भी दोपहर के सत्र के दौरान गिरावट में कारोबार कर रहे थे। बुधवार को अमेरिकी बाजारों में भी गिरावट आई थी।

## आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक बने विवेक कुमार देवगन

भाषा। नई दिल्ली

ऊर्जा मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव विवेक कुमार देवगन को सार्वजनिक क्षेत्र की आरईसी लिमिटेड का अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) नियुक्त किया गया है। बयान में यह जानकारी दी गई। इससे लगभग एक हफ्ते पहले आरईसी लिमिटेड ने बताया था कि पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) के अध्यक्ष रवींद्र सिंह ढिल्लन को तीन महीने के लिए आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। आरईसी ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी विवेक कुमार देवगन ने 17 मई 2022 को आरईसी लिमिटेड में सीएमडी पद का कार्यभार संभाल लिया है।

## अप्रैल तक सात माह में चीन का निर्यात 64 प्रतिशत बढ़कर 71 लाख टन पर : इस्मा

भाषा। नई दिल्ली

**बेहतर मांग के** कारण अक्टूबर 2021 से अप्रैल, 2022 की सात माह की अवधि में चीनी निर्यात 64 प्रतिशत बढ़कर 71 लाख टन हो गया है। चीनी उद्योग के प्रमुख संगठन इस्मा के अनुसार निर्यात के बढ़ने का कारण वैश्विक बाजारों में भारतीय चीनी की बेहतर मांग का होना है। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने एक बयान में कहा कि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 43.19 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया था। इस्मा ने बयान में कहा, बंदरगाहों से मिली सूचना और बाजार रिपोर्टों के अनुसार, चीनी के निर्यात के लिए अबतक 85 लाख टन से अधिक के अनुबंध किए जा चुके हैं। इसमें से अप्रैल, 2022 के अंत तक लगभग 71 लाख टन चीनी का निर्यात किया गया है। बाकी 8-10 लाख टन चीनी मई, 2022 में में निर्यात किए जाने की प्रक्रिया में है। इस्मा ने कहा कि उसे मौजूदा विपणन वर्ष 2021-22 में 90 लाख टन से अधिक निर्यात की उम्मीद है, जबकि पिछले वर्ष 71.91 लाख टन निर्यात किया गया था। इस्मा के अनुसार, अधिक गन्ना उत्पादन के कारण अक्टूबर, 2021 में शुरू हुए चालू विपणन वर्ष में 15 मई तक चीनी का उत्पादन 14 प्रतिशत बढ़कर 348.83 लाख टन हो गया। एक साल पहले इसी अवधि में चीनी का उत्पादन 304.77 लाख टन था। चीनी विपणन वर्ष अक्टूबर से सितंबर तक चलता है। इस्मा ने कहा, एथनॉल के लिए गन्ना रस अलग किए बिना शुद्ध चीनी उत्पादन पिछले साल की तुलना में 58.07 लाख टन अधिक है।

## सरकार ने 2021-22 के लिए गेहूं उत्पादन का अनुमान तीन प्रतिशत घटाया

**नई दिल्ली।** कृषि मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को जारी अपने ताजा अनुमान में कहा कि देश का गेहूं उत्पादन पिछले वर्ष के मुकाबले फसल वर्ष 2021-22 (जुलाई-जून) में लगभग तीन प्रतिशत घटकर 10 करोड़ 64.1 लाख टन रहने की संभावना है।आंकड़ों में बताया गया है कि हालांकि, यह उत्पादन अनुमान फसल वर्ष 2021-22 के लिए पहले अनुमानित 11 करोड़ 13.2 लाख टन से 4.61 प्रतिशत कम है। फसल वर्ष 2020-21 में गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 10 करोड़ 95.9 लाख टन का हुआ था। कृषि सचिव मनोज आहूजा ने पिछले हफ्ते गेहूं के उत्पादन में गिरावट के लिए मुख्य रूप से गर्मी की वजह से पंजाब और हरियाणा में कम फसल पैदावार को जिम्मेदार ठहराया था। उन्होंने यह भी संकेत दिया था कि इस साल गेहूं का उत्पादन घटकर 10.5-10.6 करोड़ टन रह सकता है।

मंत्रालय की ओर से जारी खाद्यान्न उत्पादन के तीसरे अग्रिम अनुमान के मुताबिक, गेहूं के अलावा कपास और मोटे अनाज के उत्पादन में मामूली गिरावट का अनुमान है। अन्य खाद्यान्नों और नकदी फसलों के मामले में उत्पादन के आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हैं। फसल वर्ष 2021-22 में चावल का उत्पादन बढ़कर 12 करोड़ 96.6 लाख टन होने का अनुमान है, जबकि पिछले वर्ष में यह 12 करोड़ 43.7 लाख टन था।

### आर्थिक वृद्धि के लिए निवेश को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण: सीतारमण

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि आर्थिक वृद्धि के प्रभाव को उच्चतम स्तर पर ले जाने के लिए नवीन वित्तीय उत्पादों और सेवाओं को तैयार करना तथा रणनीतिक निवेश को प्रोत्साहित करना महत्वपूर्ण है। सीतारमण ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित नव विकास बैंक (एनडीबी) के गवर्नरों के बोर्ड की सातवीं वार्षिक बैठक में बहुपक्षवाद के महत्व और आर्थिक सुधार के लिए वैश्विक सहयोग की भावना को भी रेखांकित किया। उन्होंने माना कि बाजार की उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एनडीबी ने खुद को एक विश्वसनीय विकास भागीदार के रूप में सफलतापूर्वक स्थापित किया है।

## मिस्त्री को टाटा संस में प्रमुख के पद से हटाने के फैसले की समीक्षा की मांग वाली याचिका खारिज

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने बृहस्पतिवार को शापूरजी पालोनजी (एसपी) समूह की वह याचिका खारिज कर दी जिसमें साइरस मिस्त्री को टाटा संस के कार्यकारी अध्यक्ष पद से हटाए जाने संबंधी टाटा समूह के निर्णय को बरकरार रखने वाले 2021 के फैसले की समीक्षा की मांग की गई थी। हालांकि, प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने मार्च 2021 के फैसले में साइरस मिस्त्री के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणियों को हटाने का आदेश दिया है। टाटा समूह की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि अदालत एक या कुछ वाक्यों को हटाने की अनुमति दे सकती है हालांकि इसका कारण शापूरजी पालोनजी (एसपी) समूह के आवेदन में बताई गई वजहें नहीं होनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने 26 मार्च, 2021 को मिस्त्री को 100 अरब डॉलर के समूह के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में बहाल करने के राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) के आदेश को रद्द कर दिया था। साथ ही सर्वोच्च अदालत ने टाटा संस प्राइवेट लिमिटेड (टीएसपीएल) में स्वामित्व हितों को अलग करने की मांग वाली शापूरजी पालोनजी समूह की याचिका भी खारिज कर दी थी। मिस्त्री को 2012 में रतन टाटा की जगह टीएसपीएल का अध्यक्ष बनाया गया था, लेकिन चार साल बाद उन्हें हटा दिया गया था।

### रतन टाटा, टाटा संस ने न्यायालय के फैसले का स्वागत किया

**नई दिल्ली।** दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा और टाटा संस ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय द्वारा शापूरजी पालोनजी (एसपी) समूह की याचिका को खारिज करने का स्वागत किया। एसपी समूह ने अपनी याचिका में साइरस मिस्त्री को टाटा संस के कार्यकारी चेयरमैन पद से हटाए जाने संबंधी टाटा समूह के निर्णय को बरकरार रखने वाले फैसले की समीक्षा करने का अनुरोध किया था। इस फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए रतन टाटा ने कहा, हम आज उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित और बरकरार रखे गए फैसले की अपनी तरफ से प्रशंसा करना चाहते हैं। उन्होंने आगे कहा, यह फैसला हमारी न्यायपालिका की मूल्य प्रणालियों और नैतिकता को पुष्ट करता है। एक अलग बयान में टाटा संस ने कहा, हम उच्चतम न्यायालय के आज के आदेश का नम्रता से स्वागत करते हैं। यह एक बार फिर टाटा समूह की स्थिति की पुष्टि करता है।

## वृद्धि अनुमान में कमी के बावजूद भारत तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था: संयुक्त राष्ट्र

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र की** एक रिपोर्ट में कहा गया है कि रूस और यूक्रेन के बीच जारी संघर्ष के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है वहीं भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि भी पिछले वर्ष के 8.8 फीसदी की तुलना में कम होकर 2022 में 6.4 फीसदी रहने का अनुमान है। इसके बावजूद भारत सबसे तेजी से वृद्धि करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था है। रिपोर्ट में कहा गया

### ● जीडीपी 6.4 फीसदी रहने का अनुमान

कि ऊंची मुद्रास्फीति का दबाव और कामगार बाजार में असमान पुनरुद्धार से निजी उपभोग और निवेश प्रभावित हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र के आर्थिक एवं सामाजिक मामलों के विभाग ने बुधवार को विश्व आर्थिक स्थिति और संभावनाएं (डब्ल्यूईएसपी) रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2022 में 3.1 फीसदी की दर से वृद्धि करने का अनुमान है जो जनवरी 2022 में जारी 4.0 फीसदी के वृद्धि पूर्वानुमान के मुकाबले कम है। 2022 में वैश्विक मुद्रास्फीति भी 6.7 फीसदी दर से बढ़ने का अनुमान है जो 2010 से 2020 की औसत 2.9 फीसदी के मुकाबले दोगुनी है। खाद्य वस्तुओं और ऊर्जा की कीमतों में भी वृद्धि हो रही है। इसमें कहा गया, भारत की अर्थव्यवस्था के 2022 में 6.4 फीसदी की दर से वृद्धि का अनुमान है जो 2021 की 8.8 फीसदी की वृद्धि दर की तुलना में कम है।

## एचडीएफसी बैंक ने ग्रामीण बैंकिंग को अलग कार्यक्षेत्र बनाया

भाषा। मुंबई

**निजी क्षेत्र के** सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने ग्रामीण बैंकिंग को एक अलग कार्यक्षेत्र बनाया है।

इसके साथ ही बैंक वित्त वर्ष 2022-23 में दूरदराज के क्षेत्रों और अर्द्धशहरी इलाकों में 1,060 शाखाएं खोलेगा। एक बयान के अनुसार, बैंक ने ग्रामीण बैंकिंग कार्यक्षेत्र का नेतृत्व करने के लिए अनिल भवनानी को नियुक्त किया है, जो 19 साल से एचडीएफसी बैंक के साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले ग्रामीण बैंकिंग, व्यापक खुदरा शाखा बैंकिंग का ही हिस्सा था। गौरतलब है कि वाणिज्यिक बैंक इस समय ग्रामीण बैंकिंग व्यवसाय पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और निजी बैंक खासतौर से ऐसा कर रहे हैं। इस मौके पर भावनानी ने कहा कि यह एक चुनौती और अवसर दोनों है और आने वाले समय में ग्रामीण तथा अर्द्धशहरी क्षेत्रों में अधिक शाखाएं खुलेंगी।

## सरकार सार्वजनिक नीति का ढांचा बनाने पर ध्यान दे

भाषा। नई दिल्ली

**नीति आयोग** के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने बृहस्पतिवार को कहा कि संपत्ति का सृजन निजी क्षेत्र का काम है और सरकार को सार्वजनिक नीति ढांचे को खड़ा करने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने गॉवटेक समिट-2022 को संबोधित करते कहा कि भारत को एक बहुत ही सरल, कुशल और पारदर्शी सरकार की जरूरत है। कांत ने कहा, सरकार का काम सार्वजनिक नीति के ढांचे को तैयार करना होना चाहिए......संपत्ति बनाना निजी क्षेत्र का काम है। सरकार को स्वास्थ्य, शिक्षा और पोषण जैसे क्षेत्रों पर



ध्यान देना चाहिए। उन्होंने डिजिटल अर्थव्यवस्था को लेकर कहा कि भारत परिवर्तन के एक बहुत ही महत्वपूर्ण मुहाने पर खड़ा है और डिजिटलीकरण की पूरी प्रक्रिया बदलाव की यात्रा रही है। नीति आयोग के सीईओ ने कहा, अगर भारत के पूर्वी हिस्से को पूरी तरह डिजिटल कर दिया जाता है और कामकाज का संचालन काफी आसान हो जाता है, तो देश का पूर्वी हिस्सा वास्तव में एक बहुत ही संवदेनशील सरकार वाला क्षेत्र बन जाएगा। नीति आयोग के सीईओ ने डेटा आधारित कामकाज के संचालन पर जोर देते हुए कहा कि इससे संचालन बेहतर होगा।

## सेबी ने आईसीईएक्स की स्थानीय मान्यता को वापस लिया

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इंडियन कमोडिटी एक्सचेंज लि. (आईसीईएस) की स्थाई मान्यता रद्द कर दी है। नियामक ने कहा, 18 मई, 2022 को जारी अधिसूचना के अनुसार, इंडियन कमोडिटी एक्सचेंज लि. की मान्यता को रद्द किया जाता है।

# हुनर हाट के जरिए देश के सभी राज्यों की कला-संस्कृति एक जगह लाई गई



## यह साधारण काम नहीं: बृजेश पाठक

**आगरा।** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक बृहस्पतिवार को कहा कि सभी राज्यों की कला-संस्कृति को एक जगह एकत्र करना साधारण काम नहीं है, जो हुनर हाट के जरिए किया जा रहा है। उन्होंने यह बात आगरा के शिल्पग्राम, ताजगंज में आयोजित 41वें हुनर हाट के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। इसका उद्घाटन केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्यमंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने की। पाठक ने कहा कि हुनर हाट पूरे देश को एक छत के नीचे देखने का मजबूत माध्यम है। हुनर हाट भारत की सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने का काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हुनर हाट में देश के कोने-कोने के स्वदेशी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया है जबकि यहां देश के हर क्षेत्र के परम्परागत पकवान भी उपलब्ध हैं। पाठक ने कहा कि देश के सभी राज्यों की कला-संस्कृति को एक जगह एकत्र करना साधारण काम नहीं हैं लेकिन हुनर हाट यह सराहनीय कार्य कर रहा है।

**'कौन बनेगा नन्हा कलाम' दूसरे चरण की तहसील स्तरीय परीक्षा आयोजित:** कोंच(जालौन)। 'कौन बनेगा नन्हा कलाम' के दूसरे चरण की तहसील स्तरीय प्रतियोगिता परीक्षा गुरुवार को एसआरपी इंटर कॉलिज में संपन्न हुई जिसमें सीनियर व जूनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया, 266 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। परीक्षा को पारदर्शी तरीके से निष्पक्ष व नकलविहीन संपन्न कराने के लिए विद्यालय प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।सुबह साढ़े 8 बजे से 10 बजे के बीच संपन्न कराई गई इस परीक्षा में किसी भी तरह की अनुचित सामग्री विद्यालय परिसर में नहीं आने दी गई। परीक्षार्थियों पर भी विद्यालय प्रशासन पैनी निगाहें गड़ाए रहा। बच्चों को सीटिंग प्लान के मुताबिक बिठाया गया था। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य व केंद्र व्यवस्थापक डॉ. हरिपति सहाय कौशिक, परीक्षा समन्वयक सुमित त्रिपाठी, पर्यवेक्षक राकेश विश्वकर्मा, अनुराधा, संगीता आदि व्यवस्थाओं में संलग्न रहे।

## कंगना रनौत के खिलाफ दायर पुनरीक्षण याचिका पर 21 मई को सुनवाई

**आगरा।** फिल्म अभिनेत्री कंगना रनौत द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसा सिद्धांत के विरुद्ध की गई कथित अभद्र टिप्पणी तथा आजादी को भीख में मिली बताने के विरुद्ध दायर पुनरीक्षण याचिका पर 21 मई को सुनवाई होगी। इस याचिका को अवर न्यायालय ने खारिज कर दिया था। उल्लेखनीय है कि वादी और राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमाशंकर शर्मा ने अवर न्यायालय में वाद खारिज होने के फैसले को फौजदारी पुनरीक्षण जिला न्यायाधीश विवेक संगल की अदालत में चुनौती दी है जिसपर 21 मई को सुनवाई होगी। अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा के अनुसार अवर न्यायालय ने सही तथ्यों को अनदेखा करते हुए आदेश दिया था। उन्होंने बताया कि वादी ने अवर न्यायालय में 17 नवंबर 2021 को सभी समाचार पत्रों में कंगना की टिप्पणी को लेकर छपी खबरों की मूल प्रतियां प्रस्तुत की थी। साथ ही सीआरपीसी की धारा-200 के तहत स्वयं बयान दर्ज कराए तथा गवाह के तौर पर अधिवक्ता रामदत्त दिवाकर एवं राजेंद्र गुप्ता धीरज ने भी अदालत में दिए बयानों में वाद के तथ्यों का समर्थन किया। उन्होंने कहा, लेकिन अवर न्यायालय ने यह कहकर वाद खारिज कर दिया कि कंगना ने वादी के विरुद्ध कोई अपमान जनक टिप्पणी नहीं की है।

## काशी के कण-कण में बसे हैं भगवान शिव, उन्हें किसी ढांचे की जरूरत नहीं: कंगना



**वाराणसी।** अभिनेत्री कंगना रनौत ने काशी विश्वनाथ-ज्ञानवापी मस्जिद मामले पर कहा कि भगवान शिव काशी के कण-कण में बसे हैं और उन्हें अपना अस्तित्व जाहिर करने के लिए किसी ढांचे की जरूरत नहीं है। कंगना ने बुधवार को अपनी आगामी फिल्म धाकड़ की सफलता के लिए अपनी टीम के साथ काशी विश्वनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। काशी विश्वनाथ मंदिर ज्ञानवापी मस्जिद परिसर मामले के बारे में पूछे जाने पर कंगना ने संवाददाताओं से कहा "जिस तरह भगवान कृष्ण मथुरा के और भगवान राम अयोध्या के एक-एक कण में मौजूद हैं, उसी तरह भगवान शिव भी काशी के कण-कण में व्याप्त हैं। उन्हें किसी ढांचे की जरूरत नहीं है" कंगना ने हर हर महादेव कहकर अपनी बात समाप्त की। गौरतलब है कि ज्ञानवापी मस्जिद काशी विश्वनाथ मंदिर के नजदीक स्थित है। दिल्ली की राखी सिंह तथा वाराणसी की पांच महिलाओं की याचिका पर एक दीवानी अदालत ने परिसर की वीडियोग्राफी सर्वे कराने के निर्देश दिए थे। सर्वे के आखिरी दिन 16 मई को हिंदू पक्ष ने मस्जिद में बने वजू खाने में कथित शिवलिंग मिलने का दावा किया था। इसके बाद अदालत के आदेश पर उस स्थान को सील कर दिया गया है।

## अदालत ने जारी किया आजम खां की रिहाई का परवाना

**रामपुर।** उच्चतम न्यायालय से बृहस्पतिवार को अंतरिम जमानत मंजूर होने के बाद एक विशेष स्थानीय अदालत ने समाजवादी पार्टी (सपा) के वरिष्ठ नेता आजम खां की रिहाई के लिए सीतापुर कारागार प्रशासन को पत्र (परवाना) भेज दिया है। खां के वकील जुबैर अहमद खान ने बताया कि एमपी-एमएलए अदालत ने एक-एक लाख रूपए के दो मुचलके जमा करने को कहा था, जिन्हें बृहस्पतिवार को दाखिल कर दिया गया। उन्होंने बताया कि इसके बाद अदालत ने आजम खां की रिहाई का परवाना (पत्र) जारी कर दिया। उन्होंने कहा कि अभी यह पता नहीं है कि परवाना बृहस्पतिवार रात पहुंचेगा या शुक्रवार सुबह पहुंचेगा, लेकिन इसे जारी किया जा चुका है। संभावना जताई जा रही है कि आजम खां शुक्रवार सुबह सीतापुर जेल से रिहा हो सकते हैं। गौरतलब है कि आजम खां भ्रष्टाचार तथा कई अन्य मामलों में पिछले 27 महीने से सीतापुर की जेल में बंद हैं। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को उन्हें अंतरिम जमानत दे दी। इसके साथ ही उन्हें अब सभी 88 मुकदमों में जमानत मिल चुकी है और उनकी रिहाई का रास्ता फिलहाल साफ हो गया है।

## एसएसपी कार्यालय के सामने खुद को आग लगाने वाले किसान की मौत

बदायूं । भाषा

**आत्महत्या का** प्रयास करने वाले किसान किशनपाल (52 वर्ष) की बरेली के एक निजी मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान बृहस्पतिवार की सुबह मौत हो गई। किशनपाल मूल रूप से बदायूं के थाना सिविल लाइन क्षेत्र के गांव रसूलपुर बिलहरी के निवासी थे। उल्लेखनीय है कि दबंगों द्वारा फसल में आग लगाने के बाद पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही ना करने से परेशान होकर किशनपाल ने बुधवार दोपहर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय के द्वार पर पेट्रोल छिड़ककर खुद को जला लिया था। गंभीर रूप से झुलसी हालत में किशनपाल को बरेली के श्री राम मूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. ओपी सिंह ने बताया कि इलाज के दौरान बरेली के श्री राम मूर्ति स्मारक मेडिकल कॉलेज में किशनपाल की बृहस्पतिवार सुबह मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया किशनपाल की फसल जलाने वाले आठ नामजद आरोपियों में से सात को पुलिस ने रात में ही गिरफ्तार कर लिया, जबकि एक व्यक्ति अभी फरार है जिसकी तलाश जारी है।उन्होंने बताया कि मृतक किशनपाल और आरोपी पक्ष एक ही परिवार के हैं। सिंह ने कहा कि पुलिस ने किशनपाल के साथ कोई पक्षपात नहीं किया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों का मुकदमा दर्ज किया गया था और किशनपाल के विरोधी पक्ष के विरुद्ध कार्यवाही भी की गई थी।एसएसपी ने बताया कि बरेली रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रमित शर्मा ने इस मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। जिसका नेतृत्व बरेली के पुलिस अधीक्षक नगर करेंगे जो एक आईपीएस अधिकारी हैं। उनका सहयोग बदायूं के पुलिस अधीक्षक नगर प्रवीण सिंह चौहान करेंगे।उल्लेखनीय है कि इस मामले में एसएसपी बदायूं ने थाना सिविल लाइंस के थाना प्रभारी, मंडी समिति पुलिस चौकी के चौकी प्रभारी और बीट के दो सिपाहियों समेत पांच को घटना के तत्काल बाद निलंबित कर दिया था।

## कानपुर में नवविवाहित जोड़े की घर के अंदर गला रेतकर हत्या

**कानपुर ।** जिले के बजरिया इलाके के रामबाग में बृहस्पतिवार को एक नवविवाहित जोड़े की उसके घर में गला रेतकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शवों को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अपर पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) ब्रजेश श्रीवास्तव ने बताया कि शिवम तिवारी (27) और उनकी पत्नी जूली तिवारी (24) कमरे के अंदर सो रहे थे, जबकि शिवम के पिता दीपक कुमार और भाई मोनू छत पर सोए थे। घर में कुछ किराएदार भी रहते हैं। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह करीब छह बजे एक किराएदार ने शिवम के कमरे का दरवाजा खुला पाया। किराएदार अंदर गया तो उसे दंपत्ति के शव फर्श पर खून से लथपथ मिले। अधिकारी ने दावा किया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि पीड़ितों का गला धारदार हथियार से रेता गया है। अधिकारी ने कहा कि यह घर के ही किसी आदमी का काम लगता है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ज्ञानवापी में शिवलिंग मिलने का दावा महज झूठा प्रचार: सपा सांसद

भाषा। संभल

**समाजवादी** पार्टी के स्थानीय सांसद डॉ. शफीकुर रहमान बर्क ने वाराणसी के ज्ञानवापी मस्जिद परिसर में एक शिवलिंग की बरामदगी के दावों को झूठा प्रचार करार देते हुए सभी बुद्धिजीवियों और विपक्षी दलों से इसकी प्रभावी जांच के लिए आगे आने को कहा।

यहां बृहस्पतिवार को संवाददाताओं से बात करते हुए सांसद बर्क ने कहा कि बाबरी मस्जिद हमसे छीन ली गई और इसकी जगह राम मंदिर बना दिया गया। उन्होंने कहा कि यह नाइंसाफी कम नहीं थी, लेकिन अब ज्ञानवापी मस्जिद का मामला सामने है। सांसद ने सवाल किया कि मुसलमान कोई अपनी मस्जिद बनाएगा, तो गैर इस्लामिक काम क्यों करेगा? उन्होंने कहा, इस्लाम मूर्ति पूजा के खिलाफ है, यहां तक हुक्म है की हम मस्जिद को जबरदस्ती किसी की जमीन पर कब्जा करके नहीं बना सकते। ज्ञानवापी मस्जिद की हौज मैं शिवलिंग होने का झूठा प्रचार किया जा रहा है। सांसद ने कहा कि इस नफरत की आग को नहीं बुझाया गया, तो मुल्क झुलस जाएगा। उन्होंने सभी लोगों से, चाहे वे हिंदू हों या मुस्लिम या विभिन्न विपक्षी दलों से संबंधित हों, इस गलत और नापाक प्रचार को रोकने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है, क्योंकि मुसलमानों की हर मस्जिद उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है, क्योंकि मुसलमानों की हर मस्जिद और पवित्र स्थान को संदेह की नजर से देखा जा रहा है। बर्क ने लोगों से कहा कि मुसलमानों पर जो जुल्म हो रहा है, उसे रोकने में मदद करें और उनके साथ खड़े हों। उन्होंने कहा कि अगर लोगों ने ऐसा नहीं किया, तो मुसलमान ही नहीं बल्कि देश भी बरबाद हो जाएगा, इसलिए मुल्क को बचाने के लिए आगे आएं। मौजूदा सरकार को राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के लोगों का संगठन करार देते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग (आरएसएस-भाजपा) में विश्वास करते हैं, वे इस तरह के काम से जानबूझकर देश को खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। सपा सांसद ने नए मदरसों को अनुदान नहीं देने के उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले पर भी सवाल उठाया। अगर कहीं कुछ गलत हो रहा है, तो सरकार को इसकी जांच कराकर सुधार करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब यह नहीं है कि मदरसों को खोलने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह मुसलमानों को चोट पहुंचाने की साजिश का नतीजा है, यह एक दुष्प्रचार है ताकि मुसलमानों को शिक्षा न मिल सके।

**● नए मदरसों को अनुदान न देने के उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले पर भी सवाल उठाया**

## आरेडिका में सीएमडी राइट्स का दौरा



**रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में बृहस्पतिवार को को राहुल मिथल सीएमडी राइट्स एवं अनिल विज निदेशक (तकनीक) ने फैक्ट्री परिसर का दौरा किया। इस दौरान मिथल ने राइट्स के सहयोग से मोजाम्बिक रेलवे के लिए तैयार हो रहे कोचों का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि राइट्स के सहयोग आरेडिका मोजाम्बिक रेलवे को कोचों का निर्यात कर रहा है और आगे इस निर्यात को अन्य देशों के साथ बढ़ाने के लिए राइट्स के माध्यम से प्रयास किये जा रहे हैं। उपरोक्त प्रयासों को साकार रूप प्रदान करने लिए आरेडिका के महाप्रबंधक (आईसी) एसण्एसण्कलसी तथा अन्य उच्च अधिकारियों से वार्ता की एवं आरेडिका में चल रही विभिन्न योजना.परियोजनाओं को देखा साथ ही साथ राइट्स के अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एनडी, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता संजय अग्रवाल, प्रधान वित्त सलाहकार जेएन पाण्डेय, मुख्य परियोजना प्रबंधक एवं मुख्य कारखाना अभियंता आरकेएम पासीए और राइट्स के एके सिंह जीएम एक्सपोटेक सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लापता आठ वर्षीया बालिका का शव मिला

**कन्नौज।** जिले के सौरिख थाना क्षेत्र में बुधवार की रात से लापता आठ वर्षीय एक बालिका का शव बृहस्पतिवार की सुबह मक्के के खेत में पाया गया। बालिका के परिजनों ने दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने बताया कि सौरिख थाना क्षेत्र के अरूहो गांव की निवासी आठ वर्षीय बच्ची बुधवार की रात को लापता हो गई थी। रात में परिवार के लोगों ने उसे तलाश किया, लेकिन उसका पता नहीं चला।उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को सुबह कुछ किसानों ने गांव के बाहर मक्के के खेत में एक बालिका का शव देखा और पुलिस को सूचित किया। पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा एवं अपर पुलिस अधीक्षक डॉ अरविन्द कुमार दल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस अधीक्षक वर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर घटना की जांच की जा रही है।

## व्यक्ति ने चाकू से हमला कर पत्नी की हत्या की

**बरेली ।** बरेली शहर के प्रेमनगर क्षेत्र में बृहस्पतिवार को कथित रूप से दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की दिनदहाड़े चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बानखाने की रहने वाली निशि कश्यप (18 वर्ष) ने अपने भाई के दोस्त विकास सक्सेना से एक साल पहले परिवार की मर्जी के बगैर विवाह किया था। सक्सेना ने दुकान से दूध लेकर घर वापस जा रही निशि की अपने घर के नजदीक चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार कर हत्या कर दी और भाग गया। निशि की मां ने बताया कि उनका दामाद कुछ समय से दहेज की मांग कर रहा था। मांग पूरी नहीं होने के चलते वह उनकी बेटी को प्रताड़ित कर रहा था। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## बच्चों की हत्या के दोषी पिता को मिली उम्रकैद की सजा

**बलिया ।** बलिया जिले की एक अदालत ने अपने बेटे और बेटी की हत्या के छह साल पुराने मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। संयुक्त निदेशक (अभियोजन) सुरेश कुमार पाठक ने बृहस्पतिवार को बताया कि जिले के फेफना थाना क्षेत्र के रामगढ़ गांव में 30 जून 2016 को पवन कुमार यादव ने घरेलू विवाद को लेकर गुस्से में आकर फावड़े से प्रहार कर अपने बेटे विशाल (चार) और बेटी खुशबू (तीन) की हत्या कर दी थी। इस घटना में उसकी पत्नी ललिता देवी भी गंभीर रूप से घायल हो गई थी। इस मामले में ललिता देवी की शिकायत पर यादव के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। अपर जिला जज नितिन कुमार ठाकुर ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद बुधवार को पवन कुमार यादव को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 11 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई है।

## कोल्ड ड्रिंक में नशा देकर युवक को लूटा

**बरेली ।** रोडवेज की बस में सवार एक युवक को कोल्ड ड्रिंक में नशा देकर लूट लिया गया उसे बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।पीलीभीत के पूरनपुर थाना क्षेत्र के गांव धरमपुर निवासी 18 वर्षीय सोनू पुत्र राम लखन को आज सुबह सैटेलाइट बस स्टैंड से बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसने बताया कि वह दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है और कल शाम को घर वापस लौटने के लिए रोडवेज की बस में सवार हुआ था लेकिन बरेली पहुंचने से पहले ही उसके साथ बस में बैठे एक युवक ने उसे कोई ड्रिंक पिलाई जिसको पीने के बाद वह बेहोश हो गया और होश आने पर वह जिला अस्पताल में भर्ती था उसका मोबाइल फोन और जेब में रखे 3000 रुपए गायब थे।

## बच्चों को भा रहा समर कैंप में एडवेंचर

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



शशक आसन और मंडुक योगासन द्वारा द्वितीय दिवस कार्यशाला का प्रारंभ हुआ। सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में समर कैम्प के दूसरे दिन का प्रारंभ ट्रेनर सचिन और रेनू के साथ जुम्बा और योगाभ्यास के द्वारा हुआ। इसके पश्चात बच्चे अपनी रुचि अनुरूप विभिन्न कक्षाओं में गए जहां पर उन्होंने आर्ट, गायन, नृत्य और विभिन्न कक्षाएं पूर्ण उत्साह से सम्पन्न की। समर कैम्प के मुख्य आकर्षण के केंद्र साहसिक गतिविधियां रही जिनमें नन्हें मुन्ने बच्चों ने भी पूरे उत्साह से भाग लिया। शिविर में निशानेबाजी के बारे में बच्चो को सूक्ष्म जानकारी भी प्रदान की गई। वहीं फुटबॉल में राजन सर ने बच्चो को खेल से संबंद्धित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। इसके अलावा बच्चो ने मिट्टी से दिया बनाना भी सीखा। बच्चो ने घुड़सवारी का विशेष रूप से आनंद उठाया। शिविर के दूसरे दिन विशेष अतिथि के रूप में युवराजदत्त महाविद्यालय के प्रोफेसर अजय कुमार आगा, इनरव्हील क्लब की पूर्व जिला अध्यक्ष पूनम आगा एवं महाकाली सेवा संस्थान की प्रबंधक भावना ने शिविर प्रमुख रूचि अवस्थी के साथ शिविर का भ्रमण किया। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि ऐसे साहसिक और मनोरंजक गतिविधियों में उन्हें बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग करना चाहिए। बताते चले शहर के जानेमाने सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल में चल रहे समर कैंप का आयोजन 18 मई से 29 मई तक रहेगा जिसमें अन्य स्कूल के बच्चे भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे है।

## दसवां संस्कार करने वाली जगह पर लटके मिले ताले, अधिशासी अधिकारी से की गई शिकायत

**बरेली ।** फतेहगंज पश्चिमी में दसवां संस्कार करने वाली जगह पर लटके मेरे ताले, वहां गंदगी देख अधिशासी अधिकारी से की शिकायत, कस्बे के मोहल्ला साहूकारा में स्थित दसवां संस्कार करने वाली जगह पर आज सुबह लगभग 10 बजे राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष ठाकुर उमेश कुमार सिंह अपने बड़े भाई नरेश कुमार सिंह का दसवां संस्कार कराने के लिए पहुंचे तो वहां गेट पर ताले लटके मिले दसवां संस्कार में शामिल होने के लिए पहुंचे लोगों को कड़ी धूप में खड़ा होना पड़ा जब इसकी शिकायत भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय चौहान से की गई तो वह तुरंत दसवां स्थल पहुंचे और दसवां संस्कार कराने वाले पंडित जी से बातचीत कर चाबी के बारे में पूछा मगर वह सही जवाब नहीं दे सके किसी तरह बड़ी मशक्कत के बाद एक ताले को खुलवा कर अंदर प्रवेश करा तो कमरों के अंदर तमाम गंदगी और लैट्रिन पड़ी हुई थी भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय चौहान गंदगी देख नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी को फोन कर अपनी नाराजगी व्यक्त की और एक कर्मचारी की ड्यूटी लगाने की बात कही जिससे वहां दसवां स्थल की साफ-सफाई के अलावा आसपास फैली गंदगी और झाड़ियों को साफ कराया जाए जिससे दसवां संस्कार कराने वालों को कोई दिक्कत ना हो , राष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन के मंडल अध्यक्ष ठाकुर उमेश सिंह के भाई नरेश कुमार सिंह के दसवां संस्कार में कस्बे के सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों के साथ कस्बे के तमाम लोग दसवां संस्कार में सम्मिलित हुए और वहां फैली गंदगी देख काफी नाराजगी व्यक्त की ।

## नदी में में तैरती मिली युवक की लाश दोस्त पर हत्या का आरोप

**बरेली ।** दोस्त के साथ घर से निकले एक युवक की लाश दो दिन बाद घर से दूर नदी में तैरती पाई गई पुलिस ने शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा मृतक के घर वालों ने दोस्त पर हत्या का आरोप लगाया।फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव सोरहा निवासी 20 वर्षीय इरफान पुत्र मुनव्वर की लाश आज सुबह शाही थाना क्षेत्र के गांव दुनका में नदी में तैरती पाई गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के भाई इमरान ने बताया कि इरफान 17 मई को गांव में ही रहने वाले अपने पड़ोसी मुनव्वर के साथ घर से निकला था जाते समय उसने बताया कि वह मुनव्वर के साथ फतेहगंज पश्चिमी थाना क्षेत्र के गांव अगरास में स्थित एक मजार पर जा रहा है।

## सिरौली पुलिस ने 63 लाख 71 हजार की शराब बहा दी



**बरेलीं।** थाना सिरौली पुलिस ने 1650 पेटी क्वाटर 19800 लीटर देशी शराब 3500 लीटर अंग्रेजी शराब को किया नष्ट शराब की कुल कीमत 63 लाख 71 हजार रुपए जीसीबी चला कर अबैध शराब नष्ट की गयी शराब सिरौली थाना परिसर में ही नष्ट कर दबाया गया अवैध शराब को।सिरौली थाना पुलिस ने चलाए गए माल अभियान के तहत 19,800 लीटर गैर प्रांतीय देसी शराब और 3500 लीटर कच्ची शराब को नष्ट किया है।थाना सिरौली पुलिस ने माननीय न्यायालय के आदेश दिनांक 19.05.2022 के क्रम में माल निस्तारण के अंतर्गत 19,800 लीटर प्रांतीय देसी शराब 3,500 लीटर कच्ची शराब जिसकी कुल कीमत 63 लाख 71 हजार बताई जा रही है उसको जेसीबी से गड्ढा खुदवाकर थाना परिसर के अंदर ही दबा दिया गया है। कुल शराब 161 मुकदमों के अंतर्गत बरामद की गई थी। नष्ट की गई अवैध शराब में 1,650 पेटी घर प्रांतीय क्वार्टर, और 3,500 लीटर कच्ची शराब नष्ट की गई है।

## चिन्हित किए जाने लगे अवैध स्टैण्ड

संवाददाता। सीतापुर

**सड़कों पर अतिक्रमण** करने एवं अवैध स्टैण्ड चलाने वाले अब बख्शे नहीं जाएंगे, उनपर कार्यवाही का डण्डा चलेगा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अवैध स्टैण्ड संचालकों, ठेकेदारों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज कर संपत्ति जब्तीकरण की कार्यवाही करने के निर्देश दिए जाने के बाद सूबे की राजधानी से सटे सीतापुर में प्रशासन हरकत में आ गया है। प्रशासन स्तर से मुनादी कराए जाने के साथ चिन्हाकन की कार्यावाही भी तेज कर दी गई है। बता दें कि सड़क सुरक्षा को लेकर सीएम ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि सड़कों से अवैध स्टैण्ड 24 घंटों में हटाए जाए, किसी भी माफिया को बख्शा न जाए। सड़क सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पटरी व्यवसायियों के स्थान का चिन्हांकन करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई तय स्थान के बाहर दुकान न लगाएं। व्यापारियों से संवाद बनाकर यह सुनिश्चित कराएं की हर दुकान अपनी सीमा के भीतर ही हो। नगरों में पार्किंग की व्यवस्था को और सुदृढ़ करना होगा। सीएम ने इसके लिए स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी तय की। सीएम ने बेसिक और माध्यमिक स्कूलों में बच्चों को यातायात नियमों के पालन के लिए विशेष प्रयास किए जाने पर बल दिया। कहा कि ट्रैफिक नियमों के पालन का संस्कार बच्चों को शुरुआत से ही दी जानी चाहिए। सड़क/ओवरब्रिज स्टंट करने की जगह नहीं है। ऐसी अराजकता पर सख्ती से लगाम लगाई जाए। विद्यालायों में रोड सेफ्टीक्लब का गठन करने के निर्देश दिए। हेलमेट/सीटबेल्ट के प्रयोग को अनिवार्य रूप से कड़ाई के साथ लागू किया जाए।विद्यालयों में श्रोड सेफ्टी क्लबश् का गठन करने की दिशा में कार्यवाही तेज करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ वृहद अभियान चलाया जाना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि प्रशिक्षित लोग ही सड़क पर वाहन चलाएं। बिना टेस्ट पास किए किसी को ड्राइविंग लाइसेंस जारी न किया जाए। ओवरस्पीडिंग/ओवरलोडिंग के विरुद्ध कठोरता से कार्रवाई की जाए। नियमों के उल्लंघन पर वाहन का चालान जरूर किया जाए। अनफिट एवं बिना परमिट के स्कूली बसों का संचालन नहीं होना चाहिए। राजमार्गों पर ट्रकों की कतारें न लगें। एम्बुलेंस रिस्पॉन्स टाइम को और कम करने की जरूरत है। स्पीड ब्रेकर निर्माण करते समय लोगों की सुविधा का ध्यान भी रखें। स्पीड ब्रेकर टेबल टॉप हों। बुजुर्गों, बच्चों, महिलाओं, मरीजों को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 20 मई, 2022



# पांड्या पर भारी पड़ी कोहली की पारी

## ● बेंगलोर ने गुजरात को 8 विकेट से हराया

**भाषा।** मुंबई

**रॉयल चैलेंजर्स** बेंगलोर ने इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में बृहस्पतिवार को गुजरात टाइटंस को आठ विकेट से हरा दिया।
गुजरात के 168 रन का पीछा करने उतरी आरसीबी की टीम ने 18.4 ओवर में मात्र 2 विकेट खोकर अपना लक्ष्य हासिल कर लिया। विराट ने 73 रन, फाफ-44 व मैक्सवेल ने 40 रन बनाए। राशिद ने 2 विकेट लिया।
इससे पहले कप्तान हार्दिक पंड्या के अर्धशतक की मदद से गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ आईपीएल के मैच में बृहस्पतिवार को पांच विकेट पर 168 रन बनाए।
पिछले कुछ मैचों से बड़ी पारी नहीं खेल सके हार्दिक ने 47 गेंद में नाबाद 62 रन बनाकर प्लेआफ की तैयारी पुख्ता की। आरसीबी को टूर्नामेंट में बने रहने के लिए यह मैच हर हालत में जीतना है। उसने गुजरात के तीन विकेट दस ओवर में 72 रन पर निकाल दिए थे। रिधिमान साहा ने 22 गेंद में 31 रन बनाए लेकिन ज्यादा देर टिक नहीं सके। साहा के सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल सस्ते में आउट हो गए। जोश हेजलवुड की बेहतरीन गेंद पर उन्होंने स्लिप में शॉट खेला जहां ग्लेन मैक्सवेल ने अपने दाहिने ओर डाइव लगाकर शानदार कैच लपका। इस आईपीएल में अपने चिर परिचित फॉर्म में नहीं दिख रहे मैथ्यू वेड को मैक्सवेल ने पगबाधा आउट किया। वेड को हालांकि लगा था कि उन्होंने स्वीप शॉट खेला है और उन्होंने मैदानी अंपायर के फैसले पर रिव्यू भी लिया लेकिन वह पगबाधा आउट करार दिए गए। अल्ट्रा एज से गेंद की स्पष्ट मूवमेंट पकड़ में नहीं आई और टीवी अंपायर मैदानी अंपायर के फैसले के साथ गए। साहा ने अपनी पारी में चार चौके और एक छक्का जड़ा। कप्तान पंड्या के साथ गलतफहमी का शिकार होकर वह रन आउट हो गए। पंड्या को 14 के स्कोर पर जीवनदान मिला जिसका पूरा फायदा उठाकर उन्होंने डेविड मिलर के साथ रनगति को आगे बढाया। मिलर ने 25 गेंद में 34 रन बनाए और अपनी पारी में तीन छक्के जड़े। वानिंदु हसरंगा ने उन्हें रिटर्न कैच लेकर पवेलियन भेजा। राशिद खान ने डैथ ओवरों में छह गेंद पर नाबाद 19 रन बनाए।



कोहली 73 रन

### स्कोरबोर्ड

**गुजरात टाइटंस पारी** : साहा रन आउट 31,गिल का मैक्सवेल बो हेजलवुड 1, वेड पगबाधा बो मैक्सवेल 16,पंड्या नाबाद 62, मिलर का और बो डिसिल्वा 34,तेवतिया का कार्तिक बो हेजलवुड 2, राशिद नाबाद 19, **अतिरिक्त** : तीन रन, कुल योग : 20 ओवर में पांच विकेट पर 168 रन, **विकेट पतन** :1-21, 2-38, 3-62, 4-123, 5-132 , **गेंदबाजी** : कौल 4-0-43 . 0, अहमद 2- 0-15-0, हेजलवुड 4-0-39-2, मैक्सवेल 4-1- 28-1, लोमरोर 1- 0-11-0, डिसिल्वा 4- 0- 25-I, पटेल I-0-6-0
**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर पारी** : कोहली स्ट वेड बो राशिद 73, डु प्लेसी का पंड्या बो राशिद 44,मैक्सवेल नाबाद 40,कार्तिक नाबाद 2,**अतिरिक्त** : 11 रन, **कुल योग** : 18.4 ओवर में दो विकेट पर 170 रन, विकेट पतन : 1 -115, 2-146, **गेंदबाजी** : शमी 2-0- 23-0,पंड्या 3-0-35-0, राशिद 4-0-32-2, दयाल 4- 0-35 - 0,किशोर 4- 0-20-0, फर्ग्युसन 1.4 -0-21-0


हार्दिक 62 रन

## श्रीलंका झटकों से उबरा, बांग्लादेश से ड्रा रहा पहला टेस्ट

**भाषा।** चटगांव

**श्रीलंका ने** पांचवें दिन दूसरी पारी में मिले झटकों से उबरते हुए गुरूवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ श्रृंखला का शुरूआती टेस्ट ड्रा कराया। श्रीलंका के लिए अंतिम दिन चांदीमल (नाबाद 39 रन) और निरोशन (नाबाद 61 रन) की पारियां अहम रहीं जिन्होंने सुबह लगे झटकों से टीम को उबारने में मदद की। बीच के सत्र में श्रीलंका का दूसरी पारी में स्कोर छह विकेट पर 161 रन था और वह 93 रन की बढ़त बनाए थी। लेकिन जब 73 ओवरों के बाद दोनों कप्तानों की सहमति पर खेल रोका गया तो श्रीलंका का स्कोर छह विकेट पर 260 रन था। श्रीलंका ने पहली पारी में 397 रन बनाए थे जिसके जवाब में बांग्लादेश ने 465 रन बनाकर 68 रन की बढ़त हासिल करने के साथ चौथे दिन के अंत तक श्रीलंका के दो विकेट झटक लिए थे। श्रृंखला का दूसरा और अंतिम टेस्ट सोमवार से ढाका में शुरू होगा। बांए हाथ के स्पिनर ताइजुल के दूसरी पारी में सुबह के सत्र में लगातार झटके गए दो विकेट से बांग्लादेश को असंभव जीत की उम्मीद जगी थी क्योंकि लंच तक श्रीलंका के चार विकेट गिर चुके थे। ताइजुल ने चार विकेट झटके और एक रन आउट भी किया। लेकिन बांग्लादेशी आक्रमण में तेज गेंदबाज इस्लाम की कमी खली।

# कोहली सफलता या विफलता को अधिक महत्व नहीं दे रहे

**भाषा।** मुंबई

## ● खराब फॉर्म पर दी प्रतिक्रिया- असल में अपने जीवन के सबसे खुशनुमा चरण में



**अपनी मौजूदा** खराब फॉर्म को अधिक तवज्जो नहीं देते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि वह असल में अपने जीवन के सबसे खुशनुमा चरण से गुजर रहे हैं जहां वह सफलता या विफलता को अधिक महत्व नहीं दे रहे। कोहली ने लगभग तीन साल से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में शतक नहीं जड़ा है और इंडियन प्रीमियर लीग का मौजूदा सत्र उनके लिए अब तक का सबसे बदतर सत्र रहा है। कोहली ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मैं असल में अपने जीवन के सबसे खुशनुमा चरण से गुजर रहा हूं। मैं मैदान पर जो कर रहा हूं उसे अधिक तवज्जो नहीं दे रहा। मैं इस चरण से आगे निकल चुका हूं। यह मेरे लिए विकास का चरण है। पिछले सत्र के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की कप्तानी छोड़ने वाले पूर्व भारतीय कप्तान कोहली बल्ले से अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं जिससे उनके करोड़ों प्रशंसक निराश हैं। कोहली के लिए आईपीएल का 15वां सत्र बल्ले से बेहद निराशाजनक रहा है जिसमें वह आरसीबी के लिए 13 मैच में सिर्फ एक अर्धशतक जड़ पाए हैं। कोहली मौजूदा सत्र में तीन बार पहली गेंद पर आउट हो चुके हैं। वह सिर्फ 200 रन बना पाए हैं और उनका औसत तथा स्ट्राइक रेट उनकी क्षमता के अनुरूप नहीं है। इस 33 साल के खिलाड़ी ने हालांकि साथ ही कहा कि उनकी प्रेरणा खत्म नहीं हुई है। उन्होंने कहा, यह नहीं कहना चाहिए कि मेरी प्रेरणा पहले जैसी नहीं रही, मेरी प्रेरणा कभी खत्म नहीं होगी। जिस दिन मेरी भूख खत्म हो जाएगी मैं उस दिन यह खेल नहीं खेलूंगा।

## यूरोपा खिताब का 42 साल का इंतजार खत्म होने पर खेल प्रेमियों ने खूब जश्न मनाया

**बर्लिन।** आइनट्राक्ट फ्रैंक्फर्ट ने जब बुधवार को स्पेन के सेविला में ग्लास्गो रेंजर्स पर पेनल्टी शूटआउट मे 5-4 से जीत दर्ज कर यूरोपा लीग खिताब जीता तो जर्मनी मे क्लब का घरेलू स्टेडियम खचाखच हजारों प्रशंसकों से भरा था जिन्होने मिलकर खूब जश्न मनाया। फ्रैंक्फर्ट मे जब राफेल बोरे ने पेनल्टी में निर्णायक गोल दागकर क्लब का 42 साल का इंतजार खत्म किया तो जर्मनी के स्टेडियम में मौजूद करीब 60,000 प्रशंसक खुशियों से नाचने लगे। कुछ कूद रहे थे, कुछ चिल्ला रहे थे और कुछ हवा मे मुट्ठियां मार रहे थे तो कुछ गले लग रहे और कुछ तो खुशी के मारे रो भी रहे थे। शहर की सड़क हॉर्न बजाती हुई कारों से भरी थी और लोग फ्रैंक्फर्ट का स्कार्फ डाले हुए पब से निकलकर एक दूसरे को गले लगाकर जीत का जश्न मना रहे थे।

## इंडियन आयल ने थॉमस कप जीतने वाले खिलाड़ियों को बधाई दी

**नई दिल्ली।** प्रतिष्ठित थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतकर इतिहास रखने वाली भारतीय टीम मे चार खिलाड़ी इंडियन आयल कारपोरेशन (आईओसी) के थे। देश की सबसे बड़ी तेल कंपनी ने गुरुवार को यह जानकारी दी और अपने खिलाड़ियों को बधाई दी। भारत की पुरुष बैडमिंटन टीम ने 15 मई को इतिहास रचते हुए फाइनल मे 14 बार के चैंपियन इंडोनेशिया को एकतरफा मुकाबले मे 3-0 से हराकर पहली बार थॉमस कप का खिताब जीता। आईओसी ने बयान मे कहा, थॉमस कप के 2022 सत्र मे भारत की चुनौती की अगुआई इंडियन आयल के प्रमुख बैडमिंटन सितारों ने की। इंडियन आयल के चार खिलाड़ी भारतीय टीम का हिस्सा थे।

## अमेरिकी फुटबॉल ने पुरूष और महिलाओं का वेतन बराबर किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी फुटबॉल महासंघ (यूएसएसएफ) ने पुरूषों और महिला टीमों को एक समान भुगतान करने का समझौता किया जिससे अमेरिकी राष्ट्रीय संचालन संस्था खेल मे दोनो वर्गो के लिए बराबर राशि देने वाली पहली संस्था बन गई। महासंघ ने बुधवार को दोनो राष्ट्रीय टीमों के संघों के साथ दिसंबर 2028 तक समझौता किया जिससे वर्षो से अक्सर होने वाली तीखी बहस भी खत्म हो गई। अमेरिका की सफल महिला टीम की स्टार खिलाड़ी एलेक्स मोर्गन और मेगान रापिनो 2019 मे महिला विश्व कप चैम्पियनशिप दिलाने मे अहम रही थी और दोनो लैंगिक समानता की लड़ाई की अगुआ भी रही। अमेरिकी महिला खिलाड़ियों ने जब फ्रांस मे खिताब जीता था तो बराबर वेतन का मुद्दा काफी सुर्खियो मे रहा था।

## आनंद की सुपरबेट रैपिट टूर्नामेंट में जीत के साथ शुरूआत

**वारसॉ।** पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रैडमास्टर विश्वनाथन आनंद ने सुपरबेट रैपिड और ब्लिट्ज पोलैंड शतरंज टूर्नामेंट के रैपिड वर्ग मे पहले तीनो दौर मे जीत दर्ज करके शानदार शुरूआत की। वाइल्डकार्ड के जरिए खेल रहे आनंद ने पहले दौर मे पोलैंड के राडोस्लाव वोताजेक को हराया। इसके बाद अमेरिका के वेसली सो को और आखिर मे यूक्रेन के एंटोन कोरोबोव को मात दी। दस खिलाड़ियों के टूर्नामेंट मे आनंद ने शुरूआती बढत बना ली। हंगरी के रिचर्ड रैपोर्ट एक जीत, एक हार और एक ड्रॉ के साथ दूसरे स्थान पर है।

# राजस्थान रॉयल्स की उम्मीदें बटलर के प्रदर्शन पर

## ● सीएसके के खिलाफ प्लेऑफ स्थान कब्जाने के लिए उतरेगा

**भाषा।** मुंबई







**पिछले कुछ** मैचों में कोई धमाल नहीं कर पाने वाले जोस बटलर शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कम अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने का बेसब्री से इंतजार कर रहे होंगे और राजस्थान रॉयल्स की उम्मीदें भी उनके प्रदर्शन से प्लेऑफ में जगह बनाने पर लगी होंगी।
संजू सैमसन की अगुआई वाली टीम एक और जीत से 18 अंक पर पहुंच जाएगी जिससे शीर्ष चार स्थानों के लिए उन्हें सभी गणनाओं और संभावनाओं को स्पष्ट करने में मदद मिलेगी। बल्कि एक जीत राजस्थान रॉयल्स के लिए शीर्ष दो में स्थान भी सुनिश्चित कर सकती है क्योंकि लखनऊ सुपर जायंट्स (0.251) की तुलना में उनका 0.304 का नेट रन रेट (एनआरआर) काफी बेहतर है। साथ ही राजस्थान रॉयल्स की टीम सीएसके के लचर प्रदर्शन का फायदा भी उठाना चाहेगी क्योंकि अंतिम मैच में वह उनका खेल बिगाड़ भी सकती है। इससे बचने के लिए बटलर को बल्ले से दमदार प्रदर्शन दोहराते हुए योगदान करना होगा क्योंकि वह पिछले चार मैचों में 22, 30, 07 और 02 रन की पारी ही खेल पाए हैं जबकि वह बल्लेबाजों की तालिका में 627 रन बनाकर इस समय शीर्ष पर चल रहे हैं। राजस्थान रॉयल्स की टूर्नामेंट में सफलता का ज्यादातर श्रेय बटलर द्वारा दिलाई गई शानदार शुरूआत और युजवेंद्र चहल के 24 विकेट को ही दिया जाएगा। बटलर तीन शतक और इतने ही अर्धशतक जड़ चुके हैं। उन्होंने अपने ज्यादातर रन टूर्नामेंट के शुरूआती हाफ में बनाए। चहल ने गेंदबाजी में अपनी लय बरकरार रखी है लेकिन बटलर की बात करें, तो उनकी फॉर्म में थोड़ी गिरावट आई है लेकिन प्लेऑफ से पहले अंतिम लीग मैच उनके लिए वापसी करने का आदर्श समय होगा। वहीं सीएसके की गेंदबाजी में मुकेश चौधरी, सिमरजीत व माथिशा पाथिराना अंतिम मुकाबले में अपनी धार दिखाना चाहेंगे लेकिन टूर्नामेंट के ज्यादातर मैचों में खराब बल्लेबाजी के कारण टीम का मनोबल गिरा हुआ है। बटलर जहां राजस्थान के लिए बल्लेबाजी सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं तो सीएसके के रूतुराज ने बाद में लय हासिल की जिससे वह 366 रन बना चुके हैं लेकिन अन्य कोई भी बल्लेबाज 300 रन के करीब तक नहीं पहुंचा है। डेवोन ने दूसरे हाफ में अधिक मैच खेले, उनके 236 रन हैं। सीएसके के ज्यादातर सीनियर खिलाड़ी जैसे एमएस धोनी (206), अंबाती रायुडू (271) और रॉबिन उथप्पा (230) इस आईपीएल सत्र में अच्छा नहीं कर सके जो टीम की सबसे बड़ी विफलता रही है। चोटिल दीपक की अनुपस्थिति व हेजलवुड को रिटेन नहीं कर पाने से उनकी गेंदबाजी काफी प्रभावित हुई। उनके पास गेंदबाजी अनुभव नहीं था जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। पाथिराना का गेंदबाजी एक्शन लसिथ मलिंगा के एक्शन की तरह ही दिखता है। उन्होंने धोनी को प्रभावित किया लेकिन अभी काम किया जाना बाकी है। साथ ही मुकेश (16 विकेट), सिमर (तीन विकेट) और स्पिनर महेश तीक्षणा (12) अच्छे गेंदबाज हैं लेकिन वे अभी तक खुद को मैच विजेता साबित नहीं कर पाए हैं। राजस्थान के गेंदबाजी आक्रमण को टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ में से एक कहा जा सकता है जिसमें चहल (24 विकेट, इकोनोमी रेट 7.76) और रविचंद्रन अश्विन (10 विकेट, इकोनोमी रेट 7.15) की स्पिन जोड़ी ने बल्लेबाजों को काफी परेशान किया है।

# भारत के खिलाफ टेस्ट नही खेल पाएंगे आर्चर

## ● स्ट्रेस फ्रेक्चर के कारण बाहर

**भाषा।** लंदन



**इंग्लैंड** के तेज गेंदबाजी आक्रमण के अगुआ जोफ्रा आर्चर कमर में स्ट्रेस फ्रेक्चर (मामूली फ्रेक्चर) के कारण पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं और जुलाई में भारत के खिलाफ होने वाले एकमात्र क्रिकेट टेस्ट में भी नहीं खेल पाएंगे। इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को यह जानकारी दी। ईसीबी ने बयान में कहा, पीठ में स्ट्रेस फ्रेक्चर का पता चलने के बाद इंग्लैंड और ससेक्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर बाकी बचे पूरे सत्र से बाहर हो गए हैं। आर्चर अनिश्चितकाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं क्योंकि ईसीबी ने उनकी वापसी के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की है। ईसीबी ने कहा, उनकी वापसी के लिए कोई समय सीमा तय नहीं की गई है। आगामी दिनों में विशेषज्ञ से सलाह मशिवरा करने के बाद प्रबंधन उन्हें लेकर योजना बनाएगा। भारत को जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ एक टेस्ट (पिछली श्रृंखला का बचा हुआ मुकाबला) और सीमित ओवरों के छह मुकाबले खेलने हैं। पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला मार्च 2021 में भारत के खिलाफ उसी की सरजमीं पर खेलने वाले 27 साल के आर्चर का कोहनी का आपरेशन हुआ था और इसके बाद उन्होंने ससेक्स की ओर से काउंटी क्रिकेट में वापसी की जहां उन्हें स्ट्रेस फ्रेक्चर हो गया। बारबडोस में जन्में आर्चर ने इंग्लैंड के लिए तीनों प्रारूप में 42 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले हैं जिसमें उन्होंने 86 विकेट चटकाए हैं।

## आगामी वर्षों में रिंकू के खेल का ध्यान रखेगी केकेआर : मैकुलम

**नवी मुंबई।** केकेआर के मुख्य कोच ब्रैंडन मैकुलम ने कहा कि युवा बल्लेबाज रिंकू सिंह मौजूदा आईपीएल सत्र में उनकी खोज रहे हैं और फ्रेंचाइजी आगामी वर्षों में उनके खेल का ध्यान रखेगी। रिंकू ने बुधवार को यहां लखनऊ के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी से टीम को लगभग जीत के करीब पहुंचा दिया था जिससे मैकुलम ने उनकी प्रशंसा के पुल बांधे। इंग्लैंड के अगले टेस्ट कोच की जिम्मेदारी संभालने के लिए तैयार मैकुलम ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, निश्चित रूप से वह (रिंकू) सत्र की हमारी खोज रहा है। रिंकू ऐसा खिलाड़ी है जिस पर केकेआर आगामी कुछ वर्षों में ध्यान लगाएगी, इसमें कोई शक नहीं है और हम उसे वास्तव में आगे बढ़ते हुए देखेंगे। रिंकू ने महज 15 गेंद में 40 रन बनाकर अपने अंतिम लीग मैच में टीम को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत के करीब पहुंचा दिया। वह इवान लुईस के शानदार कैच लपकने के कारण 20वें ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हुए।

# सिफ्ट-सूर्य ने रजत पदक जीता

## ● भारत जूनियर विश्व कप में शीर्ष पर रहा




**भाषा।** नई दिल्ली

**सिफ्ट कौर सामरा** और सूर्य प्रताप सिंह को गुरुवार को 50 मीटर राइफल प्रोन मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा जबकि भारत जर्मनी के सुहल में अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व कप में शीर्ष पर रहा। सिफ्ट और सूर्य को फाइनल में माजा मेगडेलेना गावेंडा और विक्टोरो साजदास की पोलैंड की जोड़ी के खिलाफ 15-17 से हार का सामना करना पड़ा। अभय सिंह सेखों और अरीबा खान की जोड़ी स्कीट मिश्रित टीम स्पर्धा के क्वालीफिकेशन दौर से ही बाहर हो गई। प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारतीय जोड़ी 150 में से 134 अंक जुटाकर सातवें स्थान पर रही। स्पर्धा में हिस्सा ले रही भवतेग सिंह गिल और दर्शना राठौड़ की एक अन्य भारतीय जोड़ी 132 अंक के साथ 10वें स्थान पर रही। बुधवार को परिनाज धालीवाल, दर्शना और अरीबा की भारतीय महिला स्कीट टीम ने जर्मनी को 6-0 से हराकर कांस्य पदक जीता था। भारत का शॉटगन वर्ग में यह सिर्फ तीसरा पदक था। बुधवार को ही भारत ने एक स्वर्ण और एक रजत पदक भी जीता जब 25 मीटर रेपिड फायर मिश्रित टीम स्पर्धा के आल इंडियन फाइनल में सिमरनप्रीत कौर बरार और विजयवीर सिद्धू ने अनीष और तेजस्विनी को 17-9 से हराया। भारत ने प्रतियोगिता में 33 पदक जीते जिसमें 13 स्वर्ण, 15 रजत और पांच कांस्य पदक शामिल हैं।

# भारतीय महिला रिकर्व टीम ने कांस्य पदक जीता

**भाषा।** ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया)

## ●तीरंदाजी विश्व कप



भारतीय महिला तीरंदाजी टीम ने गुरूवार को यहां विश्व कप चरण दो की रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपने पदकों की संख्या तीन कर दी। भारतीय पुरूष टीम को हालांकि अपने से निचली रैंकिंग की टीम फ्रांस से क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा लेकिन रिद्धि फोर, कोमोलिका बारी और अंकिता भगत की टीम ने चीनी ताइपे को एक तरफा कांस्य पदक के प्लेऑफ में 6-2 (56-52, 54-51, 54-55, 55-54) से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। भारतीय महिला टीम को सेमीफाइनल में घरेलू प्रबल दावेदार कोरिया से 2-6 (53-55, 57-55, 51-53, 43-53) से हार मिली थी जिससे टीम को कांस्य पदक मुकाबला मिला। इससे पहले तरूणदीप राय और जयंता तालुकदार की अनुभवी जोड़ी के साथ पदार्पण कर रहे नीरज चौहान की तिकड़ी को 15वें वरीय फ्रांस से 2-6 (54-57, 55-52, 53-55, 47-53) से हार का सामना करना पड़ा।

## एफआईएच प्रो लीग: विदेश में होने वाले मुकाबलों के लिए भारतीय टीम के कप्तान बने रहेंगे रोहिदास

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता डिफेंडर अमित रोहिदास अगले महीने बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के 2021-22 सत्र के अंतिम महत्वपूर्ण चरण में भारतीय पुरूष हॉकी टीम की अगुआई करना जारी रखेंगे। भारत एफआईच प्रो लीग तालिका में 12 मैचों में 27 अंक लेकर शीर्ष पर चल रहा है और अर्जेंटीना से तीन अंक आगे है। तोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता टीम अगले चार मैचों का इस्तेमाल अपने दबदबे को बढ़ाने और बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों से पहले जरूरी मैच अभ्यास के रूप में करना चाहेगी। भारत 11 और 12 जून को एंटवर्प में दुनिया की दूसरे नंबर की टीम बेल्जियम से खेलेगा जिसके बाद उसका सामना 18 और 19 जून को रोटरडम में नीदरलैंड से होगा। घरेलू सरजमीं पर पिछले दो चरण की तरह ही स्टार ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह उप कप्तान होंगे।

**टीम : गोलकीपर :** सूरज करकेरा, श्रीजेश पराटू रवींद्रन , **डिफेंडर :** सुरेंद्र कुमार, हरमनप्रीत सिंह (उप कप्तान), वरूण कुमार, अमित रोहिदास (कप्तान), जुगराज सिंह, जर्मनप्रीत सिंह , **मिडफील्डर :** मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, शमशेर सिंह, विवेक सागर प्रसाद, आकाशदीप सिंह, नीलकांत शर्मा , **फारवर्ड :** गुरजंत सिंह, मंदीप सिंह, शिलानंद लकड़ा, सुखजीत सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक।

## गत चैम्पियन कैस्पर रड जीते, तीन वरीय खिलाड़ी जिनेवा ओपन से बाहर

**जिनेवा।** गत चैम्पियन कैस्पर रड ने बुधवार को जिनेवा ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि तीन वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को दूसरे दौर में हार मिली। दूसरे वरीय रड ने बेनो पेयरे को 6-3, 6-। से हराकर अगले दौर में जगह बनाई, जहां उनका सामना गुरूवार को थानासी कोकिनाकिस से होगा। रड खिताब बरकरार रखने के प्रबल दावेदार बने हुए हैं क्योंकि मंगलवार को दूसरे वरीय दानिल मेदवेदेव को रिचर्ड गैस्केट से पराजय का मुंह देखना पड़ा था। तीसरे वरीय डेनिस शापावालोव भी शुरूआती दौर का मैच हार गए, उन्हें इलिया इवाशका ने 6-4, 6-7, 6-3 से हराया।

## लव के 5 विकेट, एसडी क्रिकेट क्लब हारा



**लखनऊ।** एक क्रिकेट मैच में लव के पांच विकेट की उम्दा गेंदबाजी भी उनकी टीम को जीत नहीं दिला सकी। एक रोमांचक मैच में केडी सिंह की टीम ने एसडी क्रिकेट क्लब को 31 रनों से हरा दिया। पहले खेलते हुए केडी की टीम ने 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 208 रन बनाए। विक ास-52, पीयूष-23, अंशुल-32, राघवेंद्र-26 व अभिनव ने 26 रनों को योगदान किया। लव ने 8 ओवर फेंके और 5 विकेट हासिल किए। जिसमें 3 ओवर मेडन थे जबकि 19 रन खाए। जवाब में उतरी एसडी की टीम 32.4 ओवर में 177 रन ही बना पाई। रघु व श्यामु ने 3-3 विकेट लिए। आकाश ने सबसे अधिक 50 रन बनाए।

## घोषाल विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टर फाइनल में हारे

**कैरो।** भारत के शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल यहां विश्व चैम्पियनशिप के प्री क्वार्टरफाइनल में दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी मुस्तफा असल से सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए। भारतीय खिलाड़ी को मिस्र के तेजी से उभरते हुए खिलाड़ी से 2-11, 7-11, 3-11 से हार का सामना करना पड़ा। घोषाल ने पहली बार न्यूयॉर्क में टूर्नामेंट ऑफ चैम्पियंस के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी जिसके बाद वह यहां विश्व चैम्पियनशिप के लिए पहुंचे। दुनिया के 17वें नंबर के खिलाड़ी घोषाल बुधवार रात अपने से 14 साल छोटे खिलाड़ी से पराजित हो गए। महिलाओं के ड्रा में जोशना चिनप्पा को फूड प्वाइजनिंग के कारण मिस्र की रोवान इलारबी के खिलाफ राउंड 16 के मुकाबले से हटना पड़ा।

# पीवी सिंधू थाईलैंड ओपन के क्वार्टर फाइनल में

## ● श्रीकांत का वॉकओवर

**भाषा।** बैंकॉक



दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने गुरुवार को यहां थाईलैंड ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और वह इस बैडमिंटन टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बची हैं। दुनिया की सातवें नंबर की खिलाड़ी और छठी वरीय सिंधू ने दूसरे दौर के मुकाबले में सिम यू जिन को सिर्फ 37 मिनट में 21-16 21-13 से हराया। यू जिन ने कोरिया को उबेर कप खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पहले दौर में अमेरिका की दुनिया के 62वें नंबर की खिलाड़ी लॉरेन लैम को हराने वाली सिंधू अगले दौर में दूसरी वरीय जापान की अकाने यामागुची से भिड़ेंगी। यामागुची ने कोरिया की किम गा युन को दूसरे दौर के एक अन्य मुकाबले में 21-23 21-15 21-16 से हराया। थॉमस कप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाने वाले किदांबी श्रीकांत पुरुष एकल के दूसरे दौर के मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वी को वॉकओवर देने के कारण इस बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। आठवें वरीय श्रीकांत ने आयरलैंड के अपने प्रतिद्वंद्वी एनहाट एनगुएन को वॉकओवर दिया। उनके वॉकओवर देने के कारण का पता नहीं चला है। दुनिया के 11वें नंबर के खिलाड़ी श्रीकांत ने पहले दौर में फ्रांस के ब्राइस लेवरडेज को 18-21 21-10 21-16 से हराया था। महिला एकल में मालविका बंसोड़ का अभियान भी खत्म हो गया। उन्हें दूसरे दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ 21-16 14-21 14-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी। इशान भटनागर और तनीषा क्रास्टो की भारत की मिश्रित युगल जोड़ी भी दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी को गोह सून हुआत और लेई शेवोन जेमी की मलेशिया की छठी वरीय जोड़ी के खिलाफ सीधे गेम में 19-21 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। अश्विनी भट के और शिखा गौतम की जोड़ी भी महिला युगल के दूसरे दौर में मायु मात्सुमोतो और वकाना नागाहारा की पांचवीं वरीय जोड़ी से 19-21 6-21 से हार गई।

# सेफ्टी के लिहाज से बसों का फिटनेस टेस्ट अवश्य कराएं

● सड़क पर दो पहिया वाहन से चलते समय हेलमेट अवश्य पहनें, चार पहिया वाहन पर सीटबेल्ट का करें प्रयोगः जिलाधिकारी



संवाददाता। कानपुर देहात

**मा. मुख्यमंत्री** जी के निर्देशन में सड़क सुरक्षा के नियमों की जागरूकता हेतु विद्यालयों के प्रधानाचार्यो की एक दिवसीय कार्यशाला का ईको पार्क में जिलाधिकारी नेहा जैन की अध्यक्षता में आयोजन हुआ, कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं के बचाव हेतु सामूहिक जागरूकता की आवश्यकता है, क्योंकि अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता है, उन्होंने कहा कि बसों की सेफ्टी अवश्य चेक करा ले, साथ ही सभी वाहनों का फिटनेस टेस्ट अवश्य करवाएं, वाहन चलाते समय किसी भी दशा में किसी अन्य साधन का प्रयोग ना करें जो रोड के नियमों से आपका ध्यान भंग करता हो, कानपुर देहात जनपद में नेशनल मार्ग दो हैं और कई राज्य मार्ग हैं इसलिए हम सबको यहां ज्यादा सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में अक्सर संपूर्ण परिवार ही उजड़ जाता है या परिवार के मुखिया के मृत्यु प्राप्त हो जाने पर संपूर्ण परिवार आश्रय विहीन हो जाता है, साथ ही उन्होंने उपस्थित बच्चों एवं नागरिकों को सलाह दी कि हर नागरिक अपना टर्म इंश्योरेंस अवश्य करवाएं, स्कूलों में जागरूकता फैलाई जाए, साथ ही सड़क पर चलते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें एवं चार पहिया वाहन पर चलते समय सीटबेल्ट का अवश्य प्रयोग करें। 18 वर्ष के बच्चे वाहन चलाने हेतु लर्निंग लाइसेंस अवश्य बनवा लें। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक स्वप्रिल मगगाई ने संबोधित करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना से कोरोना से ज्यादा मौतें होती हैं, यूपी में दो सालों में लगभग 50 हजार लोग रोड एक्सीडेंट में मारे गए हैं, हमारे कई परिजन है जिन्होंने अपने लोगों को सड़क दुर्घटनाओं में खोया है, हमें सड़क दुर्घटनाओ में कमी लाने हेतु इसे युद्ध स्तर पर रोकना होगा, इसके लिए ज्यादा से ज्यादा जागरूकता फैलाना होगा, वास्तव में हमें सड़क पर चलते समय काल्पनिक दुनिया से निकलकर यथार्थ के साथ जाना होगा, उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते समय चाहे बड़ा हो या छोटा कोई भी उन नियमों का पालन नहीं करेगा तो निश्चित रूप से वह दुर्घटना का शिकार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हम रोड सेफ्टी के लिए एन0सी0सी0 और एन0एस0एस0 के विद्यार्थियों को भी पुलिस के साथ जोड़ेंगे जिससे हमारी ताकत और बढ़ सके और सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने कहा कि अपनी जिंदगी के साथ लापरवाही न करें, सड़क पर चलते समय सड़क के नियमों का पालन करें और अपने और अपने परिवार के जीवन को सुरक्षित बनाएं।

इस मौके पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा प्राची दीक्षित द्वारा भी सड़क सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गई एवं मनोज कुमार कुशवाहा द्वारा सड़क सुरक्षा हेतु पिछले वर्ष निःशुल्क दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट वितरण हेतु उनका धन्यवाद ज्ञापित किया गया। कार्यक्रम के समापन के दौरान सभी को सड़क सुरक्षा के नियमों के पालन करने हेतु शपथ भी दिलायी गयी।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन गरिमा सिंह, क्षेत्राधिकारी अकबरपुर प्रभात कुमार, एआरटीओ प्रशासन मनोज कुमार वर्मा, एआरटीओ प्रवर्तन सोमलता यादव, अभिषेक कनौजिया, जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र मोहन, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत अकबरपुर देवहूती पाण्डेय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पुखरायां की प्राचार्य रति वर्मा आदि अधिकारीगण एवं एनसीसी कैडेट्स के बच्चे एवं अधिकारीगण, विद्यालयों के प्रधानाचार्य आदि लोग उपस्थित रहे।

## कादरी गेट से लकूला रोड पर पंहुचा बुलडोजर, मचा हड़कम्प

**फर्रुखाबाद।** गुरुवार को कादरी गेट होता हुआ बुलडोजर लकुला रोड़ पर पंहुच गया। बुलडोजर को देखकर अतिक्रमण कारियों के पसीने छूट गये। कई को खुद अपना अतिक्रमण हटानें का समय दिया गया। जबकि कई का अतिक्रमण मौके पढ़ी जमीदोज कर दिया गया। दरअसल बुलडोजर मैडम के नाम से चर्चा बटोर रहीं (नगर मजिस्ट्रेट) दीपाली भार्गव ने जिस तरह दशकों बाद अतिक्रमण को हटवाया। उससे वह सुर्खियों में हैं। बड़े बड़े भवनों को जमीन में मिलाकर उन्होंने शहर को अतिक्रमण के मकड़ जाल से काफी हद तक मुक्त करा दिया है। गुरुवार को वह बुलडोजरों को लेकर कादरी गेट लाल दरवाजा मार्ग पर पंहुची और रतन कोल्ड से अतिक्रमण हटवाना शुरू किया। जब फीता डालकर नाप की गयी तो कई भवन जद में आ गये। जिनका चिन्हांकन किया गया। कई भवन स्वामियों को खुद हटा लेनें का समय दिया गया। कई से अतिक्रमण हटानें को लेकर नोंकझोंक हुई। कादरी गेट चौकी को नगर मजिस्ट्रेट से अभय दान दे दिया। वहीं चौकी के सामने खड़े लगभग आधा दर्जन भवनों के भीतर तक फीता जा पंहुचा। जिसके बाद उन्हें भी समय दे दिया गया कि सभी खुद तोड़ ले। कादरी गेट चौराहे पर बने डॉ0 विपुल अग्रवाल के भवन के सामने जेसीबी पंहुची तो डॉ0 विपुल अग्रवाल सिफारिश के लिए पंहुचे। लेकिन नगर मजिस्ट्रेट ने उनके नवनिर्मित भवन का नक्शा माँगा तो वह नक्शेबाजी दिखानें लगे।

# डीएम ने विद्युत शवदाह गृह निर्माण के तलब किये रिकार्ड



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**शहर** के पांचाल घाट पर विद्युत शवदाह गृह निर्माण के लिए भूमि सम्बधित अभिलेख तलब किये गये हैं। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी के साथ पांचाल घाट पर विद्युत शवदाहगृह का निर्माण कराने के दृष्टिगत पंचाल घाट का निरीक्षण किया। तहसीलदार सदर श्रद्धा पांडेय से डीएम नें कहा कि जमीन रिकॉर्ड निकाल कर उपलब्ध करायें। डीएम नें कहा कि विद्युत शवदाहगृह बनवाने हेतु अबतक जो भी पत्राचार हुआ है उसको तत्काल उपलब्ध कराए, ताकि पांचाल घाट पर विद्युत शवदाह गृह बनवाने की कार्यवाही पूरी की जा सके। अपर जिलाधिकारी सुभाष प्रजापति, लक्ष्मण सिंह एडवोकेट आदि रहे।

## बाइक अनियंत्रित होकर पलटी, युवक की हुई मौत

**हुसैनगंज (फतेहपुर)।** थाना क्षेत्र के मोहम्मदीपुर गांव के समीप दोपहर बाइक से जा रहे दो युवक तीव्र मोड में बाइक समेंत खंती में जा गिरे। जिससे बाइक के पीछे बैठे युवक की दर्दनाक मौत हो गई तो वहीं बाइक चला रहा युवक मौके से बाइक लेकर फरार हो गया। रोड दुघर्टना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अचेत अवस्था में पड़े युवक को पास स्थित सीएचसी में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के उधन्नापुर गांव निवासी 17 वर्षीय दीपू पुत्र सूरजपाल अपने मित्र अज्ञात के साथ रिश्तेदारी मोहम्मदी पुर गांव जा रहे थे। बाइक दीपू का मित्र चला रहा था। जब वह मोहम्मदीपुर गांव के समीप पहुंचा तो तेज रफ्तार बाइक मोड़ में पलट गई, जिससे दीपू की दर्दनाक मौत हो गई। उसका साथी बाइक लेकर मौके से निकल गया।

## क्विक न्यूज

### जिला बार के अध्यक्ष बने प्रमोद रायजादा





**फतेहपुर।** जिला बार एसो0 के बुधवार को सम्पन्न हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर प्रमोद रायजादा ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी गया प्रसाद दुबे को 120 वोटों के बडे अन्तर से पराजित किया, वहीं सचिव/महामन्त्री पद पर बुद्धप्रकाश सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी बृजेश चन्द्र बाजपेई को 106 वोटों से पराजित किया। इस चुनाव में वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर अमरनाथ कैथल, उपाध्यक्ष पद पर निर्भय कुमार गुप्ता व अरुण कुमार शुक्ला, कोषाध्यक्ष पद पर चन्द्रप्रकाश गुप्ता, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर नीरव रमन सिंह व गणेश प्रसाद तिवारी, संयुक्त सचिव प्रशासन पद पर भूपेन्द्र वीर सिंह मौर्य, संयुक्त सचिव प्रकाशन पद पर शिवम गुप्ता, संयुक्त सचिव पुस्तकालय पद पर इन्द्रमोहन सिंह, वरिष्ठ सदस्य के 06 पदों पर संगम लाल वर्मा, ह्रदय राम श्रीवास्तव, वीरेन्द्र सिंह, अजय कुमार त्रिपाठी, पंकज दीक्षित, अनिल कुमार व कनिष्ठ सदस्य के 06 पदों पर अमिता गुप्ता, छाया देवी, दिलीप चन्द्र त्रिवेदी, पूजा देवी, संजय कुमार, सुधीर शिवा पटेल को निर्वाचित घोषित किया गया। परिणाम घोषित होने के बाद सभी निर्वाचित पदाधिकारियों का समर्थकों ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह 23 मई को आयोजित किया जायेगा।

### मक्के के खेत में गये युवक को मारी गोली

**फर्रुखाबाद।** मक्के के खेत में गये युवक पर जान लेवा फायरिंग की गयी। जिससे गोली लगनें से वह घायल हो गया। उसे शहर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। पुलिस ने उसका मेडिकल भी कराया है। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम जसमई निवासी 21 वर्षीय रवि पुत्र तुलसीराम ने बताया कि वह अपने मक्के के खेत में गया था। उसी दौरान मक्के के खेत में बैठे कुछ युवकों ने फायरिंग कर दी। जिससे गोली रवि के जांघ के ऊपरी हिस्से में लगी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल को शहर के एक निजी चिकित्सक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मौके पर जाकर जाँच की। कार्यवाहक थानाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह ने बताया कि जाँच की जा रही है। घायल का मेडिकल कराया गया।

### चोरों ने कथा वाचक के घर का ताला तोड़कर नकदी-जेबरात किये साफ

**फर्रुखाबाद।** बीती रात कथा वाचक के घर का ताला तोड़कर नकदी जेबरात साफकर दिया गया। मामले की सूचना पुलिस को दी। मिथिलेश अग्निहोत्री कथा वाचक का कार्य करते है। शहर कोतवाली के शिव नगर कालोनी ओपी लॉन के पीछे आवास बनाकर रह रहें है। बीती रात वह अपनी पत्नी सरिता आदि के साथ अपने भांजी के विवाह समारोह में शामिल होनें जनपद हरदोई हरपालपुर मिघौली गये थे। रात में चोर मेंन गेट का ताला तोड़कर घर में दाखिल हुए और कमरों का का ताला तोड़कर अलमारी में रखे लगभग 1 लाख 60 हजार रूपये व कीमती जेबरात चोरी कर लिया गया। सुबह जानकारी होनें पर पड़ोसी रत्नेश त्रिवेदी ने उन्हें फोन पर घटना की सूचना दी। जिससे वह मौके पर पंहुचे। सीओ सिटी प्रदीप कुमार व कोतवाल विनोद कुमार शुक्ला ने मौके पर जाकर जाँच की। सीओ सिटी प्रदीप कुमार ने बताया की घटना स्थल के निकट की गिहार बस्ती लकुला है। पुलिस को शक है कि वहीं रहने वाले अराजक तत्वों ने घटना को अंजाम दिया है। कोतवाली पुलिस को निर्देश दिये है कि वह जाँच कर कार्यवाही करे।

### टॉप टेन अपराधी समेत दो गिरफ्तार

**फतेहपुर।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह के दिशा निर्देशन के तहत चलाये गये धर पकड़ अभियान के तहत जनपद की अलग-अलग थानों की पुलिस ने टॉप टेन अपराधी समेंत दो को तमंचा कारतूस के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार औंग थाने में तैनात उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद ने शाम अपने हमराह सिपाहियों के साथ क्षेत्र में गस्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सटीक सूचना पार टॉप टेन अपराधी सियाराम पुत्र लाखन निवासी कौड़िया थाना औंग को गिरफ्तार करते हुये उसके कब्जे से एक 12 बोर का तमंचा व कारतूस बरामद किया है। इसी प्रकार हुसैनगंज थाने में तैनात उप निरीक्षक धीरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने हमराह सिपाहियों के साथ गस्त करते हुये मुलायम रैदास पुत्र राम प्रसाद निवासी महेशपुर को 12 बोर का तमंचा व कारतूस के साथ धर दबोचा। पकड़े गये दोनों आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर न्यायालय भेजा है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र के भिटौरा बाईपास ओरवब्रिज एनएच-2 में शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से एक लगभग 27 वर्षीय युवक घायल हो गया। जिसे उपचार के लिये जिला चिकित्सालय लाया गया। जहॉ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थरियांव थाना क्षेत्र के भारतपुर गांव निवासी स्व0 संतोष का पुत्र नीरज कुमार जो खागा राईस मील में नौकरी करता था। मील के ही जरूरी काम से शहर आ रहा था। जब वह कोतवाली क्षेत्र के भिटौरा बाईपास ओवरब्रिज एनएच-2 में पहुंचा। उसी समय पीछे से तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस द्वारा घायल को उपचार के लिये तत्काल जिला चिकित्सालय में पहुंचाया। जहॉ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही सूचना पाकर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

## दिनदहाड़े महिला के घर में घुसकर चेन छीन ली, खींचतान में कटा गला

**फर्रुखाबाद।** दिन दहाड़े घर में घुसकर महिला की चेन तोडनें का प्रयास किया हुआ। खीचतान में महिला का गला कट गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसके बाद बदमाश चेन का कुछ हिस्सा तोड़ ले गया जबकि चेन का कुछ हिस्सा महिला अपने साथ ले गयी। शहर कोतवाली के मोहल्ला शिव नगर कादरी गेट निवासी सोनू मिश्रा एक ट्रैक्टर एजेंसी में नौकरी करते है। गुरुवार को उनकी पत्नी पूजा मिश्रा व भांजा आयुष दुबे घर पर था। सोनू का पास में ही दूसरे मकान में निर्माण कार्य चल रहा है। दोपहर एक युवक ने उसका दरवाजा बजाकर आवाज दी। जब महिला निकली तो युवक ने कहा भाभी समर बंद कर दो। जैसे ही महिला समर बंद करने के लिए चली तो पीछे से शातिर ने उसकी चेन तोड़नें का प्रयास किया। महिला ने भी आगे से चेन पकड़ ली। खीचतान में महिला का गला कट गया। जिससे उसकी गर्दन में पांच टाँके भी आये। वहीं खीचने से चेन टूट गयी।

## सड़क सुरक्षा रैली निकाल बच्चों ने किया जागरूक

**फतेहपुर।** शिक्षा क्षेत्र हथगाँव के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों ने गाँवों में रैली निकालकर लोगों को सड़कों पर कैसे चलना है। नारों और गीत के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में प्रतियोगिताएं भी आयोजित कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के आदेशानुसार बीईओ के निर्देशन में शिक्षा क्षेत्र के अंतर्गत कम्पोजिट विद्यालय लालदासपुर में विद्यालय प्रभारी शशी देवी के मार्गदर्शन में बच्चों द्वारा गाँव की गलियों मे सड़क सुरक्षा अभियान की रैली निकालकर लोगों को तख्तियों में लिखे स्लोगन को लेकर कतारबद्ध चलते हुए गीत और नारों के द्वारा सड़कों पर चलनें के नियमों की जानकारी कराते जागरूक कर रहे थे। अभियान के अंतर्गत विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें कक्षा 07 की छात्रा खुशी देवी पुत्री दीपक लाल प्रथम, दिव्या देवी कक्षा 06 द्वितीय और खुशी देवी पुत्री बुधई कक्षा 07 ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सभी स्थान लाने वाले बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। रैली मे शिक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह, सीमा, रमेश कुमार सविता, राकेश कुमार यादव, नीलू देवी एवं रसोइयों का सराहनीय योगदान रहा। इसी प्रकार प्राथमिक विद्यालय राय चंद्रपुर में भी प्रधानाध्यापक गंगा सागर की अगुवाई में रैली निकालकर, नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। कंपोजिट विद्यालय पलिया बुजुर्ग में भी रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया।

# श्रम कल्याण विभाग की योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसारः भराला

संवाददाता। फतेहपुर

**जनपद** में श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुनील भराला की अध्यक्षता में श्रम विभाग की योजनाओ के सम्बंध में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि श्रम कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए श्रमिकों/उनके आश्रितों को नियमानुसार अधिकारी सेवाभाव से पात्रों को लाभान्वित कराने हेतु अपनी महती भूमिका निभायें। कारखानों, वाणिज्य अधिष्ठानों के नोटिस बोर्ड/परिसर में संचालित योजनाओं का पम्पलेट/बैनर आदि के माध्यम से श्रमिको को जागरूक किया जाए। जिससे कि श्रमिको को योजनाओ का लाभ मिल सके। श्रम कल्याण विभाग द्वारा श्रमिकों व उनके बच्चों के अच्छे भविष्य के लिए शिक्षा, विवाह, खेलकूद, तीर्थयात्रा से लाभान्वित करने हेतु योजनाए चलायी जा रही है। जिसकी सतत निगरानी हेतु जिले स्तर पर बैठके भी आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से श्रमिको व उनके आश्रितों को लाभ दिया जाए। अधिकारियों से कहा कि बैठक में उपस्थित सदस्यों के अमूल्य सुझावो को नियानुसार कार्यवाही करते हुए अमल में लाया जाए। इसके प्रचार-प्रसार हेतु दिशा निर्देश दिए गए तथा जनपद में नियमित बैठकों एवं व्यापार जगत के प्रतिनिधियों एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ प्रचार प्रसार करते हुए अधिक से अधिक श्रमिकों को योजनाओं से लाभान्वित किए जाने के दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं। मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश ने अध्यक्ष एवं सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि दिए गए निर्देशों/सुझाव को अधिकारियो द्वारा अक्षरशः पालन कराया जाएगा। बैठक मे दिनेश बाजपेई, श्रम प्रकोष्ठ सह संयोजक, उप श्रम आयुक्त प्रयागराज क्षेत्र, प्रयागराज, जिला क्रीड़ा अधिकारी, सहायक श्रम आयुक्त, रवि कांत मिश्रा, विशेष आमंत्रित सदस्य, श्रम कल्याण परिषद तथा अन्य विभागों के अधिकारी एवं व्यापार एवं उद्योग जगत के प्रतिनिधि उपस्थित हुए। अध्यक्ष ने बताया कि श्रम कल्याण परिषद द्वारा संचालित योजनाए-गणेश शंकर विद्यार्थी श्रमिक पुरस्कार राशि योजना, ज्योतिबा फूले श्रमिक कन्यादान योजना, राजा हरिश्चंद्र मृतक श्रमिक आर्थिक सहायता योजना, दत्तोपंत ठेंगडी श्रमिक मृतक अंत्येष्टि सहायता योजना, महादेवी वर्मा श्रमिक पुस्तक क्रय धन योजना, डॉ0 एपीजे अब्दुल कलाम श्रमिक प्राविधिक शिक्षा सहायता योजना, श्रवण कुमार श्रमिक परिवार धार्मिक पर्यटन यात्रा योजना एवं चेतन चौहान श्रमिक क्रीडा प्रोत्साहन योजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

## बेटों पर फायरिंग कर मां का सिर फोड़ा,आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**फर्रुखाबाद।** महिला के सिर में ईट मारकर उसके पुत्रों पर फायर झोंक दिया। जिसके बाद घायल महिला ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जाँच शुरू कर दी है। थाना शमसाबाद क्षेत्र के ग्राम बरई निवासी शारदा देवी पत्नी धारा सिंह ने पुलिस को तहरीर दी। जिसमे बताया कि वह जानवरों को पानी पीला रही थी। उसी दौरान गाँव के ही रघुवीर सिंह पुत्र गंगा सिंह, राकेश, सुभाष व मोरपाल पुत्र रघुवीर, सौरभ पुत्र राकेश व अवनीश पुत्र अमीर सिंह ने मेरे सिर पर ईट मार दी। उसी दौरान रघुवीर सिंह का पुत्र राकेश भाग कर आया और शारदा के पुत्रों अनिल व अरविन्द पर फायर झोंक दिया।जिससे वह बाल-बाल बच गये। तब तक गाँव के लोग आ गये और आरोपी जान से मारनें की धमकी देकर फरार हो गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उसका मेडिकल परीक्षण कराया।

# शिक्षकों के साथ बच्चों ने निकाली सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली

संवाददाता। अमौली (फतेहपुर)

**प्रदेश सरकार** के परिवहन विभाग की पहल पर संचालित सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत विकासखंड अमौली के परिषदीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुलखेड़ा में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत शिक्षक उमेश कुमार के नेतृत्व में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सड़क सुरक्षा जन जागरूकता रैली को खंड शिक्षा अधिकारी कुंवर सिंह कमल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान में जागरूकता रैली के साथ जागरूक ग्रामीण व महिलाएं भी साथ चल दिए। शिक्षकों, बच्चों व ग्रामीणों के इस समन्वय ने जोरदार नारों के साथ गांव की हर गली में घूम कर लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। सड़क सुरक्षा नियमों का जो भी करें संम्मान। दुर्घटना से जीवन बचे, जन धन का नुकसान। वाहन चलाते वक्त एक भी भूल करे नुकसान। छीने खुशियां अपनी, बच्चों की मुस्कान। ध्यान रहे जब सड़क सुरक्षा, तभी तो होगी जीवन रक्षा। जैसे नारों से गांव की गलियां गूंज उठी। जूनियर हाई स्कूल प्रांगण में रैली के समापन में प्रबंध समिति के सदस्यों के साथ पूर्व में सम्पन्न पोस्टर, क्विज व निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों की समुचित जानकारी न केवल जीवन को बचाती है बल्कि परिवार की खुशियों की रक्षा भी करती है। उन्होंने सभी ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के नियम पालन करने की शपथ भी दिलाई। आयोजक शिक्षक ने जनमानस के सहयोग हेतु आभार जताया। यातायात के नियमों के पालन करने व नशे की हालत में गाड़ी न चलाने का निवेदन भी किया।

## हरियाणा में मार्ग दुर्घटना में रसूलाबाद के चार युवकों की मौत से शोक की लहर

संवाददाता। रसूलाबाद कानपुर देहात

**बेकाबू** ट्रक की चपेट में आने से चार युवकों की मौत हो गई थी व दर्जन भर से अधिक लोग घायल हो गए थे। यह खबर जब गांव में पहुंची तो गांव में मातम छा गया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था। वहीं पर घायलों को देखने और शवों को लेने हरियाणा राज्य को रवाना हुए।

हरियाणा राज्य के रोहतक के निकट स्थित बहादुरगढ़ में केएमपी एक्सप्रेस वे में कार्य कर रहे मजदूर कार्य करने के बाद हाईवे के किनारे बैरिकेड लगाकर सो गए थे तभी रात्रि को अचानक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने सो रहे 14 लोगों को रौंद दिया और अनियंत्रित होकर ट्रक पलट गया इस दौरान 4 लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दर्जन भर लोगों का रोहतक पीजीआई में उपचार चल रहा है आपको बता दें कि यह तक चार युवक रसूलाबाद क्षेत्र के ही निवासी हैं जिसमें इटैली ग्राम पंचायत का मजरा रिवरी निवासी सुशील 25 पुत्र रूपनए सोनू 20 पुत्र बहादुरए कांति स्वरूप 18 पुत्र चंद्रपाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं माल का पुरवा ग्राम पंचायत का मजरा दांती निवासी नीरज 18 पुत्र रूपन की भी हादसे में जान चली गई। वहीं इसके अलावा दर्जन भर लोगों का रोहतक पीजीआई में उपचार चल रहा है। जब यह खबर रसूलाबाद क्षेत्र के दांती गांव में पहुंची तो परिजन रो रो कर बेसुध थे। किसी के घर में विवाह तो किसी के घर में अन्य कार्यक्रम होने थे। आर्थिक तंगी के चलते युवक कार्यक्रमों से पहले कुछ धन जुटाने के लिए बाहर गए हुए थे लेकिन किसी ने नहीं सोचा था कि शादी की खुशियां मातम में तब्दील हो जायेंगीं। पूरे घटनाक्रम की जानकारी जब क्षेत्रीय विधायक पूनम संखवार को हुई तो उन्होंने तत्काल परिजनों से फोन पर वार्ता कर ढांढस बंधाया और कहा कि मृतक के परिजनों की हर संभव मदद की जाएगी।

# जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने परौख गांव में चल रहे कार्यों का लिया जायजा, दिए निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात



डीएम व सीडीओ परौंख गॉव में चल रहे विकास कार्यो का जायजा लेते हुये पायनियर

**राष्ट्रपति** के परौंख में संभावित दौरे के दृष्टिगत जिलाधिकारी नेहा जैन व मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय ने परौंख गांव का भ्रमण किया। इस मौके पर सर्वप्रथम जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया, जहां पर कार्यक्रम मंच की तैयारी चल रही थी, इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित को निर्देशित किया की संपूर्ण व्यवस्थाएं समय से पहले पूर्ण कर ले, पार्किंग व्यवस्था हेतु जगह चिन्हित कर पार्किंग स्थल बनाए, इसके पश्चात जिलाधिकारी ने झलकारी बाई इंटर कॉलेज, प्राथमिक विद्यालय परौख, पथरी देवी मंदिर, अंबेडकर पार्क, मिलन केंद्र, आंगनवाड़ी केंद्र हेल्थ एवं वैलनेस सेंटर इत्यादि का निरीक्षण किया, वहीं प्राथमिक विद्यालय परौंख में साफ सफाई एवं बच्चों की कम उपस्थिति पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जाहिर की तथा संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्रधानाचार्य को कड़ी फटकार लगाते हुए कहां की तत्काल साफ-सफाई कराई जाए एवं बच्चों की उपस्थिति शत प्रतिशत हो, बच्चे यूनिफॉर्म, जूता, मोजा, टाई पहनकर विद्यालय आए तथा विद्यालय के रंग रोगन, पोस्टर आदि की संपूर्ण व्यवस्था दुरस्त कर ली जाए। वहीं उन्होंने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर के निरीक्षण के दौरान कार्य प्रगति पर चलता पाया गया, इस पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ए के सिंह को निर्देशित किया इसको तत्काल सभी कार्य पूर्ण कराएं तथा चिकित्सक एवं एएनएम की ड्यूटी अवश्य लगवाएं, जिससे कि लोगों का इलाज हो सके, इसके पश्चात जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया, आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की कम उपस्थिति एवं साफ सफाई कम पाए जाने पर आंगनवाड़ी कार्यकत्री को निर्देशित किया कि आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत सुनिश्चित कराएं, जिलाधिकारी ने अंबेडकर पार्क का निरीक्षण करते समय वहां पर चल रहे पेंटिंग इत्यादि कार्यों का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को समय से कार्य को पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए, जिलाधिकारी ने तालाबों में चल रहे कार्यों का भी जायजा लिया, जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में साफ-सफाई हैंडपंप विद्युत रंगाई पुताई सड़कें इत्यादि के कार्यो को शीघ्र पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए इस मौके पर जिलाधिकारी डेरापुर साक्षी शर्मा, जिला विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एके सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी राकेश यादव, जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र मोहन, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला कृषि अधिकारी डॉ उमेश कुमार गुप्ता, जिला उद्यान अधिकारी सुभाष चंद्रा आदि जिला स्तरीय अधिकारी गण एवं तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षण संस्थान समय से करायें यू डायस डाटा फीडिंग

संवाददाता। अमेठी

**शैक्षिक सत्र** 2021.22 हेतु यू.डायस प्लस के आंकड़ों को ऑनलाइन पोर्टल पर फीड कराये जाने के सम्बन्ध में आज जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पाठक ने बताया कि यू.डायस ;एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणालीद्ध है। यह 11 अंकों की एक यूनिक आईडी है। जिसमें पहले के 2 कोड राज्य उसके बाद के 2 अंक जनपद् उसके बाद के 2 अंक ब्लॉक उसके बाद के 3 अंक गाँव या शहर तथा अंत के 2 अंक विद्यालय को दर्शाते हैं। शिक्षा विभाग में प्रत्येक विद्यालय को यू.डायस कोड से ही पहचाना जाता है। इसके अंतर्गत डाटा कैप्चर फार्मेट ;डीसीएफद्ध तैयार किया गया है जिसके अन्तर्गत विद्यालय से सम्बन्धित समस्त सूचनाएं विद्यालय स्तर से ही भरी जाती है और फिर नामित शिक्षक संकुल एबीएसए द्वारा चेक करने के उपरान्त सम्बन्धित पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाता है।उन्होंने बताया कि जनपद में संचालित समस्त परिषदीय विद्यालय माध्यमिक विद्यालयए राजकीय विद्यालय मान्यता प्राप्त अनुदानित सीबीएसई आईसीएसई श्रम विभाग केन्द्रीय विद्यालयए केन्जीबीवीएए जनजाति एवं समाज कल्याण विभाग के विद्यालय तथा मदरसा बोर्ड अन्तर्गत अलग.अलग कैटेगरी में कक्षा 01 से कक्षा 12 तक संचालित होने वाले विद्यालय जिन्हें पूर्व में यू.डायस कोड प्राप्त हो चुका है सभी के द्वारा भरा जाना है। जिन विद्यालयों को अभी कोड नहीं प्राप्त हुआ है उन्हें वर्ष 2021.22 में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। उन्होंने बताया कि यू.डायस कोड प्राप्त करने हेतु प्रत्येक विद्यालय को आवेदन करना पड़ता है विद्यालय द्वारा आवेदन किये जाने के उपरांत उसे यू.डायस पोर्टल पर जनपद स्तर से रजिस्टर्ड करने के बाद राज्य स्तर पर अग्रसारित करने पर मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा एरफ्ड किये जाने पर प्राप्त होता है। बीएसए ने यह भी बताया कि यू.डायस डाटा में भरी जाने वाली सूचनाओं में स्कूल का विवरण ;स्थानए संरचनाए प्रबंधन एवं अनुदेश का माध्यमद्ध भौतिक सुविधाएं एवं उपकरणए शिक्षण एवं गैर शैक्षणिक स्टाफए नये दाखिलेए नामांकन एवं पुनरावर्तकए बच्चों को प्रदान किये गये प्रोत्साहन एवं सुविधाएं वार्षिक परीक्षा का परिणाम बोर्ड परीक्षा का परिणाम आय एवं व्यय व्यवसायिक शिक्षा पीजीआई एवं अन्य संकेतक स्कूल की सुरक्षा इत्यादि से सम्बन्धित ऑकड़े फीड किये जायेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक वर्ष 30 सितम्बर आधार तिथि के अनुसार समस्त प्रबन्धन के विद्यालयों द्वारा स्वयं लॉगिन का प्रयोग कर यू.डायस प्लस पोर्टल पर विद्यालय की समस्त जानकारी ऑनलाइन की जाती है। बैठक के दौरान डीएम ने कहा कि यू.डायस डाटा का प्रयोग राज्य सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र के वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट का प्रस्ताव किया जाता है तथा भारत सरकार द्वारा यू.डायस डाटा के आधार पर ही अप्रूवल प्रदान किया जाता है तथा इसी डाटा के आधार पर भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा शिक्षा सम्बन्धी आंकड़े दर्शाये जाते हैं।

डीएम ने जिला विद्यालय निरीक्षक जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी एवं जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया कि सम्बन्धित विद्यालयों से समन्वय स्थापित कर आनलाइन डाटा की फीडिंग समय से कराये जाने का प्रयास करें तथा बीएसए को अपेक्षित सहयोग भी प्रदान करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डा् अंकुर लाठर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार पाठकए जिला विद्यालय निरीक्षक जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा सहित अन्य शिक्षा अधिकारी शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने की बैठक



अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए जिलाधिकारी

**अमेठी।** जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर बारिश से पूर्व जनपद की सभी ड्रेनों की सील्ट सफाई कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने कहा कि जनपद में सभी ड्रेनों की सूची तैयार कर ली जाए तथा उसका स्थलीय सत्यापन कराने के उपरांत ही सील्ट सफाई कराई जाए। जिससे बारिश के दौरान कहीं पर भी जलभराव की समस्या ना उत्पन्न हो। उन्होंने ड्रेनों की सील्ट सफाई को लेकर जनप्रतिनिधियों से वार्ता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी जनप्रतिनिधियों से एक बार वार्ता कर ले यदि उनके क्षेत्र में कोई ड्रेन हो जिसकी सफाई होनी हो तो उसको भी सूची में दर्ज कर लेए जिससे जनपद में कोई भी ड्रेन की सफाई होने से छूटने ना पाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी डॉ अंकुर लाठरए पुलिस क्षेत्राधिकारी गौरीगंज गुरमीत सिंह अधिशासी अभियंता सिंचाई शारदा सहायक खंड 41 सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा को लेकर अमेठी में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए

संवाददाता। अमेठी

**● विद्यालयों में रैली निकालकर लोगों को यातायात नियमों के संबंध में किया गया जागरूक**

**शासन के** निर्देश के क्रम में तथा जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के मार्गदर्शन में आज जनपद में सड़क सुरक्षा के संबंध में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गएए जिसके अंतर्गत जनपद के समस्त 1570 परिषदीय विद्यालयोंए सभी मान्यता प्राप्त विद्यालयए 13 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय आदि में सड़क सुरक्षा जागरूकता संबंधी प्रभात फेरीए स्लोगनए बैनर आदि के माध्यम से आयोजन किया गया। जागरूकता के दौरान जनमानस को गाड़ी चलाने के समय हेलमेटए सीट बेल्ट लगाने की जानकारी प्रदान की गई। रैली के दौरान जनमानस को अवगत कराया गया कि कभी भी शराब पीकर गाड़ी न चलाएंए मोबाइल फोन पर बात करते समय वाहन नहीं चलाना चाहिए इत्यादि की जानकारी दी गई। जनपद स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय में उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरीगंज में सड़क सुरक्षा संबंधी प्रभातफेरी का आयोजन किया गया तथा जनपद के समस्त विकास खंडों में खंड शिक्षा अधिकारियों एआरपीए एसआरजी द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली के नेतृत्व में आयोजन करते हुए लोगों को जागरूक किया गया सभी विद्यालयों के बच्चों को सड़क सुरक्षा संबंधी शपथ के साथ उन्हें यातायात नियमों का पालन करने तथा दूसरों को भी जागरूक करने की जानकारी दी गईए विद्यालयों के अध्यापकों द्वारा सड़क सुरक्षा के संबंध में क्विज प्रतियोगिताए पोस्टरए चित्रकला तथा निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया गया।

# वर्तमान में श्रम विभाग की 8 कल्याणकारी योजनाएं संचालित

संवाददाता। रायबरेली

**उत्तर प्रदेश** श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष पं0 सुनील भराला ने बचत भवन सभागार में सहायक श्रमायुक्त, श्रम परिवर्तन अधिकारी सहित जनपद के समस्त व्यापारियो के साथ बैठक कर श्रम क्लयाण परिषद द्वारा संचालित योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं क्रियान्वयन किये जाने एवं प्रतिमाह आयोजित की जाने वाली मासिक समीक्षा बैठकों तथा जिला स्तरीय व मण्डलायुक्त स्तरीय उद्योग बन्धु व्यापार बन्धु की बैठकों में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा अनिवार्य रूप से किये जाने के आदेश दिये है। जनपद रायबरेली के पंजीकृत कारखानों/दुकान एवं वाणिज्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकों के हितार्थ श्रम कल्याण परिषद द्वारा वर्तमान में 8 विभिन्न कल्याणकारी योजनाए श्रम विभाग द्वारा संचालित है जिसमें डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक शिक्षा सहायता योजना अन्तर्गत श्रमिकों के पुत्र/पुत्रियों के प्राविधिक शिक्षा में प्रवेश पाने पर आर्थिक सहायता (छात्रवृत्ति विवरण सम्बन्धी योजना), गणेश शंकर विद्यार्थी पुरस्कार राशि योजना अन्तर्गत श्रमिकों के मेधावी पुत्र/पुत्रियों को पुरस्कार राशि प्रदान किये जाने सम्बन्धी योजना, राजा हरिश्चन्द्र मृतक आश्रित सहायता योजना, ज्योतिबा फूले कन्यादान योजना, दत्तोपन्त ठेंगडी मृतक अन्तेष्टि सहायता योजना, चेतन चौहान क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना, स्वामी विवेकानन्द धार्मिक एवं पर्यटन यात्रा योजना, महादेवी वर्मा पुस्तक क्रय धन योजना संचालित है। संचालित योजनाओं के लाभ प्राप्त करने हेतु जनपद के श्रमिकों को पंजीकृत कारखानों/दुकान एवं वाणिज्य प्रतिष्ठानों में कम से कम 6 माह लगातार सेवा की हो तथा आवेदन करते समय सेवारत हो।

## विश्वास बहादुर सिंह ब्लॉक मंत्री पद पर निर्वाचित

**लालगंज रायबरेली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा लालगंज के त्रैवार्षिक निर्वाचन एवं अधिवेशन ब्लॉक संसाधन केंद्र लालगंज में आयोजित किया गया। जिसमे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ शाखा लालगंज के अध्यक्ष पद के चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई गई। सैकड़ों शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति में चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसमें अध्यक्ष पद हेतु अजय बाबू पांडे व विश्वास बहादुर सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। निश्चित समय अवधि में विश्वास बहादुर सिंह ने अजय बाबू पांडे के के पक्ष में अपना समर्थन देते हुए पर्चा वापस ले लिया। जिससे आज बाबू पांडे निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित किए गए । इसके साथ ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें संरक्षक उपेंद्र बहादुर सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश कुमार उपाध्यक्ष प्रदीप यादव अनीशा देवी तनवीर अहमद महामंत्री विश्वास बहादुर सिंह संयुक्त मंत्री राकेश सिंह संगठन मंत्री हरिओम यादव ,ज्योति पटेल, हेमा पांडे ,रवि कांत शुक्ला प्रचार मंत्री राजीव गौतम, सौरभ तिवारी ,दीपक मिश्रा ,अंजलि निर्मल, अमित कुशवाहा कोषाध्यक्ष अजय चौधरी, लेखाकार सर्वेश कुमार, आय- व्यय निरीक्षक विनोद कुमार ,मीडिया प्रभारीमनीष तिवारी ब्लाक कार्यकारिणी सदस्य के रूप में अंकित सिंह ,भूपेंद्र सिंह ,माधुरी देवी ,सुमन देवी को निर्वाचित किया गया। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में रामप्रसाद जिला कोषाध्यक्ष चुनाव अधिकारी के रूप में शैलेश कुमार, मनीष चौधरी की देखरेख में चुनाव संपन्न हुआ सचुनाव में प्रमुख रूप से महेंद्र यादव जिला अध्यक्ष, शैलेश यादव जिला मंत्री, प्रकाश चंद यादव जिला संगठन मंत्री ,आशीष प्रताप सिंह जिला उपाध्यक्ष, अनूप जिला प्रचार मंत्री, गौरव यादव राही शिक्षक प्रतिनिधि, विनोद कुमार ब्लॉक व्यायाम शिक्षक व 205 शिक्षक शिक्षिकाएं ब्लॉक की उपस्थित रही

# जैविक खेती के लिए अर्जुन सिंह को केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित



किसान को सम्मानित करते हुए केंद्रीय मंत्री

संवाददाता। तिलोई अमेठी

**आजादी का** अमृत महोत्सव के तत्वावधान में राजीवगांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस अमेठी में आयोजित ई श्रम कार्ड वितरण ज्ञानार्पण . मोबाइल फोन वितरण एवं नागरिक सम्मान समारोह में सिंहपुर क्षेत्र के जैतपुर निवासी अर्जुनसिंह भदौरिया को जैविक खेती में विभिन्न प्रयोग के लिए किए जा रहे क्षेत्र में प्रयास के लिए केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार रामेश्वर तेली द्वारा सम्मानित किया गया। राजीवगांधी पेट्रोलियम प्रौद्योगिकी संस्थान जायस में बुधवार को केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस तथा श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री रामेश्वर तेली द्वारा प्रौद्योगिकी द्वारा आयोजित पूरे दिन के कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान के लिए कई प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें कृषि उद्योग शिक्षा खेल नाट्य कला पत्रकारिता फिल्म जगत साहित्य जगत की प्रमुख हस्तियां शामिल हैं।इसी क्रम में प्रौद्योगिकी की तरफ से ज्ञान अर्जन कार्यक्रम के तहत जनपद के विभिन्न विद्यालयों के 200 छात्र छात्राओं को स्मार्ट मोबाइल फोन वितरित किए गए।

## क्विक न्यूज

### ऊंचाहार एनटीपीसी में बड़ा हादसों गिरकर मजदूर की मौत

**ऊंचाहार,रायबरेली।** बुधवार की रात एनटीपीसी के संयंत्र क्षेत्र में श्रमिक सुरक्षा की बड़ी चूक सामने आई है । यूनिट तक कोयला ले जाने वाली सत्तर फिट ऊंचाई की कन्वेयर बेल्ट से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई है । यह हादसा बुधवार की रात एक बजे हुआ है । किसी भी विद्युत संयंत्र में इस तरह का हादसा संस्थान के किए काफी चिंताजनक है । हाल ही में एनटीपीसी ऊंचाहार को कर्मचारी और श्रमिक सुरक्षा में बेहतर काम करने के लिए राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार मिला था । उसके बाद इस हादसे ने एनटीपीसी प्रबंधन के कान खड़े कर दिए है । रात में श्रमिक की मौत के बाद साथी मजदूरों ने संयंत्र क्षेत्र में काफी हंगामा किया है । सूचना पाकर एनटीपीसी , सीआईएसएफऔर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे थे और किसी प्रकार अक्रोषित मजदूरों को समझा बुझाकर शांत किया है । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेजा।

### चोरों ने लाखों का माल उड़ाया

**तिलोई अमेठी ।** कोतवाली मोहनगंज अंतर्गत बीती रात्रि ग्राम पूरे रजई मजरे भदमर निवासी मु0रियाज पुत्र मु0 रजा के यहां घर की दीवार फांद कर अन्दर प्रवेश कर सोने चांदी के जेवरों पर हाथ साफकर पुलिस को चुनौती दे डाली बताते चलें रियाज अहमद पेशे से किसान है और एक पुत्र अहमदाबाद में ट्रक चालक है घटना की रात्रि परिवार के लोग छत पर लेटे जहां उक्त घटना का बेखौफचोरों ने अंजाम दिया। उक्त चोरी की घटना के अलावा एक माह के अन्दर लगभग आधा दर्जन चोरियां तबाड तोड़ होने के बावजूद पुलिस अभी किसी का खुलासा करने तो दूर की बात अभी तक किसी प्रकार का सुराग तक नही लगा सकी है । इसी ग्राम सभा के ग्राम पूरे कटरियन मजरे भदमर में मो0 मुमताज के यहां लाखों के जेवरों सहित नकदी पर गत दिनों चोरों ने हाथ साफकरके लाखो जा वारा न्यारा कर दिया था जबकि परिवार के तीन तीन लोग ही आर पीएफके जवान है और मौजूदा समय सब लोग डियूटी पर तैनात हैं घर में महिलायें तथा बेटा घर पर था। एक मई को इसी थाने के अन्तर्गत पुलिस चौकी शकरंगंज के स्थानीय चौराहे पर परचून की दूकान में नकब लगाकर तीस हजार नकदी तथा समान अज्ञात चोर उठा ले गए थे । इसके अलावा मार्च माह में ग्राम सभा असनीए व पूरे ढोढे मे लाखों के जेवरों की चोरी की घटना घटित हो चुकी है । इसी थाने के अन्तर्गत ग्राम पूरे खजूरिया मजरे भदसाना में भी चोरों ने लाखों के जेवर तथा नकदी में हाथ साफकर दिया था।

### नि: शुल्क जल सेवा शिविर का हुआ शुभारंभ



**अमेठी ।** भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश जिला संस्था अमेठी के तत्वाधान में जिला आयुक्त गाइड डॉण्फूलकली गुप्ता के संयोजकत्व में आज निरूशुल्क जल सेवा शिविर का रेलवे स्टेशन अमेठी पर भव्य उद्घाटन हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजेश अग्रहरिए अध्यक्षए जिला पंचायतए अमेठी और विशिष्ट अतिथि के रूप में उप जिला अधिकारीए अमेठी महोदय और जिला आयुक्त गाइड डॉ0 फूलकली गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया । इस मौके पर शशांक यादव जिला संगठन आयुक्त स्काउट ट्रेनिंग काउंसलर स्काउट मो0 शकील सचिन शर्मा शिवम यादव सचिन विश्वकर्मा और ट्रेनिंग काउंसलर गाइड प्रियंका तिवारी साजिदा खान मौजूद रहे । यह शिविर 19 से चलकर 22 मई तक लगातार चलेगा। जिसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अमेठीए श्री रणवीर इण्टर कॉलेज अमेठी के 08 स्काउट और 20 गाइड के बच्चों के सहयोग से जल सेवा शिविर चल रहा है।

### एसडीएम की अध्यक्षता में अतिक्रमण पर चर्चा की

**सलोन।** एसडीएम आसाराम वर्मा की अध्यक्षता में तहसील सभागार में अधिकारियों की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक मे मुख्य रूप से पालीथीन ,टैक्सी स्टैंड,व अतिक्रमण पर चर्चा की गई तथा दिशा निर्देश दिया गया। गुरुवार को तहसील सभागार में एस डी एम की अध्यक्षता में एक बैठक की गई जिसमें अधिशाषी अधिकारी, पटरी पर दुकान लगाने वाले स्ट्रीट वेन्डर समेत अनेक अधिकारी व पुलिस के लोग मौजूद रहे। बैठक को संबोधित करते हुए एस डी एम ने कहा कि एक अभियान चलाकर पालीथीन की बिक्री पर रोक लगाया जाय। पटरी दुकान दार नाली के उस पार ही अपनी दुकान लगाये अवैध तरीके से चल रहे टैक्सी स्टैण्ड को चिन्हित कर उसे तत्काल बंद कराया जाय। नगर की पटरियों पर से अतिक्रमण हटाया जाय। किसी भी हालत में रोड जाम की इस्थित न बनने पाए। यदि कस्बा की पटरियों से अतिक्रमण हट जाएगा तो रोड जाम की इस्थित से छुटकारा मिलेगा तथा दुर्घटना भी नही।

## गौशाला के छुट्टा जानवरों को अब भूसे के साथ हरा चारा भी देना होगा

**सलोन।** गौशाला के छुट्टा जानवरों के लिए अब भूसा के साथ हरा चारा भी देना होगा इतना ही नहीं गौशाला की साफसफाई व पानी की पर्याप्त व्यवस्था भी की जाए यह बात तहसील सभागार में अधिकारियों की मीटिंग ले रहे उप जिलाधिकारी आसाराम ने कहा। गुरुवार को तहसील सभागार में एसडीएम आसाराम वर्मा की अध्यक्षता में गौशाला को लेकर क्षेत्र के पशु चिकित्सा अधिकारी वीडियो व उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के साथ बैठक की गई बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उप जिलाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र के गौशालाओं को साफसुथरा बनाया जाए गौशाला के अंदर पर्याप्त भूसा व पानी की व्यवस्था होना चाहिए इसके साथ साथ जानवरों को हरा चारा भी प्रतिदिन दिया जाए यदि गौशाला के अंदर किसी जानवर की मौत होती है तो पशु चिकित्सा अधिकारी का यह दायित्व है उसे त्वरित निस्तारण किया जाए तथा अपने अभिलेखों में यह अंकित किया जाए की किस दिन किस गौशाला के पशु की मौत हुई है इस कार्य में ढिलाई कतई बर्दाश्त नहीं होगी। इस मौके पर उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर समदर्शी सरोज डॉ आर एन चौधरी डॉक्टर यम बक्स सिंह डॉ श्रीमती इंदु बाला डॉक्टर धनंजय सिंह समेत अनेक पशुपालन विभाग के डॉक्टर मौजूद रहे बैठक में वीडियो की जगह उनके प्रतिनिधि बैठे रहे ..

## आरेडिका में सीएमडी राइट्स का दौरा

**लालगंज रायबरेली।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना का राहुल मिथल सीएमडी राइट्स एवं अनिल विज निदेषक (तकनीक) ने फैक्ट्री परिसर का दौरा किया। इस दौरान मिथल ने राइट्स के सहयोग से मोजाम्बिक रेलवे के लिए तैयार हो रहे कोचों का निरीक्षण किया।

ज्ञात हो कि राइट्स के सहयोग आरेडिका मोजाम्बिक रेलवे को कोचों का निर्यात कर रहा , आगे इस निर्यात को अन्य देषों के साथ बढाने के लिए राइट्स के माध्यम से प्रयास किये जा रहे हैं। उपरोक्त प्रयासों को साकार रूप प्रदान करने लिए आरेडिका के महाप्रबंधक/(आईसी) एस.एस.कलसी तथा अन्य उच्च अधिकारियों से वार्ता की एवं आरेडिका में चल रही विभिन्न योजना-परियोजनाओं को देखा साथ ही साथ राइट्स के अधिकारियों से विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस अवसर पर आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक एन.डी.राव ,प्रधान मुख्य विधुत अभियंता संजय अग्रवाल, प्रधान वित्त सलाहकार जे एन पाण्डेय, मुख्य परियोजना प्रबंधक एवं मुख्य कारखाना अभियंता आरकेएम पासी, और राइट्स के एके सिंह जीएम/एक्सपोटेक सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भूसा दान योजना में नगर पंचायत अध्यक्ष ने 22 हजार किया दान

संवाददाता। बछरावां रायबरेली



**नगर पंचायत** बछरावां के नवीन कार्यालय में नगर पंचायत परिसर व राजमार्ग पर व्याप्त अवैध अतिक्रमण को हटाने को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग में दिए गए दिशा-निर्देशों के क्रम में आज बैठक का आयोजन किया गया। नगर सीमा में राजमार्गो पर फैला अवैध अतिक्रमण आए दिन राहगीरों को यमलोक भेजने का काम कर रहा है फिर भी बैठक में अतिक्रमण हटाने को लेकर कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई। केवल हवा हवाई बैठक करके व्यापारियों के साथ करके कोरम पूरा किया गया। एसडीएम साहब का रवैया बैठक में अतिक्रमण हटाने को लेकर ढुलमुल नीति तय करने का था। जिसको व्यापारियों द्वारा पूरी तरह नकार दिया गया और व्यापारियों द्वारा मांग की गई लालगंज रोड पर और ब्रिज के नीचे रेलवे फाटक से लेकर शिवगढ़ रोड तक अवैध अतिक्रमण पूरी तरह शासन प्रशासन की गाइडलाइन के अनुसार हटाया जाए और मांग की कि नाले के उस पार ही सीमांकित किया जाए। वहीं चौराहे पर फल विक्रेताओं के अवैध अतिक्रमण वह किराए पर उठाए गए अवैध अतिक्रमण को खाली करने की मांग की गई। मांग में यह रखा गया कि फल विक्रेता दिन में ठेला लाकर लगाएं और शाम को अपना ठेला लेकर चले जाएं। साथ ही साथ महाराजगंज रोड तिराहे से लेकर सैयद बाबा की पुलिया तक दोनों तरफ अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग किया। वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फराम जी ने बताया कि अगर हमारे द्वारा कोई अवैध अतिक्रमण किया गया हो या हमारा घर तालाब में हो तो सबसे पहले गिराया जाए क्योंकि बछरावां के चौदह तालाबों को भू माफियाओं के द्वारा पाट दिया गया है जिससे बरसात में पूरा बछरावां डूब जाता है और तो और मुख्य मार्ग जलभराव के कारण प्रतिवर्ष नष्ट हो जाते हैं। अब सवाल यह उठता है की भू माफियाओं के द्वारा कब्जा किए गए चौदह तालाब को क्या उप जिलाधिकारी महोदय खाली करवा पाएंगे कि केवल अपने ढुलमुल नीति लागू करके यूं ही बछरावां नगर को डूबते देखना चाहते हैं। वही आयोजित बैठक में उप जिलाधिकारी महोदय के निवेदन पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फराम जी ने देवपुरी स्थित गौशाला के लिए भूसा के लिए 20000 रूपए व गुड़ के लिए 2000 रूपए कुल 22000 रूपए का दान देकर शुरुआत की है अब देखना यह है कि कितने गोवंश प्रेमी गायों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही भूसा दान योजना में अपना योगदान देते हैं। या गौवंश प्रेम का केवल दिखावा करते हैं। गोवंश संरक्षण के लिए बड़े-बड़े संगठन बनाए गए हैं उन संगठनों द्वारा भूसा दान के लिए क्या कार्य किए जा रहे हैं यह भविष्य के गर्त में छिपा हुआ है। इस बैठक में उपजिलाधिकारी महोदय के साथ ही साथ नगर पंचायत अध्यक्ष सिंह उर्फ राम जी, अधिशासी अधिकारी श्वेता सिंह, वरिष्ठ लिपिक अशोक कुमार वर्मा, व्यापारियों मे व्यापार मंडल संरक्षक चंद्र प्रकाश गुप्ता, व्यापार मंडल अध्यक्ष विजयपाल यादव, ओमिक सोनी, नीरज साहू, मनोज मिश्रा व संतोष कुमार वर्मा आदि दर्जनों व्यापारीगण मौजूद रहे।

# तहसील दिवस में की गई शिकायत, नतीजा रहा शून्य

**तिलोई अमेठी ।** तू डाल डाल मैं पात पातष्की तर्ज पर कोटेदार सरकार को मूर्ख बनाने में लगे हुए हैं। एक ओर जहां सरकार अपात्रों को राशन कार्ड समर्पण करने के लिए प्रेरित कर रही है वही कोटेदार तू डाल डाल मैं पात पात की तर्ज पर कार्य करने में लगे हुए है। मामला ब्लाक क्षेत्र के गांव रतवलिया मैंझार का है । कुटी मजरे रतवलिया मैंझार गांव निवासी हंसराज ने जिलाधिकारी अमेठी को दिए शिकायती पत्र में लिखा है कि ग्राम सभा की कोटेदार कंचन लता के पति सतीश कुमार द्वारा राशन हड़पने की नीयत से अन्त्योदय कार्ड धारकों के खाते में अन्य लोगों के नाम जोड़कर उनका राशन हड़प लिया जाता है। जबकि अंत्योदय कार्ड धारक को कोटेदार की इस काली करतूत का पता ही नही है।शिकायत कर्ता ने जिलाधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में लिखा है कि उक्त कोटेदार के पति ने गांव निवासी राशन कार्ड धारक सुरेंद्र जो कि दिल्ली में रहकर मजदूरी करता है और घर का अकेला व्यक्ति है। कोटेदार के पति द्वारा गांव की ही धनराजा की पुत्री प्रियंका का नाम सुरेंद्र कुमार के राशन कार्ड में जो ? दिया और प्रति माह उसके राशन का भी आहरण किया जा रहा है जिसकी शिकायत पिछले माह भी तहसील दिवस में शिकायत कर्ता द्वारा की गई थी किन्तु कोई कार्यवाही न होने की दशा में पीड़ित ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर । शिकायत कर्ता ने उक्त कोटेदार के खिलाफजांच पूर्ति निरीक्षक तिलोई के अलावा अन्य किसी सक्षम अधिकारी से कराए जाने की मांग की है।

## टैबलेट पाकर प्रशिक्षार्थियों के चेहरे पर खिली मुस्कान

**ऊंचाहार,रायबरेली।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊंचाहार में टैबलेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें इसमें मुख्य अतिथि श्रीमती रंजना चौधरी जिला पंचायत अध्यक्ष रायबरेली एवं विशिष्ट अतिथि जितेंद्र सिंह विधानसभा संयोजक ऊंचाहार की उपस्थिति में कुल 244 छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए । इस अवसर पर संस्थान के प्रधानाचार्य श्री पवन कुमार मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री का सपना है कि यहां का युवा समग्र रूप में सक्षम हों। आज के इस तकनीकी युग में प्रदेश में वितरित किये जा रहे स्मार्टफोन व टैबलेट से युवा अपनी पढ़ाई व रोजगार को आगे बढ़ाने में सफल होंगे। आज के युग में टैबलेट हर व्यक्ति के लिए लाभकारी है। आप लोगों को जो टैबलेट वितरित किए जा रहे हैं उसका प्रयोग केवल अच्छे कार्य व पढ़ाई के लिए करें। इस मौके पर संस्थान के प्रधानाचार्य श्री पवन कुमार मिश्र, कार्य अनुदेशक श्री श्याम लाल गुप्ता, व श्री ओम प्रकाश अनुदेशक श्रीमती प्रतिमा ,श्रीमती स्वाति सिंह श्रीमती अर्चना मौर्य, श्री प्रज्ञा युग प्रकाश ,श्री मुबाशिर अली सिद्दीकी, श्री अंकित कुमार मौर्य ,श्री अरविंद कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे ।

# अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाई या महज खानापूर्ति



संवाददाता। डलमऊ रायबरेली

**मुख्यमंत्री उत्तर** प्रदेश के टेलीकांफ्रेंसिंग बैठक के क्रियान्वयन के संदर्भ में उपजिलाधिकारी डलमऊ आशीष मिश्रा ने गुरुवार को तहसील सभागार में अधिकारियों नगर पंचायत अध्यक्ष व व्यापारियों के साथ बैठक की गई जिसमें सड़क सुरक्षा व अतिक्रमण हटाओ अभियान पर विस्तृत जानकारी के साथ क्रियान्वयन की रूपरेखा तैयार की गई यहां एक बात कहना अतिश्योक्ति नही होगी कि बैठक को अमलीजामा पहनाया जाएगा भी या नही कहीं अतिक्रमण हटाने पर केवल बैठक कर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के आदेश पर कागजी कोरम पूरा कर इतिश्री तो नही कर ली जाएगी.मुराई बाग मुख्य चौराहे पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर सरकारी भूमि पर रखी गई गुमटियां बेतरतीब फुटपाथ पर फलों के ठेले या उन्नाव प्रयाजराज राजमार्ग की दोनों पटरियों पर सब्जी विक्रेताओं द्वारा अतिक्रमित पटरियों को अतिक्रमणकारियों से मुक्त करवा पाना डलमऊ प्रशासन के लिए खुली चुनौती से कम नही है.क्योंकि नगर की सुरक्षा की प्रमुख जिम्मेदार पुलिस विभाग को मुख्य चौराहे पर बैठने के लिए कोई स्थान नही है क्योंकि सरकारी भूमि पर तो भूमाफियायों का कब्जा बरकरार है.

### शिव मंदिर का रास्ता पूर्ण रूप से अवरुद्ध,अतिक्रमण कारियों पर डलमऊ प्रशासन नतमस्तक

अवैध अतिक्रमणकारियों के हौसलें का आकलन इसी बात से लगाया जा सकता है कि हिन्दू आस्था के केंद्र बिंदु माने गए भगवान शिव के मंदिर जाने वाले सभी रास्तों को अतिक्रमण कर लगभग बंद ही कर दिया गया है पिछले दशकों से उस शिव मंदिर पर जलाभिषेक नही किया जा सका वजह शिवमंदिर तक पहुंचने के सभी रास्तों पर अवैध अतिक्रमण किया जाना स्पष्ट दिख रहा है.

### प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा का बेहतर विकल्प

क्षेत्राधिकारी अशोक सिंह के नेतृत्व में प्रभारी पंकज त्रिपाठी ने अपराध पर काफी हद तक अंकुश लगाया वही सायंकाल वाहन चेकिंग के कर्तव्य निर्वहन के बीच व्यापारियों की कड़ी आलोचना का शिकार भी हो रहे है आज की बैठक में उसका समाधान व्यापार मंडल अध्यक्ष रामगोपाल वैश्य ने सभी प्रमुख चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने की बात स्वीकार करते हुए प्रशासन का सहयोग किया हालांकि इसे लगवाने की समयसीमा कब तक होगी इस पर व्यापारमंडल अध्यक्ष निरुत्तर हो गए.बैठक में डलमऊ के प्रशासनिक अधिकारियों सहित व्यापारियों की उपस्थित रही.

# 'डीएपी' का डब्बा भी गोल!

## रैक नेपाल चली गई और देखते रह गए अधिकारी

संवाददाता। बस्ती

● रवि सीजन में डीएपी खाद की जमकर हुई कालाबाजारी ● खाद को कुछ चहेती समितियों को कर दिया गया आंवटित ● समितियों ने बिना किसानों को खाद दिए अपने यहां खारिज कर उसे नेपाल भेज दिया ● एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने की अपर मुख्य सचिव से जांच और पीसीएफ के डीएस का हटाने की मांग ● पीसीएफ के जिला प्रबंधक अमित चौधरी ने आरोपों को सिरे से कर दिया खारिज

**बहुत** कम ऐसे विधायक या एमएलसी होगें जो सत्ता में रहते हुए भी सरकारी योजनाओं की खामियों को उजागर करने से नहीं डरते और न चूकते ही है। इन्हीं में से एक नाम एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह का है। इन्हें प्रदेश के लोग बेबाक टिपणी करने और मामले को सदन में जोरदार तरीके से उठाने के लिए जानते है। बस्ती सहित पूर्वांचल के लोगों का कहना है, कि अगर डीपी सिंह जैसे सारे विधायक हो जाए तो सरकार को अपनी खामियों को दुरुस्त करने का मौका मिल जाएगा। इस बार विधायक ने डीएपी खाद की कालाबाजारी करने वालों पर जोरदार हमला बोला है। कहा कि किसानों के लिए आई एक रैक खाद को भ्रष्टाचारियों ने मिलकर उसे नेपाल भेज दिया। कहा कि इस पूरे खेल में पीसीएफ के डीएस कुछ चहेती समितियां और अधिकारी भी शामिल है, जिनके जरिए खाद की कालाबाजारी की गई। अपर मुख्य सचिव कृषि को लिखे पत्र में पीसीएफ के जिला प्रबंधक पर गंभीर आरोप लगाते हुए इनका त्वरित तबादला करने और उच्चस्तरीय जांच करवाने की मांग की है। वहीं पीसीएफ के जिला प्रबंधक अमित चौधरी ने आरोपों को खारिज करते हुए जांच का स्वागत किया।

वैसे तो नेपाल में जनपद सिद्धार्थनगर और महराजगंज से अक्सर खाद भेजने की खबरे आती रही हैं। बस्ती से भी कभी कभार खाद भेजने के मामले सामने आ चुके है। एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने जो पत्र अपर मुख्य सचिव कृषि को लिखा गया, उसमें कहा गया कि रवि सीजन 2021-22 में जिले में डीएपी की एक रैक आई। पीसीएफ के जिला प्रबंधक के द्वारा उक्त खाद को अपने कुछ चहेती समितियों के नाम एलाट कर दिया, खाद सीधे रेलवे स्टेशन से दिया गया, मगर खाद को पहले पीसीएफ के गोदाम में भंडारण करना दिखाया, और उसके बाद उसे गोदाम से समितियों को वाहन से भेजना बताया, जब कि खाद सीधे रेलवे स्टेशन से भेजी गई। यानि रेलवे स्टेशन से पीसीएफ के गोदाम तक जो खाद ले जाने भाड़ा लगा, उसका भी बंदरबांट कर लिया गया। अब यहीं से दूसरी कहानी शुरु होती है। जिन चहेती समितियों के नाम खाद एलाट किया गया, उन्होंने खाद को किसानों के हाथ न बेचकर उसे कागजों में बेचना दिखा दिया, और उस खाद को नेपाल भेज दिया। विधायकजी का दावा है, कि अगर किसानों को बेची गई खाद और समितियों को दिए गए खाद के वाहनों की जांच करा ली जाए तो कई बड़े लोगों के चेहरे सामने आ सकते है। कहा कि इस खेल में कई अन्य बड़े लोग भी शामिल है। लिखा कि पीसीएफ के जिला प्रबंधक का तो कई बार तबादला बस्ती से हो जाता है, मगर हर बार यह अपने पैसे और जुगाड़ के बल पर बस्ती का अतिरिक्त प्रभार इनके पास आ जाता है। कहने का मतलब यह बस्ती किसी भी हालत में नहीं छोड़ना चाहते, क्यों नहीं छोड़ना चाहते यह अपने आप में ही एक बड़ा सवाल है। लिखा कि इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है। विधायकजी यहीं पर नहीं रुके उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इन्होंने ऐसे समिति को भी गेहूं खरीद का केंद्र बना दिया, जिनके उपर गबन का आरोप है, और ऐसी भी समितियों को सेंटर बना दिया, जिनके पास सचिव तक नहीं हैं, फिर भी ऐसे समिति को कई सेंटर की जिम्मेदारी दे दी गई। लिखा कि यह भी भ्रष्टाचार और धन उगाही का व्यापक उदाहरण है।

### 627 गांव का हुआ सर्वे

**संतकबीरनगर।** सांस्कृतिक मंत्रालय के अंतर्गत कार्यक्रम मेरा गांव मेरा धरोहर की कार्यशाला कॉमन सर्विस सेंटर द्वारा ऐतिहासिक धरोहर, मान्यताएं, पारंपरिक भोजन, पारंपरिक पोशाक, पारंपरिक आभूषण, पारंपरिक कला और शिल्प, त्योहार और मेले प्रमुख कलाकार मशहूर व्यक्ति के बारे में मोबाइल ऐप से सर्वे का कार्य किया जा रहा है। जिले के कॉमन सर्विस सेंटर संचालक के माध्यम से अभी तक संत कबीर नगर 627 गांव का सर्वे किया गया सीएससी जिला प्रबंधक बलवंत सिंह द्वारा बताया गया की इस योजना के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत का डेटाबेस तैयार करना है। कोई भी गांव की मैपिंग में इस योजना से छुट्टना नहीं चाहिए मोबाइल ऐप में जियो टैगिंग है जिससे उस गांव में जाकर कम से कम 5 लोगों से बातचीत करके ही सांस्कृतिक विरासत की जानकारी हासिल करके मोबाइल ऐप मे फीडिंग कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों के माध्यम से किया जा रहा है।

## प्राइवेट मुंशी के हवाले कप्तानगंज ब्लॉक!

**कप्तानगंज/बस्ती।** कप्तानगंज ब्लॉक प्राइवेट मुंशी के हवाले कर दिया गया है। जिसके चलते यह ब्लॉक इन दिनों सुर्खियों में आ गया हैं। ब्ऐसा कहा जाता है, कि ब्लॉक का कोई भी काम बिना प्राइवेट मुंशी की सहमति से नही हो सकता। प्राइवेट मुंशी कलम से लेकर कम्प्यूटर तक चला रहे है। उसके बाद भी जिले के जिम्मेदार अधिकारी सब कुछ देखकर अनजान बने हुए है। कप्तानगंज ब्लॉक में कुल 53 ग्राम पंचायतों का कप्तानगंज ब्लॉक से संचालन होता हैं। इन ग्राम पंचायतों में कुल 11 सचिव तैनात है। लगभग सभी सचिवों के पास प्राइवेट मुंशी, जेई आरआईएस, एडीओ समाज कल्याण, कम्प्यूटर कक्ष, कार्यालय सहित कई जगहों पर प्राइवेट मुंशियों का दबदबा हैं। इन मुंशियों द्वारा ग्रामीणों को पीएम आवास, पेंशन, शौचालय, राशन कार्ड, सहित कई योजनाओं का लालच देकर जमकर पैसा वसूला जाता हैं। सूत्रों की माने तो परिवार रजिस्टर की नकल का दो सौ, नाम दर्ज करायी 500, पेंशन का दो हजार, पीएम आवास का पांच हजार से 10 हजार रुपये तक सुविधा शुल्क देना पड़ता हैं। ग्राम पंचायतों में भी प्राइवेट मुंशियों की हनक हैं जॉब कार्ड, मस्टररोल और मनरेगा में भी इनके द्वारा गोलमाल कराया जाता हैं। ब्लॉक का महत्वपूर्ण अभिलेख भी इन्ही के हाथ मे होता हैं। वैसे तो कप्तानगंज के बीडीओ का नाम जिले के तेज तर्रार की सूची में शामिल है, लेकिन ब्लॉक के अंदर क्या हो रहा हैं यह किसी को नही पता है।ग्राम पंचायत और क्षेत्र पंचायत के धन का बंदर बांट इन्ही मुंशियों द्वारा कराया जा हैं। नाम न छापने की शर्त पर कई प्रधानों ने बताया कि ब्लॉक में सचिव और साहब के साथ साथ प्राइवेट मुंशियों को भी खुश करना पड़ता हैं।

# अब एक्शन में आएं अधिकारी और भ्रमण का कार्यक्रम बनाएं



मंडलीय विकास कार्यो की समीक्षा करते कमिश्नर पायनियर

संवाददाता। बस्ती

● कमिश्नर गोविंद राजू एनएस ने विकास कार्यो की गहन मंडलीय समीक्षा की

**मण्डलायुक्त** गोंविद राजू एन.एस. ने मण्डलीय अधिकारियों को जनपदों का भ्रमण कार्यक्रम बनाकर स्वीकृत कराने एवं भ्रमण के पश्चात रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। मंडलीय विकास कार्यो की समीक्षा बैठक में उन्होने कहा कि माह के अन्त तक अगले महीने का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित कर दें। अपने विभागीय कार्यो का निरीक्षण करते हुए कार्यालयों का भी निरीक्षण करें तथा वहॉ की व्यवस्था में सुधार लायें। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि विभागीय मुख्यालय को निर्माण कार्यो के लिए प्रेषित स्टीमेट का नियमित अनुश्रवण करते रहे, समय से कमियों को दूर कराये ताकि समय से धन आवंटन हो सके। उन्होने मुख्यमंत्री के निर्धारित 100 दिन के एजेण्डे पर कार्य करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है। उन्होने कहा कि मण्डलीय अधिकारी भी 100 दिन का एजेण्डा तैयार करके उसका क्रियान्वयन सुनिश्चित कराये। निर्धारित एजेण्डे की एक प्रति अर्थ एवं संख्या कार्यालय में जमा करें ताकि 100 दिन पूरा होने पर प्रगति की समीक्षा की जा सकें। मण्डलायुक्त ने बैठक में सड़को एंव पुलों का निर्माण, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, गोवंशो का संरक्षण, सामुदायिक शौचालय का निर्माण, पंचायत भवन का निर्माण, स्वच्छ भारत मिशन, मनरेगा, एन.आर.एल.एम., राष्ट्रीय पेयजल मिशन, शादी अनुदान योजना, कन्या सुमंगला योजना, स्वत: रोजगार योजना आदि की समीक्षा किया। बैठक का संचालन उप निदेशक अर्थ एवं संख्याधिकारी अमजद अली अंसारी ने किया। बैठक में जिलाधिकारी सौम्या अग्रवाल, संतकबीर नगर की दिव्या मित्तल, सिद्धार्थनगर के संजीव रंजन, सीडीओ पुलकित गर्ग, सुरेन्द्रनाथ श्रीवास्तव, पीडी कमलेश सोनी, जे.डी.सी. पद्मकान्त शुक्ल, अपर निदेशक स्वास्थ्य डा.चन्द्रप्रकाश कश्यप, संयुक्त निदेशक कृषि अविनाश चन्द्र तिवारी, मुख्य अभियन्ता विद्युत मनोज कुमार अग्रवाल, अधीक्षण अभियन्ता पीडब्ल्यूडी भूपेशमणि त्रिपाठी, उप निदेशक पंचायती राज बी.बी. सिंह तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहें।

# राज्यमंत्री डॉ. विभ्राट कौशिक ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत



पुरस्कार प्रदान करते राज्यमंत्री एवं सभ्रान्त नागरिक पायनियर

संवाददाता। संतकबीरनगर

● खरवनिया गांव में आयोजित खेलकूद आयोजन में पहुंचकर राज्यमंत्री ने खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

**उत्तर** प्रदेश के राज्यमंत्री विभ्राट कौशिक ने कहा कि योगी सरकार में खिलाड़ियों का सर्वाधिक सम्मान है। उन्होने कहा कि खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए हर सुविधाए प्रदान की जा रही है। श्री कौशिक बृहस्पतिवार को जनपद के ग्राम खरवनिया में आयोजित बालीबाल व क्रिकेट प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों के लिए समुचित सुविधाए प्रदान कर रही है और इसका लाभ आसानी से खिलाड़ियों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को पौष्टिक आहार का भी भत्ता दिया जा रहा है। खिलाडी अपने ऊर्जा शक्ति के साथ अपने प्रतिभा से अपने जिले एवं गांव का नाम रोशन करें। इस अवसर पर उन्होने कहा कि गांव में ग्राम समाज की जमीनो पर खेलकूद के लिए एक अच्छा फिल्ड तैयार कर सकते है। जिसके लिए सरकार द्वारा सुविधाए दी जा रही है। इस अवसर पर उन्होंने क्रिकेट प्रतियोगिता के विजेता एवं उपविजेता को शील्ड प्रदान कर पुरस्कृत किया। उन्होंने हीरालाल रामनिवास इण्टर कालेज के प्रधानाचार्य रामकुमार सिंह के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि रामकुमार सिंह खिलाड़ियो को आगे बढ़ाने में जो योगदान दे रहे है वह बहुत ही सराहनीय है, इनके आह्वाहन पर ही आज मेरा भी यहां आना हुआ है। इस अवसर पर कार्यक्रम का समापन पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं युवा भाजपा नेता डॉ0 सत्यपाल पाल, भाजपा के नगर उपाध्यक्ष एवं युवा नेता ई. सुधांशु सिंह, विजय सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख, अमित सिंह, गुड्डू शाही बांसगांव, सहित कई गावों के ग्राम प्रधान एवं सभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

# महिला अस्पताल:अब समझिए कमरा नंबर आठ का खेल!

संवाददाता। बस्ती

● जो भी इस कमरे में चला गया, समझो वह फंस गया

● कमरे में बैठे रहते हैं दलाल, मरीज को डरा धमकाकर अपने लैब और नर्सिगं होम में ले जाते हैं

● जो मरीज इनके जाल में फंस गया, उसका 40 से 50 हजार खर्चा तय

**...सुनने** में अजीब लग रहा होगा कि आखिर जिला महिला अस्पताल के रुम नंबर आठ में ऐसी कौन सी बात हैं, जहां पर जाने के लिए महिला मरीज और उनके साथ आए तीमारदारों को डर लगता है। कई पीड़ित मरीजों का कहना है, कि जो भी कमरा नंबर आठ के चंगुल में फंस गया, समझो 40 से 50 हजार का चूना लगता तय है। इस कमरे में लगता ही नहीं कि यहां पर सरकारी तंत्र काम कर रहा है, यह कमरा पूरी तरह प्राइवेट और सरकारी कहे जाने वाले वर्षो से जमे कर्मियों के कब्जे में है। यहां पर बजाए सरकारी इलाज आपरेशन, खून, पेशाब और अल्टा साउंड न करके मरीजों को अस्पताल के बाहर अपने लैब और अल्टा साउंड एवं नर्सिगं होम में जान का खतरा और बेहतर इलाज का झांसा देकर भेजा जाता है, और जब मरीज वहां चला जाता है, तो जमकर उसका शोषण होता है, इन मरीजों के पास इतना भी पैसा नहीं रहता है, यह उसे चुकता कर सके, मजबूरी में कर्ज लेकर बिल का भुगतान करता है, तब जाकर उसे प्राइवेट अस्पताल से छुटटी मिलती है। यहां की अव्यवस्था और मरीजों के शोषण की शिकायत कई बार दो-दो विधायक, मरीज और समाजसेवी कर चुके हैं, मगर न तो व्यवस्था में सुधार हो रहा है, और न कमरा नंबर आठ से भ्रष्टाचार ही समाप्त हो रहा है। हैरान करने वाली बात यह है, कि इस खेल में अस्पताल के एसएलटी से लेकर डाक्टर तक शामिल है। यह पहला ऐसा अस्पताल पर हैं, जहां पर प्राइवेट व्यक्ति दवा वितरण से लेकर जांच करता है, और इन्ही लोगों के जरिए मरीजों को बरगला कर बाहर जांच और आपरेशन के लिए भेजा जाता है। कई बार तो जज्जा और बच्चा तक के जान की बन आई। इसी तरह का एक मामला कोतवाली निवासी सपना पत्नी अच्छेलाल उर्फ अर्जुन ने उठाया है।

अभिलेखों के साथ की गई शिकायत में मरीज सपना ने कमरा नंबर आठ की पोल खोलते हुए कहा कि वह जिला महिला अस्पताल में दिखाने गई थी। पर्ची बनवाया, डाक्टर ने खून और पेशाब सहित अन्य जांच के लिए कमरा नंबर आठ में भेज दिया। वहां पर बैठे शुक्लाजी ने अपने आदमियों से जांच करवाया, और कहने लगे कि इस अस्पताल में जांच सही नहीं होता, बाहर से जांच करा लो। इस पर उन्होंने एक पर्ची पर एसएस पैथलाजी एवं अल्टा साउंड सेंटर भेज दिया। उसी दिन जांच हुआ और फिर उसे एसएस मेडिकल सेंटर भेज दिया गया। लगभग तीन बजे शुक्लाजी आए और कहने लगे कि तुमको पथरी है, इसका आपरेशन कराना पड़ेगा। उसी दिन भर्ती भी कर दिया। आपरेशन के बाद छुटटी दे दिया, और सअ मिलाकर उनसे 40 हजार ले लिया। लिखा कि आपरेशन और दवा खाने के बाद भी पेट का दर्द बना रहा। बताया कि वह पुन: एसएस मेडिकल सेंटर गई, तब वहां के लोगों ने हमको धमकी देते हुए भगा दिया।

लिखा कि जब उसने महिला अस्पताल जाकर पता किया तब शुक्लाजी कमरा नंबर आठ में मिले। लिखा कि उन्हें ठगने के लिए शुक्लाजी ने अपने तीनों सेंटरों पर जांच और आपरेशन करवाया। जानबूझकर शुक्लाजी ने उनका इलाज और जांच अस्पताल में कराने नहीं दिया। लिखा कि इनके द्वारा महिला अस्पताल की बहुत सारी अनपढ़ महिला मरीजों को भरमाकर अपने हित के लिए अपने विभिन्न सेंटरों पर भेज देते हैं। बताया कि जब उसके पेट का दर्द समाप्त नहीं हुआ तो उन्होंने दूसरे डाक्टर को दिखाया, जब जांच हुई तो पता चला की पेट में पथरी है। अब जरा अंदाजा लगाइए कि जिसे पथरी बताकर आपरेशन किया और 40 हजार लिया, उस पथरी को निकाला ही नहीं गया। महिला ने अधिकारियों से एसएलटी शम्भूनाथ शुक्ल के द्वारा संचालित विभिन्न सेंटरों की जांच कराने और फर्जी आपरेशन के नाम पर लिए गए 40 हजार को वापस दिलाने के साथ विधिक कार्रवाई की मांग की है।




### दो-दो विधायक कर चुके हैं एसएलटी की शिकायत

महिला मरीज के शिकायत करने के दूसरे दिन यानि 18 मई 22 को प्रधानमंत्री जन कल्याण योजना प्रचार-प्रसार अभियान के प्रदेश मंत्री महन्थ गिरजेश दास ने भी प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को लिखा कि महिला अस्पताल में किस तरह गरीब महिलाओं का आपरेशन, खून, पेशाब और अल्टासाउंड के नाम पर शोषण किया जाता है, और किस तरह इसमें महिला अस्पताल में तैनात एसएलटी शम्भूनाथ शुक्ल जिनके कई सेंटर हैं, पर भेजकर महिला मरीजों को ठगा जाता है। जहां पर आपरेशन के नाम पर तो भारी रकम ले लिया जाता हैं, मगर आपरेशन नहीं किया जाता और महिलाओं को उनके हाल पर छोड़ दिया जाता है। फिर किसी तरह गरीब महिलाएं कर्ज लेकर आपरेशन करवाती है। इसके पहले तत्कालीन विधायक संजय प्रताप जायसवाल और एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर महिला अस्पताल में 33 वर्षो से तैनात एसएलटी शम्भूनाथ शुक्ल के भ्रष्टाचार की शिकायत करते हुए कार्रवाई करने की मांग कर चुके है। इन्हें त्वरित मंडल के बाहर भेजने को लिख चुके है। इसी तरह की एक अन्य पीड़ित मड़वानगर निवासी जगदीश चौधरी ने भी कमरा नंबर आठ में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत मुख्यमंत्री से करते हुए एसएलटी एवं चौकीदार कम लैब असिस्टेंड के कृत्यों की जांच कराने की मां कर चुके है।

# दुबौलिया पुलिस पर मुकदमे को अल्पीकरण करने का लगा आरोप

● लूट की घटना को बना दिया मामूली वारदात, पीड़ित ने एसपी से लगाई गुहार

संवाददाता। बस्ती

**बस्ती** की पुलिस कब क्या कर दे किसी को भी पता नहीं होता, कभी इतना बढ़िया काम करती है, कि लोग सम्मानित करने लगते हैं, और कभी ऐसा भसी काम करती है, जिससे जनता परेशान हो जाती है, और सवाल करती है, कि क्या यह वही पुलिस है, जिसे जनता सम्मानित करती हैं? मामला दुबौलिया थाने का है। थाना लालगंज के ग्राम कनेहटी निवासीसर्वजीत पुत्र बसंत चौधरी ने दुबौलिया थाने में 15 मई को लूट की रिपोर्ट दर्ज कराया, मगर पुलिस ने लूट का मुकदमा न दर्ज करके मामूली धारा लगाकर इतिश्री कर दिया। मुकदमें का अल्पीकरण कर दिया। एक तो किसी के साथ लूट जैसी घटना हुई, और उपर से अगर पुलिस भी उसके साथ न्याय नहीं करेगी तो पीड़ित कहां जाएगा, जाहिर सी बात है, कि ऐसे में उसका विश्वास पुलिस पर उठता जाएगा। एसपी को अपनी पीड़ा बताते हुए लिखा कि वह अपने वाहन से 15 मई 22 को पंडूल घाट के पास बारात जा रहा था, तभी चिलमा के पास एक अज्ञात मोटर साइकिल सवार ने वाहन को क्रास करके बैरागल पेटोल पंप के पास पीछे से एक गाड़ी लगाकर रोक दिया। वाहन में सवार पांच लोग उतरे और लोहे की राड, घूंसा और थप्पड़ से मारने लगे। बाद में मोबाइल सोने की चैन छीन लिया, हल्ला मचाने में जब कुछ लोग एकत्रित हो गए तो वह लोग भाग गए। कहा कि अगा वह लोग न आए होते तो पता नहीं उनके साथ क्या होजाता। बताया कि उन्होंने दो लोगों का नाम भी बताया। मगर पुलिस तहरीर बबदवाकर जबरिया हस्ताक्षर करवा लिया। पीड़ित व्यक्ति ने सत्यता के आधार पर मुकदमा दर्ज कराकर निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की है।

# झोलाछाप डाक्टरों की सूचना दें,होगी सख्त कार्रवाई: डीएम



जिलाधिकारी

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल ने जनपद के आम नागरिकों से अपील/अनुरोध किया है कि यदि उनके आसपास अथवा जानकारी में बिना पंजीकरण कराए कोई अस्पताल या क्लीनिक अथवा मेडिकल स्टोर संचालित है अथवा कोई झोलाछाप डॉक्टर उनके क्षेत्र में इलाज कर रहे हैं तो वे इसकी सूचना जिलाधिकारी कार्यालय में फोन संख्या 05547-226505 पर उपलब्ध करा सकते हैं। यह जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

### कृषि बीज भण्डारों में धान के बीज हैं उपलब्ध

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल के निर्देश के क्रम में जिला कृषि अधिकारी पी0सी0 विश्वकर्मा ने बताया है कि वर्तमान खरीफ2022 हेतु जनपद के समस्त राजकीय कृषि बीज भण्डारों पर आधारीय/प्रमाणित बीज उपलब्ध हो गये है। जनपद की सर्वाधिक प्रचलित एवं लोकप्रिय धान की प्रजाति सांभा महसूरी (बी0पी0टी0-5204) की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध है। राजकीय कृषि भण्डार बीज भण्डार पर सीयेट-4, बी0पी0टी0-5204, साम्भा सब-1, सी0ओ0-51 एवं एम0टी0यू0-7029 उपलब्ध है। दस वर्ष से कम की प्रजातियों पर रू0 2600 या मूल्य का 50 प्रतिशत जो कम हो अनुदान देय है तथा दस वर्ष से अधिक की प्रजातियों पर रू0 1300 या मूल्य का 50 प्रतिशत जो कम हो देय है। उक्त अनुदान की धनराशि डी0बी0टी0 के माध्यम से कृषकों के खाते में सीधे भेजी जायेगी। उन्होंने किसानो को बताया कि अपने नजदीकी राजकीय कृषि बीज भण्डार से आधार कार्ड, किसान पंजीयन संख्या, खाता संख्या एवं आवश्यकतानुसार खतौनी के अभिलेख देकर बीजो का क्रय यथाशीघ्र कर ले।

### बेलहर पुलिस ने टाप टेन अपराधी को किया गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध व अपराधियों पर पूर्ण अंकुश लगाये जाने व जनपद के टाप-10 व हीस्ट्रीशीटर अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना बेलहरकला पुलिस को सफलता प्राप्त हुई। उल्लेखनीय है कि क्षेत्राधिकारी मेहदावल अंबरीश सिंह भदौरिया के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष बेलहरकला संतोष कुमार मिश्र के नेतृत्व मे गठित टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर टाप-टेन अभियुक्त मोहम्मद हारुन पुत्र मोहम्मद याकूब निवासी अमथरी थाना बेलहरकला को एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया।

## कच्ची शराब के साथ तस्कर पकड़ा गया

**विक्रमजोत/बस्ती।** छावनी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छतौना गांव के करीब तटबंध से एक टापटेन अपराधी व वांछित कच्ची शराब तस्कर थाना क्षेत्र के छतौना गांव निवासी कमलेश उर्फ कमलू निषाद पुत्र भरत लाल निषाद को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से एक अदद लोहे का ड्रम जिसमें एक प्लास्टिक का पाइप लगा हुआ है ,03 एल्यूमिनियम का पतीला, अवैध अपायकर अपमिश्रित शराब करीब 60 लीटर तथा अर्ध निर्मित शराब करीब 20 लीटर तथा एक प्लास्टिक के झोले में करीब 2 किलो सफेद पदार्थ यूरिया बरामद किया गया। थानाध्यक्ष छावनी उमाशंकर तिवारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष के अलावा उप निरीक्षक दुर्गविजय सिंह, नंन्दलाल सरोज थाना छावनी जनपद बस्ती, मुख्य आरक्षी मो0 आलम, आरक्षी अमरजीत यादव, शिवम सिंह, आरक्षी विनय तिवारी शामिल रहे।

# न्यायिक अधिकारी ने वृद्वजनों से मुलाकात कर ली जानकारी

● वृद्वाश्रम में लगाया गया विधिक जागरूकता साक्षरता शिविर



शिविर में उपस्थित न्यायिक अधिकारी

**संतकबीरनगर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्वानुमति से बृहस्पतिवार को खलीलाबाद स्थिति वृद्धाश्रम में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता सचिव न्यायिक अधिकारी हरिकेश कुमार द्वारा की गई। वृद्धाश्रम में उपस्थित संवासियों को विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन के संबंध में जानकारी दी गयी। कुछ संवासियों द्वारा आधारकार्ड न बन पाने की समस्या बताई गई। जिनका मूल निवास बस्ती में हैं किंतु वहाँ अब कोई रहता नहीं है जिस कारण से उनका बस्ती से आधार कार्ड नहीं बना है। संवासियों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली गयी। कुछ संवासियों को दमा/सांस लेने में तकलीफ़ है जिसके लिए आवश्यक उपचार कराए जाने हेतु प्रबन्धक को निर्देशित किया गया। महिला संवासियों में सुभावती द्वारा पेंशन ना मिलने की बात कही गयी। जिसके बारे में प्रबन्धक द्वारा बताया गया कि पूर्व में निराश्रित पेंशन मिल रही थी जो वर्तमान में नहीं मिल रही है। वृद्धाश्रम का इस दौरान निरीक्षण भी किया गया। वर्तमान में कुल 30 संवासी हैं जिसमे 21 पुरुष और 8 महिलाये हैं। संवासियों द्वारा किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं बतायी गयी।

# मदारीपुर सर्राफा चोरी कांड का खुलासा, पांच गिरफ्तार

**संवाददाता।** उरई(जालौन)

● चोरी गया 70 फीसदी माल हुआ बरामद

● सीओ जालौन के नेतृत्व में गठित टीम को मिली सफलता

● तीन टीमें अभी भी फील्ड पर कर रही काम

● एक कार, एक बाइक सहित दो तमंचे भी हुये बरामद

**नौ मई** की रात्रि मदारीपुर के सर्राफ व्यापारी के घर हुई चोरी का खुलासा करते हुये एएसपी असीम चौधरी ने मीडिया को बताया कि चोरी कांड में शामिल रहे गैंग के पांच सदस्यों को गिरफ्तार कर चोरी का 70 फीसदी माल बरामद किया गया जबकि तीन पुलिस टीमें अभी भी शेष बचे गैंग के सदस्यों की तलाश में जुटी हुयी है। उन्होंने बताया कि चोरी की बारदात को अंजाम तक पहुंचाने में राजस्थान, मप्र व उप्र के शातिर बदमाश शामिल थे।

चोरी का खुलासा करते हुये एएसपी असीम चौधरी ने बताया कि कुठौंद थाना क्षेत्र के ग्राम मदारीपुर निवासी वादी कृष्णमुरारी पुत्र बेनीप्रसाद के घर से चोर सरगना गैस कटर से पीछे का दरवाजा काटकर अंदर घुसे जहां से वह 1 किलो सोना व 50 किलो चांदी से निर्मित जेवरात चोरी कर ले जाने में सफल हो गये थे। इसके बाद एसपी रवि कुमार के नेतृत्व में पुलिस की चार टीमें चोरों की गिरफ्तारी करने के अभियान में जुटी हुयी थी जिसमें सीओ जालौन संतोष कुमार के निर्देशन में गठित



चोरी की घटना का खुलासा करते एएसपी असीम चौधरी पायनियर

टीम ने शैलेंद्र उर्फ रामू पुत्र लालबहादुर निषाद निवासी गट्टपुरा थाना फतेहाबाद जनपद आगरा जिस पर दस हजार का ईनाम घोषित है। दिलकेश वर्मा पुत्र रामबाबू निषाद निवासी ग्राम पारौली सिकरवार थाना फतेहाबाद जनपद आगरा, चांद मियां पुत्र हैरुद्दीन निवासी बगदाद नगर तालों वाली बगिया गली नंबर 14 थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद, परमाल पुत्र रामनाथ निषाद निवासी ग्राम शंकरपुरा थाना धौली जनपद धौलपुर राजस्थान व पूनम पत्नी हरेंद्र निषाद निवासी नदुआपुरा थाना सरायटोला जनपद मुरैना मप्र को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 705 ग्राम पीली धातु कीमत 35 लाख, 4 किलो सफेद धातु कीमत ढाई लाख, दो तमंचा 315 बोर, तीन जिंदा कारतूस, एक होण्डा सिटी कार नंबर यूपी 78 एएन 0021 व एक बाइक बगैर नंबर की बरामद की। शातिर चोरों की गिरफ्तारी में प्रभारी निरीक्षक कुठौंद रमेशचंद्र मिश्रा, उपनिरीक्षक अर्जुन सिंह प्रभारी एसओजी, उप निरीक्षक योगेश पाठक प्रभारी सर्विलांस सेल, उप निरीक्षक दिनेश कुमार कुरील, उप निरीक्षक बलराम शर्मा, उप निरीक्षक ओमकार तिवारी, सिपाही श्रीराम प्रजापति, निरंजन सिंह, अश्वनी प्रताप, राजीव कुमार, मो. नयूम, गौरव वाजपेयी, जगदीशचंद्र, कर्मवीर सिंह, रवि भदौरिया, शैलेंद्र चौहान, विनय प्रताप, सुशांत मिश्रा, जुगुल किशोर, रंजीत, दीपक, हरगोविंद, नितिन शर्मा, संध्या, शुभम, मुख्य आरक्षी कल्याण सिंह व आरक्षी चालक पुनीत कुमार शामिल रहे।

# सरोवर के लिए हुआ भूमिपूजन

**बिवार (हमीरपुर)।** आजदी के अमृत महोत्सव में ग्राम पंचायत उमरी में अमृत सरोवर तालाब की भूमिपूजन कर सौंदर्यीकरण कार्य प्रारम्भ किया है। उमरी गांव के प्रधान कपिल वर्मा ने बताया कि आजादी के 75 वे वर्ष में सरकार द्वारा प्रत्येक जिले में तालाबों का सुंदरीकरण किया जाना है।जिसके तहत ग्राम उमरी में शहीद सैनिक हरिराम के नाम पर सिद्ध बाबा तालाब भादन उमरी का उद्घाटन किया गया। ग्राम प्रधान कपिल के द्वारा अमृत महोत्सव में सम्मिलित कराते हुये जनप्रतिनिधियों के साथ भूमिपूजन कार्यक्रम सम्पन्न करते हुए कार्य प्रारम्भ किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि वीर नारायण राजपूत ब्लाक प्रमुख, नरविन्द सिंह जिला महामंत्री भाजपा प्रमोद अग्रवाल, ग्राम पंचायत सचिव अजीत प्रदीप, कृषि सहायक विद्याभूषण जी,रोजगार सेवक जीतेन्द्र जी और सम्मानित ग्रामवासी उपस्थित रहें। वही स्वच्छ भारत मिशन फेज 2 में ग्राम पंचायत उमरी के शामिल होने पर ग्राम पंचायत की पूरी टीम,ग्राम प्रधान, सचिव,व जिले की ओर से नियुक्त टीम ने गाँव में भृमण कर साफ सफाई नाली, कचड़ा,पेयजल व्यवस्था, व गांव का नक्शा बनाकर सम्बन्धित कार्यो की कार्ययोजना तैयार की गई।वही ग्राम प्रधान कपिल ने सभी का अभिवादन किया और गाँव को सभी सुविधाओं से लेश व स्वच्छ व सुंदर गांव बनाने की बात कही।



कार्यक्रम में भाग लेते ग्राम प्रधान कपिल वर्मा व जनप्रतिनिधि पायनियर

## क्विक न्यूज

### स्थानीय प्रशासन ने सख्ती से चलाया गया अतिक्रमण अभियान, मचा हड़कंप

**राठ (हमीरपुर)।** कस्बे में अतिक्रमण के खिलाफस्थानीय प्रशासन ने सख्ती से अभियान चलाया गया। हमीरपुर रोड आंबेडकर चौराहे से पावर हाउस तक अतिक्रमण हटाने के साथ ही 2 लाख 12 हजार का जुर्माना भी वसूला गया। इस अभियान से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मचा है। उपजिलाधिकारी पवन प्रकाश पाठक व सीओ अभय नारायण राय के नेतृत्व में आंबेडकर चौराहे से अभियान चलाया गया। पावर हाउस तक नगर पालिका के कर्मचारियों ने सड़क किनारे लगे हाथ ठेले व पेटियों को हटाया। वहीं पक्के निर्माणों को जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर दिया गया। अभियान के दौरान अतिक्रमण हटाने पर अतिक्रमणकारियों व पुलिस के बीच जमकर बहस हुई। विवाद करने पर पुलिस अनेक अतिक्रमणकारियों को उठा कर कोतवाली ले गई। टीम के साथ मौजूद पीडब्यूडी के अधिकारियों ने सड़क की नाप कराई। बीच सड़क से दोनों ओर 55 फिट पर निशान लगाए गए। सड़क किनारे बने मकानों के अंदर तक निशान पहुंचने से हड़कंप मचा हुआ है। एसडीएम ने बताया शासन के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। कहा कि नगर में कहीं भी अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। अतिक्रमण होने पर सख्त कार्रवाई करेंगे। इस दौरान कोतवाल दिनेश सिंह भारी पुलिस फोर्स के साथ मौजद रहे।

### शिक्षिका समेत चार घायल,तीन सदर अस्पताल रेफर

**मौदहा (हमीरपुर)।** तहसील क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में शिक्षिका सहित चार लोग घायल जिनको राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा में भर्ती कराए गया जिनमें तीन की हालत बेहद चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार संदीपा कुमारी पत्नी मनोज कुमार मौदहा निवासी जूनियर हाई स्कूल उरदना में प्रधानाचार्य के पद पर तैनात हैं गुरुवार को जब संदीपा अपनी स्कूटी से विद्यालय जा रही थी तभी मौदहा वह उतना केबी सड़क पार कर रहे हैं मवेशी से स्कूटी टकरा जाने से अध्यापिका सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गई। राहगीरों ने 108 नंबर फोन करके बुलाया और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा में भर्ती कराया हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इधर महेंद्र सिंह पासुन निवासी अर्ध रात्रि के समय अपने मकान की छत पर सो रहे थे लघु शंका के लिए उठा तभी संतुल बिगड़ने पर वह छत से नीचे गिर गया। गंभीर अवस्था में परिजनों ने समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया हालत चिंताजनक होने पर चिकित्सकों ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। उधर राघवेंद्र लालपुर मोहरी जिला महोबा निवासी अपने साथी रोहित के साथ शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे तभी नेशनल हाईवे 34 में बाईक का संतुलन बिगड़ने पर सड़क पर गिर घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया जिसमें राघवेंद्र की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने सदरअस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### कैसी ये यारियां के चौथे सीज़न की घोषणा

**कानपुर।** कुछ फैंस सामान्य होते हैं और कुछ डाई.हार्ड। फैंस शो को सफल बनाते हैंए और डाई.हार्ड फैन इसे कल्ट बना देते हैं। ष्कैसी ये यारियांष् सबसे बड़े कल्ट शो की सूची में हैए जिसे युवा भारत से काफी स्नेह व सराहना मिले हैं। इंतजार की घड़ियां खत्म हो चुकी हैं! देश में ष्मननष् के फैंस खुशी मना सकते हैं कि उनकी सबसे चहेती ऑन.स्क्रीन जोड़ी वापस आ गई है! वूट ने अपने सबसे चहेते यूथ फिक्शन शोए ष्कैसी ये यारियांष् के चौथे सीज़न की घोषणा कर दी है। तीन सफल सीज़नों के बादए यह लोकप्रिय रोमांटिक ड्रामा लगभग चार सालों के बाद स्ट्रीम की दुनिया में वापसी कर रहा है। कैसी ये यारियां के आगामी सीज़न में ओरिज़नल स्टार कास्ट के साथ कुछ नए चेहरे भी दिखाई देंगेए क्योंकि इस सीज़न में ष्सितारेए जुगनू और नाजुक सपनोंष् की थीम के साथ मणिक ;पार्थ सम्थान अभिनीतद्ध और नंदिनी ;नीति टेलर बवा अभिनीतद्ध के जीवन का नया अध्याय शुरू हो रहा है।पार्थ सम्थानए नीति टेलर बवाए किश्वर मर्चैंटए अयाज़ खानए और मेहुल निसार आदि कलाकार कैसी ये यारियां के चौथे सीज़न में अपने पुराने किरदारों को फिर से जीवंत करेंगे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में गिरने से अधेड़ की मौत

**जालौन (उरई)।** संदिग्ध परिस्थितियों में नहर में गिरने से अधेड़ की मौत हो गयी है। नहर में पड़े शव को पुलिस ने निकाला तथा विधिक कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गिधौंसा निवासी कैलाश 43 वर्ष पुत्र रामदास रिश्तेदारी में आयोजित समारोह में सम्मिलित होने रेढ़र गये थे। गुरुवार की सुबह सूचना मिली कि उनकी बाइक क्यामदी लहचूरा के पास स्थित माइनर में पड़ी है। जब माइनर से मोटर साइकिल को निकाला गया तो बाइक के नीचे अधेड़ का शव दिखा। बाइक के नीचे शव दबे होने की पर घटना की सूचना मृतक के चचेरे भाई अरविंद कुमार ने पुलिस को दी गयी है।मौके पर पहुंची पुलिस ने माइनर से शव को निकाला तथा विधिक कार्रवाई पूरी की। पुलिस मृतक के पुत्र रंजीत व दीपक को दी तथा मौके पर आने का इंतजार किया जा रहा है। मृतक के भाई अरविंद ने बताया कि घटना स्थल को देखकर लग रहा है कि उनके भाई के गिरने से मौत नहीं हुई है बल्कि उनकी हत्या कर नहर में फेका गया है तथा शव को छिपाने के उसके ऊपर बाइक रख छिपाया गया है। कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### बारात चढ़ने के दौरान ट्रैक्टर ने दो युवकों को रौंदा

**जालौन (उरई)।** बारात चढ़ने के दौरान 2 युवक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आ गये। ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाराती युवक घायल हो गए। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया तथा घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी है। मोहित कुमार पुत्र सोवरन सिंह निवासी ईटों तथा विशाल रिश्तेदारी में चाकी गये थे। चाकी से ग्राम हीरापुर में बारात आयी थी। बारात टीका पर जा रही थी। इसी दौरान गांव के साहिल व राम बहादुर अपने एक अज्ञात साथी के साथ के ट्रैक्टर लेकर आये थे। गांव के साहिल ने तेज रफ्तार ट्रैक्टर से टक्कर मार दी जिससे मोहित व विशाल घायल हो गए हैं। गम्भीर रूप से घायलों को चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। घायल विशाल ने घटना की शिकायत पुलिस को देखकर आरोपित ट्रैक्टर चालक के खिलाफकार्रवाई करने की मांग की है।

### लाइव, इंटरैक्टिव फेस्टिवल लॉन्च

**कानपुर।** ग्लांस यूज़र्स के लिए ग्लांस लाईव फेस्ट लेकर आया है। यह लॉक स्क्रीन पर लाईव, इंटरैक्टिव अनुभवों के लिए भारत का सबसे बड़ा डिजिटल कार्निवल है। इस तीन दिवसीय भव्य आयोजन में 70 मिलियन से ज्यादा यूज़र्स को मनोरंजन, गेमिंग, और शॉपिंग जगत से सेलिब्रिटीज़ और क्रिएटर्स के लाईव, इंटरैक्टिव और ट्रांज़ैक्शनल कंटेंट का अनुभव मिलेगा। जीएलएफका पहला संस्करण 3, 4 और 5 जून को ग्लांस एवं ग्लांस के क्रिएटर.लेड लाईव एंटरटेनमेंट कॉमर्स प्लेटफार्म. रोपोसो पर स्ट्रीम होगा। जीएलएफका कंटेंट ग्लांस टीवी पर भी उपलब्ध होगा। जीएलएफ के दौरान यूज़र्स लाईव पॉलिंग द्वारा बॉलीवुड स्टार राजकुमार राव के लिए हाथों-हाथ चुनौतियों का निर्धारण करेंगे और फिर देखेंगे कि वह किस प्रकार उसे पूरा करते हैं। उन्हें इंटरैक्टिव शो के द्वारा करन जौहर से फैशन के सर्वश्रेष्ठ और सबसे खराब ट्रेंड्स के बारे में जानने का मौका मिलेगा। वो सेलिब्रिटीज़ की मेजबानी में शो के दौरान लाईव वर्चुअल बिलबोडर्स के साथ खुद को लॉक स्क्रीन पर देख सकेंगे और अपने चहेते सितारों के साथ वर्चुअल सेल्फी ले सकेंगे।

# सीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण,कमियां दूर करने के दिए निर्देश

**राठ (हमीरपुर)।** गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी इंचार्ज डा.पीके सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की और 7 दिन में सभी कमियां दूर करने के निर्देश दिए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी इंचार्ज डा.पीके सिंह ने गुरुवार को सरकारी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। वहां की साफ सफाई और चिकित्सा व्यवस्था चेक की। मरीजों से चिकित्सा सुविधा मिलने की जानकारी ली। मेटरनिटी विंग में प्रसूता से शासन द्वारा मिलने वाली सुविधा के बारे में जानकारी ली। एसीएमओ डा.पीके सिंह ने बताया शासन की मंशानुसार अस्पतालों में साफ सफाई और पानी की बेहतर व्यवस्था के निर्देश दिए गए हैं। 7 दिन में अस्पताल में मौजूद सभी कमियों को पूरा करने की बात कही गई है।

# व्यापारी तीन दिन में खुद हटा लें अपना अतिक्रमण:डीडी सिंह

● कब्जा मिला तो सामान होगा जब्त वसूला जायेगा जुर्माना

**संवाददाता।** जालौन (उरई)

**व्यापारी** अपनी दुकानों के आगे स्थित अतिक्रमण को स्वयं ही हटा लें। तीन दिन बाद नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत की जाएगी। अतिक्रमण मिलने पर सामान को जब्त कर लिया जाएगा और जुर्माना भी वसूला जाएगा। यह बात नगर के व्यापारियों के साथ बैठक में नगर पालिका ईओ डीडी सिंह ने कही।

नगर पालिका सभागार में पालिकाध्यक्ष गिरीश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता एवं ईओ डीडी सिंह की उपस्थिति में नगर के व्यापारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में ईओ डीडी सिंह ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नगर में



व्यापारियों के साथ बैठक करते पालिकाध्यक्ष व ईओ पायनियर

जाम की समस्या अधिक उत्पन्न हो रही है। जाम का मुख्य कारण नगर में फैला अतिक्रमण है। व्यापारी दुकान के बाहर अपना सामान निकालकर रख लेते हैं। जिससे सड़क पर वाहन निकलने में दिक्कत होती है। ऐसे में आवश्यक है कि व्यापारी अपनी दुकान का सामान नाली से बाहर न निकालें। यदि किसी व्यापारी ने अतिक्रमण किया है तो वह तत्काल अपना अतिक्रमण हटा ले। दुकानों के सामने खड़ी होने वाले दो पहिया और चार पहिया वाहन को भी किसी अन्यत्र स्थान पर लगवाएं। कहा कि तीन दिन बाद नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान की शुरूआत की जाएगी। इस दौरान किसी व्यापारी का सामान नाली के बाहर सड़क पर लगा हुआ मिला तो उसे जब्त कर लिया जाएगा साथ ही संबंधित व्यापारी से जुर्माना भी वसूला जाएगा। इसके अलावा उन्होंने व्यापारियों से प्रतिबंधित पॉलीथीन में ग्राहकों को सामान न दिए जाने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि इसके लिए भी शीघ्र ही नगर में अभियान चलाया जाएगा। इस मौके पर सोमिल याज्ञिक, अनमोल खन्ना, रामजी अग्रवाल, पवन अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, देवेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

# हर हाल में निकलेगी लक्ष्मण टीला मुक्ति संकल्प यात्रा: ऋषि

**लखनऊ।** अखिल भारत हिन्दू महासभा की आगामी 22 मई को निकाली जाने वाली लक्ष्मणटीला मुक्ति संकल्प यात्रा को लेकर मामला गरमा गया है। यात्रा को लेकर टीले वाली मस्जिद के मौलाना फजल उर मन्नान के कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका के बयान पर अखिल भारत हिन्दू महासभा के प्रदेष अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने साफ कहा कि मौलाना फजल ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाकर कहीं न कहीं यात्रा में बाधा पहुंचाने की साजिश रचने की कोशिश कर रहे है, ताकि व्यवधान पहुंचा कर षहर का माहौल खराब किया जा सके। मालूम हो कि संकल्प यात्रा को लेकर टीले वाली मस्जिद के मौलाना फजल उर मन्नान ने इसे कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की आशंका जताते हुये चेतावनी देते हुये कहा था कि 1090 चौराहे पर ही प्रशासन यात्रा रोक दें अन्यथा यात्रा को हम अपनी कौमों के साथ मिलकर रोकेगें। हिन्दू महासभा के उत्तर प्रदेश अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने साफ कहा कि पहले से तय लक्ष्मणटीला मुक्ति संकल्प यात्रा हर हाल में निकलकर रहेगी।

# हरी झंडी दिखा भाजपा नेता ने किया जागरूकता अभियान का शुभारंभ

● शहर के प्रमुख मार्गों पर स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभातफेरी

**संवाददाता।** चित्रकूट

**शासन** की मंशानुसार बीएसए सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता अभियान के तहत सभी विद्यालयों में पोस्टर-बैनर व श्लोगन लिखी तख्तियों के साथ स्कूली बच्चों ने प्रभातफेरी निकाली। प्रभातफेरी को हरीझण्डी दिखाकर भाजपा नेता पंकज अग्रवाल ने रवाना किया।



गुरुवार को जिला स्तर पर बीएसए राजीव रंजन मिश्र की अगुवाई में राजर्षि पुरुषोत्तम टंडन दास कम्पोजिट विद्यालय के बच्चों की प्रभातफेरी को भाजपा नेता पंकज अग्रवाल ने हरीझण्डी दिखाकर रवाना किया। बीएसए ने सभी बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई। जिले के पांचों ब्लाकों में एसडीएम की अगुवाई में प्रभातफेरी निकालकर आम जनता को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। अभियान के दूसरे दिन गुरुवार को सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वालों को प्रबंध समिति की बैठक में अभिभावकों की मौजूदगी में पुरस्कृत किया। सड़क सुरक्षा के दो दिवसीय जिला स्तर पर बतौर नोडल संयोजन खण्ड शिक्षाधिकारी रमेशचन्द्र पटेल ने किया। विकास खण्ड स्तर पर खण्ड शिक्षाधिकारियों ने अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया। इस मौके पर नगर क्षेत्र के साथ जिले के सभी ब्लाकों के शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षामित्र व सभी शिक्षक संकुलों ने सहयोग किया।

## सड़क हादसा: दोस्त की बारात जा रहे दो युवकों को बस ने रौंदा

**चित्रकूट।** दोस्त की बारात मोटरबाइक से जा रहे दो युवकों को तेज रफ्तार बस ने ठोकर मार दी। दोनों की घटना स्थल पर मृत्यु होने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम को मर्चरी भेजा है। ये हादसा बुधवार को देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग में शिवरामपुर पुलिस चौकी क्षेत्र में हुआ। बताया गया कि बघवारा गांव के रामानंद व प्रेमचंद्र मोटरबाइक से अपने दोस्त राकेश की बारात खुटहा जा रहे थे। रास्ते में शिवरामपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने खुटहा मोड के पास दोनों की बाइक में ठोकर मार दी। इससे दोनों की घटना स्थल पर मृत्यु हो गई। सूचना पर पहुंची शिवरामपुर चौकी पुलिस घायलों को लेकर जिला अस्पताल आई। डॉक्टरों के दोनों को मृत घोषित करने पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक रामानंद के पिता विश्वनाथ ने बताया कि दो साल पहले रामानंद की शादी हुई थी। छह माह की बच्ची है।

# खूनी संघर्ष में वृद्ध की मौत से गुस्साये लोगों ने लगाया राजमार्ग में जाम

**संवाददाता।** चित्रकूट

**जिला** मुख्यालय के भरतपुरी मोहल्ले में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष में लाठी-डंडे चलने से एक वृद्ध की मृत्यु हो गई। दोनों पक्षों से 12 लोग घायल हुए हैं। गुस्साये लोगों ने वृद्ध का शव राष्ट्रीय राजमार्ग में रखकर जाम लगा दिया। एसडीएम सदर पूजा यादव व सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। ये घटना बुधवार की देर रात हुई। बताया गया कि भरतपुरी मोहल्ले का रामप्रकाश पटेल (70) व उसका बेटा अशोक पटेल घर के सामने बिजली के सीमेन्ट से बने पुराने खम्भे को यह कहकर तोडने लगा कि इसमें अराजकतत्व आकर जमावडा लगाते हैं। पोल तोडने को लेकर पडोसियों ने विवाद शुरु कर दिया। दोनों पक्षों से लाठियां निकल आईं। ईंट-पत्थर बरसने लगे। रामप्रकाश के सिर में गहरी चोंट लगने से उसकी मृत्यु हो गई, जबकि बेटा अशोक समेत लवकुश, मिन्टू, राहुल, पवन, ननका व दूसरे पक्ष के वीरेन्द्र, भुल्लू, बद्री, अजय रैकवार, कल्लू रैकवार, नीरज, शंकर आदि घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर एसपी अतुल शर्मा, एएसपी शैलेन्द्र कुमार राय, सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय आदि ने पहुंचकर दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्जकर घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। इधर, आज पोस्टमार्टम के बाद खूनी संघर्ष में वृद्ध की मौत से आक्रोशित परिजनों ने राष्ट्रीय राजमार्ग में शव रखकर जाम लगाकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जाम की सूचना पर एसडीएम सदर पूजा यादव व सीओ सिटी शीतला प्रसाद पाण्डेय आदि पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया।

# सीएमओ को सप्ताह भर के अंदर बदलना पड़ा अपना आदेश

**संवाददाता।** कालपी (जालौन)

**सामुदायिक** स्वास्थ्य केंद्र कालपी में चिकित्सकों के फेरबदल का मामला थमता नजर नहीं आ रहा है। गुरुवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीएन शर्मा ने अपने पूर्व के स्थानांनतरण के आदेश को बदलते हुए एक बार फिर से डॉ. विशाल सचान तथा उनकी पत्नी डॉ. गरिमा सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में नियुक्त किया है। डॉक्टर दंपति ने पदभार संभाल कर शासकीय तथा चिकित्सीय कार्य को शुरू कर दिया है। सीएमओ ने हाल ही में पोस्ट हुए चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल सचान तथा उनकी पत्नी स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. गरिमा सिंह को 12 मई को कालपी से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच के लिए स्थानांतरित कर दिया था। इससे चिकित्सालय में उपचार एवं चिकित्सा कार्यों के लिए समस्या पैदा हो गई थी। जनप्रतिनिधियों ने इस मामले को लेकर अधिकारियों को अवगत कराया था। डॉक्टरों की कमी हो जाने के कारण सीएससी कालपी में अव्यवस्था पैदा होने लगी थी। इस मामले को विभागीय अधिकारियों ने गंभीरता से लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर डीएन शर्मा ने अपने 12 मई के स्थानांतरण आदेश को 19 मई को पलट दिया। चिकित्सक डॉ. विशाल सचान तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ गरिमा सिंह सचान को 19 मई के आदेश के तहत कोंच के लिए किए गए आदेश को निरस्त कर है तथा पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में नियुक्त करने के आदेश पारित कर दिए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी के आदेश के अनुपालन के तहत चिकित्सक डॉ. विशाल सचान तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर गरिमा सचान ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में चार्ज ग्रहण कर लिया है। फिलहाल डॉक्टरों की तैनाती हो जाने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में मरीजों को सुविधाजनक तरीके से उपचार की व्यवस्था मिलने लगेगी।

## शासन ने जारी की गाइड लाइन

# शासन ने हमीरपुर को दिये दैवीय आपदा में एक करोड़ रुपये

**विनोद शुक्ला।** हमीरपुर

● उच्चाधिकारियों को गाइड लाइन की दी गयी जानकारी

● भविष्य में बाढ़ पीड़ितों को कैम्प में साफ तकिया चादर, चारपाई पंखे, ताजा भोजन होगा उपलब्ध

**बाढ़** के मामले में बुंदेलखंड का बेहद संवेदनशील व दो नदियो के मध्य स्थित जिला हमीरपुर को शासन ने बाढ़ के मामले में अभी से चौकन्ना करते हुये गाइडलाइन जारी करते हुये कहा है कि आगे आने वाले बाढ़ के समय कैम्प में शरणार्थियों के लिये साफ विस्तर, चारपाई, तकिया, चादर व पंखे के साथ साथ दो मर्तवा ताजा भोजन की व्यवस्था की जानी चाहिये। बाढ़ पीडितो को भोजन में केला,दूध,विस्किट,सत्तू,दलिया आदि हर हाल मे दिया जाना अनिवार्य होगा। शासन ने जिले को दैवीय आपदा रोहत कोष में एक करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया है।

शासन ने बाढ़ पीडितों के लिये आवश्यक गाइड लाइन जारी कर दी है,जिसमे बाढ पीडितो के लिये क्लोरीनयुक्त पानी,सोलर लालटेन,टेलीवीजन की व्यवस्था के साथ साथ चौबीस घंटे महिलाओ की सुरक्षा के लिये महिला होमगार्ड की डियूटी लगायी जायेगी राहत कैम्प में पीड़ितो के बच्चो के लिये पढ़ने के लिये प्राइमरी टीचरो की डियूटी के साथ साथ उनके खेलने के लिये प्रबंध अवश्य किया जाये। चौबीस घंटे डाक्टर उपलब्ध रहेगे। बाढ़ के दौरान सर्पदंश व विच्छू काटने की घटनाएं होती है इसके लिये समुचित प्रबंध किया जाये। इसके लिये पशु कैम्प की स्थापना की जाये और वहा पर पशुओं के टीकाकरण व दवाए व प्रति पशु पांच किलो भूसा उपलब्ध कराया जाये। शासन ने साफ कहा है कि जो लोग बाढ प्रभावित क्षेत्र मे रह रहे है उनके लिये साठ रुपये वयस्क व 45 रुपये अवयस्क के लिये अहेतुक सहायता दी जायेगी। पीडितो के लिये अलग अलग दो गत्ते जिसमे खाद्य सामग्री भरपूर मात्रा में दी जायेगी। कि शासन ने कहा है कि पडोसी जिले से मोटर बोट व नावों की मांग कर ली जाये ताकि आपदा के समय तुरंत व्यवस्था की जा सके। जो भी किराये में नाव व मोटर वोट लगाये जाये उनका तुरंत भुगतान किया जाये। शासन ने इसके लिये गोताखोर,लेखपाल,पंचायत सचिव,प्रशासनिक अधिकारियों व बचाव कार्य में लगे फोर्स को प्रशस्ति पत्र व इनाम दिया जायेगा। इसके लिये हर विभाग से नोडल अधिकारी बनाये जाने के आदेश दिये गये है। जिला प्रशासन ने शासन ने जारी गाइडलाइन को सभी एसडीएम व तहसीलदार को अवगत करा दिया है। कंट्रोल रुम चौबीस घंटे चालू रहेगा। समय समय पर उसका निरीक्षण किया जायेगा। शासन को हर रोज प्रशासन रिपोर्ट उपलब्ध करायेगा। इसके लिये दानदाताओ अन्य स्वयं सेवी संस्थाओं से बैठक कर उसके लिये कार्य योजना तैयार कर ली जाये। शासन ने साफ कहा है कि बाढ़ से अभी पूरी तैयारी कर ली जाये ताकि आपात काल में अफरा तफरी का माहौल न बन सके।